


दैनिक **अर्थ प्रकाश**

खबरों की विश्वसनीयता, हमारी पहचान

चंडीगढ़, दिल्ली, हरियाणा एवं उत्तर प्रदेश से प्रकाशित पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, बिहार, राजस्थान, छत्तीसगढ़ में प्रसारित

सुबल वाणी



कभी पीठ पीछे आपकी बात चले तो घबराना मत, क्योंकि बात तो उन्हीं की होती है जिनमें कोई बात होती है।

वर्ष 40 | चंडीगढ़, रविवार, 19 अक्तूबर, 2025 | कार्तिक कृष्ण पक्षः त्रयोदशी/चतुर्दशी विक्रमी संवत-2082 | www.arthparkash.com | YouTube/Arth Parkash TV | अंकः 289 | मूल्य 2.00 रुपये | पृष्ठः 12




## न्यूज़ ब्रीफ

### मोदी, शाह ने देशवासियों को दी धनतेरस की बधाई

**नई दिल्ली (अप्रस)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को देशवासियों को धनतेरस की बधाई दी। मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर अपने शुभकामना संदेश में लिखा कि देश के मेरे सभी परिवारजनों को धनतेरस की अनेकानेक शुभकामनाएं। इस पावन अवसर पर मैं हर किसी के सुख, सौभाग्य और आरोग्य की कामना करता हूं। भगवान धन्वंतरि सबको अपना भरपूर आशीर्वाद दें। देशभर में आज सुख और समृद्धि का त्योहार धनतेरस धूमधाम से मनाया जा रहा है। अमित शाह ने भी देशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा, कि भगवान धन्वंतरि से सभी के जीवन में सुख, समृद्धि और सौभाग्य की कामना करता हूं। इस दौरान, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अपने संदेश में स्वदेशी उत्पादों को अपनाने पर जोर दिया। देशवासियों के नाम अपने संदेश में उन्होंने लिखा, सुख, समृद्धि और आरोग्य के पावन पर्व धनतेरस की आप सभी को हार्दिक बधाई और अनंत शुभकामनाएं। भगवान धन्वंतरि आपको स्वास्थ्य-धन प्रदान करें और माता लक्ष्मी आपके घर-आंगन को सुख, समृद्धि, धन-धान्य एवं वैभव से परिपूर्ण करें। इस धनतेरस 'वोकल फॉर लोकल' को खरीदारी का मंत्र बनाइए। स्वदेशी उत्पादों की खरीदारी कर देश की अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाइए।

### भारत-रूस तेल सौदे पर हैरान करती है मोदी की चुप्पीः कांग्रेस

**नई दिल्ली (अप्रस)।** कांग्रेस ने रूस से तेल खरीदने के मुद्दे पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बार बार आ रहे बयानों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चुप्पी की आलोचना करते हुए इसे चिंताजनक स्थिति करार दिया है । पार्टी ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रम्प ने एक बार फिर कहा है कि उनके अच्छे दोस्त ने उन्हें आश्वासन दिया है कि भारत रूस से तेल के आयात में कटौती करेगा। लेकिन राष्ट्रपति ट्रम्प के अच्छे दोस्त (प्रधानमंत्री मोदी) अचानक मौनी बाबा बन जाते हैं जबकि ट्रम्प बार बार कहते हैं कि उन्होंने ऑपरेशन सिन्दूर बंद करवाया और अब कह रहे हैं कि भारत रूस से तेल का आयात कम कर देगा। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख जयराम रमेश ने शनिवार को यहां सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि यह चिंता की बात है कि मोदी हर मुद्दे पर चुप्पी साध लेते हैं और यह उनका स्वभाव बन गया है जबकि राष्ट्रपति ट्रम्प रूस से तेल खरीदने के मुद्दे पर सार्वजनिक बयान दे रहे हैं। उन्होंने सवाल करते हुए कहा कि पिछले चार-पांच महीनों में, राष्ट्रपति ट्रम्प ने 52 बार दावा किया है कि उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर को रोका। उन्होंने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री से दो बार मुलाकात की, फिर भी हमारे प्रधानमंत्री चुप रहे। उन्होंने उनके फील्ड मार्शल से दो बार मुलाकात की, फिर भी हमारे प्रधानमंत्री चुप रहे। अब, ट्रम्प ने दो बार कहा है कि भारत रूस से तेल नहीं खरीदेगा। प्रधानमंत्री दुनिया के हर मुद्दे पर बोलते हैं लेकिन इन मामलों पर चुप क्यों हैं। यूक्रेन पर रूसी आक्रमण के बाद पश्चिमी देशों द्वारा रूस पर लगाए गये प्रतिबंधों के बावजूद भारत लगातार रूस से तेल की खरीद कर रहा है और अब अमेरिकी राष्ट्रपति का कहना है कि भारत को भी रूस से तेल खरीदना बंद करना चाहिए।




# बिहार में एनडीए सरकार ने विकास, सुरक्षा और विश्वास का वातावरण बनाया : सीएम सैनी

> विपक्ष पर साधा निशाना, कहा- पिछली सरकारों ने गरीबों के हितों की अनदेखी की और बिहार को पिछड़ेपन की ओर धकेला

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चण्डीगढ़, 18 अक्तूबर।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि बिहार अब विकास के मार्ग पर तेजी से आगे बढ़ रहा है और जनता का विश्वास एनडीए सरकार में और मजबूत हुआ है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन एवं श्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में पुनः एनडीए की सशक्त, स्थिर और सुशासित सरकार का गठन होगा, जिससे प्रदेश तीव्र गति से विकास एवं समृद्धि के मार्ग पर निरंतर आगे बढ़ता रहेगा। मुख्यमंत्री ने शनिवार को बिहार के दौरे पर चुनावी सभाओं को संबोधित किया। उन्होंने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन में बिहार ने विकास की नई दिशा प्राप्त की है। यहां सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी सुविधाओं के क्षेत्र में उल्लेखनीय सुधार हुआ है।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आरजेडी-कांग्रेस गठबंधन पर तीखी टिप्पणी करते हुए कहा कि पिछली सरकारों ने गरीबों के हितों की अनदेखी की और बिहार को पिछड़ेपन की ओर धकेला। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन के नेताओं ने झूठे वादों से सत्ता हासिल की और जनता को गुमराह किया। उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार ने बिहार को 'जंगलराज'से निकालकर विकास और सुशासन की दिशा में आगे बढ़ाया है। आज बिहार में सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ हुई है, महिलाओं में आत्मविश्वास बढ़ा है और गांव-गांव तक विकास की रोशनी पहुंची है।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि भाजपा-जदयू गठबंधन सरकार ने बिहार को विकसित राज्य बनाने के लिए ठोस प्रयास किए हैं। उन्होंने कहा कि बिहार अब नए युग में प्रवेश कर रहा है और जनता का उत्साह इस बात का प्रमाण है।मुख्यमंत्री ने जनता से अपील की कि वे विकास, सुशासन और स्थिरता के पक्ष में एकजुट होकर भाजपा-जदयू गठबंधन का समर्थन करें। बिहार पहुंचने पर नागरिकों ने मुख्यमंत्री का जोरदार स्वागत किया।

### राज्य सरकार का दीपावली पर ग्राम पंचायतों को तोहफा

## हरियाणा में पंचायतों को मिलेगा चाय खर्च

> ग्राम सभा की बैठकों में सरकार ने तय की चार हजार तक की सीमा

अर्थ प्रकाश संवाददाता

चंडीगढ़, 18 अक्तूबर। हरियाणा सरकार ने दीपावली के अवसर पर प्रदेश की ग्राम पंचायतों को तोहफा दिया है। अब ग्राम सभा की बैठकों में जलपान पर खर्च पंचायत फंड से किया जा सकेगा। सरकार ने इसके लिए चार हजार रुपये की सीमा तय की है। बैठक के दौरान अगर पंचायत लोगों के लिए चाय और नाश्ता परोसती है, तो उसका खर्च अब मान्य होगा। जेब से देने की जरूरत नहीं पड़ेगी। विकास एवं पंचायत विभाग हरियाणा की ओर से जारी आदेश के मुताबिक, यह अनुमति हरियाणा पंचायती राज एक्ट-1994 की धारा 44 और वित्त, बजट, लेखा व कर नियम 1996 के नियम 14 के तहत दी गई है। आदेश में कहा गया है कि हर ग्राम पंचायत अब ग्राम सभा की हर बैठक में 4,000 रुपये तक का व्यय वैध रूप से कर सकती है। विकास एवं पंचायत विभाग के आयुक्त एवं सचिव ने इस संदर्भ में आदेश दिए हैं। इस फैसले की जानकारी राज्य के सभी उपायुक्तों, जिला परिषद अधिकारियों, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारियों और ब्लॉक विकास एवं पंचायत अधिकारियों को भेजी है। उन्हें कहा है कि वे इस आदेश को सभी ग्राम पंचायतों तक पहुंचाएं और आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें। ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों का कहना है कि यह कदम भले छोटा लगे, लेकिन इसका असर बड़ा होगा। पहले कई बार ग्राम सभा की बैठकों में लोगों की कम भागीदारी होती थी क्योंकि बैठकों में कोई व्यवस्था नहीं होती थी।

### मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से की बैठक, दिए निर्देश

# पंजाब के किसानों की मेहनत से उपजा एक-एक दाना खरीदा जाए : सीएम मान

> पंजाब में धान की 7472 करोड रुपए की अदायगी 100 फीसदी हुई लिफ्टिंग
>
> बाढ़ के बावजूद पंजाब द्वारा 175 लाख मैट्रिक टन धान की खरीद का लक्ष्य

अर्थ प्रकाश संवाददाता



चंडीगढ़, 18 अक्तूबर। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने आज विभिन्न विभागों के वरिष्ठ आई.ए.एस. अधिकारियों और प्रशासनिक सचिवों को आगामी त्योहारी सीजन के दौरान राज्य में चल रही धान खरीद प्रक्रिया को सुचारू और निर्बाध ढंग से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। शनिवार को अपने निवास पर आई.ए.एस. अधिकारियों के साथ बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में आई बाढ़ से भारी तबाही के बावजूद पंजाब अब भी राष्ट्रीय अनाज भंडार में 175 लाख मीट्रिक टन धान का योगदान देने की स्थिति में है। निर्बाध और कुशल खरीद प्रबंधों की आवश्यकता पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि पंजाब के किसानों की मेहनत और लगन से उपजा एक-एक दाना खरीदा जाए।

भगवंत सिंह मान ने बताया कि पंजाब सरकार ने खरीफ विपणन सीजन 2025-26 के दौरान धान की खरीद के लिए 1,822 नियमित खरीद केंद्र अधिसूचित किए हैं। ये सभी अधिसूचित मंडियां खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग, पंजाब द्वारा आवंटित की गई हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि शुक्रवार तक राज्य की मंडियों में 38.65 लाख मीट्रिक टन धान की आमद दर्ज की गई, जिसमें से 37.20 लाख मीट्रिक टन धान पहले ही खरीदा जा चुका है। उन्होंने कहा कि खरीद के 72 घंटे के भीतर उठान सुनिश्चित करने संबंधी राज्य सरकार के मानकों का पालन करते हुए 100 प्रतिशत लिफ्टिंग हो चुकी है। मुख्यमंत्री ने आगे बताया कि किसानों को खरीदे गए अनाज के लिए कुल 7,472.20 करोड़ रुपये का भुगतान पहले ही किया जा चुका है।

धान के एक-एक दाने की खरीद के प्रति राज्य सरकार की दृढ़ प्रतिबद्धता दोहराते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वे स्वयं पूरी खरीद प्रक्रिया की व्यक्तिगत रूप से निगरानी कर रहे हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने आगे कहा कि पंजाब सरकार ने राज्य भर में निर्बाध, पारदर्शी और कुशल अनाज खरीद सुनिश्चित करने के लिए अनुकरणीय कदम उठाए हैं। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि निम्न स्तर पर सुदृढ़ प्रबंधों के माध्यम से किसानों को सभी आवश्यक सुविधाएं प्रदान करने में कोई कमी नहीं छोड़ी जाएगी। इस अवसर पर मुख्य सचिव के.ए.पी. सिन्हा सहित राज्य सरकार के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

## रिश्वत केस में गिरफ्तार पंजाब के डीआईजी भुल्लर सस्पेंड

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** रिश्वत केस में गिरफ्तार पंजाब पुलिस के डीआईजी हरचरन सिंह भुल्लर को प्रदेश सरकार ने सस्पेंड कर दिया। इसको लेकर शनिवार को सरकार ने ऑर्डर जारी किया। सीबीई ने डीआईजी भुल्लर और उनके एजेंट कृष्नु को 16 अक्टूबर को गिरफ्तार किया था। मंडी गोबिंदगढ़ के स्क्रैप कारोबारी आकाश बत्रा से 8 लाख रिश्वत लेते हुए पहले एजेंट कृष्नु को सेक्टर-21 से पकड़ा गया था। फिर सीबीई ने साथ जाकर डीआईजी को भी रंगेहाथ गिरफ्तार किया गया। आरोपी है कि कृष्नु ही डीआईजी को रिश्वत के लिए शिकार खोजकर देता था। वह डीआईजी का प्राइवेट आदमी है। शुक्रवार को डीआईजी और कृष्नु को चंडीगढ़ स्पेशल सीबीआई कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। उन्होंने चंडीगढ़ की कोठी में 5 जगह कैश और गोल्ड छुपा रखा था। छापा मारने गई सीबीआई की टीम से जुड़े सूत्रों ने बताया कि डीआईजी ने बेड के अंदर कैश रखा था। क्रॉकरी की अलमारी में भी निचले हिस्से में कैश भरा हुआ था, जिसे लॉक किया गया था। ब्रुल्लर ने सामान की 2 आलमारियों में सोना छिपाकर रखा था। कैश और गोल्ड को इस तरह से रखा गया था कि बाहर से देखने पर किसी को शक न हो। डीआईजी भुल्लर की एक महीने की सैलरी करीब 2.64 लाख रुपए बनती थी, लेकिन कैश और गोल्ड बरामदगी से पता चला कि वह लग्जरी लाइफ जी रहे थे। लुधियाना में उनके समराला फार्महाउस से जो शराब की बोतलें मिली हैं, उनमें से कई 50 हजार से ज्यादा कीमत की हैं।






# पंजाब 'बिल लाओ इनाम पाओ' योजना के तहत एक लाख रुपये का तिमाही बंपर ईनाम शुरू करेगा : चीमा

- तिमाही बंपर ड्रा में दूसरा इनाम 50,000 रुपये और तीसरा इनाम 25,000 रुपये का होगा
- सेवा क्षेत्र से संबंधित बिलों के लिए विशेष प्रक्रिया पेश की जाएगी
- योजना की सफलता- अप्रैल से अगस्त 2025 तक 30,769 बिल अपलोड, 1,263 विजेताओं को मिले 78 लाख रुपये
- योजना की शुरुआत से अब तक लगाए गए 9 करोड़ रुपये के जुर्माने



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 18 अक्टूबर।** कर अनुपालन में पारदर्शिता और नागरिक भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में, पंजाब के वित्त, योजना, आबकारी और कराधान मंत्री एडवोकेट हरपाल सिंह चीमा ने आज यहां राज्य की लोकप्रिय 'बिल लाओ इनाम पाओ' योजना में बड़े विस्तार की घोषणा की। उन्होंने बताया कि अब इस योजना में एक तिमाही बंपर ड्रा जोड़ा जाएगा, जिसके माध्यम से जनता को बड़े नकद इनाम दिए जाएंगे ताकि अधिक से अधिक लोग इसमें भाग ले सकें।

यह जानकारी साझा करते हुए वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने कहा कि हर तिमाही में योजना में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को 1,00,000 रुपये का पहला इनाम, 50,000 रुपये का दूसरा इनाम और 25,000 रुपये का तीसरा इनाम जीतने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि कर अनुपालन को और सरल बनाने के लिए 'मेरा बिल' ऐप में सेवा क्षेत्र जैसे रेस्तरां, सैलून और बुटीक , से संबंधित बिल अपलोड करने और इनाम वितरण की एक समर्पित प्रक्रिया भी शुरू की जाएगी।

वित्त मंत्री ने बताया, 'इसके अतिरिक्त, उपभोक्ताओं की पूछताछ का तत्काल समाधान देने के लिए एक रीयल-टाइम चैटबॉट भी लॉन्च किया जाएगा, और अब ऐप अंग्रेज़ी के साथ-साथ पंजाबी और हिंदी भाषाओं में भी उपलब्ध होगा, ताकि आम नागरिकों के लिए इसकी पहुंच को व्यापक बनाया जा सके।'

**'बिल लाओ इनाम पाओ' योजना का उद्देश्य जिम्मेदार उपभोक्ताओं को प्रोत्साहित करना**

मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान द्वारा सितंबर 2023 में शुरू की गई 'बिल लाओ इनाम पाओ' योजना और इससे संबंधित 'मेरा बिल' ऐप का उद्देश्य जिम्मेदार उपभोक्ताओं और कर अनुपालन की संस्कृति को प्रोत्साहित करना है। इस योजना में कच्चा तेल, पेट्रोल, डीज़ल, विमानन ईंधन, प्राकृतिक गैस, शराब, राज्य से बाहर की खरीदारी तथा बिज़नेस-टू-बिज़नेस लेन-देन से जुड़े बिल शामिल नहीं किए जाते। निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए केवल पिछले महीने के दौरान किए गए लेन-देन के बिल ही ड्रा के लिए पात्र होते हैं। वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने नवाचार, पारदर्शिता और सहभागितापूर्ण शासन के माध्यम से नागरिकों को सशक्त बनाने की राज्य सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए पंजाबवासियों से इस योजना में सक्रिय रूप से भाग लेने का आह्वान किया।

'बिल लाओ इनाम पाओ' योजना की सफलता को रेखांकित करते हुए, वित्त मंत्री चीमा ने बताया कि अप्रैल से अगस्त 2025 के बीच कुल 30,769 बिल अपलोड किए गए, जिनमें से 1,263 विजेताओं ने कुल 78,13,715 रुपये की इनामी राशि जीती। उन्होंने कहा कि अपलोड किए गए सभी बिलों की कर विभाग द्वारा सख्ती से जांच की जाती है, और अब तक योजना की शुरुआत से कुल 9.07 करोड़ रुपये के जुर्माने लगाए गए हैं, जिनमें से 7.31 करोड़ रुपये की वसूली की जा चुकी है।



पंजाब विधानसभा स्पीकर स कुलतार सिंह संधवां शनिवार को आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल से मुलाकात कर उन्हें दीपावली तथा बंदी छोड़ दिवस की शुभकामनाएं देते हुए। स्पीकर संधवां ने देश की राजनीति को रचनात्मक और जनहितैषी दिशा में आगे बढ़ाने से संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी चर्चा की।

## जनवरी 2025 से अब तक 2408 विद्यार्थियों ने पंजाब विधानसभा का किया दौरा : संधवां

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 18 अक्तूबर।** राज्य के विद्यार्थियों को विधानसभा के कार्यप्रणाली से संबंधित व्यावहारिक जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से, पंजाब विधानसभा के स्पीकर श्री कुलतार सिंह संधवां ने पंजाब के विद्यार्थियों को विधानसभा की कार्यवाही देखने के लिए आमंत्रित किया। श्री संधवां ने बताया कि 1 जनवरी 2025 से अब तक विधानसभा की वास्तविक कार्यवाही देखने के लिए सत्र के दौरान 1237 विद्यार्थियों ने और गैर-सत्र दिनों में 1171 विद्यार्थियों ने दौरा किया। स्पीकर ने विद्यार्थियों से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात की और कहा कि उनके लिए पंजाब विधानसभा सचिवालय में विद्यार्थियों से बातचीत करना अत्यंत हर्ष का विषय है। श्री संधवां ने कहा कि पंजाब विधानसभा की संवैधानिक कार्यवाही को देखकर विद्यार्थियों में राजनीति के क्षेत्र के प्रति रुचि उत्पन्न हुई है, जो देश के लोकतंत्र को सुदृढ़ करने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि यह यात्रा उनके भविष्य के जीवन में बहुत उपयोगी सिद्ध होगी। विद्यार्थियों ने पंजाब विधानसभा भवन के शानदार डिज़ाइन और वास्तुकला को देखकर आश्चर्य और खुशी व्यक्त की।

**दिव्यांग व्यक्तियों की सहायता के हित में पंजाब सरकार का बड़ा कदम**

## नेत्रहीनों और अन्य दिव्यांग व्यक्तियों की मुफ्त यात्रा के लिए 85 लाख रुपए जारी : डॉ. बलजीत कौर

- नेत्रहीनों को सरकारी बसों में पूरी तरह मुफ्त यात्रा की सुविधा, जबकि अन्य दिव्यांग वर्गों को 50 प्रतिशत किराए में छूट : डॉ. बलजीत कौर



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 18 अक्टूबर।** सामाजिक सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने बताया कि पंजाब सरकार ने नेत्रहीन एवं अन्य दिव्यांग व्यक्तियों की सहायता के लिए लगभग 84.26 लाख रुपए की राशि जारी की है। यह राशि विशेष रूप से दिव्यांग नागरिकों को परिवहन सुविधाएं प्रदान करने के लिए निर्धारित बजट के तहत जारी की गई है।

उन्होंने बताया कि पंजाब सरकार की ओर से नेत्रहीन व्यक्तियों को सरकारी बसों में 100 प्रतिशत किराए की छूट दी गई है, जबकि अन्य दिव्यांग वर्गों के लिए 50 प्रतिशत किराए की छूट उपलब्ध है। यह सुविधा उन व्यक्तियों के लिए है जिनकी दिव्यांगता 40 प्रतिशत या उससे अधिक है।

डॉ. बलजीत कौर ने बताया कि वित्त वर्ष 2025-26 के लिए इस योजना के अंतर्गत कुल 3 करोड़ 50 लाख रुपए का बजट प्रावधान किया गया है, जिसमें से 2 करोड़ 61 लाख रुपए की राशि पहले ही खर्च की जा चुकी है। अब सरकार ने 84.26 लाख रुपए की अतिरिक्त राशि जारी की है, ताकि योग्य लाभार्थियों को यह सुविधा निरंतर मिलती रहे।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री स भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार दिव्यांग व्यक्तियों के जीवन को सुखद, सुरक्षित और आत्मनिर्भर बनाने के लिए वचनबद्ध है। सरकार का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि प्रत्येक नागरिक को समान अवसर प्राप्त हों, ताकि कोई भी व्यक्ति सामाजिक रूप से पीछे न रह जाए।

डॉ. बलजीत कौर ने यह भी कहा कि सरकार द्वारा परिवहन सुविधाओं के अतिरिक्त, दिव्यांग व्यक्तियों की शिक्षा, रोजगार और सामाजिक सशक्तिकरण के लिए भी लगातार प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि वे आत्मविश्वास के साथ मुख्यधारा से जुड़ सकें और सम्मानपूर्वक जीवन व्यतीत कर सकें।

## जीरकपुर में धनतेरस पर जमकर हुई खरीदारी, बाजारों में उमड़ी भीड़

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा

**जीरकपुर, 18 अक्तूबर।** धनतेरस के पावन पर्व पर शनिवार को शहर के बाजारों में दिनभर जबरदस्त रौनक देखने को मिली। सुबह से ही लोग शुभ मुहूर्त में सोना-चांदी, बर्तन, वाहन और इलेक्ट्रॉनिक सामान की खरीदारी के लिए बाजारों का रुख करते नजर आए। त्योहार की चमक और उत्साह ने शहर के हर हिस्से को जगमगा दिया। वीआईपी रोड, पटियाला रोड, गाजीपुर रोड और ढकोली इलाके के बाजारों में सुबह से ही खरीदारों की भीड़ जुटनी शुरू हो गई थी। कई दुकानों के बाहर लंबी कतारें लगी रहीं। ज्वेलरी शोरूमों में लोगों ने सोने-चांदी के सिक्के, अंगूठियां, कड़े और पेंडेंट की जमकर खरीदारी की। वहीं, घरेलू उपकरणों, टीवी, फ्रिज, वॉशिंग मशीन और मोबाइल स्टोर्स पर भी ग्राहकों की लंबी भीड़ रही।



ऑटोमोबाइल शोरूमों में भी बिक्री में बड़ा उछाल देखने को मिला। कई लोगों ने धनतेरस पर नई कारें और टू-व्हीलर खरीदकर शुभ शुरुआत की। स्थानीय डीलरों के अनुसार, पिछले साल की तुलना में इस बार बिक्री में बढ़ोतरी दर्ज की गई। बर्तन बाजारों में भी ग्राहकों की भीड़ उमड़ी रही। लोगों ने तांबे, पीतल और स्टील के बर्तनों की खूब खरीदारी की। इस दौरान दुकानदारों ने भी ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए डिस्काउंट और गिफ्ट ऑफर रखे। शाम के समय बाजारों की साज-सज्जा देखते ही बनती थी – रोशनी से सजे दुकानों और सड़कों ने पूरे शहर को उत्सवमय बना दिया। धनतेरस के मौके पर सुरक्षा व्यवस्था भी पुख्ता रही। पुलिस ने प्रमुख मार्गों और बाजार इलाकों में अतिरिक्त फोर्स तैनात की। ट्रैफिक पुलिस ने वाहनों की बढ़ती भीड़ को नियंत्रित करने के लिए विशेष प्रबंध किए, जिससे किसी तरह की अव्यवस्था न हो। व्यापारियों ने बताया कि त्योहारी सीजन की शुरुआत धनतेरस से ही होती है और इस बार ग्राहकों का उत्साह देखकर उम्मीद है कि दीवाली तक बिक्री के नए रिकॉर्ड बनेंगे। कुल मिलाकर, धनतेरस ने जीरकपुर के बाजारों में रौनक और लोगों के चेहरों पर मुस्कान दोनों लौटा दी।

## तरन तारन उपचुनाव : नामांकन के छठे दिन 14 नामांकन पत्र दाखिल

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 18 अक्तूबर।** पंजाब विधानसभा की 21-तरन तारन सीट के उपचुनाव के लिए नामांकन के छठे दिन 14 नामांकन पत्र दाखिल किए गए हैं। पंजाब के मुख्य चुनाव अधिकारी कार्यालय के एक प्रवक्ता ने बताया कि तरन तारन सीट के लिए आज भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार हरजीत सिंह संधू ने दो और नामांकन पत्र दाखिल किए हैं। इससे पहले उन्होंने 17 अक्तूबर को भी नामांकन पत्र दाखिल किया था। सुच्चा सिंह ने उनके कवरिंग उम्मीदवार के रूप में नामांकन दाखिल किया है। वहीं लीना संधू ने इंडियन नेशनल कांग्रेस के उम्मीदवार करनबीर सिंह की कवरिंग उम्मीदवार के रूप में नामांकन पत्र दाखिल किया है। इसके अलावा अरुण कुमार खुर्मी ने नामांकन दाखिल किया और नेशनलिस्ट जस्टिस पार्टी की ओर से नायब सिंह ने नामांकन दाखिल किया है। जबकि हरपाल सिंह, हरबरिंदर कौर, कोमलप्रीत सिंह, नीटू, विजय कुमार, मंदीप सिंह, निर्मल कौर और जसवंत सिंह ने स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में नामांकन पत्र दाखिल किए हैं।

उल्लेखनीय है कि नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 21 अक्तूबर है, जबकि नामांकन पत्रों की जांच 22 अक्तूबर को की जाएगी। नामांकन पत्र वापस लेने की अंतिम तिथि 24 अक्तूबर 2025 है।

## पंजाब विधानसभा सत्र अनिश्चित काल के लिए स्थगित

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 18 अक्टूबर।** भारतीय संविधान के अनुच्छेद 174 की धारा (2) की उपधारा (ए) के तहत प्राप्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, पंजाब के राज्यपाल द्वारा 16वीं पंजाब विधानसभा, जिसका नौवां (विशेष) सत्र 29 सितंबर 2025 को बुलाया गया था, को इसकी समाप्ति पर अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दिया गया है।

## दिवाली से पहले ज़ीरकपुर पुलिस का फ्लैग मार्च, सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बढ़ाई सतर्कता

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा

**जीरकपुर, 18 अक्तूबर।** दिवाली के त्योहार के मद्देनजर शहर में कानून-व्यवस्था को मज़बूत बनाए रखने के उद्देश्य से ज़ीरकपुर पुलिस ने शुक्रवार को वीआईपी रोड पर फ्लैग मार्च निकाला। इस फ्लैग मार्च का नेतृत्व एएसपी (एसपी) गजलप्रीत कौर ने किया। पुलिस के इस प्रदर्शन का मुख्य मकसद क्षेत्र में सुरक्षा-व्यवस्था को सुनिश्चित करना और लोगों में यह भरोसा जगाना था कि त्योहार के दौरान पुलिस पूरी तरह से सक्रिय और सतर्क है।

एएसपी गजलप्रीत कौर के नेतृत्व में पुलिस बल ने वीआईपी रोड पर पैदल मार्च किया। इस दौरान पुलिस कर्मियों ने भीड़भाड़ वाले बाजारों, मुख्य सड़कों और संवेदनशील इलाकों से होकर गुज़रे। फ्लैग मार्च के ज़रिए यह संदेश दिया गया कि ज़ीरकपुर पुलिस किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए हर स्तर पर तैयार है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि त्योहार के समय में भीड़ बढ़ने के कारण चोरी, झपटमारी, या किसी अन्य असामाजिक गतिविधि की संभावना को देखते हुए गश्त बढ़ा दी गई है।



मार्च के दौरान पुलिस ने शहर में चेकिंग अभियान भी चलाया। संदिग्ध वाहनों, व्यक्तियों और गतिविधियों की बारीकी से जांच की गई। पुलिस ने कहा कि यह अभियान न केवल अपराध नियंत्रण बल्कि नागरिकों में सुरक्षा की भावना पैदा करने के लिए भी ज़रूरी है। मौके पर एएसपी गजलप्रीत कौर ने कहा कि दिवाली जैसे पर्व पर सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखना प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि पुलिस चौक-चौराहों, बाजारों और धार्मिक स्थलों पर अतिरिक्त फोर्स तैनात कर रही है ताकि लोग त्योहार को शांति और खुशहाली के साथ मना सकें।

पुलिस प्रशासन ने जनता से अपील की है कि किसी भी प्रकार की संदिग्ध वस्तु, व्यक्ति या गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। समय पर सूचना मिलने से संभावित घटनाओं को टाला जा सकता है। पुलिस ने यह भी कहा कि शहर के प्रमुख स्थानों पर निगरानी बढ़ा दी गई है और रात के समय विशेष नाकाबंदी की व्यवस्था की गई है।

दिवाली से पहले निकाला गया यह फ्लैग मार्च इस बात का प्रतीक है कि ज़ीरकपुर पुलिस पूरी तरह मुस्तैद है और लोगों की सुरक्षा के प्रति वचनबद्ध है। प्रशासन ने आश्वासन दिया कि त्योहार के दौरान शहर में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस लगातार गश्त और निगरानी करती रहेगी ताकि नागरिक निश्चिंत होकर दिवाली का पर्व मना सकें।

## दीपावली महोत्सव की धूम : मूनक डी.ए.वी. स्कूल में हुआ भव्य आयोजन

अर्थ प्रकाश/दर्शन शर्मा

**मूनक, 18 अक्तूबर।** बाबू वृषभान डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल, मूनक में दीपावली के पावन अवसर पर एक 5व्य ÷दिवाली फेस्ट' का आयोजन किया गया। इस विशेष कार्यक्रम का नेतृत्व विद्यालय के प्रधानाचार्य 'श्री संजीव कुमार शर्मा जी' ने किया, जिनके मार्गदर्शन में कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

इस आयोजन में वाणिज्य विभाग के अध्यापक वर्ग तथा कक्षा ग्यारहवीं और बारहवीं के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। विद्यार्थियों ने उत्साह और उमंग के साथ विभिन्न गतिविधियों में हिस्सा लिया, जिनमें स्टॉल लगाना, हस्तनिर्मित सजावटी वस्तुएं प्रस्तुत करना, खाद्य सामग्री का विक्रय, और सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ शामिल रहीं।



दिवाली फेस्ट का उद्देश्य विद्यार्थियों में उद्यमिता, सृजनशीलता, और सामाजिक सहभागिता की भावना को बढ़ावा देना था। इस आयोजन के माध्यम से छात्रों ने व्यावहारिक जीवन में व्यवसायिक कौशल और टीमवर्क का महत्त्व भी जाना।

विद्यालय प्रांगण दीपों, रंगोलियों और विद्यार्थियों की मुस्कानों से जगमगाता रहा। पूरे आयोजन में विद्यालय के सभी स्टाफ सदस्यों और विद्यार्थियों ने मिलकर यह सुनिश्चित किया कि कार्यक्रम एक स्मरणीय और शिक्षाप्रद अनुभव बने।

प्रधानाचार्य संजीव कुमार शर्मा ने सभी विद्यार्थियों और अध्यापकों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से छात्रों के सर्वांगीण विकास में सहायता मिलती है और उनमें आत्मविश्वास तथा नेतृत्व कौशल का विकास होता है।

## 'युद्ध नशों विरुद्ध' : 231वें दिन, पंजाब पुलिस ने 717 ग्राम हेरोइन और 44 हजार रुपये की ड्रग मनी के साथ 59 नशा तस्करों को किया गिरफ्तार

- 'डी-एडिक्शन' अभियान के तहत पंजाब पुलिस ने 26 व्यक्तियों को नशा छुड़ाने के इलाज के लिए किया तैयार

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 18 अक्तूबर।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान द्वारा राज्य से नशों के खात्मे के लिए शुरू की गई व्यापक मुहिम 'युद्ध नशों विरुद्ध' को लगातार 231वें दिन भी जारी रखते हुए, पंजाब पुलिस ने आज राज्यभर में 322 स्थानों पर छापेमारी की। इस दौरान कुल 43 एफआईआर दर्ज कर 59 नशा तस्करों को गिरफ्तार किया गया।

इसके साथ ही, पिछले 231 दिनों में गिरफ्तार किए गए नशा तस्करों की कुल संख्या बढ़कर 33,405 हो गई है।

इन छापेमारियों के दौरान पकड़े गए नशा तस्करों के कब्जे से 717 ग्राम हेरोइन, 557 ग्राम अफीम, 320 नशीली गोलियां/कैप्सूल और 44680 रुपये की ड्रग मनी बरामद की गई है।

यह उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने पुलिस आयुक्तों, डिप्टी कमिश्नरों और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों को पंजाब को नशा-मुक्त राज्य बनाने के निर्देश दिए हैं। नशे के खिलाफ इस जंग की निगरानी के लिए राज्य सरकार ने वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा की अध्यक्षता में 5 सदस्यीय कैबिनेट सब-कमेटी का गठन भी किया है।

इस अभियान के दौरान 55 गजटेड अधिकारियों की निगरानी में 1000 से अधिक पुलिस कर्मियों की 120 से अधिक टीमें राज्यभर में 322 स्थानों पर छापेमारी में शामिल रहीं। दिनभर चले इस ऑपरेशन के दौरान पुलिस टीमों ने 323 संदिग्ध व्यक्तियों की जांच भी की।

राज्य सरकार ने नशों के उन्मूलन के लिए तीन-आयामी रणनीति - प्रवर्तन, डी-एडिक्शन और प्रिवेंशन लागू की है। 'डी-एडिक्शन' अभियान के तहत पंजाब पुलिस ने आज 26 व्यक्तियों को नशा छुड़ाने और पुनर्वास उपचार के लिए तैयार किया है।

## राज्य सरकार पंजाब में कोई नया प्रोजेक्ट या इंडस्ट्री लगाने या लाने में नाकाम रही : बेगमपुरा टाइगर फोर्स

### मान सरकार भोले-भाले वोटरों और समर्थकों से झूठ बोलकर और टाल मटोल करके अपना समय काट रही है: बीरपाल, हैप्पी, बंटी

अर्थ प्रकाश/तरसेम दीवाना

**होशियारपुर 18 अक्टूबर।** बेगमपुरा टाइगर फोर्स के चेयरमैन तरसेम दीवाना और राष्ट्रीय अध्यक्ष धर्मपाल साहनेवाल के दिशा-निर्देशों के अनुसार, बेगमपुरा टाइगर फोर्स की एक आपातकालीन बैठक फोर्स के उप-दफ्तर अड्डा पुरानी बसी, नजदीक सूद फार्म होशियारपुर में फोर्स के पंजाब अध्यक्ष बीरपाल ठरोली की अध्यक्षता में हुई। बैठक में फोर्स के जिला अध्यक्ष हैप्पी फतेहगढ़ और अनिल कुमार बंटी ब्लॉक अध्यक्ष हरियाणा भुंगा ने विशेष रूप से भाग लिया। बैठक में नेताओं ने कहा कि पंजाब की 'आप' सरकार हर तरह से विफल और जुमलेबाजों की सरकार साबित हुई है, क्योंकि पंजाब सरकार पंजाब में कोई नया प्रोजेक्ट या इंडस्ट्री लगाने या लाने में नाकाम रही है। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार केंद्र सरकार के नक्शेकदम पर चलते हुए, जिस तरह केंद्र सरकार हिंदुस्तान के रेलवे स्टेशनों, एयरपोर्टों और अन्य सरकारी/अर्ध-सरकारी जमीनों को निजी लोगों के हाथों में देने की तैयारी में है, उसी तरह चल रही है। उन्होंने कहा कि इससे साबित होता है कि पंजाब सरकार का दिवाला दिवाली से पहले ही निकल चुका है। इस कारण पंजाब के कर्मचारियों को जो दिवाली के मौके पर तोहफे के तौर पर महंगाई भत्ते और अन्य सुविधायें दी जाती थीं, लगता है कि इस बार कर्मचारी उनसे भी वंचित रह जाएंगे।



उन्होंने कहा कि अगर पंजाब सरकार अपने विधायकों और मंत्रियों के सरकार में आने से पहले उनके आय के साधन, जायदाद के साथ-साथ उनके खातों की जाँच करवाए, तो ये विधायक और मंत्री पिछली सरकारों के सभी मंत्रियों को पीछे छोड़कर पहले नंबर पर आ जाएँगे। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार जो कि जुमलेबाजी और झूठ बोलकर, टाल मटोल करके अपना समय काट रही है। उ न्होंने कहा कि पंजाब की 'आप' सरकार ने जिन हालात में पंजाब के लोगों को जिस जगह पर खड़ा कर दिया है, वहाँ तो अब पंजाब वासियों का भगवान ही रखवाला है। इस मौके पर अन्य लोगों के अलावा राम मूर्ति शेरपुर गोलिंड, सतीश कुमार, बब्बू हरियाणा, नवजोत, दविंदर सिंह, दीप हरियाणा, साबी सुंदर नगर, मनी सुंदर नगर, रवि सुंदर नगर, विपिन कुमार बस्सी कलां, हैप्पी बिहाला, लखविंदर बिहाला, विपिन कुमार बिहाला, तरसेम शेरपुर, जस्सी चब्बेवाल, कमलजीत डाडा, विशाल, नोनी, ढिल्लो, मनिंदर बसी किकरां, चरणजीत डाडा, अमरीक सिंह राजू, दलीप चंद, ज्ञान चंद आदि उपस्थित थे।

## हरियाणा मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति ललित बत्रा ने की मुख्यमंत्री से शिष्टाचार भेंट

# मानव अधिकारों के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु आयोग को सरकार हरसंभव सहयोग प्रदान करेगी: मुख्यमंत्री

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 18 अक्तूबर।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से हरियाणा मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति ललित बत्रा ने शिष्टाचार मुलाकात करते हुए आयोग की वार्षिक रिपोर्ट 2024-25 की प्रति भेंट की है। इस दौरान आयोग के सदस्य कुलदीप जैन और दीप भाटिया भी मौजूद रहे। आयोग के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को पुष्पगुच्छ और शॉल भी भेंट किया।

मुख्यमंत्री ने इस दौरान हरियाणा मानव अधिकार आयोग द्वारा तेजी से न्याय सुनिश्चित करने के किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने आयोग की कार्यप्रणाली, उसकी चुनौतियों एवं आवश्यकताओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा करते हुए आश्वासन दिया कि राज्य सरकार, मानव अधिकारों के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु आयोग को हरसंभव सहयोग प्रदान करेगी, ताकि हरियाणा इस क्षेत्र में अग्रणी बना रहे।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आयोग द्वारा प्रदेश के अन्य जिलों में प्रवास करने बारे भी जानकारी ली। जिस पर आयोग सदस्यों ने बताया कि प्रयासपूर्वक हर महीने एक जेल का निरीक्षण तथा बच्चों और बुजुर्गों के लिए कार्य करने वाली सामाजिक संस्थाओं के निरीक्षण की प्रक्रिया करते है। मुख्यमंत्री ने आयोग के अध्यक्ष से भी महत्वपूर्ण निर्णयों के बारे में जानकारी प्राप्त की। मुलाकात के दौरान नवंबर 2024 में पुनर्गठन के बाद से अब तक की उपलब्धियों और कार्यों पर विस्तार से चर्चा हुई।

न्यायमूर्ति ललित बत्रा ने बताया कि नवंबर 2024 तक 2,991 मामले लंबित थे, जबकि 15 अक्तूबर 2025 तक 2,551 नए मामले प्राप्त हुए। इस प्रकार आयोग ने कुल 5,542 मामलों की सुनवाई कर 4,638 प्रकरणों का निपटारा किया है। हरियाणा मानव अधिकार आयोग ने नवंबर 2024 में 32, दिसंबर 2025 में 148 और फिर 2025 के जनवरी में 551, फरवरी में 360, मार्च में 691, अप्रैल में 478, मई में 826,जुलाई में 569, अगस्त में 433 और सितम्बर में 460 तथा 15 अक्टूबर 2025 तक 90 केस में अपना निर्णय दिया है। इस तरह 15 अक्टूबर 2025 तक अब केवल 904 केस ही लंबित हैं जिन पर भी सुनवाई जारी है। आयोग के सदस्य ने बताया कि दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के 32वें स्थापना दिवस समारोह में भी हरियाणा मानव अधिकार आयोग की सिफारिशों पर हुए महत्वपूर्ण सुधारों की चर्चा की गई। इससे पहले 12 अक्तूबर को हरियाणा के माननीय राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष द्वारा आयोग की वार्षिक रिपोर्ट का लोकार्पण किया गया था। मुख्यमंत्री से मुलाकात करने वाले आयोग के प्रतिनिधिमंडल में रजिस्ट्रार रवि कुमार सोंधी तथा प्रोटोकॉल, सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी डॉ. पुनीत अरोड़ा भी मौजूद थे।

## डीएसबी इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में जर्मनी से आए शिक्षकों और विद्यार्थियों का हुआ भव्य स्वागत

**कुरुक्षेत्र (अप्रस/वालिया)।** देशभर में संचालित श्री जयराम संस्थाओं के परमाध्यक्ष एवं श्री जयराम शिक्षण संस्थान के चेयरमैन ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी की प्रेरणा से डीएसबी इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में उस समय सांस्कृतिक विविधता और उल्लास से सराबोर वातावरण दिखाई दिया, जब जर्मनी से आए शिक्षकों और विद्यार्थियों के एक विशेष प्रतिनिधि मंडल ने स्कूल परिसर का दौरा किया और भारतीय संस्कृति की रंगीन झलकियों का अनुभव किया। स्कूल प्रशासन एवं शिक्षकों ने विद्यार्थियों के साथ सभी अतिथियों का पारंपरिक ढंग से तिलक व पुष्पहार पहनाकर हार्दिक स्वागत किया। उल्लेखनीय है कि दीपावली उत्सव चल रहा है तो इस विशेष अवसर पर स्कूल में दीपावली महोत्सव बड़े धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया गया। चारों ओर सजे दीयों की जगमगाहट और बच्चों के उत्साह ने पूरे वातावरण को अलौकिक बना दिया। इस मौके पर कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन और वंदना से हुआ। तत्पश्चात विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक रंगारंग प्रस्तुतियां दीं। विशेषकर शास्त्रीय नृत्य, लोकगीत और नाट्य मंचन ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

## हरियाणा को 'वॉटर स्मार्ट स्टेट' बनाने की दिशा में कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा की पहल

अब वक्त है कि हम विभागीय कार्यप्रणाली को स्मार्ट, सस्टेनेबल और टेक्नोलॉजी-ड्रिवन बनाएं : मंत्री रणबीर गंगवा

23–24 अक्तूबर को पंचकूला में अधिकारियों की 2-दिवसीय कार्यशाला होगी आयोजित

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 18 अक्तूबर।** हरियाणा के जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं लोक निर्माण मंत्री श्री रणबीर गंगवा ने कहा कि अब वक्त है कि हम विभागीय कार्यप्रणाली को स्मार्ट, सस्टेनेबल और टेक्नोलॉजी-ड्रिवन बनाएं। इसी सोच को आगे बढ़ाते हुए जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा 2-दिवसीय विशेष कार्यशाला 23 और 24 अक्तूबर को पंचकूला में आयोजित की जाएगी।

कार्यशाला में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के मुख्य अभियंता, अधीक्षण अभियंता, कार्यकारी अभियंता, एसडीओ और जेई मौजूद रहेंगे। इसका उद्देश्य है तकनीकी दक्षता बढ़ाना, जल गुणवत्ता में सुधार और परियोजना निष्पादन को तेज़ व पारदर्शी बनाना। इस दौरान देशभर के विशेषज्ञ वक्ता भी आधुनिक जल प्रबंधन, सस्टेनेबल इंफ्रास्ट्रक्चर और टेक्नोलॉजिकल इनोवेशन पर अपने अनुभव साझा करेंगे। कार्यशाला का उद्घाटन जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के आयुक्त एवं सचिव तथा इंजीनियर इन चीफ द्वारा किया जाएगा। समापन सत्र में कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा स्वयं अभियंताओं को संबोधित करेंगे।

मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा कि विभाग का विज़न अब हर घर तक बेहतर, स्वच्छ और सत्त पेयजल आपूर्ति के साथ-साथ कुशल प्रबंधन और आधुनिक तकनीक के प्रयोग पर केंद्रित है। अगर हमें हरियाणा को 'वॉटर स्मार्ट स्टेट' बनाना है, तो हमारे इंजीनियर्स को 'स्मार्ट थिंकिंग' और 'इनोवेटिव वर्किंग' की दिशा में कदम बढ़ाने होंगे। श्री गंगवा ने कहा कि यह कार्यशाला विभाग में नई ऊर्जा और सोच का संचार करेगी। जिससे हरियाणा में जल आपूर्ति और स्वच्छता सेवाओं की गुणवत्ता में क्रांतिकारी सुधार देखने को मिलेगा। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य है हर बूंद का सही उपयोग, हर योजना की समयबद्ध पूर्ति, और हर घर तक स्वच्छ पानी पहुंचाना। कार्यशाला में 4-5 तकनीकी और इंटरैक्टिव सत्र होंगे। इसके तहत नवीन तकनीकों और आधुनिक विधियों का प्रसार करने के लिए विशेष रूप से जल आपूर्ति, सीवरेज एवं बाढ़ नियंत्रण प्रबंधन पर चर्चा होगी। इसके अलावा फील्ड अनुभवों और सर्वश्रेष्ठ प्रथाओं का साझा करने को लेकर भी अभियंताओं के बीच सेशन होंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### गीता निकेतन विद्यापीठ में दीपावली प्रदर्शनी का आयोजन



**करनाल (अप्रस/कृष्ण)।** शनिवार को गीता निकेतन विद्यापीठ ब्रास, निसिंग, करनाल में दीपावली के उपलक्ष्य में विद्यालय में भव्य दीपावली प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्राचार्या मंजू बाला की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। प्रदर्शनी में छात्रों ने कक्षा-कक्ष और विद्यालय की सजावट के साथ अपनी रचनात्मक प्रतिभा का परिचय दिया। छात्रों ने आर्ट एंड क्राफ्ट के हैंडमेड सामान, मिठाई, अलग-अलग डिजाइन किए हुए दीये, पेंटिंग और रंगोली तैयार की। गंगा सदन, यमुना सदन, गोदावरी सदन और नर्मदा सदन के छात्रों ने सदन इंचार्ज की देखरेख में संदेशपरक रंगोली बनाई, जैसे 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ', सोशल मीडिया के दुष्परिणाम, प्लास्टिक बैन और ऑपरेशन सिंदूर। इस अवसर पर अभिभावकों ने भी बच्चों के साथ बढ़-चढ़कर भाग लिया। उन्होंने बच्चों द्वारा बनाए गए सामान खरीदे और उनकी प्रतिभा व स्कूल की सराहना की। प्राचार्या मंजू बाला ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें प्रोत्साहित किया। विद्यालय के सभी कर्मचारियों को प्रबंधक समिति द्वारा उपहार और मिठाई देकर दीपावली की शुभकामनाएँ दी गई। प्रबंधक महोदय रकम सिंह राणा, प्राचार्या मंजू बाला और उप प्राचार्य मलकीत सिंह मल्ली ने सभी छात्रों, अभिभावकों और देशवासियों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएँ दी। इस अवसर पर श्रीमती अमित कुमारी, कोऑर्डिनेटर संदीप कुमार, विक्रम शर्मा, हिमांशु शर्मा, बलविंदर राणा, गुरमीत सैनी, अंजू चौहान, शुभा वर्मा, रीना, दीपा रावत, राहुल शर्मा और समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

### हर्षोल्लास से मनाया दीपों का पर्व दीपावली



**कैथल (अप्रस/ओम प्रकाश)।** इंदिरा गांधी सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल में बड़ी धूमधाम से दिवाली का पर्व मनाया गया। नन्हे मुन्ने बच्चों ने दीए व मोमबत्तियां सजाईं तथा नाच गाकर अपनी खुशी प्रकट की। नाच गाने में अध्यापकों ने भी बच्चों का साथ दिया मध्यम वर्ग के विद्यार्थियों ने कार्ड व पूजा की थाली आदि सजाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया तथा अपने अध्यापकों को कार्ड व दिए आदि भेंट भी किये। वरिष्ठ विद्यार्थियों ने अद्भुत रंगोलियां बनाकर उनके माध्यम से कुछ संदेश भी दिए जैसे ग्रीन दिवाली मनाने का संदेश तथा पूरे विद्यालय प्रांगण को रंगों से सजा दिया। सभी अध्यापकों ने विद्यार्थियों की प्रतिभा की खूब सराहना की। स्कूल प्रधान जेबी खुरानिया व प्रधानाचार्या रंजू गुप्ता ने भी विद्यार्थियों की प्रतिभा की प्रशंसा करते हुए अध्यापकों के प्रयासों पर भी प्रकाश डाला।

### छात्राओं ने बनाई दीवाली सजावट की वस्तुएं

**कैथल (अप्रस)।** इंदिरा गांधी पीजी महिला महाविद्यालय की एनएसएस इकाई नंबर 036 और 037 द्वारा एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में कुल 60 छात्राओं ने भाग लिया और कैंडल मेकिंग व फूल बनाने की गतिविधियां कीं। उन्होंने कचरे से उपयोगी सामग्री तैयार कर दीवाली सजावट के लिए आकर्षक वस्तुएं बनाई। इस गतिविधि का उद्देश्य विद्यार्थियों में सृजनात्मकता, पर्यावरण संरक्षण और बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट की भावना को बढ़ावा देना था। कॉलेज प्रबंधन समिति के प्रधान राम बहादुर खुरानिया ने कहा कि एनएसएस द्वारा की जाने वाली गतिविधियां छात्राओं के सर्वांगीण विकास में सहायक होती हैं। इन गतिविधियों से छात्राओं मे समाजसेवा, स्वावलंबन और रचनात्मकता की भावना विकसित होती है। कॉलेज की प्राचार्या डॉ. आरती गर्ग ने छात्राओं के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी गतिविधियां न केवल कौशल विकास में सहायक होती हैं, बल्कि पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी की भावना भी जगाती हैं। सायंकालीन सत्र की प्रभारी श्वेता तंवर ने भी छात्राओं के उत्साह की प्रशंसा की और भविष्य में भी इस प्रकार की रचनात्मक गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। मौके पर एनएसएस प्रभारी डॉ. दीपा अत्रि व प्रो. रश्मि शर्मा व होम साइंस विभाग से प्रो. आरती सिंगला उपस्थित रही।

## मिलावटी मिठाइयों की होलसेल मंडी बना टोहाना

अर्थ प्रकाश/संजीव सिंगला



**टोहाना, 18 अक्तूबर।** त्योहारों के दिनों में हर वर्ग के लोग अपनी अपनी खुशी व्यक्त करने के लिए एक दूसरे के साथ-साथ भगवान को भी मिठाइयों का भोग लगाते हैं पर उन लोगों को क्या पता कि जिस भगवान को खुश करने के लिए आप शुद्ध घी से बनी मिठाइयां खिला रहे हैं वह सब मिठाईयां नकली घी, नकली पनीर,( रासायनिक प्रक्रिया) द्वारा और नकली मावा जिसके भोग से हमारे इष्ट देवी देवता भी नाराज हो जाते हैं पर ऊपर जो अधिकारियों को मोटा भोग मिलावट खोर हलवाइयों द्वारा लगाया जाता है उनसे मिलावट खोर हलवाइयों की चांदी बनी हुई है। स्वास्थ्य विभाग या लोकल प्रशासन सब कुछ जानकार भी चुप्पी सादे हुए हैं शहर में कुछ ही जाने-माने मिष्ठान भंडार पर शुद्धता से बनी हुई मिठाइयां उपलब्ध हैं बाकी हलवाई तो सिर्फ दूसरे हलवाइयों से बनी हुई चीज लाकर अपनी दुकानों में बेचने का कार्य करते हैं जिससे बनी हुई मिठाइयों में शुद्धता की कमी आना स्वाभाविक है फूड एंड सेफ्टी विभाग के अधिकारियों ने तो शहर में आना ही छोड़ रखा है कोई भी व्यापारी अपने लालची में कुछ भी टोहाना शहर में किसी भी रासायनिक प्रक्रिया या केमिकल युक्त खाद्य पदार्थ कुछ भी बेच सकता है लोगों की सेहत से कोई भी खिलवाड़ कर सकता है। लगता है कोई भी रोकने रोकने वाला नहीं है जब इस खबरके विषय में उप मंडल अधिकारी आकाश शर्मा जी से बात की गई तो उन्होंने कहा कि प्रशासन सबसे सख्त कदम उठाएगी और व्यापारियों को कहा कि साफ सुथरा और शुद्धता से मिष्ठान बनाएं यदि कोई भी मिलावट की मिष्ठान भंडार वाला मिलावटी मिठाई बनाता हुआ पकड़ा जाएगा तो सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## प्रसिद्ध समाजसेवी ओमप्रकाश काकौत ने गौशालाओं, गुर्जर समाज व पुंडरीक तीर्थ हेतु किया 1 लाख 11 हजार रुपये का दान

समाज की उन्नति और धार्मिक स्थलों के विकास में हर व्यक्ति को अपनी क्षमता अनुसार योगदान देना चाहिए : ओमप्रकाश

अर्थ प्रकाश/कृष्ण प्रजापति



पुंडरी, 18 अक्तूबर। गुर्जर समाज के प्रतिष्ठित समाजसेवी, वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व सरपंच ओमप्रकाश पोलू काकौत ने धनतेरस व दीपावली के शुभ अवसर पर समाज के प्रति अपनी गहरी आस्था व्यक्त करते हुए कुल 1 लाख 11 हजार रुपये का दान विभिन्न सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं को किया। उन्होंने गुर्जर भवन कैथल में रसोई प्रारंभ होने पर 11,000 रुपये, पुंडरीक तीर्थ के लिए 51,000 रुपये (विधायक सतपाल जांबा को सौंपी गई राशि), ग्योंग की गौशाला में 21,000 रुपये का चारा, ढांड गौशाला में 21,000 रुपये तथा पिलनी गौशाला में 5,100 रुपये का चारा एवं खाद्य सामग्री का दान प्रदान किया है। उनके इस योगदान से समाज में हर्ष और गर्व की भावना व्याप्त है।

इस अवसर पर गुर्जर भवन के प्रधान सुरेश तंवर क्योडक व समस्त कार्यकारिणी सदस्यों ने पूर्व सरपंच ओमप्रकाश पोलू काकौत का आभार व्यक्त किया और कहा कि उनका यह कदम समाजसेवा की भावना को नई ऊर्जा प्रदान करता है। ओमप्रकाश पोलू काकौत ने बातचीत में कहा कि समाज और धर्म के कार्यों में सहयोग करना उनका कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि समाज की उन्नति और धार्मिक स्थलों के विकास में हर व्यक्ति को अपनी क्षमता अनुसार योगदान देना चाहिए। जिस समाज ने हमें सम्मान और पहचान दी है, उसके प्रति हमारी भी जिम्मेदारी बनती है। गौशालाएं और तीर्थ स्थल हमारी संस्कृति के प्रतीक हैं, जिन्हें संवारना हम सबका दायित्व है। समाज की एकता और सहयोग से ही नई पीढ़ी को बेहतर भविष्य और प्रेरणा मिल सकती है।

उन्होंने आगे कहा कि यह योगदान सिर्फ एक शुरुआत है, भविष्य में भी वे समाजहित और जनकल्याण के कार्यों में सदैव अग्रणी रहेंगे।

## गंध और रंग देखकर पहचानें मिठाई शुद्ध है या मिलावटी: डॉ. शैली

अर्थ प्रकाश/अर्पण वधवा



**कुरुक्षेत्र, 18 अक्तूबर।** दिवाली का त्योहार हो और घर पर मिठाइयां न आएं, ऐसा हो नहीं सकता। मिठाइयां हमारे त्योहारों और खुशियों का अहम हिस्सा होती हैं, लेकिन बाजार में मिलने वाली मिठाइयों में अक्सर मिलावट देखी जाती है; जो हमारे सेहत के लिए हानिकारक हो सकती है,इसलिए मिठाई खरीदते समय उसकी शुद्धता और गुणवत्ता की जांच करना बहुत जरूरी है।÷ यह कहना है पूर्व सिविल सर्जन एवं जिला नागरिक अस्पताल के फिजिशियन डॉ.शैलेंद्र ममगाई शैली का। उन्होंने इस अवसर पर मिठाई की गुणवत्ता के लिए विभिन्न जांच करने के निम्नलिखित उपाय सुझाए।

1)स्वाद और गंध की जांच करें÷ मिलावटी मिठाइयों का स्वाद असामान्य या रासायनिक हो सकता है;जबकि शुद्ध मिठाई में प्राकृतिक स्वाद और खुशबू होती है।

2)रंग और बनावट देखें: शुद्ध मिठाई का रंग प्राकृतिक और संतुलित होता है;जबकि मिलावटी मिठाई का रंग चमकीला या गहरा हो सकता है।

3)पानी में घोलकर टेस्ट करें÷ मिठाई का छोटा टुकड़ा पानी में डालें। अगर पानी रंगीन या दूधिया हो जाए, तो मिलावट हो सकती है।

4)तैलीय सतह देखें: मिठाई की सतह बहुत तैलीय या चिकनी हो तो मिलावट की संभावना होती है।

5)जला कर जांच करें: शुद्ध मिठाई जलने पर सुगंधित धुआं देती है, मिलावटी में गंध आती है।

6)पैकिंग और लेबल की जांच करें÷ विश्वसनीय ब्रांड की मिठाई खरीदें। पैकिंग पर सामग्री और इसके बनने की तारीख जरूर देखें।

7)मावे की परख करें÷ कई मिठाइयां मावे से ही बनी होती हैं;इसलिए हमेशा मावे को जांच करने के बाद ही उपयोग में लें।

8)मावे की सुगंध हल्की मीठी होती है। इसमें घी की खूशबू आ रही हो,तो यह शुद्ध है;वहीं नकली मावे में तेज गंध आती है।शुद्ध मावा बनावट में नरम और एक समान होता है। अगर मावा सख्त, कड़क या दानेदार है तो इसमें मिलावट हो सकती है।

## बाल विकास पब्लिक स्कूल कलायत में दीपावली पर्व के उपलक्ष्य में कार्यक्रमों का आयोजन

अर्थ प्रकाश/कपिल देव रोहिल्ला



**कलायत, 18 अक्तूबर।** बाल विकास पब्लिक स्कूल कलायत में शनिवार को दीपावली पर्व के उपलक्ष में अनेक शैक्षिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। जानकारी देते हुए स्कूल प्रधानाचार्य रामपाल शर्मा ने बताया कि कक्षा तीसरी से पांचवीं तक के विद्यार्थियों ने डीआईवाई के तहत सुंदर सजावटी वस्तुएं दीपक, दीए और रंगोलिया बनाकर प्रदर्शित की। उन्होंने बताया कि कक्षा छठी व सतवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने प्लास्टिक मुक्त भारत विषय पर भाषण दिए। कक्षा आठवीं के विद्यार्थियों ने ÷स्वच्छता अभियान÷ पर पोस्टर बनाकर प्रदर्शनी लगाई। वही दसवीं कक्षा कि छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक के मध्यम से ÷कोयला रहित प्रदूषण मुक्त दीपावली÷ का संदेश दिया। विद्यालय पबंधक सतीश चहल व संदीप चहल ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि हम सबको स्वच्छ और हरित दीपावली माननी चाहिए तथा पटाखों से दूर रहकर पर्यावरण की रक्षा करनी चाहिए।

## जाट स्कूल में दीपावली की पूर्व संध्या पर करवाई रंगोली प्रतियोगिता

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश



**कैथल, 18 अक्तूबर।** जाट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में दीपावली की पूर्व संध्या पर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रथम चरण में तीसरी से पांचवी कक्षा वर्ग में अलीशा ने प्रथम, कीर्ति व मनवीर ने द्वितीय तथा मनीत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। दूसरे चरण में छठी से आठवीं कक्षा वर्ग में माफी, वंशिका, हर्षिता ने प्रथम, पलक, सिमरन व माही ने द्वितीय तथा योगिता व जसविंदर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। तीसरे चरण में नवमी से 12वीं कक्षा वर्ग में तन्नु अन्नु व ललिता ने प्रथम, जसप्रीत व खुशी ने द्वितीय तथा सेजल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य नरेश कुमार ने प्रतिभागी छात्रों के उत्कृष्ट प्रदर्शन को सराहा और आगे भी इन प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर जाट हाई स्कूल समिति के प्रधान राजकुमार बेनीवाल, उप प्रधान बलजिंदर बनवाला महासचिव एडवोकेट रश्मि ढुल तथा कोषाध्यक्ष बलकार नैन ने विजेता विद्यार्थियों को शुभकामनाएं व आशीर्वाद दिया और विद्यार्थियों को अन्य सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। जाट हाई स्कूल समिति की कार्यकारिणी के सदस्य डॉ सत्यवान माजरा, दलवीर कैरो, महावीर राविश, राजपाल गुहना, सन्नी चौसाला, महावीर कुंडू, विक्रम सोंगल, कुलदीप सिंह, रजत रापडिया, स्वतंत्र पाल सिंह, जसबीर मानस ने भी बच्चों व स्टाफ सदस्यों को शुभकामनाएं दी।

## हत्या के तीन आरोपी वारदात के महज 12 घंटों में काबू

अर्थ प्रकाश/सुभाष जैन

**पानीपत, 18 अक्तूबर।** पुलिस अधीक्षक श्री भूपेंद्र सिंह आईपीएस के मार्गदर्शन में कार्रवाई करते हुए सीआईए वन पुलिस टीम ने देशराज कॉलोनी में परशुराम चौक के पास देशराज कॉलोनी निवासी सद्दाम उर्फ काला (26) की सिर में बोतल व ईट मारकर हत्या करने के तीन आरोपियों को वारदात के महज 12 घंटों के दौरान काबू किया। आरोपियों की पहचान दिनानाथ कॉलोनी निवासी बृजपाल, बिल्लू कॉलोनी निवासी कृष्ण व रॉजीव कॉलोनी निवासी सम्राट के रूप में हुई है।

उप पुलिस अधीक्षक यातायात सुरेश कुमार सैनी ने शनिवार को जिला सचिवालय स्थित पुलिस विभाग के सभागार में प्रेसवार्ता में बताया कि पुलिस अधीक्षक श्री भूपेंद्र सिंह आईपीएस के संज्ञान में उक्त मामला आते ही उन्होंने सीआईए वन प्रभारी सब इंस्पेक्टर संदीप व उनकी टीम को आरोपियों की धरपकड़ की जिम्मेदारी सौंपी थी। पुलिस टीम ने अपने सभी सोर्स एक्टिव कर शुक्रवार शाम को दबिश देकर तीन आरोपियों दिनानाथ कॉलोनी निवासी बृजपाल, बिल्लू कॉलोनी निवासी कृष्ण व राजीव कॉलोनी निवासी सम्राट को बिचपड़ी रोड पर अयोध्या टावर के पास से काबू किया।

पूछताछ में तीनों आरोपियों ने हत्या की उक्त वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा। आरोपी बृजपाल देशराज कॉलोनी में फैक्टरी में ठेकेदारी का काम करता है। आरोपी कृष्ण फैक्टरी में उसके पास काम करता है। आरोपी सम्राट अन्य फैक्टरी में काम करता है।

पूछताछ में आरोपियों ने पुलिस को बताया वह तीनों 16 अक्तूबर की रात फैक्टरी के सामने बंद पड़ी फैक्टरी के गेट के पास बैठकर शराब पार्टी कर रहे थे। इसी बीच देशराज कॉलोनी निवासी सद्दाम स्कूटी पर सवार होकर वहा आया और उन्हें गाली गलौच करने लगा।

सद्दाम को वह तीनों पहले से जानते थे। पहले इसी फैक्टरी में काम करता था। अब हनुमान कॉलोनी में फैक्टरी में काम कर रहा था।

आरोपियों ने पूछताछ में पुलिस को बताया उन तीनों ने सद्दाम को गाली गलौच करने से मना किया और उसके साथ कहासुनी व हाथापाई हो गई। कहासुनी में कृष्ण ने सद्दाम के सिर पर बोतल मारी और उन्होंने सिर व मुंह पर ईट मारी। सद्दाम की हत्या के बाद वह चारों मौके से फरार हो गए थे।

उप पुलिस अधीक्षक सुरेश कुमार सैनी ने बताया कि पुलिस ने तीनों आरोपियों को शनिवार को माननीय न्यायालय में पेश किया जहा से उन्हें 1 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया। रिमांड के दौरान पुलिस आरोपियों से गहनता से पूछताछ करने के साथ ही वारदात में प्रयुक्त बाइक बरामद करने का प्रयास करेगी।

आरोपी सम्राट का पहले भी आपराधिक रिकार्ड होना पाया गया है। आरोपी के खिलाफ पहले जानलेवा हमला करने की वारदात का एक मामला दर्ज है। आरोपी मामले में जेल से बेल पर बाहर आया हुआ है।

**यह है मामला:** थाना तहसील कैंप में काला पुत्र चेतुराम निवासी मोहम्मदपुर मुजफ्फरनगर यूपी हाल किरायेदार पहलवान चौक कुटानी रोड ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि वह तीन भाई है। भाई सद्दाम उर्फ काला अपने परिवार सहित देशराज कॉलोनी में किराए का कमरा लेकर रहता था। 17 अक्तूबर को सुबह करीब 8:45 बजे वह काम पर जा रहा था। तभी उसे पता चला की उसके भाई सद्दाम उर्फ काला की 16 अक्तूबर की रात परशुराम चौक के पास किसी ने हत्या कर दी। वह तुरंत परशुराम चौक पर पहुंचा। जहा सद्दाम की एक्टिवा खड़ी मिली और गली में खून पड़ा था। उसको पता चला कि सद्दाम आर.के मार्केटिंग फैक्टरी के सामने था। जहा बिरजू, कृष्ण, अजय व दो अन्य साथ बैठकर शराब पी रहे थे। सद्दाम व बिरजू की किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। बिरजू ने अपने साथियों के साथ मिलकर सद्दाम पर ईट व बोतल से वार कर हत्या कर दी। थाना तहसील कैंप में काला की शिकायत पर अभियोग दर्ज कर पुलिस ने आरोपियों की धरपकड़ शुरू कर दी थी।

# शिक्षा विभाग ने एचकेआरएन से लगे गैर शिक्षक कर्मियों का मांगा ब्योरा

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 18 अक्तूबर।** शिक्षा विभाग ने स्कूलों में शिक्षकों के साथ गैर-शिक्षक कर्मियों की कमी को दूर करने की कार्य योजना तैयार की है। हरियाणा कौशल रोजगार निगम के जरिये जल्द ही नई भर्तियां की जा सकती है। शिक्षा विभाग की ओर से एचकेआरएन के तहत स्कूलों में कार्यरत गैर शिक्षक कर्मचारियों का ब्योरा मांगा है। सेकेंडरी शिक्षा निदेशक की ओर से जिला शिक्षा अधिकारी और जिला मौलिक शिक्षा अधिकारियों को पत्र लिखकर स्पष्ट हिदायत दी है कि उनके जिले में कार्यरत एचकेआरएन कर्मियों का ब्योरा मुहैया निर्धारित प्रोफार्मा के अनुरूप मुहैया करवाया जाए।

सेकेंडरी शिक्षा निदेशक की ओर से सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को प्रोफार्मा जारी किया गया है, जिसमें उन्हें अपने-अपने जिले में तैनात एचकेआरएन कर्मियों की जानकारी देनी हैं, जिसमें कर्मचारी का नाम, पदनाम, तैनाती कार्यालय/विद्यालय, नियुक्ति तिथि, स्वीकृत पद तथा वर्तमान कार्यस्थल शामिल है।

हालांकि, विभाग की ओर से कई बार जिला स्तर पर यह सूचना मांग जा चुकी है, मगर निर्धारित समयावधि पर उपलब्ध नहीं करवाई गई है। अधिकारियों की लापरवाही पर सेकेंडरी शिक्षा निदेशक ने नाराजगी जताते हुए स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि निर्धारित समयावधि के भीतर रिपोर्ट भेजना अनिवार्य है। निर्देशों में कहा गया है कि यदि किसी जिले से यह सूचना समय पर नहीं आती है तो संबंधित जिला अधिकारी के खिलाफ विभागीय कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

जिला शिक्षा अधिकारियों को लिखे पत्र में शिक्षा विभाग द्वारा स्पष्ट किया गया है कि एचकेआरएन के माध्यम से नियुक्त कर्मचारियों की स्थिति जानना आवश्यक है ताकि सरकार को यह पता चल सके कि कितने कर्मचारी किस स्तर पर और किन संस्थानों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

सेकेंडरी शिक्षा निदेशक की ओर से जारी पत्र में निर्देश दिए गए हैं कि जिला स्तर पर कार्यरत कर्मचारियों का डाटा एकीकृत रूप में उपलब्ध कराया जाए, ताकि विभाग द्वारा आगामी भर्तियों की कार्य योजना तैयार की जा सके।

## दीपों की रोशनी में निखरी एमडीएन ग्लोबल स्कूल की राममयी दीवाली

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश

**कैथल, 18 अक्तूबर।** एमडीएन ग्लोबल स्कूल कैथल में दीपावली का पर्व पारंपरिक श्रद्धा, सांस्कृतिक वैभव और भक्ति भावना के अद्भुत संगम के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. विनोद कुमार निदेशक, निधि कंसल चेयरपर्सन, गौरव गर्ग मैनेजर और डॉ. संत कौशिक प्राचार्य द्वारा दीप प्रज्वलन, श्रीराम जी की आरती एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। विद्यार्थियों ने अतिथियों का तिलक से स्वागत किया तथा स्वागत गीत प्रस्तुत कर समारोह की गरिमा बढ़ाई। विद्यार्थियों ने भगवान श्रीराम के जीवन पर आधारित प्रसंगों राम जन्म, ऋषि श्राप, कैकेयी संवाद, राम-भरत मिलन, वनगमन, सीता हरण और रावण वध को नाटकीय शैली में अत्यंत भावपूर्ण ढंग से प्रस्तुत किया। दर्शकों ने हर दृश्य पर तालियों की गडगड़ाहट से बच्चों का उत्साहवर्धन किया। समूह नृत्य प्रस्तुति में विद्यार्थियों ने श्रीराम के आदर्श जीवन को मंच पर जीवंत करते हुए यह संदेश दिया कि सच्चाई और धर्म की विजय सदा होती है। इसके साथ ही विद्यालय में विविध इंटरहाउस प्रतियोगिताएं आयोजित की गई जिनमें फैंसी ड्रेस, क्ले मॉडलिंग, बेस्ट ड्रामेबाज, थाली एवं कलश सजावट, सोलो व ग्रुप डांस, सोलो सॉन्ग, कार्ड एवं दीया मेकिंग, पोस्टर निर्माण तथा रंगोली प्रतियोगिता शामिल थीं। समारोह के समापन पर डॉ. विनोद कुमार ने कहा कि दीपावली केवल प्रकाश का पर्व नहीं, बल्कि यह आत्मविकास और सकारात्मक सोच का प्रतीक है। स्कूल मैनेजर गौरव गर्ग ने विद्यार्थियों की प्रतिभा, शिक्षकों की मेहनत और आयोजन समिति की टीम भावना की सराहना की।

## नाभा की महिला डीएसपी का मोहाली में एक्सीडेंट

हाथ में लगी चोट, गनमैन भी घायल; गुजरात के लिए फ्लाइट पकड़ने जा रहीं थी

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**मोहाली, 18 अक्तूबर।** मोहाली में नाभा की डीएसपी मनदीप कौर की गाड़ी का एक्सीडेंट हो गया। डीएसपी मनदीप कौर सरकारी वाहन से मोहाली आ रही थीं, जब एयरपोर्ट रोड पर उनकी गाड़ी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकरा गई।

इस हादसे में डीएसपी मनदीप कौर को चोटें आई, जबकि उनके गनमैन को भी गंभीर चोट लगी। दोनों को तुरंत स्थानीय अस्पताल में भर्ती करवाया गया। डॉक्टरों ने डीएसपी को दो सप्ताह आराम की सलाह दी है। मनदीप कौर वही अधिकारी हैं, जो कुछ समय पहले किसानों के साथ हुए विवाद के बाद सुर्खियों में आई थीं।

उन्होंने अपील की कि सभी चालक वाहन चलाते समय पूरी सावधानी बरतें। उन्होंने बताया कि हादसे के समय वे एक सरकारी कार्यक्रम में भाग लेने के लिए गुजरात जा रही थीं।




### मोहाली एयरपोर्ट से फ्लाइट पकड़नी थी

डीएसपी मनदीप कौर ने बताया कि वे कल जालंधर से पटियाला आई थीं और आज पटियाला से मोहाली जा रही थीं। उन्हें मोहाली एयरपोर्ट से गुजरात फ्लाइट पकड़नी थी। रास्ते में एक ट्रैक्टर-ट्रॉली उनके आगे चल रही थी। गाड़ी की रफ्तार तेज थी क्योंकि फ्लाइट का समय नजदीक था। इसी दौरान उनकी गाड़ी ट्रॉली से टकरा गई।

### सिर में लगी चोट

हादसे में आगे बैठा गनमैन जोरदार झटके से विंडशील्ड से टकरा गया, जिससे उसे सिर में चोट आई। वहीं, डीएसपी पीछे की सीट से आगे गिर गईं, जिससे उनके हाथ में चोट लगी। उन्होंने बताया कि डॉक्टरों ने उन्हें दो हफ्ते आराम करने की सलाह दी है और चार दिन बाद दोबारा जांच करवाने को कहा है।

## चंडीगढ़ में आईपीओ निवेश के नाम पर 2.87 करोड़ की ठगी, मध्यप्रदेश से दो आरोपी गिरफ्तार

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 18 अक्तूबर।** ऑनलाइन निवेश (इन्वेस्टमेंट) के नाम पर करोड़ों की ठगी करने वाले दो आरोपियों को चंडीगढ़ पुलिस की साइबर सेल ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान दिपेश माकुवाना निवासी उज्जैन (मध्यप्रदेश) और राजकुमार पांडे निवासी इंदौर (मध्यप्रदेश) के रूप में हुई है।

यह कार्रवाई डीएसपी ए. वेंकटेश की निगरानी में और इंस्पेक्टर इरम रिजवी के नेतृत्व में की गई। आरोपियों के खिलाफ भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (ब्हस्) की धारा 318(4), 319(2), 338(336)(3), 340(2) और 61(2) के तहत थाना साइबर क्राइम, सेक्टर-17 चंडीगढ़ में मामला दर्ज किया गया है।

**कैसे की गई करोड़ों की ठगी:** चंडीगढ़ निवासी हजीरन कौर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि कुछ लोगों ने उन्हें फर्जी ऑनलाइन ट्रेडिंग प्लेटफार्म टोटल सिक्योरिटीज डॉट नेट / आईएनएक्स अकाउंट के जरिए लगभग 2.87 करोड़ रुपये की ठगी की। आरोपी खुद को सेबी (भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड), भारतीय रिजर्व बैंक और अन्य सरकारी संस्थाओं से पंजीकृत (रजिस्टर्ड) बताकर निवेशकों को भरोसे में लेते थे।

वे अपने आपको प्रोफेसर, क्लाइंट मैनेजर और ग्रुप असिस्टेंट बताकर लोगों को तथाकथित यूसीआई/आईपीओ योजना में निवेश करने के लिए प्रेरित करते थे। जांच में पता चला कि आरोपी इंदौर से यह गिरोह चला रहे थे और देशभर में विभिन्न बैंक खातों के माध्यम से ठगे गए पैसे एकत्रित करते थे।

**पुलिस कार्रवाई:** उज्जैन जिले के नागझिरी क्षेत्र में छापा मारकर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने उनके कब्जे से दो मोबाइल फोन बरामद किए। राजकुमार पांडे के पास से मिला सैमसंग गैलेक्सी एस-22 (नीला रंग) मोबाइल एक बंधन बैंक खाते से जुड़ा हुआ था, जिसमें ठगी के लगभग 20 लाख रुपये जमा पाए गए।

पुलिस ने बताया कि व्हाट्सऐप चैट, बैंक लेनदेन और तकनीकी साक्ष्यों से यह स्पष्ट हुआ है कि ठगी का पूरा नेटवर्क इंदौर से संचालित किया जा रहा था।

## सनराइज सीनियर सेकेंडरी स्कूल कुतुबपुर में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई दीपावली

नृत्य, गीत, नाटक और कविताओं के माध्यम से बच्चों ने दिया अंधकार पर प्रकाश की विजय का संदेश

अर्थ प्रकाश/कृष्ण प्रजापति

**कैथल, 18 अक्तूबर।** सनराइज सीनियर सेकेंडरी स्कूल कुतुबपुर में आज दीपावली का पर्व बड़े हर्षोल्लास और पारंपरिक उल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय परिसर को विद्यार्थियों ने रंग-बिरंगी झालरों, दीपों, मोमबत्तियों और आकर्षक रंगोलियों से सजा कर एक मनमोहक दृश्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों से हुई। नृत्य, गीत, नाटक और कविताओं के माध्यम से बच्चों ने अंधकार पर प्रकाश की विजय का संदेश दिया। विशेष रूप से राम के अयोध्या आगमन और स्वच्छ वातावरण पर आधारित नाट्य प्रस्तुति ने उपस्थित सभी शिक्षकों और विद्यार्थियों का मन मोह लिया। इस अवसर पर रामायण पर आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

विद्यालय के प्रधानाचार्य सोहन लाल गौड़ ने विद्यार्थियों को दीपावली का संदेश देते हुए कहा कि दीपावली केवल रोशनी का नहीं, बल्कि सच्चाई, ईमानदारी और सद्भाव का त्योहार है। हमें इस अवसर पर स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और समाज सेवा का संकल्प लेना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में मैनेजिंग डायरेक्टर बलिंद्र संधू ने विद्यार्थियों को बधाई दी और पटाखों से होने वाले प्रदूषण के प्रति जागरूक किया। उन्होंने बच्चों से अपील की कि वे पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी निभाते हुए इस बार 'ग्रीन दीपावली, क्लीन दीपावली' मनाएं।

विद्यालय परिसर में पूरे दिन उल्लास, उमंग और दीपों की चमक छाई रही। विद्यार्थियों और शिक्षकों ने एक-दूसरे को शुभकामनाएँ दीं और सभी ने मिलकर स्वच्छ, सुरक्षित और हरित दीपावली मनाने का संकल्प लिया।

## सार्वजनिक सूचना

आम जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि 1. श्रीमती सुमन सिंह सी/ओ श्री विजय कुमार मीना, निवासी #बी-17, सीएसआईओ कालोनी सेक्टर 30, चंडीगढ़-160030 और 2. श्री कुलजीत कटोच पुत्र श्री कमलजीत सिंह, निवासी #501/2, सेक्टर-41ए, चंडीगढ़-160036 को यूनिट बियरिंग सं. 274, 6वां तल, मोहाली सिटी सेंटर-3, ब्लॉक-एफ, एयरपोर्ट रोड, एयरोसिटी, जिला एसएएस नगर, मोहाली, पंजाब (कथित यूनिट) आवंटित हुई थी। तथापि, भुगतान करने के लिए कई संचार जारी करने और फॉलो-अप करने तथा बाद में अधोहस्ताक्षरी प्रमोटर द्वारा अनुस्मारक भेजने के बावजूद, उक्त उल्लिखित आवंटीबार-बार उचित अवसर दिए जाने के बावजूद समझौते में निर्धारित भुगतान योजना/अनुसूची का पालन करने में बुरी तरह विफल रहे हैं।
ऐसी स्थिति का सामना करते हुए, प्रमोटर ने समाप्ति पत्र जारी करते हुए उपरोक्त आवंटियों के पक्ष में किए गए आवंटन को समाप्त कर दिया है।
अब, इस सार्वजनिक सूचना के माध्यम से, सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अब उपर्युक्त व्यक्तियों का उक्त इकाई पर किसी भी प्रकार का कोई अधिकार, दावा, स्वामित्व या हित नहीं रह गया है और उक्त इकाई के संबंध में उपर्युक्त व्यक्तियों के साथ कोई भी सौदा नहीं किया जाना चाहिए। तदनुसार, उपर्युक्त व्यक्तियों द्वारा उक्त इकाई के संबंध में किसी भी तृतीय पक्ष के साथ किए गए किसी भी सौदे का अधोहस्ताक्षरी प्रमोटर पर कोई बाध्यकारी प्रभाव नहीं होगा और अधोहस्ताक्षरी प्रमोटर किसी भी परिणामी कार्रवाई के लिए उत्तरदायी नहीं होगा।
अतः आम जनता को इस पर ध्यान देने के लिए सूचित किया जाता है।

-हस्ता/-
कृते मेसर्स केएलजी इंफ्रा

## सार्वजनिक सूचना

मैं, सोनिया पत्नी विजय कुमार संपत्ति के संबंध में मालिक हूं। Property i.e., Plot NO. 13 Min having PID No. 6D9BT1W8, Part of bearing Khewat no. 2183, Khatoni no. 2542, Khasra No. 571//10/1 (8-0), Kite 1, measuring 0K-2M (60.5 sq. yards), situated at Kisan Colony Barwala Tehsil Barwala District Hisar as per Sale Deed No. 819 dated 21.05.2025. मैंने बरवाला में कहीं भी सेल डीड नंबर 8206 दिनांक 25.03.2022 खो दिया है। बरवाला में एक डीडीआर नंबर 132290112501900/2025 भी पंजीकृत है। मैं यह भी घोषणा करती हूं कि मैंने उक्त संपति पर किसी भी प्रकार का ऋण, सीसी सीमा या ओडी सीमा नहीं ली है। अगर किसी को इस संपत्ति के संबंध में आपत्ति है। कृपया इस प्रकाशन के 07 दिन के भीतर एडवोकेट भूपेंद्र कुमार, फोन नंबर 8295949981 # 1591 सेक्टर 16-17 हिसार से संपर्क करें।

## सार्वजनिक सूचना

मैं, आशा रानी पत्नी गुलशन कुमार संपत्ति के संबंध में मालिक हूं। Property i.e., House having PID No. 3GVK96Y1, Part of bearing Khasra No. 466//17 Min, measuring 70 sq. yards, situated at Boga Ram Colony Hansi Tehsil Hansi District Hisar as per Sale Deed No. 4960 dated 25.08.2025. मैंने हांसी में कहीं भी सेल डीड नंबर 7172 दिनांक 16.12.2011 खो दिया है। हांसी में एक डीडीआर नंबर 132290412501860/2025 भी पंजीकृत है। मैं यह भी घोषणा करती हूं कि मैंने उक्त संपत्ति पर किसी भी प्रकार का ऋण, सीसी सीमा या ओडी सीमा नहीं ली है। अगर किसी को इस संपत्ति के संबंध में आपत्ति है। कृपया इस प्रकाशन के 07 दिन के भीतर एडवोकेट भूपेंद्र कुमार, फोन नंबर 8295949981 # 1591 सेक्टर 16-17 हिसार से संपर्क करें।

## न्यायालय तहसीलदार -कम- सब रजिस्ट्रार जीन्द

मैं राजकुमार (आधार 9872 8091 4974) पुत्र स्व. रामेश्वर निवासी अपराही मोहल्ला जीन्द बनाम जनरल पब्लिक इसके माध्यम से हर आम व खास को सचित किया जाता है कि मेरी मां धनपति पत्नी स्व. रामेश्वर का स्वर्गवास दिनांक 12.04.2015 को व मेरे पिता रामेश्वर पुत्र टेकराम का स्वर्गवास दिनांक 04.08.2010 को हो चुका है। दोनों के मृत्यु प्रमाण पत्र संलग्न है। मेरे दादा सुबेसिंह व मेरी दादी का स्वर्गवास पहले ही हो चुका है। मेरी मां धनपति पत्नी स्व. रामेश्वर के कानूनी वारसान निम्नलिखित है:- 1.बाली पुत्री 3923 2913 8689, 2. राजकुमार पुत्र 9872 8091 4974, 3.रामु पुत्र 6909 9394 4052, 4. गोवर्धन पुत्र 3448 9785 2178 उपरोक्त के अलावा स्व धनपति पत्नी स्व. रामेश्वर के अन्य कोई वारिश/उत्तराधिकारी नहीं है। जिसके संबंध में प्रार्थी ने शपथ पत्र भी प्रस्तुत किया है। इसके लिए हर आम व खास को इस इस्तहार नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उपरोक्त मृतक के बताये गये वारिश/उत्ताधिकारी के बाबत कोई शक व एतराज हो तो वह स्वंय अभिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाश के उपरान्त 30 दिन के अन्दर अन्दर इस कार्यालय में कार्य दिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है। यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 17/10/2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया है।


सब रजिस्ट्रार जीन्द।

## आवश्यक सूचना

नगर परिषद गोहाना के प्रोपर्टी टैक्स रिकार्ड के अनुसार वर्तमान में PUID ID 3fRMVDK3 वार्ड नं. पर श्री नवीन, सचिन कुमार,धर्मपाल के नाम पर दर्ज है ।अब इस प्रोपर्टी आईडी पर अपना नाम दर्ज करवाने के लिए (1) राजबाला.(2) सीमा .(3) पिंकी . (4) नवीन धरा.(5) सचिन कुमार w/s/d/o धर्मपाल निवासी गोहाना जिला सोनीपत मोबाइल 9467793447 ने इस कार्यालय में अपना आवेदन पत्र स्व0श्री धर्मपाल का मृत्यु प्रमाण पत्र व तहसीलदार गोहाना द्वारा तसदीक/सत्यापित वारिसान रिपोर्ट तथा अन्य आवश्यक दस्तावेज सहित प्रस्तुत किया है कि यदि इस प्रोपर्टी आईडी पर उपरोक्त आवेदक/आवेदको का नाम दर्ज करने पर कोई एतराज/आपत्ति है तो वह इस नोटिस प्रकाशन के 30 दिन के अन्दर अन्दर नगर परिषद गोहाना में अपना एतराज/आपत्ति मय दस्तावेजी सबूतों सहित प्रस्तुत करे।अन्यथा नोटिस अवधि गुजरने के बाद PUID ID No.3fRMVDK3 पर उपरोक्त आवेदकों का नाम राजबाला, सीमा, पिंकी, नवीन धरा,सचिन कुमार तहसीलदार वारिसाना रिपोर्ट के अनुसार दर्ज कर दिया जाएगा। जिसके उपरान्त नगरपरिषद गोहाना की किसी प्रकार की कोई जिम्मेवारी नही होगी।

कार्यकारी अधिकारी/सचिव
नगर परिषद गोहाना।

## ਗਰੇਟਰ ਮੋਹਾਲੀ ਏਰੀਆ ਵਿਕਾਸ ਅਥਾਰਿਟੀ, ਪੁੱਡਾ ਭਵਨ, ਸੈਕਟਰ-62, ਐਸ.ਏ.ਐਸ.ਨਗਰ। (ਜਨਤਕ ਸੂਚਨਾ)



ਮਿਸਲ ਚਿੱਠੀ ਕ੍ਰਮਾਂਕ ਨੰ: 454806 ਮਿਤੀ 26-08-2025 ਰਾਹੀਂ ਬਿਨੈਕਾਰਾਂ ਵੱਲੋਂ ਸੂਚਿਤ ਕੀਤਾ ਗਿਆ ਹੈ ਕਿ ਪਲਾਟ ਨੰ: 744, ਫੇਜ਼-3 ਬੀ 1, ਸੈਕਟਰ 60, ਐਸ.ਏ.ਐਸ ਨਗਰ ਦੇ 50 ਪ੍ਰਤੀਸ਼ਤ ਹਿੱਸੇ ਦੇ ਮਾਲਕ Rajinder Singh Malhotra S/o Harbans Singh Malhotra R/o 744, Sector 60, SAS Nagar, Pb. ਦੀ ਮੌਤ ਮਿਤੀ 03-10-2022 ਨੂੰ ਹੋ ਚੁੱਕੀ ਹੈ। [illegible] ਕਾਨੂੰਨੀ ਵਾਰਸ [illegible]:-
1. ਪ੍ਰੀਤਿੰਦਰ ਕੌਰ ਪਤਨੀ
2. ਮਨਦੀਪ ਸਿੰਘ ਪੁੱਤਰ
3. [illegible] ਪੁੱਤਰੀ
[illegible] ਪਲਾਟ ਨੰ: 744, ਫੇਜ਼-3 ਬੀ 1, ਸੈਕਟਰ 60, ਐਸ.ਏ.ਐਸ ਨਗਰ ਦੇ 50 ਪ੍ਰਤੀਸ਼ਤ ਹਿੱਸੇ [illegible] ਪਲਾਟ ਨੰ: 744, ਫੇਜ਼-3 ਬੀ 1, ਸੈਕਟਰ 60, ਐਸ.ਏ.ਐਸ ਨਗਰ ਦੇ 50 ਪ੍ਰਤੀਸ਼ਤ ਹਿੱਸੇ [illegible]

[illegible]
ਸ਼ਾਖਾ, ਐਸ.ਏ.ਐਸ ਨਗਰ

## उत्तर रेलवे

### ई–नीलामी सूचना

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे अंबाला की ओर से (on behalf of the President of India) से निविदाएं ई नीलामी के माध्यम से आमंत्रित की जाती हैं, जिनका विवरण निम्नलिखित है

| क्र. सं. | कार्य का विवरण | नीलामी कैटलॉग सं. | नीलामी तिथि व समय |
|---|---|---|---|
| 1. | पटियाला रेलवे स्टेशन पर कुल 8'x8' क्षेत्रफल का ट्रैवल हेल्प डेस्क स्थापित किया जाना है। (साइट प्लान के अनुसार) | MSS-UMB-PTA-THDPK-41-25-1 (Misc-Static-Services -Travel Help Desk/Travelers Information and Promotional Kiosk) | 23-10-25 12:00:00 |
| 2. | अंबाला मंडल के अंतर्गत ग्यारह (11) मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों के आरक्षित डिब्बों में विज्ञापनों सहित लिनेन कवर की खरीद एवं आपूर्ति हेतु अनुबंध। | HyB-OnB-110173-25-1 (Hybrid NFR - On-board Hybrid) | 23-10-25 12:00:00 |
| 3. | शिमला रेलवे स्टेशन पर कुल 144 वर्ग फुट क्षेत्रफल वाले क्लोक रूम प्रबंधन अनुबंध। | PnU-UMB-SML-WRL-49-25-1 (Pay and Use - Lounges / Waiting / Retiring / Cloak Rooms) | 24-10-25 12:00:00 |
| 4. | बठिंडा रेलवे स्टेशन पर कुल 20.78 वर्ग मीटर क्षेत्रफल वाले प्रिंटिंग/फोटोकॉपी सुविधा सहित क्लोक रूम प्रबंधन सह स्टेशनरी दुकान। | PnU-UMB-BTI-WRL-66-25-1 (Pay and Use - Lounges / Waiting / Retiring / Cloak Rooms) | 24-10-25 12:00:00 |
| 5. | राजपुरा रेलवे स्टेशन पर 3 मीटर x4 मीटर अर्थात कुल 12 वर्ग मीटर क्षेत्रफल वाले प्रिंटिंग/फोटोकॉपी सुविधा सहित क्लोक रूम प्रबंधन सह स्टेशनरी दुकान। | PnU-UMB-RPJ-WRL-59-25-2 (Pay and Use - Lounges / Waiting / Retiring / Cloak Rooms) | 24-10-25 12:00:00 |
| 6. | सरहिंद रेलवे स्टेशन पर 3 मीटर x 5.37 मीटर अर्थात कुल 16.11 वर्ग मीटर क्षेत्रफल वाले प्रिंटिंग/फोटोकॉपी सुविधा सहित क्लोक रूम प्रबंधन सह स्टेशनरी दुकान। | PnU-UMB-SIR-WRL-60-25-2 (Pay and Use - Lounges / Waiting / Retiring / Cloak Rooms) | 24-10-25 12:00:00 |
| 7. | अंबाला कैंट रेलवे स्टेशन पर 12 फीट x 12 फीट अर्थात कुल 144 वर्ग फुट (13.38 वर्ग मीटर) क्षेत्रफल वाले प्रिंटिंग/फोटोकॉपी सुविधा सहित क्लोक रूम प्रबंधन सह स्टेशनरी दुकान। | PnU-UMB-UMB-WRL-47-25-1 (Pay and Use - Lounges / Waiting / Retiring / Cloak Rooms) | 24-10-25 12:00:00 |
| 8. | सहारनपुर रेलवे स्टेशन पर कुल 20.44 वर्ग मीटर क्षेत्रफल वाले प्रिंटिंग/फोटोकॉपी सुविधा सहित क्लोक रूम प्रबंधन सह स्टेशनरी दुकान। | PnU-UMB-SRE-WRL-44-25-1 (Pay and Use - Lounges / Waiting / Retiring / Cloak Rooms) | 24-10-25 12:00:00 |
| 9. | यमुनानगर जगाधरी रेलवे स्टेशन पर एटीएम की स्थापना हेतु इंक्वायरी के नजदीक 6'x6' क्षेत्रफल के स्थान (संरचना सहित) के आवंटन के लिए निविदा आमंत्रण | ATM-UMB-YJUD-Gen-38-25-1 (ATM - General) | 30-10-25 12:00:00 |
| 10. | सरहिंद रेलवे स्टेशन पर SSE सिग्नल ऑफिस के पास 6'x6' क्षेत्रफल में एटीएम (साइट-2) की व्यवस्था हेतु स्थान (संरचना के बिना) का आवंटन। (साइट प्लान के अनुसार) | ATM-UMB-SIR-Gen-20-25-1 (ATM - General) | 30-10-25 12:00:00 |
| 11. | अम्ब अंदौरा रेलवे स्टेशन पर 6'x6' क्षेत्रफल में एटीएम (साइट-3) की व्यवस्था हेतु स्थान (संरचना के बिना) का आवंटन। (साइट प्लान के अनुसार) | ATM-UMB-AADR-Gen-25-25-1 (ATM - General) | 30-10-25 12:00:00 |
| 12. | आनंदपुर साहिब रेलवे स्टेशन पर एग्जिट गेट के पास 6'x6' क्षेत्रफल में एटीएम (साइट-1) की व्यवस्था हेतु स्थान (संरचना के बिना) का आवंटन। (साइट प्लान के अनुसार) | ATM-UMB-ANSB-Gen-21-25-1 (ATM - General) | 30-10-25 12:00:00 |
| 13. | मलेरकोटला रेलवे स्टेशन पर एटीएम (साइट-1) की व्यवस्था हेतु स्थान (संरचना सहित) का आवंटन। (साइट प्लान के अनुसार) | ATM-UMB-MET-Gen-29-25-1 (ATM - General) | 30-10-25 12:00:00 |
| 14. | संगरूर रेलवे स्टेशन पर RPF पोस्ट (DUI छोर) के पास 6'x6' क्षेत्रफल में एटीएम (साइट-2) की व्यवस्था हेतु स्थान (संरचना सहित) का आवंटन। (साइट प्लान के अनुसार) | ATM-UMB-SAG-Gen-37-25-1 (ATM - General) | 30-10-25 12:00:00 |
| 15. | संगरूर रेलवे स्टेशन पर नए स्टेशन भवन (JHL छोर) के पास 6'x6' क्षेत्रफल में एटीएम (साइट-1) की व्यवस्था हेतु स्थान (संरचना के बिना) का आवंटन। (साइट प्लान के अनुसार) | ATM-UMB-SAG-Gen-26-25-1 (ATM - General) | 30-10-25 12:00:00 |
| 16. | अंबाला सिटी रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग क्षेत्र में एटीएम (साइट-1) की व्यवस्था हेतु स्थान (संरचना के बिना) का आवंटन। (साइट प्लान के अनुसार) | ATM-UMB-UBC-Gen-35-25-1 (ATM - General) | 30-10-25 12:00:00 |
| 17. | नंगल डैम रेलवे स्टेशन पर पंप हाउस के पास 6'x6' क्षेत्रफल में एटीएम (साइट-1) की व्यवस्था हेतु स्थान (संरचना के बिना) का आवंटन। (साइट प्लान के अनुसार) | ATM-UMB-NLDM-Gen-24-25-1 (ATM - General) | 30-10-25 12:00:00 |
| 18. | राजपुरा रेलवे स्टेशन पर UTS/PRS हॉल के बाहर स्थान–A (साइट–2) में एटीएम की व्यवस्था हेतु स्थान (संरचना के बिना) का आवंटन। (साइट प्लान के अनुसार) | ATM-UMB-RPJ-Gen-41-25-1 (ATM - General) | 30-10-25 12:00:00 |
| 19. | अंबाला सिटी रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग क्षेत्र में एटीएम (साइट-2) की व्यवस्था हेतु स्थान (संरचना के बिना) का आवंटन। (साइट प्लान के अनुसार) | ATM-UMB-UBC-Gen-36-25-1 (ATM - General) | 30-10-25 12:00:00 |
| 20. | मलेरकोटला रेलवे स्टेशन पर एटीएम (साइट-2) की व्यवस्था हेतु स्थान (संरचना सहित) का आवंटन। (साइट प्लान के अनुसार) | ATM-UMB-MET-Gen-30-25-1 (ATM - General) | 30-10-25 12:00:00 |
| 21. | आनंदपुर साहिब रेलवे स्टेशन पर एग्जिट गेट के पास 6'x6' क्षेत्रफल में एटीएम (साइट-2) की व्यवस्था हेतु स्थान (संरचना के बिना) का आवंटन। (साइट प्लान के अनुसार) | ATM-UMB-ANSB-Gen-22-25-1 (ATM - General) | 30-10-25 12:00:00 |
| 22. | पटियाला रेलवे स्टेशन पर प्रधानमंत्री जनऔषधि केंद्र के पास एटीएम की व्यवस्था हेतु स्थान (संरचना सहित) का आवंटन। (साइट प्लान के अनुसार) | ATM-UMB-PTA-Gen-28-25-1 (ATM - General) | 30-10-25 12:00:00 |
| 23. | सरहिंद रेलवे स्टेशन पर SSE सिग्नल ऑफिस के पास 6'x6' क्षेत्रफल में एटीएम (साइट-1) की व्यवस्था हेतु स्थान (संरचना के बिना) का आवंटन। (साइट प्लान के अनुसार) | ATM-UMB-SIR-Gen-19-25-1 (ATM - General) | 30-10-25 12:00:00 |
| 24. | रूप नगर रेलवे स्टेशन पर 6'x6' क्षेत्रफल में एटीएम (साइट-2) की व्यवस्था हेतु स्थान (संरचना के बिना) का आवंटन। (साइट प्लान के अनुसार) | ATM-UMB-RPAR-Gen-23-25-1 (ATM - General) | 30-10-25 12:00:00 |
| 25. | राजपुरा रेलवे स्टेशन पर UTS/PRS हॉल के बाहर स्थान–A (साइट–1) में एटीएम की व्यवस्था हेतु स्थान (संरचना के बिना) का आवंटन। (साइट प्लान के अनुसार) | ATM-UMB-RPJ-Gen-40-25-1 (ATM - General) | 30-10-25 12:00:00 |
| 26. | अंबाला कैंट रेलवे स्टेशन पर एंट्री गेट के पास 6'x6' क्षेत्रफल में एटीएम (साइट-1) की व्यवस्था हेतु स्थान (संरचना के बिना) का आवंटन। (साइट प्लान के अनुसार) | ATM-UMB-UMB-Gen-33-25-1 (ATM - General) | 30-10-25 12:00:00 |
| 27. | ट्रेन संख्या 52457/58 में वाणिज्यिक विज्ञापन स्थान के लिए विनाइल स्टिकर्स और बोर्ड का उपयोग करके ट्रेन कोचों के अंदरूनी हिस्से में विज्ञापन (कोच संरचना और विज्ञापन के लिए आयाम के अनुसार)। | ADVT-Int-240044-1-25-1 (Advertising-Train Interior) | 29-10-2025 12:00 Hrs |
| 28. | ट्रेन संख्या 52455/56 में वाणिज्यिक विज्ञापन स्थान के लिए विनाइल स्टिकर्स और बोर्ड का उपयोग करके ट्रेन कोचों के अंदरूनी हिस्से में विज्ञापन (कोच संरचना और विज्ञापन के लिए आयाम के अनुसार)। | ADVT-Int-239887-1-25-1 (Advertising-Train Interior) | 29-10-2025 12:00 Hrs |
| 29. | ट्रेन संख्या 52451/52 में वाणिज्यिक विज्ञापन स्थान के लिए विनाइल स्टिकर्स और बोर्ड का उपयोग करके ट्रेन कोचों के अंदरूनी हिस्से में विज्ञापन (कोच संरचना और विज्ञापन के लिए आयाम के अनुसार)। | ADVT-Int-98543-2-25-1 (Advertising-Train Interior) | 29-10-2025 12:00 Hrs |
| 30. | ट्रेन संख्या 52453/54 में वाणिज्यिक विज्ञापन स्थान के लिए विनाइल स्टिकर्स और बोर्ड का उपयोग करके ट्रेन कोचों के अंदरूनी हिस्से में विज्ञापन (कोच संरचना और विज्ञापन के लिए आयाम के अनुसार)। | ADVT-Int-273108-1-25-1 (Advertising-Train Interior) | 29-10-2025 12:00 Hrs |
| 31. | ट्रेन संख्या 52459/58 में वाणिज्यिक विज्ञापन स्थान के लिए विनाइल स्टिकर्स और बोर्ड का उपयोग करके ट्रेन कोचों के अंदरूनी हिस्से में विज्ञापन (कोच संरचना और विज्ञापन के लिए आयाम के अनुसार)। | ADVT-Int-132321-1-25-1 (Advertising-Train Interior) | 29-10-2025 12:00 Hrs |
| 32. | ट्रेन संख्या 20493/94 (CDG-MDU एक्सप्रेस) के पूर्ण बाहरी हिस्से पर विनाइल रैपिंग के माध्यम से वाणिज्यिक विज्ञापन के लिए स्थान | ADVT-EFF-250749-1-25-1 (Advertising - Train Exterior (Full Face)) | 29-10-2025 12:00 Hrs |
| 33. | ट्रेन संख्या 14523/24 (UMB-BJU एक्सप्रेस) के पूर्ण बाहरी हिस्से पर विनाइल रैपिंग के माध्यम से वाणिज्यिक विज्ञापन के लिए स्थान | ADVF-EFF-137547-7-25-1 (Advertising – Train Exterior (Full Face)) | 29-10-2025 12:00 Hrs |
| 34. | ट्रेन संख्या 14525/26 (UMB-SGNR एक्सप्रेस) के पूर्ण बाहरी हिस्से पर विनाइल रैपिंग के माध्यम से वाणिज्यिक विज्ञापन के लिए स्थान | ADVF-EFF-100891-5-25-1 (Advertising – Train Exterior (Full Face)) | 29-10-2025 12:00 Hrs |
| 35. | अंबाला कैंट रेलवे स्टेशन पर 345 वर्ग फुट क्षेत्र में आपातकालीन चिकित्सा कक्ष (ईएमआर) की स्थापना, संचालन और रखरखाव। | MSS-UMB-UMB-MedStn.-39-25-1 (Misc.-Static-Services-Medical Facilities at Station) | 29-10-2025 12:00 Hrs |
| 36. | ट्रेन संख्या 12045/46 चंडीगढ़–नई दिल्ली शताब्दी एक्सप्रेस के सभी एक्जीक्यूटिव क्लास और चेयर कार क्लास कोचों की सभी सीटों पर हेडरेस्ट कवर के प्रावधान के माध्यम से वाणिज्यिक विज्ञापन अधिकार (संबद्ध कोच संरचना के अनुसार)। | MMS-HRC-252686-1-25-1 (Head Rest Covers Advertisement in Trains) | 29-10-2025 12:00 Hrs |
| 37. | रूपनगर रेलवे स्टेशन पर विज्ञापन हेतु यूनिपोल्स/होर्डिंग्स के माध्यम से कुल 6 स्थल उपलब्ध हैं, जिनका कुल क्षेत्रफल 864 वर्ग फुट है | ADVT-UMB-RPAR-OH-315-25-1 (Advertising- Out of Home) | 29-10-2025 12:00 Hrs |
| 38. | शिमला रेलवे स्टेशन पर यूनिपोल्स/होर्डिंग्स के माध्यम से विज्ञापन के लिए 5 स्थल उपलब्ध हैं, जिनका कुल क्षेत्रफल 1028 वर्ग फुट है | ADVT-UMB-SML-OH-306-24-1 (Advertising- Out of Home) | 29-10-2025 12:00 Hrs |
| 39. | अंब अंदौरा रेलवे स्टेशन पर यूनिपोल्स/होर्डिंग्स के माध्यम से विज्ञापन के लिए 12 स्थल उपलब्ध हैं, जिनका कुल क्षेत्रफल 864 वर्ग फुट है | ADVT-UMB-AADR-OH-316-25-1 (Advertising- Out of Home) | 29-10-2025 12:00 Hrs |
| 40. | ऊना हिमाचल रेलवे स्टेशन पर 360 वर्ग फुट क्षेत्र में वाणिज्यिक विज्ञापन के लिए स्थान (गैर–डिजिटल) | ADVT-UMB-UHL-OSN-151-22-2 (Advertising-On station premises-Non Digital) | 29-10-2025 12:00 Hrs |
| 41. | आनंदपुर साहिब रेलवे स्टेशन पर विज्ञापन के लिए कुल 13 स्थल यूनिपोल्स/होर्डिंग्स के माध्यम से उपलब्ध हैं, जिनका कुल क्षेत्रफल 1872 वर्ग फुट है | ADVT-UMB-ANSB-OH-318-25-1 (Advertising- Out of Home) | 29-10-2025 12:00 Hrs |
| 42. | नंगलडैम रेलवे स्टेशन पर यूनिपोल्स/होर्डिंग्स के माध्यम से विज्ञापन के लिए 8 स्थल उपलब्ध हैं, जिनका कुल क्षेत्रफल 576 वर्ग फुट है | ADVT-UMB-NLDM-OH-317-25-2 (Advertising- Out of Home) | 29-10-2025 12:00 Hrs |
| 43. | सहारनपुर स्टेशन के यूटीएस हॉल के ऊपर 30'x5' आकार का एकल-पक्षीय डिजिटल गैन्ट्री विज्ञापन स्थल, जिसका कुल क्षेत्रफल 150 वर्ग फुट है | ADVT-UMB-SRE-OSD-311-24-1 (Advertising- On station premises (Digital)) | 29-10-2025 12:00 Hrs |
| 44. | पटियाला रेलवे स्टेशन पर 12'x12' कुल क्षेत्रफल का हेल्थ एटीएम कियोस्क स्थापित करना | MSS-UMB-PTA-HthK-33-25-2 | 29-10-2025 12:00 Hrs |
| 45. | पटियाला रेलवे स्टेशन पर 10'x12' क्षेत्र में इलेक्ट्रॉनिक आराम कुर्सियों की स्थापना और संचालन (भुगतान आधारित) | MSS-UMB-PTA-MaChr-34-25-1 | 29-10-2025 12:00 Hrs |
| 46. | बठिंडा रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या 5, 6 और 7 पर 1014 वर्ग फुट क्षेत्र में गैर–डिजिटल वाणिज्यिक विज्ञापन के लिए स्थान | ADVT-UMB-BTI-OSN-314-25-1 (Advertising-On station premises-Non Digital) | 29-10-2025 12:00 Hrs |
| 47. | यमुनानगर जगाधरी रेलवे स्टेशन के परिचालन क्षेत्र में समग्र पार्किंग के लिए आवंटन, जिसका कुल क्षेत्रफल 2610.22 वर्ग मीटर है | PARKING-UMB-YJUD-MX-7-25-1 (Parking Mixed) | 29-10-2025 12:00 Hrs |
| 48. | अंबाला मंडल के चंडीगढ़ रेलवे स्टेशन के द्वितीय प्रवेश (पंचकूला पक्ष) पर ई–रिक्शा/तीन पहिया (786 वर्ग मीटर), टैक्सी (1651 वर्ग मीटर), दोपहिया पार्किंग (1744 वर्ग मीटर), चार पहिया पार्किंग (7145 वर्ग मीटर) के लिए समग्र पार्किंग और एक्सेस नियंत्रण अधिकार का आवंटन, कुल पार्किंग क्षेत्रफल 11,326 वर्ग मीटर | PARKING-UMB-CDG-AC112-25-1 (Access Control) | 29-10-2025 12:00 Hrs |
| 49. | अम्ब अंदौरा रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या 1 पर 10'x6' आकार के जनरल माइनर कैटरिंग यूनिट (GMU) स्टॉल संख्या 02 का आवंटन। | Catg-UMB-AADR-GMU-173-25-1 (Catering - General Minor Unit (GMU)) | 03-11-25 15:00:00 |
| 50. | राजपुरा रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या पर 10'x6' आकार के स्पेशल माइनर कैटरिंग यूनिट (SMU) स्टॉल संख्या 1 का आवंटन। | Catg-UMB-RPJ-SMU-173-25-1 (Catering - Special Minor Unit (SMU)) | 03-11-25 15:00:00 |
| 51. | मलेरकोटला रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या 1 पर 10'x6' आकार के माइनर कैटरिंग यूनिट (SMU) स्टॉल संख्या 2 का आवंटन। | Catg-UMB-MET-SMU-171-25-1 (Catering - Special Minor Unit (SMU)) | 03-11-25 15:00:00 |
| 52. | धूरी जंक्शन रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या 1 पर पे एंड यूज टॉयलेट अनुबंध के 44 स्थलों के संचालन और प्रबंधन। | PnU-UMB-DUI-Toi-58-25-1 (Pay and Use - Toilets) | 03-11-25 15:00:00 |
| 53. | कालका रेलवे स्टेशन (यात्री सेविंग बिल्डिंग के पीछे) पर तीन वर्षों की अवधि हेतु सामान्य पे एंड यूज टॉयलेट के संचालन और रखरखाव (O&M) अनुबंध के लिए | PnU-UMB-KLK-Toi-11-22-3 (Pay and Use - Toilets) | 03-11-25 15:00:00 |
| 54. | पटियाला रेलवे स्टेशन पर कुल 8'x8' क्षेत्रफल वाले मोबाइल और एक्सेसरीज कियोस्क की स्थापना। (साइट प्लान के अनुसार) | MSS-UMB-PTA-MobStore 37-25-1 (Misc-Static-Services - Mobiles and accessories Kiosk) | 03-11-25 15:00:00 |

ई-नीलामी लॉट्स विवरण से संबंधित किसी अन्य जानकारी के लिए–नीलामी प्लेटफॉर्म पर जाएं। www.ireps.gov.in पर जाएं। 3241/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# अर्थ प्रकाश दीपावली व बंदी छोड़ दिवस के अवसर पर बनूड़ विशेष सपलीमैंट अर्थ प्रकाश








## धन्यवाद

दीपावली व बंदी छोड़ दिवस के शुभ अवसर पर सपलीमैंट निकालने में सहयोग देने के लिए सभी मित्रों का धन्यवाद। आशा करता हूँ कि आगे से भी इसी प्रकार का सहयोग मिलता रहेगा।
























सम्पादकीय

# नायब सरकार के एक वर्ष में हरियाणा का हुआ बेमिसाल विकास

हरियाणा में मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने अपनी स्थापना का एक वर्ष विकास की बयार बहाते हुए पूरा किया है। यह प्रदेश के प्रत्येक निवासी के लिए गौरव और स्वाभिमान की बात है कि राज्य अब विकास के पथ पर तेजी से अग्रसर है। मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने बीते एक वर्ष में अपने लगभग सभी वादों को पूरा किया है, वहीं अन्य नवीन योजनाओं के माध्यम से जनता की सेवा में खुद को समर्पित किया है। सरकार ने बुजुर्ग लोगों के लिए पेंशन में 200 रुपये की बढ़ोतरी भी की है, वहीं 8547 जरूरतमंद परिवारों को सौ गज के प्लाट भी आवंटित किए हैं। यह भी कितना सुखद है कि इन लोगों को धनतेरस के दिन उनके प्लाट की रजिस्ट्री मिल रही है, यानी दिवाली पर उनकी खुशियों को और चांद लग गए। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री नायब सैनी ने एक ही दिन में पूरे प्रदेश की छवि बदलने के लिए अहम घोषणाएं की हैं। पूरे प्रदेश में 25 हजार 515 करोड़ रुपये की 2716 परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास होना अपने आप में ऐतिहासिक तथ्य है। मुख्यमंत्री सैनी के अधिकारियों को निर्देश हैं कि तय समय में सभी योजनाओं को पूरा किया जाए, ऐसे में पूरा संभव है कि सभी योजनाएं तय समय में पूरी कर ली जाएंगी। इनके पूरा होने से प्रदेश की जनता को जो सहुलियत मिलेगी, वह प्रदेश को विकसित राज्य बनाने की दिशा में कारगर साबित होगी।

**गौरतलब है कि नायब सिंह सैनी 12 मार्च 2024 से अक्टूबर 2024 तक पहले कार्यकाल में मुख्यमंत्री रहे। लोकसभा व विधानसभा चुनाव के दौरान 56 दिनों में नायब सैनी ने बतौर मुख्यमंत्री अपनी भविष्य की योजनाओं के संकेत दे दिए थे। दूसरे कार्यकाल में 17 अक्टूबर 2024 को उन्होंने पुन: प्रदेश के मुख्यमंत्री की बागडोर संभाली और शपथ लेने के तुरंत बाद अनेक अहम फैसले लेकर यह जता दिया कि जनता की आकांक्षाओं पर खरा उतरने के लिए भाजपा सरकार कितनी प्रतिबद्धता से काम करने जा रही है। तब से अब तक नायब सरकार ने जितने भी फैसले लिए, उन्हें जनता स्वीकार कर रही है। मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने से पहले 24 हजार युवाओं को बिना पर्ची बिना खर्ची सरकारी नौकरियां देकर उन्होंने जहां नायाब फैसला लिया वहीं इसके बाद उन्होंने राज्य में होने वाली सभी फसलों की एमएसपी पर खरीद की गारंटी देते हुए अधिसूचना जारी करवाई।**

गौरतलब है कि नायब सिंह सैनी 12 मार्च 2024 से अक्टूबर 2024 तक पहले कार्यकाल में मुख्यमंत्री रहे। लोकसभा व विधानसभा चुनाव के दौरान 56 दिनों में नायब सैनी ने बतौर मुख्यमंत्री अपनी भविष्य की योजनाओं के संकेत दे दिए थे। दूसरे कार्यकाल में 17 अक्टूबर 2024 को उन्होंने पुनः प्रदेश के मुख्यमंत्री की बागडोर संभाली और शपथ लेने के तुरंत बाद अनेक अहम फैसले लेकर यह जता दिया कि जनता की आकांक्षाओं पर खरा उतरने के लिए भाजपा सरकार कितनी प्रतिबद्धता से काम करने जा रही है। तब से अब तक नायब सरकार ने जितने भी फैसले लिए, उन्हें जनता स्वीकार कर रही है। मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने से पहले 24 हजार युवाओं को बिना पर्ची बिना खर्ची सरकारी नौकरियां देकर उन्होंने जहां नायाब फैसला लिया वहीं इसके बाद उन्होंने राज्य में होने वाली सभी फसलों की एमएसपी पर खरीद की गारंटी देते हुए अधिसूचना जारी करवाई। सौ दिनों के कार्यकाल में नायब सरकार ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी बड़ी पहल की। सभी मेडिकल कॉलेजों और नागरिक अस्पतालों में डायलिसिस की निशुल्क सुविधा देने वाला हरियाणा पहला राज्य बना। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पुनः राष्ट्रीय स्तर की बीमा सखी योजना की शुरुआत हरियाणा से की। इसके द्वारा उन्होंने एक बार फिर यह जता दिया कि उनके लिए यह प्रदेश कितना अहम क्यों है। नायब सरकार ने अपने पहले वर्ष में हर घर गृहिणी योजना के तहत 13 लाख परिवारों को 500 रुपये में गैस सिलेंडर दिए हैं। पांच लाख महिलाओं को ड्रोन दीदी बनाने का लक्ष्य तय किया जा चुका है, जिसमें से 1.45 लाख महिलाओं से ज्यादा को ड्रोन दीदी बनाया जा चुका है। महिलाओं को पंचायती राज प्रणाली में 50 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान भी महिलाओं के सशक्तीकरण की दिशा में बड़ा कदम है।

नायब सरकार ने अब तक वंचित रह गई अनुसूचित जातियों को उनका अधिकार दिलवाया है। इसके लिए राज्य में अनुसूचित जातियों में आरक्षण को दो वर्गों वंचित अनुसूचित जाति और अनुसूचित जाति वर्ग में वर्गीकृत किया गया। राज्य में सरकारी योजनाओं में जनता को आ रही दिक्कतों के समाधान के लिए शिविरों की शुरुआत की गई, जिनमें 96 हजार शिकायतें आई और 75 हजार से ज्यादा का समाधान हो चुका है। फसल बेचने के बाद किसानों को पैसा उनके खातों में भेजने की अवधि 72 घंटे से कम कर 48 घंटे कर दी गई है। हरियाणा कृषि भूमि पट्टा विधेयक 2024 सरकार की बड़ी उपलब्धि है, जिसमें पट्टे पर जमीन के लिए लिखित अनुबंध अनिवार्य कर दिया गया है। इससे मालिकों को अपनी जमीन पर कब्जे का डर नहीं रहेगा। नायब सरकार ने शामलात भूमि पर 20 वर्षों से काबिज कृषक पट्टेदारों को भूमि का मालिकाना हक भी दिया है। खरीफ फसलों के लिए दो हजार रुपये प्रति एकड़ की दर से अब तक 948 करोड़ रुपये किसानों को मुआवजे के रूप में प्रदान किये जा चुके हैं। करनाल के उचानी में सात सौ करोड़ रुपये की लागत से बागवानी विश्वविद्यालय बनाया जा रहा है। निश्चित रूप से इन योजनाओं के लागू होने से प्रदेश की जनता का कल्याण सुनिश्चित हो रहा है। मुख्यमंत्री नायब सैनी के समक्ष अब बाकी के चार वर्षों के अपने कार्यकाल में विकास का रोडमैप है। निश्चित रूप से सरकार के समक्ष अनेक चुनौतियां खड़ी हुई हैं, लेकिन मुख्यमंत्री सैनी कुशलता से उनका समाधान भी सुनिश्चित कर रहे हैं। एक जनआकांक्षी एवं जनकल्याणकारी सरकार का यही धर्म होता है।

# शुभ धनतेरस : आरोग्य से समृद्धि की ओर

**दैनिक अर्थ प्रकाश**

दिवाली के त्यौहार के आरंभ के प्रतीक धनतेरस के इस शुभ दिन को हम पारंपरिक रूप से समृद्धि, नवीनीकरण और नई शुरुआत के दिन के रूप में मनाते हैं। हमारे प्राचीन ग्रंथों के अनुसार, यह दिन समुद्र मंथन यानि ब्रह्मांडीय महासागर के महान मंथन के दौरान देवी लक्ष्मी और देवताओं के वैद्य धन्वंतरि के दिव्य अवतरण का स्मरण कराता है। यह पवित्र दिन केवल भौतिक समृद्धि का ही नहीं, बल्कि इस गहरे सच का भी प्रतीक है कि वास्तविक संपन्नता संपूर्ण कल्याण से ही आती है। संक्षेप में कहें तो, धनतेरस का त्यौहार हमें याद दिलाता है कि स्वास्थ्य ही सबसे श्रेष्ठ और सबसे चिरस्थायी धन है।

आयुर्वेद के अथाह ज्ञान के अनुसार, धनतेरस का महत्व त्यौहार से कहीं बढ़कर है। यह मौसम में होने वाले महत्वपूर्ण परिवर्तनों के साथ जब हेमंत ऋतु, यानी शीत ऋतु का आरंभ हो रहा होता है उस समय आता है। हमारे प्राचीन ऋषियों के अनुसार इस अवधि को कायाकल्प, विषहरण और रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए अत्यंत अनुकूल माना जाता है। इस शुभ दिन से जुड़े पारंपरिक अनुष्ठान, जैसे कि मिट्टी के दीये जलाना और सोने-चांदी के बर्तनों की औपचारिक खरीद, स्वास्थ्य संरक्षण के प्रतीकात्मक और शारीरिक दोनों आयामों को दर्शाते हैं। दीये की प्रज्वलित लौ चेतना के प्रकाश और अज्ञानता के निवारण का प्रतीक है, वहीं अपने उपचार गुणों और शरीर की ऊर्जा को संतुलित करने की उल्लेखनीय क्षमता के कारण सोना और चांदी जैसी कीमती धातुएं आयुर्वेदिक चिकित्सा में हजारों सालों से महत्वपूर्ण मानी जाती रही हैं।

यह पवित्र दिन अंतरावलोकन, कृतज्ञता और सचेत देखभाल को भी प्रोत्साहित करता है। आयुर्वेद हमें सिखाता है कि तीन मूलभूत जैव-ऊर्जाओं–वात, पित्त और कफ जिन्हें सामूहिक रूप से त्रिदोष कहा जाता है उनका सामंजस्यपूर्ण संतुलन कितना आवश्यक है। इनका संतुलन हमारे जीवन में उत्साह, हमें मजबूत बनाने और हमारी दीर्घायु को सुनिश्चित करता है। जब ये तात्विक शक्तियाँ हमारे शरीर में संतुलन में रहती हैं, तो वे ओजस को जन्म देती हैं, यह तीव्र शक्ति, रोग प्रतिरोधक क्षमता और आध्यात्मिक तेज का सूक्ष्म सार है। यह ओजस स्थायी समृद्धि का सच्चा आधार है, जो केवल भौतिक समृद्धि या लौकिक सफलता से कहीं आगे तक फैला हुआ है।

आयुर्वेद की धन-संपत्ति की अवधारणा अत्यंत समग्र और बहुआयामी है। यह हमें सरल किन्तु परिवर्तनकारी अभ्यासों के माध्यम से अपने शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक कल्याण में सचेत निवेश करने का निमंत्रण देती हैं। इनमें पौष्टिक मौसमी खाद्य पदार्थों से अपने शरीर का पोषण करना, ध्यान और प्राणायाम के माध्यम से मन की शांति बनाये रखना, पर्याप्त और आरामदायक नींद सुनिश्चित करना, सौहार्दपूर्ण संबंध बनाना और कृतज्ञता एवं संतोष की भावना को बढ़ावा देना शामिल है। ये केवल औपचारिक अनुष्ठान नहीं हैं, बल्कि चिर-सम्मानित स्वास्थ्य नुस्खे हैं जो हमारी सहनशक्ति को मजबूत करते हैं, हमारी प्रतिरक्षात्मकता को बढ़ाते हैं, तथा हमारे जीवन में स्थिरता और शांति लाते हैं।

धनतेरस के समय होने वाले मौसमी परिवर्तन के दौरान, आयुर्वेदिक पद्धतियों जैसे अभ्यंग (तेल मालिश), घी और गर्म मसालों का सेवन, योग का



अभ्यास, तथा पाचन और मौसमी आहार को अपनाने का एक उपयुक्त अवसर होता है। हजारों वर्षों के अनुभवजन्य ज्ञान पर आधारित ये निवारक उपाय हमें मजबूत और स्वस्थ बनाने और बीमारियों को आने से पहले ही रोकने में मदद करते हैं।

आज के आधुनिक समय में, जहाँ जीवनशैली संबंधी विकार महामारी के रूप में फैल रहे हैं और तनाव से जुड़ी बीमारियाँ लाखों लोगों को प्रभावित कर रही हैं, आयुर्वेद का प्राचीन ज्ञान व्यावहारिक, सुलभ और प्रभावी समाधान प्रदान करता है। आयुष मंत्रालय इन पारंपरिक स्वास्थ्य विज्ञान को मुख्यधारा की स्वास्थ्य सेवा में एकीकृत करने के लिए अथक प्रयास कर रहा है, जिससे हर भारतीय परिवार स्वस्थ हो सके और साथ ही इस अमूल्य ज्ञान को दुनिया के साथ भी साझा किया जा सके।

इस धनतेरस पर, मैं सभी नागरिकों से अपने दैनिक जीवन में आयुर्वेदिक पद्धतियों को अपनाने की हार्दिक अपील करता हूँ। सब लोग संतुलित और मौसमी पोषण को प्राथमिकता दें, नियमित स्व-देखभाल दिनचर्या अपनाएँ, सचेत जीवन जिएँ, निवारक स्वास्थ्य उपाय अपनाएँ, और शरीर, मन और आत्मा के बीच सामंजस्य बनाए रखें। आइए, हम इस पावन पर्व का सम्मान केवल सोना-चाँदी खरीदकर भौतिक समृद्धि प्राप्त करके ही न करें, बल्कि अपनी सबसे मूल्यवान और अपूरणीय संपत्ति-अपने स्वास्थ्य और कल्याण में निवेश करने की प्रतिबद्धता लेकर भी करें।

अपनी सभ्यता के ज्ञान में निहित इन सरल, किंतु गहरे रूप से प्रभावी और समय-सिद्ध तरीकों को अपनाकर, हम यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि समग्र कल्याण का दीप्तिमान प्रकाश हमारे घरों को प्रकाशित करे, हमारे परिवारों को स्वस्थ रखे और हमारे समुदायों का उत्थान करे। ऐसा करके, हम न केवल त्योहार के पारंपरिक महत्व का सम्मान करते हैं, बल्कि भावी पीढ़ियों के प्रति अपनी जम्मिेदारी भी निभाते हैं।

यह धनतेरस हमारे देश के हर घर में न केवल भौतिक सम्पति बल्कि दीर्घकालिक, सौष्ठव, प्राकृतिक संतुलन, मानसिक शांति और सच्चा आनंद लेकर आए। आइए हम एक ऐसा त्योहार मनाएँ जो वास्तव में शरीर का पोषण करे, मन को ऊर्जावान बनाए और आत्मा का उत्थान करें, जिससे स्वास्थ्य और संपूर्णता की एक अमूल्य विरासत का निर्माण हो सके जो आने वाली पीढ़ियों तक गूंजती रहेगी।

शुभ धनतेरस!

**लेखक- श्री प्रतापराव जाधव**
केंद्रीय आयुष राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री

## अर्थ प्रकाश में 34 साल पहले आज का दिन

### नगर कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए भाग दौड़ तेज

चंडीगढ़। नगर कांग्रेस के अध्यक्ष पद के लिसए फिर से भागदौड़ तेज हो गई है। एक दर्जन से अधिक असंतुष्ट कांग्रेसी नेताओं ने दिल्ली में चंडीगढ़ के प्रभारी महासचिव सुशील कुमार छिंदे से मिल कर कांग्रेस अध्यक्ष विनोद शर्मा को तुरन्त बदलने की मांग की है। इन्होंने नगर कांग्रेस अध्यक्ष पर आरोप लगाया है कि जिन लोगों ने कांग्रेस पार्टी के लिए कुर्बानियां दी है, उनकी पार्टी से निकाल दिया गया जबकि उन लोगों को महत्वपूर्ण पद सौंप दिये गए है जिन्होंने चुनाव के समय समाजवादी जनता पार्टी के लिए कार्य किया था। इन्होंने यह भी आरोप लगाया है कि पार्टी में हरिजन समुदाय के किसी भी नेता को शामिल नहीं किया गया। इन्होंने नगर अध्यक्ष को चंडीगढ़ के बारे में अपनी नीति स्पष्ट करने को भी कहा है। पता चला है कि इन नेताओं में युवा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष सुभाष चावला, महिला सैल की चेयरमैन श्रीमती श्रेष्टा मेहता युवा इंका अध्यक्ष सुरजीत चौधरी, डा. ओपी वर्मा, विनोद शर्मा, पवन शर्मा, सुरेन्द्र भाटिया, परमपाल सिंह मठारु, श्रीमति भजन कौर, खलील अहमद व शिव तलवार आदि शामिल है। श्री छिंदे ने इन्हें अगामी 15 दिनों के अन्दर चंडीगढ़ आने का आश्वासन दिया है। दूसरी ओर सूत्रों का कहना है कि अखिल भारतीय युवा इंका अध्यक्ष, महिला सैल, छाया विंग व इधर महिला सैल के अध्यक्ष पद को लेकर भागदौड़ जारी है। बताया जाता है कि महिला उद्यमी सैल की कमिश्वर मनजीत कौर ने भी आज कल दिल्ली में दौरे जमाए हुए है। सेवा दल के प्रभारी भी बदले जा रहे है। उनके बदलने से राज्यों के अध्यक्ष भी बदलने की संभावना व्यक्त की जा रही है।

### राष्ट्रपति द्वारा भोपाल में विश्वविद्यालय का उद्घाटन

भोपाल। राष्ट्रपति डा. शंकर दयाल शर्मा देश के प्रथम नागरिक चुने जाने के बाद चार दिन में लंबे प्रवास पर आज अपने गृह नगर में पहुंचे। उन्होंने आज यहां भी विश्वविद्यालय का शिलान्यास किया। विश्वविद्यालय पूरशिक्षा पद्धति से प्रसारण, दूरदर्शन प्रेशन, दृश्य श्रय साधनों, संचार के दृश्य पद्धति सम्बंधी साधनों से पत्राचार पाठ्यक्रम आदि शिक्षा देने के लिए बनाया गया है। 1990 में भाजपा सरकार बनने के बाद सतना जिले के चित्रकूट में पं. दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण विश्वविद्यालय खुला था। देशमुख की इस संस्था को राज्य सरकार ने भूमि और आर्थिक मदद के साथ ही ग्रामीण, शिक्षण विभाग सौंपकर मदद की थी। भोपाल में शुरु हो रहे भोज विश्व विद्यालय का मुख्य उद्देश्य संचार प्रौद्योगिकी का उपयोग कर शिक्षा देना है। जबकि आज शाम को उनका नागरिक अभिनन्दन किया जाएगा तथा कल प्रातः अपनी बेटी के नाम के बने गीतांजली महाविद्यालय का समाग्रह होगा। इस मौके पर उनकी पत्नी बिमला शर्मा व केंद्रीय मानव समाधान मंत्री अर्जुन सिंह भी उपस्थित होंगे तथा इसी दिन वे दूरदर्शन केंद्रों का भी उदघाटन करेंगे।

### तेरह पर अटका खटका

चंडीगढ़। परवाणु में टिंबर ट्रेल ट्राली दुर्घटना चंडीगढ़ वासियों पर गहरा असर छोड़ गयी। सारे के सारे शहर की हवा का रुख टिंबर ट्रेल की ओर ही रहा। घटना ताजा ही है लेकिन फिर भी आपको पुनः याद दिलाना चाहेंगे कि वो दिन 13 का था यानि 13 अक्तूबर को टिंबर ट्रेल की दुर्घटना घटी, जो दो दिन तक लाखों लोगों की जिज्ञासा का केंद्र बिन्दु बनी रही। यूं तो शहर उन्नति पर है मीनाक्षी कांड से लेकर टिंबर ट्रेल और अब एसएमपी द्वारा एक सेना अधिकारी की पिटाई, पत्रकारों से दुर्व्यवहार। शहर के लिए यह शुभ सक्षण कतई नहीं कहे जा सकते।

## ज्ञान सागर : देखें आज के दिन क्या घटा

1469 आरागॉन के फर्डिनेंड द्वितीय ने कास्टिल की इसाबेला प्रथम से विवाह किया, जिससे आरागॉन कास्टिल के एक देश, स्पेन में एकीकरण का मार्ग प्रशस्त हुआ।

1630 पहली सामान्य अदालत बोस्टन में आयोजित की गई थी।

1722 फ्रांसीसी सी. हॉफर ने एक अग्निशामक यंत्र बनाया।

1739 इंग्लैंड ने स्पेन के साथ युद्ध की घोषणा की।

1781 ब्रिटिश जनरल कॉर्नवॉलिस ने दोपहर 2 बजे यॉर्कटाउन में आत्मसमर्पण कर दिया; परिणामस्वरूप अमेरिकी क्रांतिकारी युद्ध समाप्त हो गया।

1781 ब्रिटिश जनरल कॉर्नविलास ने अमेरिका के सामने आत्मसमर्पण कर दिया, जिससे अमेरिकी क्रांतिकारी युद्ध समाप्त हो गया।

1781 अमेरिकी क्रांतिकारी युद्ध-लॉर्ड कॉर्नवॉलिस के नेतृत्व में ब्रिटिश सेनाओं ने जॉर्ज टाउन के अधीन जॉर्ज टाउन की घेराबंदी समाप्त कर दी और फ्रेंको-अमेरिकी सेनाओं के समक्ष आधिकारिक रूप से आत्मसमर्पण कर दिया।

1789 जॉन जे. को संयुक्त राज्य अमेरिका के प्रथम मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ दिलाई गई।

1813 लैपजिंग का युद्ध समाप्त हो गया।

1853 पहली आटा चक्की हवाई में शुरू की गई थी।

1853 अमेरिका के हवाई प्रांत में पहली आटा चक्की शुरू की गई।

1864 अमेरिकी गृह युद्ध - संघियों की तुलना में लगभग दोगुनी संख्या में हताहत होने के बावजूद, केंद्रीय सेना सीडर क्रीक के युद्ध में विजयी हुई।

1872 215 किलोग्राम), न्यू साउथ वेल्स में पाया गया विश्व का सबसे बड़ा सोने का टुकड़ा।

1900 चित्रकार हेनरी ओ. टैनर ने पेरिस प्रदर्शनी में मेडल ऑफ ऑनर जीता।

1900 जर्मन वैज्ञानिक मैक्स प्लैंक ने 'प्लैंक का नियम' प्रतिपादित किया था। इसे 'ब्लैक बॉडी एमिशन' का नियम भी कहा जाता है।

1904 नामांकन के मामले में देश का सबसे बड़ा विश्वविद्यालय, पॉलिटेक्निक यूनिवर्सिटी ऑफ फिलीपींस, मनीला बिजनेस स्कूल के रूप में खोला गया।

1917 डलास लव फील्ड हवाई अड्डा जनता के लिए खोला गया।

1920 स्वाध्याय परिवार के संस्थापक पांडुरंग शास्त्री आठलवे का जन्म महाराष्ट्र में हुआ था।

1924 अब्दुल अज़ीज़ ने स्वयं मक्का में पवित्र स्थानों की रक्षा की घोषणा की।

1926 इंपीरियल सम्मेलन लंदन में आयोजित किया गया था

1943 रटगर्ग विश्वविद्यालय के छात्र अल्बर्ट शूत्ज़ ने तपेदिक के उपचार में प्रयुक्त होने वाली दवा 'स्ट्रेप्टोमाइसिन' विकसित की।

1943 स्ट्रेप्टोमाइसिन, ब्यूटेरुलोसिस के लिए पहला एंटीबायोटिक उपचार, सबसे पहले रटगर्स विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं द्वारा अलग किया गया था।

1943 मित्र राष्ट्र के विमान ने मालवाहक जहाज सिंफ्रा को डुबो दिया, जिससे 2,000 से अधिक लोग मारे गए, जिनमें से अधिकांश इतालवी राष्ट्र थे।

1947 संघीय कार्य प्रशासक के अनुसार, न्यूनतम 40 सेंट प्रति घंटा मजदूरी पुरानी है और इसे बढ़ाकर 75 सेंट प्रति घंटा किया जाना चाहिए।

1956 रूस और जापान ने संधि पर हस्ताक्षर किये और दोनों देशों के बीच 1945 का युद्ध आधिकारिक रूप से समाप्त हो गया।

1960 अमेरिका ने क्यूबा को निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया है।

1986 मोजाम्बिक के राष्ट्रपति समोरा मचल और 43 अन्य लोग मारे गए, उनके राष्ट्रपति का विमान दक्षिण अफ्रीका की सीमा से लगे लेबोम्बो पर्वत से टकरा गया।

1987 ईरान-इराक युद्ध- संयुक्त राज्य अमेरिका की नौसेना ने कुवैती तेल टैंकर पर ईरानी हमले के जवाब में फारस की खाड़ी में दो ईरानी तेल प्लेटफार्मों को नष्ट कर दिया।

## बोल ब्यूटीफुल



**प्रो. शमिका रवि:** बिहार में बदलाव की तस्वीर वास्तविक है। दस साल पहले बिहार की 41.31 प्रतिशत जनता गरीब थी, जबकि बंगाल में 30.4 प्रतिशत। आज बिहार में 4.4 प्रतिशत जनता गरीब है, जबकि बंगाल में छह प्रतिशत। बिहार में शिशु मृत्यु दर भी राष्ट्रीय औसत से कम है। हालांकि बिहार को अभी भी विकास के मोर्चे पर बहुत कुछ करना बाकी है, लेकिन बिहार अब वही पुराना पिछड़ा राज्य नहीं है।

**रसिका पांडे:** बीता दिन बस्तर के इतिहास में सुनहरे पन्नों में दर्ज हो गया। जहां कभी गोलियों की गूंज थी, आज वहां उम्मीदों की खुशबू है। 210 माओवादियों ने हिंसा छोड़ विकास की राह चुनी।

**अनुपम के. सिंह:** हर प्रकार के राजनीतिक प्रयोग एवं परीक्षण के लिए गुजरात भाजपा के लिए सबसे सटीक राज्य है। यहां पूरे मंत्रिमंडल के इस्तीफे के बाद नए मंत्रिमंडल के गठन को बड़े परिप्रेक्षय में देखा जाना चाहिए। अन्य राज्यों के लिए भी यह एक संदेश है कि मंत्रियों को अच्छा परफार्म करना होगा, वरना जाना होगा।

**शैलेस सिंह परिहार:** वैसे तो दक्षिण भारत के लोग खुद को प्रगतिशील एवं पढ़ा-लिखा बताते है, पर इस सच्चाई को अनदेखा नहीं किया जा सकता है कि फिल्मी सितारों को लेकर वे बहुत असक्त है। जनप्रतिधि चुनने में भी उन्हें ही तरजीह देते आए है।

**सत्या चौधरी:** एक समय किरेन रिलीजू ने न्यायिक तंत्र के खिलाफ आवाज उठाई तो उनका मंत्रालय बदल गया। जगदीश धनखड़ भी न्यायपालिका से सवाल पूछ रहे थे तो उनका स्वास्थ्य बिगड़ गया। क्या न्यायपालिका के खिलाफ कुछ कहा ही न जाए।

# नक्सलवाद के खिलाफ बड़ी जीत की ओर अग्रसर भारत लेकिन अब और बढ़ गई है जिम्मेदारी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भारत की जनता से यह वादा किया है कि देश 31 मार्च 2026 तक पूरी तरह से नक्सलियों से मुक्त हो जाएगा। हमारे सुरक्षा बलों के अथक प्रयासों के बाद भारत तेजी से उस लक्ष्य को हासिल करने की तरफ बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक निजी टीवी चैनल के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह दावा किया कि सिर्फ 75 घंटे के दौरान 303 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर दिया है। सरेंडर करने वाले इन नक्सलियों में किसी पर 1 करोड़ का इनाम था, किसी पर 15 लाख का इनाम था तो किसी पर 5 लाख का इनाम था। इन नक्सलियों से बहुत बड़ी मात्रा में हथियार भी पकड़े गए हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसी कार्यक्रम में बोलते हुए आगे यह भी दावा किया कि 11 वर्ष पहले तक देश के 125 से ज्यादा जिले, माओवादी आतंक से प्रभावित थे लेकिन आज देश में ऐसे जिलों की संख्या घटकर सिर्फ 11 रह गई है। यानी मोदी सरकार का यह दावा है कि वर्तमान में देश में सिर्फ 11 जिलों में नक्सलियों का प्रभाव बचा हुआ है और आने वाले कुछ महीनों में (मार्च 2026) तक यह भी पूरी तरह से खत्म हो जाएगा।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी सरकार को लगातार मिल रही कामयाबी का जिक्र करते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर यह दावा किया कि, छत्तीसगढ़ के अबूझमाड़ और उत्तरी बस्तर, जो कभी आतंकवादियों के गढ़ थे, आज नक्सली आतंक से मुक्त घोषित किए गए हैं। अब दक्षिणी बस्तर में नक्सलवाद का नामोनिशान बचा है, जिसे हमारे सुरक्षा बल जल्द ही मिटा देंगे।

शाह ने नक्सलवाद के खिलाफ जारी लड़ाई में मिल रही कामयाबी का जिक्र करते हुए यह भी कहा कि, जनवरी 2024 में छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार बनने के बाद से अब तक 2100 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है, 1785 नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया है और 477 नक्सली मारे गए हैं और ये आंकड़े इस बात का प्रमाण हैं कि सरकार 31 मार्च 2026 तक देश से नक्सलवाद को पूरी तरह खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है।

सरकारी आंकड़ों की माने तो, वर्ष 2025 में अभी तक सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में 312 नक्सली मारे जा चुके हैं जबकि 836 नक्सलियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। सिर्फ 75 घंटे के दौरान 303 नक्सलियों ने डर कर आत्मसमर्पण कर दिया। इसमें से



258 आत्मसमर्पण तो सिर्फ दो दिनों के दौरान ही हो गया। दरअसल, सुरक्षाबलों द्वारा माओवादी नेता नरसिम्हा उर्फ नम्बाला केशव राव सहित उनके पोलित ब्यूरो में शामिल कई बड़े नेताओं को मौत के घाट उतारने के बाद से ही नक्सल आंदोलन की पूरी कमर ही टूट गई है। एक तरफ जहां नक्सली संगठन नेतृत्वविहीन होते चले गए हैं वहीं दूसरी तरफ सुरक्षाबलों ने लगातार अभियान चला कर उन्हें पूरी तरह से घेर दिया था। सरकार की सख्त नीतियों के कारण भी नक्सलियों पर चौतरफा दबाव बढ़ता ही जा रहा था और यही वजह है कि जान बचाने के लिए नक्सली लगातार हथियार डाल कर सरेंडर कर रहे हैं।

यह बात सही है कि नक्सली आंदोलन के कारण देश के 100 से ज्यादा जिलों में विकास के कार्य प्रभावित हुए हैं। नक्सलियों के कारण इस देश की बड़ी आबादी खासकर आदिवासियों को पिछले कई दशकों से भयावह पीड़ा का सामना करना पड़ा है। ऐसे में नक्सलवाद का खात्मा निश्चित तौर पर उनके लिए राहत भरी खबर है। लेकिन सही मायनों में कहा जाए तो नक्सलवाद के खात्मे के साथ ही इस देश में लोकतंत्र की एक बड़ी लड़ाई की शुरुआत भी हो जाती है। सरेंडर करने वाले नक्सलियों में से कई निश्चित तौर पर आगे जाकर चुनावी राजनीति का हिस्सा बनेंगे। लेकिन सत्ता में बैठे लोगों को अब इस बात का ध्यान रखना होगा कि, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश और झारखंड सहित उन तमाम राज्यों में जहां-जहां नक्सलियों ने अब तक कहर ढाया है, वहां-वहां सही मायनों में विकास पहुंचे। इन राज्यों में रहने वाले आदिवासियों के जल, जंगल और जमीन पर उनके बुनियादी हकों से कोई छेड़छाड़ ना की जाए। विकास के किसी भी मॉडल के तहत इनके इलाकों के लिए योजना बनाते समय इस बात का ध्यान रखा जाए कि इनसे कुछ भी जबरदस्ती ना छीना जाए। सरकार और प्रशासन में बैठे हर व्यक्ति को हर कीमत पर यह सुनिश्चित करना होगा कि इनके इलाके में तेजी से विकास के कार्य तो हो लेकिन इसके साथ ही जल-जीवन और जंगल पर इनके बुनियादी अधिकारों की रक्षा को भी सुनिश्चित किया जाए। देश के 100 से ज्यादा जिलों में स्थायी शांति बनाए रखने के लिए यह बहुत ही जरूरी है।

### उप मुख्यमंत्री बोले - एचआरटीसी कर्मचारियों और पेंशनरों के एरियर, पेंशन और अन्य देयों के लिए जारी की राशि

# कर्मचारियों व पेंशनरों के हितों के प्रति सरकार प्रतिबद्ध : मुकेश

अर्थ प्रकाश/रोहित शर्मा



**ऊना।** प्रदेश सरकार एचआरटीसी कर्मचारियों और पेंशनरों के हितों की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। प्रदेश सरकार ने कर्मचारियों और पेंशनों के लंबित एरियर, पेंशन, लीव एनकैशमेंट और अन्य वित्तीय देयों के निपटारे के लिए ब?ी राशि जारी की है। यह बात उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने आज ऊना में एक पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कही।

उप मुख्यमंत्री ने बताया कि 75 वर्ष से अधिक आयु के 647 पेंशनरों को 23 करो? का एरियर जारी किया गया है। यह एरियर वर्ष 2022 में घोषित हुआ था और 1 जनवरी 2016 से देय था। इसके अतिरिक्त 222 सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए 29 करो? 47 लाख रूपये की राशि जारी की गई है, जिनकी पेंशन अप्रैल 2024 से लंबित थी। इसमें कम्यूटेशन राशि भी सम्मिलित है।

मुकेश अग्निहोत्री ने बताया कि सितंबर 2025 माह की पेंशन के भुगतान के लिए भी 23 करो? जारी किए गए हैं। साथ ही, लीव एनकैशमेंट के लिए 33 करो? और डेथ-कम-रिटायरमेंट ग्रेच्युटी (डीसीआरजी) के लिए भी 33 करो? इसी महीने जारी किए जाएंगे।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि किसी भी पेंशनर या कर्मचारी को अपने संवैधानिक और वित्तीय अधिकारों के लिए प्रतीक्षा न करनी प?। उन्होंने कहा कि हिमाचल पथ परिवहन निगम प्रदेश की जनसेवा का प्रमुख माध्यम है और सरकार निगम को सुदृ? बनाने के लिए निरंतर ठोस कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार वित्तीय अनुशासन के साथ कल्याणकारी दृष्टिकोण के साथ कार्य कर रही है। कर्मचारियों और पेंशनरों से जु? सभी मामलों का निपटारा शीघ्रता और प्राथमिकता से किया जाएगा।



## छेत्रां दंगल मेले में उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने की शिरकत

अर्थ प्रकाश/रोहित शर्मा

**उपमुख्यमंत्री बोले...खेल गतिविधियां शारीरिक और मानसिक विकास में निभाती है अहम भूमिका**

**ऊना।** हरोली विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत छेत्रां में आयोजित तीन दिवसीय विशाल कुश्ती दंगल के समापन समारोह में उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने देर सायं बतौर मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। यह आयोजन ग्राम पंचायत छेत्रां दंगल कमेटी द्वारा किया गया, जिसमें प्रदेश सहित बाहरी राज्यों के नामी पहलवानों ने भाग लिया।

कार्यक्रम के दौरान उपमुख्यमंत्री ने पहलवानों का उत्साहवर्धन किया और कुश्तियों का आनंद लिया। इस अवसर पर उन्होंने ग्राम पंचायत छेत्रां दंगल कमेटी को एक लाख रुपये दिए तथा सफल आयोजन के लिए आयोजकों को बधाई दी।

*पारंपरिक खेल हमारी सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक - मुकेश अग्निहोत्री*

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि कुश्ती हमारा पारंपरिक खेल है, जो न केवल शारीरिक बल को ब?ाता है बल्कि मानसिक सुदृ?ता और अनुशासन का भी प्रतीक है। उन्होंने कहा कि मनुष्य के सर्वांगीण विकास में खेल गतिविधियां अहम भूमिका अदा करती हैं, क्योंकि खेलों से शरीर मजबूत बनता है और रोग प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि होती है।

उन्होंने कहा कि आधुनिक युग में युवा पी?ी पारंपरिक खेलों से दूर होती जा रही है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे नशे और ड्रग्स जैसी बुराइयों से दूर रहें और अपने जीवन को खेलों से जो?ें, ताकि वे शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ और सशक्त बन सकें। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि पारंपरिक खेलों के संरक्षण व संवर्धन में युवा वर्ग की महत्वपूर्ण भूमिका है, जिससे हमारी सांस्कृतिक पहचान भी सुदृढ़ होती है।



## जिला स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का समापन

अर्थ प्रकाश/रोहित शर्मा

**ऊना।** अंडर 14 लड़कियों की जिला स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का समापन गवर्नमेंट हाई स्कूल रायपुर सहोड़ा मैं हुआ।

प्रतियोगिता का समापन डिप्टी डायरेक्टर एलिमेंट्री श्री सोमनाथ धीमान जी ने कीयाआज की प्रतिस्पर्धा 100 मीटर दौड़ में अश्विंदर जे एस विजडम ने पहला स्थान दूसरा स्थान जैस्मिन गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल कलरुही और तीसरा स्थान अदिति गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल सलोह 200 मीटर में श्रीयाल जे एस विजडम पहला स्थान दूसरा स्थान अस्मिता गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल ठठल बंदना गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल सनाहल और 400 मीटर में जसमीत कौर रूद्र इंटरनेशनल स्कूल बसल दूसरा स्थान जैस्मीन कौर सीनियर सेकेंडरी स्कूल कलरुही और तीसरा स्थान अस्मिता ठाकुर स्वास्तिक पब्लिक स्कूल मलाहत 100×4 दौड़ में पहला स्थान गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल सलोह दूसरा स्थान गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल ठठल तीसरा स्थान गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल इसपुर चक्का फेंक में पहला स्थान गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल नांगडा हिमांशी दूसरा स्थान नावया तीसरा स्थान मनजीत कौर गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल गोंदपुर जयचंद गोला फेंक में पहला स्थान मनजीत कौर ने प्राप्त किया।

## घुमारवीं में यातायात व्यवस्था को लेकर त्योहारी सीजन में लागू रहेगा अस्थायी रूट डायवर्जन

### 18 से 23 अक्तूबर तक वाहनों की आवाजाही में रहेगा परिवर्तन

अर्थ प्रकाश/अजय मल्होत्रा



**बिलासपुर, 18 अक्तूबर।** त्योहारी सीजन के दौरान घुमारवीं नगर में यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने और आम जनता को सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन ने अस्थायी यातायात रूट डायवर्जन लागू करने का निर्णय लिया है। उपायुक्त एवं जिला दंडाधिकारी बिलासपुर राहुल कुमार ने 18 अक्तूबर से 23 अक्तूबर 2025 तक इन अस्थायी रूट परिवर्तनों को मंजूरी दी है।

जारी आदेशों के अनुसार, त्योहारी भीड़भाड़ को ध्यान में रखते हुए चंडीगढ़-नेरचौक फोरलेन से घुमारवीं नगर की ओर आने वाला यातायात भगेड़ मार्ग से डायवर्ट किया जाएगा।

इसी प्रकार कुठेरा, जाहू, सरकाघाट और धरमपुर की ओर जाने वाले हल्के वाहनों को पनोह-टकरैहरा-बारोटा-सिलह सड़क मार्ग से डायवर्ट किया जाएगा। वहीं, भारी वाहनों (एचएमवी) की आवाजाही घुमारवीं मुख्य एनएच-103 मार्ग से ही होगी। इसके अतिरिक्त, हमीरपुर से घुमारवीं की ओर आने वाले हल्के व भारी वाहन निहारी-बड़ठीं मार्ग से डायवर्ट किए जाएंगे।

यह अस्थायी रूट डायवर्जन 18 अक्तूबर से 23 अक्तूबर तक प्रभावी रहेगा। उपायुक्त ने सभी वाहन चालकों से अपील की है कि वे प्रशासन द्वारा निर्धारित मार्गों का पालन करें ताकि यातायात व्यवस्था सुचारू बनी रहे और किसी को असुविधा का सामना न करना पड़े।

## देश में लालू परिवार इकलौता जिसे सपरिवार मिलते हैं कोर्ट के नोटिस : अनुराग ठाकुर

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**बिहार/हिमाचल प्रदेश।** पूर्व केंद्रीय मंत्री व हिमाचल की हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से पाँचवी बार के सांसद ी अनुराग सिंह ठाकुर ने बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के दृष्टिगत मधुबन में विशाल जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि लालू जी भारत के एक मात्र नेता हैं जिनके कोर्ट नोटिस पर लिखा होता है सपरिवार हाजिर होना है। जिस पार्टी और परिवार का मुखिया भ्रष्टाचार के पाँच-पाँच संगीन मामलों में सजायाफ्ता हो वो परिवार भला बिहार का क्या भला करेगा। इसलिए बिहार के विकास की रफ़्तार को बनाए रखने के लिए जनता फिर एनडीए की सरकार चुनने जा रही है।

अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा ÷आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी और मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार जी के नेतृत्व में बिहार ने हर क्षेत्र में रफ्तार पकड़ी और बिहार में सुशासन की सरकार चल रही है। विपक्ष खासकर राजद और कांग्रेस फिर से बिहार में जंगलराज कायम कर बिहार को गर्त में धकेलना और यहां अपहरण उद्योग अवैध आर्म्स फैक्ट्री और कॉन्ट्रैक्ट किलर की फौज खड़ी करना चाहते हैं। जंगल राज और अपराधी के मानसिकता वाले 20 साल सरकार से बाहर रहने के बावजूद उनकी फितरत बदली नहीं है। यही वजह है कि बिहार के साथ-साथ देश के लिए टेरर बन चुके शहाबुद्दीन जैसे लोगों को राष्ट्रीय जनता दल ने अपना नेता बना कर रखा। अब शहाबुद्दीन तो नहीं रहा लेकिन उसका बेटा ओसामा साहब भी अपने पिता के नक्शे कदम पर ही चल रहा है और शहाबुद्दीन के इस बेटे ओसामा को लालू प्रसाद यादव की पार्टी राष्ट्रीय जनता दल और तेजस्वी यादव ने रघुनाथपुर से अपना उम्मीदवार बनाया है। राष्ट्रीय जनता दल की सोच आज भी बिहार में जंगलराज कायम करने की ही है।

अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा ÷जो लोग अपने विधानसभा क्षेत्र को पटना से जो?ने के लिए एक पुल तक नहीं बनवा सके वह भी बिहार के विकास का दावा करते हैं। पटना के ठीक बगल में राघोपुर बिधानसभा सीट है जिस पर पिछले तीन दशकों से लालू राब?ी परिवार का कब्जा रहा है । राघोपुर की यह दुर्दशा थी की यह पूरे साल गंगा नदी से घिरा रहता था और स?क मार्ग नहीं होने के कारण लोगों को नाव का सहारा लेना प?ता था ।इन्होंने खुद के लिए ब?ी ब?ी प्रॉपर्टी ख?ी की मगर राघोपुर के लिए कभी पुल नहीं बनने दिया क्योंकी यह नहीं चाहते थे कि राघोपुर का विकास हो बिहार का विकास हो। बिहार आज पावर जेनरेशन के युग में काफी आगे ब? चुका है। बिहार को उस टूटे फूटे जंग लगे लालटेन की बिलकुल ही जरूरत नहीं है ।जब मोदी का मन और नितीश की नीति एक साथ हो तो बिहार को आगे ब?ने से कोई नहीं रोक सकता है।

## न्यूज ब्रीफ

### एक दिवसीय अभिविन्यास कार्यक्रम का आयोजन

**सोलन (यशपाल कपूर)।** राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसन्धान एवं प्रशिक्षण परिषद तथा राज्य शैक्षिक अनुसन्धान एवं प्रशिक्षण परिषद के राष्ट्रीय जनसंख्या शिक्षा परियोजना प्रकोष्ठ के तत्वाधान में जिला स्तरीय शिक्षा अधिकारियों, डाइट प्रधानाचार्यों एवं जिला स्तरीय नोडल अधिकारियों के लिए एक दिवसीय अभिविन्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इस कार्यक्रम का मुख्य विषय ॿतम्बाकू मुक्त शैक्षणिक संस्थानों पर अभिविन्यासॿ था।



इस कार्यक्रम की अध्यक्षता एससीईआरटी हिमाचल प्रदेश की प्राचार्या प्रो. रजनी सांख्यान ने की। प्राचार्या महोदया ने विद्यालय स्तरीय विद्यार्थियों को तम्बाकू के सेवन से दूर रखने के लिए भारत सरकार द्वारा किए जा रहे उपक्रम कार्यों की जानकारी दी तथा सभी प्रतिभागियों को विद्यालय एवं समाज को तम्बाकू मुक्त बनाने में अपना सम्पूर्ण योगदान देने की शपथ दिलवाई । स्रोत व्यक्ति के रूप में डॉ. हरीश मीणा सह-आचार्य एनसीईआरटी दिल्ली तथा डॉ. रवीन्द्र सिंह एसपीओ एनटीसीपी एनएचएम रहे, जिन्होंने तम्बाकू नियंत्रण की आवश्यकता तम्बाकू- सेवन का स्वास्थ्य पर दुष्प्रभाव, तम्बाकू नियन्त्रण हेतु कानून प्रावधान, तम्बाकू मुक्त शैक्षणिक संस्थान हेतू की जाने वाली गतिविधियां तथा तम्बाकू मुक्त शिक्षण संस्थान (ञ्जश्स्नश्वढ्ढ ) के अनुपालन का स्वमूल्यांकन विषयों पर विस्तृत जानकारी दी। इस कार्यक्रम का संचालन एवं समन्वयन राज्य राष्ट्रीय जनसंख्या शिक्षा परियोजना समन्वयक डॉ. त्रिवेणी शर्मा, सहायक आचार्य ने किया। एससीईआरटी से वीना ठाकुर, सारिका तलवार, वंदना पंवर, डॉ. राम गोपाल शर्मा, डॉ. देवेंद्र शर्मा एवं समर सिंह भी उपस्थित रहे।

### देवता आदि ब्रह्मा जी के नए मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा 2 नवंबर को

**कुल्लू 18 अक्तूबर (अशेष शर्मा)।** देवता आदि ब्रह्मा जी के नए मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा 2 नवंबर को होगी। इसके लिए सभी हारियानों को आमंत्रित किया गया है। देवता आदि ब्रह्मा जी के करदार उत्तम राम ने जानकारी दी कि देवता आदि ब्रह्मा जी के रोलाघी मंदिर में देवता ब्रह्मा जी के नए मन्दिर की प्रतिष्ठा के लिए पांचग? के सभी हारियान देऊलुओं के समक्ष देवता आदि ब्रह्मा के रोलगी मंदिर में मीटिंग हुई। देवता ने अपने नए मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का दिन 2 नवंबर को दिया है। जिसमें 1 नवंबर की शाम को देवताओं का आगमन और 2 नवंबर को देव कार्य और 3 नवंबर को ब्रह्मा भोज (धाम ) निर्धारित हुई है द्य सभी हरियानो के सामने देवता ने अपना फैसला दे दिया है सभी देउलुओं को निमन्त्रण देव परम्परा के अनुसार दे दिया गया है। देवता के नए मंदिर के इस पावन प्राण प्रतिष्ठा के साक्षी बनने के लिए सभी देउलु हारीयान श्रद्धालु सादर आमंत्रित है। कारदार व हारियानों ने लोक निर्माण विभाग से अनुरोध किया है कि दोहरानाला से कावा स?क जो क्षतिग्रस्त हो गई है उसे जल्द से? ठीक करवाने की कृप्पा करें। साथ ही जल शक्ति विभाग से अनुरोध किया है कि जो मुझको से रोलागी पेय जल योजना जो बारिश के कारण ?राब हो गई है उसे ठीक करवाने की कृपा करें।



## दुर्गा पब्लिक स्कूल ने हर्षोल्लास से मनाया 22वां स्थापना दिवस

**डीसी सोलन ने किया वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ**

अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर

**सोलन।** दुर्गा पब्लिक स्कूल सोलन ने शनिवार को 22वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया। यह अवसर विद्यालय की शिक्षा और समग्र विकास की दिशा में उत्कृष्टता की यात्रा में एक और महत्वपूर्ण पड़ाव साबित हुआ। दुर्गा पब्लिक स्कूल का यह संस्थापक दिवस विद्यालय की शिक्षा, अनुशासन और उत्कृष्टता की परंपरा का प्रतीक बना।

कार्यक्रम में डीसी सोलन मनमोहन शर्मा (आई.ए.एस.) ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उनका स्वागत विद्यालय की चेयरपर्सन कंवर राजेश्वर सिंह ने किया। इस मौके पर स्कूल के एमडी कंवर टिक्कम सिंह, ट्रस्टी हितेंद्र पंवर, किरण पंवर, स्कूल प्रिंसिपल अंजली शर्मा स्टाफ और जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिव कुमार समेत अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।



कार्यक्रम की शुरुआत आकर्षक मार्च पास्ट और ऊर्जावान मास पी.टी. ड्रिल से हुई, जिसमें विद्यार्थियों ने अनुशासन और एकता का अद्भुत प्रदर्शन किया। इसके बाद कराटे प्रदर्शन कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रहा, जिसमें नन्हें खिलाडि?ों ने आत्मरक्षा, शक्ति और आत्मविश्वास का शानदार प्रदर्शन किया।

दूर्गा पब्लिक स्कूल सोलन के हैड ब्वॉय अमन राठी ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की, जिसमें खेल और अन्य गतिविधियों में विद्यालय की उपलब्धियों को उजागर किया गया। समारोह का समापन पुरस्कार वितरण के साथ हुआ, जहां मुख्य अतिथि ने मेधावी विद्यार्थियों को पदक और ट्रॉफियां प्रदान कीं।

## प्रदेश कार्यसमिति में नवनियुक्त सदस्य संजीव शर्मा ने प्रो. प्रेम कुमार धूमल से मुलाकात की



अर्थ प्रकाश/शिल्पा शर्मा

**हमीरपुर, 18 अक्टूबर।** ढटवाल क्षेत्र से सम्बंध रखने वाले भाजपा नेता संजीव शर्मा ने प्रदेश कार्यसमिति में सदस्य के रूप में नियुक्ति होने पर हिमाचल प्रदेश के दो बार मुख्यमंत्री रह चुके प्रो. प्रेम कुमार धूमल के साथ उनके समीरपुर स्थित निवास स्थान पर मुलाकात की और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। प्रो. प्रेम कुमार धूमल ने विश्वास जताते हुए कहा कि संजीव शर्मा संगठन को मजबूत करने, और अपने अनुभव से पार्टी को मजबूत बनाने में अपना भरपूर सहयोग देंगे।

## पीएम मोदी के नेतृत्व में भारतीय वायुसेना तीसरी सबसे शक्तिशाली सेना बनी : अखिलेश

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा

**कुल्लू 18 अक्तूबर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता अखिलेश कपूर ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत ने एक और ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए चीन को पीछे छोड़ दुनिया की तीसरी सबसे ताकतवर वायुसेना बनकर वैश्विक मंच पर अपनी नई पहचान बनाई है।



यह गौरवपूर्ण उपलब्धि प्रतिष्ठित संगठन वर्ल्ड डायरेक्टर ऑफ़ मॉडर्न मिलट्री एयरक्राफ्ट (डवलयूडीएमएमए) की नवीनतम रिपोर्ट में दर्ज की गई है, जिसमें भारत ने स्कोर के आधार पर तीसरा स्थान प्राप्त किया है। इस सूची में अमेरिका पहले और रूस दूसरे स्थान पर हैं, जबकि भारत ने चीन को चौथे स्थान पर धकेल दिया ह

अखिलेश कपूर ने कहा कि यह उपलब्धि मोदी सरकार की ÷आत्मनिर्भर भारत÷ और ÷मेक इन इंडिया÷ नीति की सफलता का सशक्त प्रमाण है। बीते वर्षों में भारतीय वायुसेना ने रफाल, मिराज 2000 और स्वदेशी एलसीए तेजस जैसे अत्याधुनिक लड़ाकू विमानों से अपनी शक्ति को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है।

उन्होंने कहा कि डवलयूडीएमएमए की रैंकिंग केवल विमान की संख्या पर नहीं, बल्कि वायुसेना की युद्ध क्षमता, तकनीकी दक्षता, मिशन विविधता, स्वदेशी उत्पादन और सामरिक साझेदारी जैसे मानकों पर आधारित होती है। यही कारण है कि भारत की वायुसेना ने गुणवत्ता, अनुभव और तकनीकी बढ़त के आधार पर चीन को पीछे छोड़ दिया है। अखिलेश कपूर ने कहा की यह उपलब्धि हर भारतीय के लिए गर्व का क्षण है। प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में भारत अब सिर्फ एक क्षेत्रीय शक्ति नहीं, बल्कि वैश्विक रक्षा संतुलन का निर्णायक केंद्र बन चुका है।

**सार्थक प्रयास** | **हिमाचल सरकार की दूरदर्शी पहल**

## एनसीसी के माइक्रोलाइट विमान की भुंतर में सफल लैंडिंग

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा



**कुल्लू 18 अक्तूबर।** हिमाचल प्रदेश एनसीसी कैडेट्स सपना, अब हकीकत बनने के साथ साथ गर्व और प्रेरणा का प्रतीक बन है। जब वन-एचपी एयर स्क्वाड्रन एनसीसी, कुल्लू को आवंटित एस डब्लयू -80 वायरस माइक्रोलाइट विमान ने पहली बार कुल्लू-मनाली हवाई अड्डे (भुंतर एयरपोर्ट) में सफल ट्रायल लैंडिंग की।

पहाड़ी और जटिल हवाई मार्ग में इस उड़ान का संचालन किसी उपलब्धि से कम नहीं था। यह न केवल तकनीकी दक्षता का उदाहरण है, बल्कि एनसीसी कैडेट्स के धैर्य, समर्पण और टीम भावना की भी जीती-जागती मिसाल बनी।

जब विमान ने भुंतर की हवाई पट्टी को छुआ, तो उपस्थित एनसीसी कैडेट्स और अधिकारियों के चेहरों पर गौरव और उत्साह की चमक थी। वर्षों से जिस उड़ान प्रशिक्षण की प्रतीक्षा थी, वह अब हिमाचल की धरती पर साकार होगा।

उपायुक्त कुल्लू, तोरुल रवीश ने इसे जिला के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि ÷भुंतर एयरपोर्ट पर एनसीसी हैंगर का निर्माण लगभग पूरा हो चुका है और एस डब्लयू -80 की सफल लैंडिंग कुल्लू के लिए एक नई दिशा और पहचान बनेगी।÷ इस उड़ान के पीछे कई लोगों की अथक मेहनत और दूरदर्शी सोच है। विंग कमांडर कुणाल शर्मा, कमांडिंग ऑफिसर, वन-एचपी एयर स्क्वाड्रन एनसीसी, ने बताया कि यह विमान पहले पटियाला में स्थित था, क्योंकि कुल्लू में हैंगर उपलब्ध नहीं था। उन्होंने कहा कि यह उड़ान ग्रुप कैप्टन ए. भारद्वाज, कमांडिंग ऑफिसर, 3 पंजाब एयर स्क्वाड्रन एनसीसी, पटियाला के नेतृत्व में पूरी की गई है। उन्होंने शिक्षा विभाग, जिला प्रशासन और एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया से शेष औपचारिकताओं को शीघ्र हस्ताक्षरित करने का आग्रह किया, ताकि एनसीसी कैडेट्स को अब यहीं कुल्लू में उड़ान प्रशिक्षण प्राप्त हो सके।

**हिमाचल सरकार की दूरदर्शी पहल :** कुल्लू में बन रहा अत्याधुनिक एनसीसी एयर हैंगर इस उपलब्धि की नींव है। इस परियोजना पर लगभग 1 करोड़ 91 लाख रुपये व्यय किये जा रहे हैं। जिसमें से हिमाचल प्रदेश सरकार ने लगभग 1 करोड़ 25 लाख रुपये, और एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने 66 लाख रुपये का योगदान दिया है। यह सुविधा हिमाचल प्रदेश में अपनी तरह की पहली हवाई एनसीसी प्रशिक्षण सुविधा होगी। इससे पहले कैडेट्स को प्रशिक्षण के लिए पटियाला जाना पड़ता था। अब यह सुविधा प्रदेश के युवाओं के लिए नई संभावनाओं का द्वार खोलेगी।

यह सफलता केवल एक विमान की उड़ान नहीं, बल्कि हिमाचल के युवाओं के आत्मविश्वास और आकांक्षाओं की उड़ान है।

# पचास बीर वालाएं इतिहास रचेंगी दीपावली पर सैनिकों के साथ सीमा पर दीपावली मना कर

## हरियाणा के राज्यपाल ने किया बेटियों को रवाना कहा हमें नाज है हिंद की बेटियों पर, हरियाणा की बेटियां लाल चौक पर सैनिकों के साथ एक दीया शहीदों के नाम जाएंगी

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन





**करनाल, 18 अक्तूबर।** देसां मां देश हरियाणा की वीरांगनाएं दीपावली को इतिहास रचेंगी। वह श्री नगर के लाल चौक पर देश के नाम पर दीया जलाएंगी। जिस समय समूचा देश अपने घरों में दीपावली अपनों के साथ मनला रहे होंगे। उस समय हरियाणा की बेटियां देश के ऊपर मर मिटने वाले सैनिकों के साथ सीमा पर दीपावली मनाएंगी। यह प्रेरणा उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिली हैं। जब देश के पीएम दीपावली सीमा पर तैनात सैनिकों के बीच मनाते हैं। तो वह क्यों नहीं इंडियन मीडिया सैंटर ने पहली बार 2015 में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ यात्रा निकाली थी। अब आई एम सी का छात्र संगठन द्वारा यह आयोजन किया जा रहा हैं। यह छात्राएं पहलगांव में जहां लोग शहीद हुए थे। वहां भी एक दीया शहीदों के नाम जलाएंगी। इससे पहले हरियाणा की बेटियाँ रोहतक से श्री नगर तक तिरंगा यात्रा निकाली थी। जिस को अशीर्वाद मुख्यमंत्री नायाब सिंह सैनी ने दिया था। इसमें 120 बेटियां शामिल थीं। हरियाणा के विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों की 50 छात्राओं को आज हरियाणा को राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष ने 'एक दिया देश के नाम' कार्यक्रम के अंतर्गत राजभवन परिसर से हरी झंडी दिखाकर कश्मीर के लिए रवाना किया। इस अवसर पर राज्यपाल की धर्मपत्नी श्रीमती मित्रा घोष और राज्यपाल के सचिव श्री डी.के. बेहेरा भी उपस्थित थे। 'एक दिया देश के नाम' कार्यक्रम मीडिया छात्र एसोसिएशन द्वारा आयोजित किया गया है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की देश सेवा से प्रेरणा लेकर आयोजित इस यात्रा में हरियाणा के विभिन्न विश्वविद्यालयों की छात्राएँ कश्मीर जाकर सीमाओं पर तैनात सैनिकों के साथ दीपावली का पर्व मनाएंगी। राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि यदि आज हम अपने घरों में सुरक्षित रहकर खुशियाँ मना रहे हैं, तो इसका श्रेय हमारे उन वीर सैनिकों को जाता है जो सीमाओं पर देश की रक्षा में दिन-रात तत्पर रहते हैं।' उ हमें गर्व है कि हरियाणा की धरती सदा से शौर्य, पराक्रम और देशभक्ति के लिए जानी जाती रही है। राज्यपाल ने छात्राओं के उत्साह, समर्पण और देश सेवा की भावना की सराहना करते हुए कहा कि हरियाणा की बेटियाँ आज शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल और सामाजिक कार्यों सहित प्रत्येक क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित कर रही हैं। ''हमें हरियाणा की बेटियों पर गर्व है। राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष ने इस अवसर पर कार्यक्रम से जुड़ी छात्राओं, सहयोगी टीम और उनके अभिभावकों को सम्मानित किया। सम्मानित प्रतिभागियों में नैंसी नैन (टीम लीडर), आरती जांगड़ा एवं मुस्कान दुहान (पुलिस कोऑर्डिनेटर), साक्षी सिंह (आवास प्रबंधन), हेमंत शर्मा (मीडिया हेड) तथा आदित्य (व्यवस्था प्रबंधक) शामिल थे। अवसर पर माननीय राज्यपाल और उनकी धर्मपत्नी श्रीमती मित्रा घोष ने सभी को दीपावली की भी हार्दिक शुभकामनाएं दी। छात्राओं का यह दल हरियाणा राजभवन से रवाना होकर जालंधर, जम्मू, दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग और श्रीनगर तक पहुँचेगा। यात्रा के प्रत्येक पड़ाव पर वे सुरक्षा बलों से संवाद स्थापित कर देशभक्ति, एकता और सद्भाव का संदेश देंगी। यात्रा का समापन श्रीनगर में भारतीय सेना के जवानों के साथ दीपावली मनाकर होगा। मीडिया छात्र एसोसिएशन के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह ने राज्यपाल को अवगत कराया कि यह संगठन पत्रकारों एवं पत्रकारिता के छात्रों का संघ है, जो समाज में जागरूकता फैलाने हेतु विभिन्न अभियानों और यात्राओं का आयोजन करता रहा है। इस अवसर पर राज्यपाल के एडीसी श्री शुभम सिंह, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. वीरेंद्र पाल, अंबेडकर चेयर के निदेशक डॉ. प्रीतम, इंडियन मीडिया सेंटर के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह, अनीता सिंह, संजीव चौहान, सुरेश राणा, शैलेन्द्र जैन, सरीन दलाल एवं अरविंद त्यागी सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय एकता को लेकर दो महीने, 31 दिसंबर तक शहर और गांवों में होंगे अलग-अलग कार्यक्रम : मनोहर लाल

युवाओं में राष्ट्रीय एकता का संदेश देने के लिए सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्मदिन पर होंगे कार्यक्रम

25, 26 और 27 अक्तूबर को गांव और शहरों में निकाली जाएगी पदयात्रा, 31 अक्तूबर को होगा रन फॉर यूनिटी का आयोजन

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन




**करनाल 18 अक्तूबर।** केंद्रीय ऊर्जा, आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि देश में राष्ट्रीय एकता को और मजबूत करने के लिए सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्मदिन के उपलक्ष में 2 महीने तक अलग-अलग कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। 31 अक्तूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया जाएगा। इसके उपरांत 31 दिसंबर तक राष्ट्रीय एकता से जुड़े अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने यह जानकारी शनिवार को कर्णकमल कार्यालय में पत्रकार वार्ता के दौरान दी। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि 25, 26 और 27 अक्तूबर को गांवों और शहरों में पदयात्रा निकाली जाएगी। इस 8 से 10 किलोमीटर लंबी पदयात्रा में बड़ी संख्या में लोग व युवा शामिल होंगे, जो राष्ट्रीय एकता का संदेश देंगे। उन्होंने कहा कि 31 अक्तूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस के मौके पर रन फॉर यूनिटी आयोजित किया जाएगा। इसके उपरांत 2 महीने यानी 31 दिसंबर तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इसमें सेमिनार, प्रदर्शनी, साहित्य वितरित किए जाएंगे। इससे युवाओं में राष्ट्रीय एकता का संदेश जाएगा। उन्होंने कहा कि इन कार्यक्रमों के लिए माई भारत पोर्टल पर युवाओं का रजिस्ट्रेशन भी किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने देश में अनेकों अभियान चलाए, जो सफल रहे। इन अभियानों में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान, स्वच्छता अभियान जैसे अभियान शामिल हैं। अब राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने के लिए इस अभियान की शुरूआत हो रही है। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने देश व प्रदेशवासियों को धनतेरस, छोटी दीपावली, बड़ी दीपावली, गोवर्धन पूजा, भाईदूज व अन्य त्योहारों की हार्दिक बधाई दी। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने हरियाणा सरकार के तीसरे कार्यकाल का एक वर्ष पूरा होने पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, मंत्रियों व प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि हरियाणा की जनता का धन्यवाद है, जिन्होंने पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनाई। सरकार का 1 वर्ष पूरा होने पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने वीडियो के माध्यम से उपलब्धियों को बताया। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार ने बुजुर्गों की पेंशन में 200 रुपये की बढ़ोतरी की भी घोषणा की है। इसके साथ-साथ नवंबर महीने से लाडो लक्ष्मी योजना की लाभार्थी महिलाओं के खाते में 2100 रुपये जाना भी शुरू हो जाएंगी। सरकार की स्कीमों का पैसा डीबीटी से दिया जा रहा है। प्रदेश लगातार विकास कर रहा है। सरकार के चार वर्ष बचे हैं, ऐसे में नई योजनाओं को बनाना और चल रही योजनाओं को पूरा करने का काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार बेहद साफ-सुथरे तरीके से चल रही है। जनता सुखी है और प्रदेश में आशावादी वातावरण है। इस मौके पर हरियाणा भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एडवोकेट वेदपाल, विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण, नीलोखेड़ी के विधायक भगवानदास कबीरपंथी,इंद्री के विधायक एवं चीफ व्हिप रामकुमार कश्यप, असंध के विधायक योगेंद्र राणा, करनाल विधायक जगमोहन आनंद,भाजपा के जिलाध्यक्ष प्रवीन लाठर, जिला प्रभारी भारत भूषण जुआल,मेयर रेनू बाला गुप्ता, भाजपा के पूर्व जिला कार्यकारी अध्यक्ष बृज गुप्ता, केंद्रीय मंत्री के प्रतिनिधि कविंद्र राणा, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अशोक भंडारी, पूर्व जिला उपाध्यक्ष राजबीर शर्मा, त्रिलोचन सिंह, भाजपा जिला महामंत्री मानव पुरी, सुभाष कश्यप, जिला मीडिया प्रमुख डा अशोक कुमार, कार्यालय प्रमुख मदन गुर्जर, सह प्रमुख प्रमोद नागपाल व अन्य मौजूद रहे।

## त्योहारों को सामूहिक रूप से मनाना चाहिए: जगमोहन आनंद

**करनाल (अप्रस/शैलेंद्र जैन)।** विधायक जगमोहन आनंद ने कहा है कि त्योहारों को सामूहिक रूप से मनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि खुशियां बांटने से बढ़ती हैं। उन्होंने भाटिया सेवा मंच द्वारा आयोजित दीपावली मिलन समारोह जगमग कार्यक्रम की सराहना की वह पंजाबी विरादरी भवन में आयोजित इस कार्यक्रम में पहुंचे। । इस अवसर पर कला और उत्साह के सब रंग प्रस्तुत किए गए।। कार्यक्रम में खान पान के साथ दैनिक उपयोग की वस्तुओं के स्टाल लगाए गए। ।इस अवसर पर बहु आयामी सांस्कृतिक कार्यक्रम लोकनृत्य मनोरंजक कार्यक्रम संपन्न हुए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक जगमोहन आनंद तथा नगर निगम की मेयर रेनू वाला गुप्ता थीं। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि कुरुक्षेत्र विकास वोर्ड के चेयरमैन संजय बठला, राज्य सूचना आयोग के आयुक्त संजय मदान, व्यवसायी घनश्याम भाटिया, महेश भाटिया डा. वंदना भाटिया थे। कार्यक्रम का उद्घाटन अतिथियों ने दी प्रज्जवलित कर उद्घाटन किया कार्यक्रम में करनाल काछवा कुंजपुरा, घरौंडा नीलोखेड़ी इंद्री से बड़ी संख्या में भाटिया समाज के सदस्यों ने भाग लिया। कार्यक्रम में खान पान के स्टाल के साथ मार्डर्न एग्रो कंपनी , के साथ कई स्टाल आकर्षण के केंद्र रहे। कार्यक्रम में सोनिया भाटिया के ग्रुप ने लोकनृत्य प्रस्तुत किए। इस अवसर पर बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस अवसर पर वनीत भाटिया ने भाटिया सेवा मंच के बारे में जानकारी दी।

## पूर्ण प्रतिबंध के बावजूद होलसेल में बिक रहा पान मसाला व तंबाकू उत्पाद

अर्थ प्रकाश/संजीव सिंगला

**टोहाना, 18 अक्तूबर।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने पिछले महीने हरियाणा में बढ़ रहे कैंसर के मरीजों पर चिंता व्यक्त करते हुए हरियाणा में गुटखा, पान मसाला, व तंबाकू उत्पादों पर प्रतिबंध लगा दिया था। इसके तहत इन प्रतिबंधित उत्पादों के निर्माण, भंडारण, वितरण व विक्री पर हरियाणा में प्रतिबंध लागू हो गया था और इस आदेश की उल्लंगना करने वालों के खिलाफ संगत से सख्त सजा का भी प्रावधान रखा गया था पर शायद टोहाना के अधिकारियों ने हरियाणा सरकार का आदेश नहीं सुना या भगवान जाने की लोगों से आदेश की उल्लंगना वह खुद करवाना चाहते हैं या फिर हरियाणा के अधिकारियों का गुटखा पान मसाला व तंबाकू पीने वालों से काफी प्यार है जिसके लिए वह मुख्यमंत्री हरियाणा सरकार के आदेश न मानते हुए शहर टोहाना में सरकार द्वारा प्रतिबंधित तंबाकू, गुटखा व पान मसाला सरेआम दुकानदार ब्लैक मार्केट में रेट बड़ा चढ़कर बेच रहे हैं लगता है कि सरकार के आदेशों ने गुटका पान मसाला वह तंबाकू पर प्रतिबंध सरकार ने लोगों के स्वास्थ्य को अच्छा करने के लिए नहीं अपितु दुकानदारों व अधिकारियों की जेबें भरने के लिए लगाया है क्या हरियाणा सरकार व अधिकारी शहर में बिक रहे सरेआम प्रतिबंधित गुटखा, पान मसाला व तंबाकू की धर पकड़ के लिए कोई कठोर कदम उठाएंगे या फिर नायब सैनी के आदेशों की किर .....करी ऐसे ही करवाते रहेंगे।

## पीएम श्री स्कूलों के विद्यार्थी पचमढ़ी (मध्य प्रदेश) एडवेंचर कैम्प से लौटे

अर्थ प्रकाश/दयाराम वशिष्ठ



**फरीदाबाद, 18 अक्तूबर।** जिले के पीएम श्री स्कूलों के लगभग 30 विद्यार्थी पाँच दिवसीय पचमढ़ी (मध्य प्रदेश) एडवेंचर कैम्प से उत्साह और उमंग के साथ सुरक्षित लौटे। यह कैम्प भारत स्काउट्स एंड गाइड्स, हरियाणा राज्य द्वारा आयोजित किया गया था, जिसमें पाँच ज़िलों – पानीपत, पलवल, महेंद्रगढ़, फरीदाबाद और अंबाला – के विद्यार्थी शामिल हुए।

कैम्प के दौरान विद्यार्थियों ने ट्रेकिंग, टेंट लगाना, प्राथमिक चिकित्सा, समूहिक गतिविधियाँ, साहसिक अभ्यास तथा सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ जैसी अनेक रोचक गतिविधियों में भाग लिया। इन अनुभवों ने विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, अनुशासन, आत्मनिर्भरता, नेतृत्व क्षमता तथा टीमवर्क की भावना को सशक्त बनाया।

कैम्प के समापन समारोह में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर फरीदाबाद जिले से श्री जोगिंदर चपराना को बेस्ट टीचर कैंप अवॉर्ड "Best Teacher Camp Award" से सम्मानित किया गया। वहीं जिले के पीएम सीनियर सेकेंडरी स्कूल नंबर 2 की सोनिया को बेस्ट कैम्पर अवर तथा पीएम श्री सीनियर सेकेंडरी स्कूल समयपुर से प्रकाश कुमार को बेस्ट बॉय कैम्पर अवार्ड से सम्मानित किया गया।

कैम्प के सफल आयोजन में जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती अंशु सिंगला, जिला परियोजना समन्वयक मनोज मित्तल, तथा सहायक परियोजना समन्वयक सुरेश चंद की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

उन्होंने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि ऐसे शिविर जीवन में अनुशासन, आत्मनिर्भरता, सामाजिक समरसता और गुणात्मक जीवन शिक्षा के विकास में अत्यंत सहायक होते हैं। इन कैम्पों से विद्यार्थी न केवल आत्मविश्वास प्राप्त करते हैं, बल्कि उनमें देशप्रेम और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना भी प्रबल होती है।

कैम्प से लौटते हुए विद्यार्थियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि यह उनके जीवन का एक अविस्मरणीय, शिक्षाप्रद और प्रेरणादायक सफर रहा। इस कैम्प ने उनमें सहयोग भावना, नेतृत्व कौशल और पर्यावरण संरक्षण के प्रति संवेदनशीलता को और सुदृढ़ किया।

यह एडवेंचर कैम्प विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, राष्ट्रीय एकता, तथा सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक सराहनीय और प्रेरणादायक पहल सिद्ध हुआ।






## फैक्टरी से लैपटॉप चोरी का आरोपी गिरफ्तार, तीन लैपटॉप बरामद

**पानीपत (सुभाष जैन)।** थाना चांदनी बाग पुलिस ने सनौली रोड, घूपसिंह नगर में फैक्टरी से लैपटॉप चोरी करने वाले आरोपी को सेक्टर 25 स्थित दशहरा ग्राउंड से गिरफ्तार किया। आरोपी रतन, विद्यानंद कॉलोनी का निवासी, चोरी के लैपटॉप को बेचने की फिराक में घूम रहा था। पुलिस ने उसके कब्जे से तीन लैपटॉप बरामद किए। थाना प्रभारी सब इंस्पेक्टर गौरव ने बताया कि गश्त के दौरान गुप्त सूचना मिलने पर पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपी ने अगस्त माह में रात के समय फैक्टरी से चोरी करने की वारदात स्वीकार की। आरोपी ने बताया कि वह नशा करने का आदी है और नशे की लत पूरी करने के लिए लैपटॉप चोरी की। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर पूछताछ के बाद माननीय न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया।

## टोहाना पुलिस की बड़ी कार्रवाई: मारपीट कर हत्या करने वाले पांच आरोपी गिरफ्तार

अर्थ प्रकाश/संजीव सिंगला

**टोहाना, 18 अक्तूबर।** पुलिस अधीक्षक श्री सिद्धांत जैन, आईपीएस के निर्देशन में जिले में अपराध रोकथाम और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के अभियान के तहत टोहाना पुलिस ने एक गंभीर हत्या के मामले में पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है।

उप पुलिस अधीक्षक उमेद सिंह ने जानकारी दी कि दिनांक 16 अक्टूबर 2025 को मोहित, पुत्र भान सिंह, निवासी वार्ड नं. 11, किला मोहल्ला, टोहाना ने शिकायत दर्ज कराई कि उसके भाई रोहित को कुछ नामजद व्यक्तियों ने रास्ते में रोककर बुरी तरह मारपीट की, जिससे इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई।

घटना की गंभीरता को देखते हुए टोहाना थाना पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में विक्रम उर्फ विक्की, पुत्र साधु राम, निवासी गांव बिठमढ़ा; इकमजोत सिंह, पुत्र जतिन्द्र सिंह, निवासी सरदूलगढ़; गौरव शर्मा, पुत्र नारायण दत्त, निवासी जानीर, जिला मानसा; शहबाज सिंह, पुत्र जसमैर सिंह, निवासी भिखी, जिला मानसा; और सुरेन्द्र उर्फ काला मास्टर, पुत्र दुनी चंद, निवासी नैपेवाला शामिल हैं।

पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। मामले की गहनता से जांच जारी है ताकि वारदात के पीछे के कारण और अन्य संभावित संलिप्त व्यक्तियों की पहचान की जा सके। फतेहाबाद पुलिस ने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की हिंसा, हत्या या अपराध बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे और ऐसे मामलों में कठोर व निष्पक्ष कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## न्यूज ब्रीफ

### नशा मुक्ति अभियान का आयोजन




**जींद (अप्रस/सुरेश सिसोदिया)।** नशा मुक्ति टीम द्वारा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय किला जफरगढ़ में विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके साथ ही टीम ने गांव में डोर-टू-डोर सर्वे कर ग्रामीणों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी और नशामुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए टीम इंचार्ज उपनिरीक्षक नरेश कुमार ने कहा कि 'नशा व्यक्ति के शरीर, परिवार और समाज का सबसे बड़ा शत्रु है। यह न केवल स्वास्थ्य को नष्ट करता है, बल्कि युवाओं के उज्जवल भविष्य को भी अंधकारमय बना देता है।' उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे अपने जीवन में शिक्षा, खेल और अपने सपनों पर ध्यान केंद्रित करें और नशे जैसी बुरी आदतों से सदैव दूर रहें। उपनिरीक्षक नरेश कुमार ने कहा कि 'नशा शरीर ही नहीं बल्कि जीवन और समाज के लिए भी जहर है। आज के विद्यार्थी ही कल का भविष्य हैं, इसलिए नशामुक्त और स्वस्थ रहना ही देश की प्रगति की गारंटी है।' उन्होंने विद्यार्थियों को "Say Yes to Life, No to Drugs" अभियान से जुड़ने और ऑनलाइन शपथ लिंक के माध्यम से नशामुक्त भारत बनाने में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। इसके साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को साइबर अपराधों के प्रति भी जागरूक किया और कहा कि अनजान फोन कॉल या सोशल मीडिया लिंक पर अपनी निजी जानकारी जैसे ह्ञक्कया पासवर्ड साझा न करें। उन्होंने यातायात नियमों की जानकारी देते हुए बताया कि सड़क सुरक्षा के लिए हेलमेट, सीट बेल्ट और ट्रैफिक संकेतों का पालन अनिवार्य है।

### आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल में दीपावली का भव्य आयोजन



**कुरुक्षेत्र (अप्रस/अरविंद मोहन शर्मा)।** दीपावली के अवसर पर आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल, बरगट जट्टान में विद्यार्थियों के लिए भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को भारतीय संस्कृति से जोड़ना और उनकी रचनात्मक प्रतिभा को प्रोत्साहित करना था। कक्षा पहली से आठवीं तक के विद्यार्थियों के लिए दीया मेकिंग, कैंडल मेकिंग और थाली डेकोरेशन प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं। नन्हे-मुन्ने बच्चों ने अपनी कल्पनाशक्ति और रंगों का सुंदर प्रयोग करते हुए आकर्षक दीये, मोमबत्तियाँ और पूजा की थालियाँ सजाईं। कक्षा नौवीं से बारहवीं तक के विद्यार्थियों के लिए अंतर-सदनीय रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें टीमों ने फूल, पत्तियाँ और रंगीन पाउडर का उपयोग कर सुंदर और जटिल रंगोली डिजाइन तैयार की। इसने टीम वर्क और कला-कौशल को प्रदर्शित किया। प्रधानाचार्य रोबिन कुमार ने विद्यार्थियों की सराहना करते हुए पर्यावरण-अनुकूल दीपावली मनाने का संदेश दिया। प्राथमिक विभाग में राम दरबार के समक्ष पूजा-अर्चना भी की गई। विद्यालय प्रबंधक सोहनलाल सैनी ने स्टाफ और विद्यार्थियों को दीपावली की शुभकामनाएँ दी और प्रदूषण-मुक्त, हरित दीपावली मनाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि दीपावली केवल रोशनी का त्यौहार नहीं, बल्कि यह हमारी समृद्ध संस्कृति और परंपराओं का प्रतीक है।

### एलसीएलओ परिवारों सहित मनाएंगे काली दिवाली: नीतू राणी



**कुरुक्षेत्र (अप्रस/अरविंद मोहन शर्मा)।** आज दिनांक 18 अक्टूबर 2025 को धरना 30वें दिन में प्रवेश कर गया वहीं क्रमिक अनशन 20वें दिन भी जारी रहा। आज के धरने की अध्यक्षता नसीम अहमद उप प्रधान पलवल ने की। धरने पर बैठे साथियों को ओमप्रकाश जिला प्रधान सर्व कर्मचारी संघ कुरुक्षेत्र व संदीप सांगवान राज्य डिप्टी जरनल सैक्रेटरी सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा ने माला पहनाकर क्रमिक अनशन पर बैठाया और संयुक्त बयान में बताया कि सरकार हर तरफ से तानाशाही पर उतारू हैं। कर्मचारियों के मांग मुद्दे हों, किसानो का धान खरीद का मामला हो या प्रदेश भर में हर रोज नई नई अपराधिक घटनाएं हो रही हैं लेकिन सरकार कुछ भी हल नहीं कर रही जबकि यदि सरकार की नीयत और नीति सही हो तो सभी मुद्दों को बात चीत से हल किया जा सकता है। यदि सरकार समय रहते स्ष्टस्ह्र का मसला हल नहीं करती है तो सर्व कर्मचारी संघ कुरुक्षेत्र व सीटू मिल कर एक संयुक्त आंदोलन चलाएंगे। जिस की सारी जिम्मेदारी हरियाणा सरकार व प्रशासन की होगी। आज अनशन पर नसीम अहमद पलवल, योगेश कुमार ननने खान व संदीप कुमार बैठे।

# विकास, सुशासन और सेवा का प्रतीक भाजपा सरकार: डॉ अरविंद शर्मा

**गोहाना में कार्यकर्ताओं, आमजन से मुलाकात करते हुए दीवाली की शुभकामनाएं दी**

**नायब सरकार ने 46 संकल्पों को पूरा करते हुए जीता जनता का भरोसा**

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी



**गोहाना।** सहकारिता, कारागार, निर्वाचन, विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि हरियाणा में भाजपा सरकार विकास, सुशासन और सेवा का प्रतीक है। प्रदेश में सरकार के तीसरे कार्यकाल व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व सरकार की पहली वर्षगांठ तक 46 संकल्पों को पूरा करते हुए जनता का भरोसा जीत लिया है। उन्होंने सामाजिक सुरक्षा भत्ता में 200 रूपए बढोतरी का स्वागत करते हुए कहा कि इससे बुजुर्गों व अन्य पात्रों को बडा लाभ मिलेगा।सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा शनिवार को गोहाना में सोनीपत रोड स्थित अपने कार्यालय में पहुंचे तथा इलाके भर से आए कार्यकर्ताओं व आमजन से मुलाकात करते हुए उन्हें दीवाली की शुभकामनाएं देते हुए मुंह मीठा करवाया। कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कार्यकर्ताओं की समस्याएं सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनता के भरोसे को निरंतर मजबूत करते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व की सरकार भाजपा द्वारा उनसे किए संकल्पों को गंभीरता से पूरा कर रही है। उन्होंने कहा कि तीसरे कार्यकाल के पहले साल में 46 संकल्पों को पूरा किए जाने से जनता-जर्नादन की सहूलियत में बढोतरी की जा रही है, वहीं 158 वायदों पर काम चल रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व की सरकार किसान, युवा, गरीब कल्याण, महिलाओं, श्रमिकों के उत्थान को लेकर मजबूत कदम उठाते हुए उनका सशक्तिकरण सुनिश्चित कर रही है। बीते एक साल में किसानों को 24 फसलों को एमएसपी पर खरीद सुनिश्चित करके हरियाणा ने अन्य राज्यों के सामने उदाहरण पेश किया है। यही नहीं किसानों को मंडियों में फसल भुगतान 72 घंटे की बजाय 48 घंटे में किया जाना सुनिश्चित किया जा रहा है। कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि बिना पर्ची-बिना खर्ची हरियाणा में बीते एक साल में 33 हजार 949 युवाओं को योग्यता के आधार पर सरकारी नौकरी दी गई है, जबकि 17000 पदों पर भर्ती प्रक्रिया पूरी की जा रही है। प्रदेश में गरीब उत्थान की भावना को बल देते हुए अनुसूचित जातियों में आरक्षण को दो वर्गों में वर्गीकरण को लागू करते हुए सशक्त किया है। बहनों-बेटियों को आर्थिक व सामाजिक सुरक्षा देने के मकसद से दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना शुरू करते हुए लाडो बहनों का पंजीकरण प्रारंभ कर दिया गया है, जिन्हें जल्द ही 2100 रूपए महीना मिलना शुरू हो जाएंगे।

# कैथल पुलिस ने चार तस्कर दबोचे, दो गाड़ियों से 305 किलो डोडा पोस्त बरामद

**राजस्थान से लेकर आ रहे थे 40 लाख के नशे की खेप**

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश




**कैथल।** कैथल पुलिस ने नशे के कारोबार पर बड़ी चोट करते हुए आज चार तस्करों को भारी मात्रा में डोडा पोस्त के साथ गिरफ्तार किया है। स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट की टीम ने कार्रवाई करते हुए पाड़ला रोड कैथल से दो गाड़ियों में डोडा पोस्त की खेप लेकर जा रहे चार आरोपियों को काबू किया। पुलिस ने उनके कब्जे से कुल 305 किलो 100 ग्राम डोडा पोस्त बरामद किया है। इसकी कीमत करीब 40 लाख रुपये बताई जा रही है। प्रेस वार्ता में डीएसपी सुशील प्रकाश ने बताया कि स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट प्रभारी एसआई रमेश कुमार और एसआई मुकेश कुमार की टीम को गश्त के दौरान गुप्त सूचना मिली थी कि दो सफेद वोल्क्सवैगन कारों में भारी मात्रा में डोडा पोस्त कैथल-पाडला रोड से खनौरी की तरफ ले जाया जा रहा है। सूचना की पुष्टि होते ही पुलिस ने तत्काल रेडिंग पार्टी का गठन कर पाडला रोड पर नाकाबंदी शुरू कर दी। सूचना में बताई गई दोनों गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। पुलिस द्वारा रुकवाने का इशारा करने पर चालक भागने का प्रयास करने लगे, लेकिन सतर्क पुलिस टीम ने दोनों गाड़ियों को घेरकर चारों आरोपियों को मौके पर ही काबू कर लिया।

### गिरफ्तार आरोपियों की पहचान

गुरजंट सिंह निवासी गांव अलीपुर राहियां जिला पटियाला (पंजाब), इंद्र सिंह निवासी गांव अलीपुर राहियां जिला पटियाला (पंजाब), नसीब सिंह, निवासी गांव ढाबी गुजरां जिला पटियाला (पंजाब), जग्गा सिंह, निवासी गांव ढाबी गुजरां जिला पटियाला (पंजाब) शामिल हैं। डीएसपी सुशील प्रकाश की मौजूदगी में ली गई तलाशी के दौरान एक गाड़ी से 10 कट्टों में 149 किलो 310 ग्राम, जबकि दूसरी गाड़ी से 11 कट्टों में 155 किलो 790 ग्राम डोडा पोस्त बरामद किया गया। कुल मिलाकर 305 किलो 100 ग्राम नशीला पदार्थ जब्त हुआ।

### राजस्थान से सप्लाई हुआ नशा

थाना सदर कैथल में आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। मौके पर पहुंचे एएसआई अजीत सिंह ने चारों आरोपियों को औपचारिक रूप से गिरफ्तार कर लिया। इसके साथ ही नशा तस्करी में प्रयुक्त दोनों गाड़ियों को भी जब्त किया गया। प्रारंभिक पूछताछ में खुलासा हुआ है कि आरोपी यह डोडा पोस्त कोटा (राजस्थान) से खरीदकर लाए थे। पुलिस अब आरोपियों का रिमांड लेकर सप्लाई चैन से जुड़े अन्य तस्करों तक पहुंचने की तैयारी में है।

# विधायक निखिल मदान ने हरियाणा सेपकटकरा टीम को किया रवाना

**खिलाड़ियों व शहरवासियों को दी धनतेरस की शुभकामनाएं**

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी



**सोनीपत।** हरियाणा सेपकटकरा एसोसिएशन के महासचिव शमशेर सिंह सरोहा ने बताया कि आज सोनीपत कॉर्पोरेट कार्यालय से हरियाणा सेपकटकरा टीम की लड़का और लड़की टीम हरियाणा किट भेंट कर सम्मानित किया व हरियाणा टीम को प्रधान निखिल मदान ने रवाना करते हुए दीपावली पर्व बधाई दी एवं खिलाड़ियों को जीतकर आने की मंगलकामनाएं दी।

हरियाणा सेपकटकरा टीम लड़का वर्ग जसबीर, सोनू हरिश्चंद्र, जयदीप गुलशन चरखी दादरी से, विकास, राकेश भिवानी से अक्षित सोनीपत से वही लड़की वर्ग में मोनिका, पूनम, सपना, तन्नू, अन्नू, पूजा, नीलम, कोमल, सोनिका, ज्योति चरखी दादरी से, हिमानी, भतेरी,रिया भिवानी से सुखबीर कौर फतेहाबाद, निशा महेंद्रगढ़ से है।

इस हरियाणा स्कॉड के टीम कोच अमित तिहल सोनीपत व अरुण भिवानी से, टीम प्रबंधन जितेन्द्र सोनीपत व अंजलि तिहल होंगे। व इनके अलावा हरियाणा राज्य से दो रेफरी भी इस प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका निभाएंगे अन्तर्राष्ट्रीय रेफरी दशरथ रंगा व राष्ट्रीय रेफरी सुनिल बंगालिया होंगे। उन्होने बताया कि यह 35वीं सीनियर राष्ट्रीय सेपकरकरा प्रतियोगिता 2025 गोवा राज्य के शहर मडगांव में 23 अक्टूबर से 27 अक्टूबर 2025 तक भारतीय सेपकरकरा महासंघ के तत्वावधान में आयोजित की जाएगी।हरियाणा सेपकटकरा एसोशिएसन के पदाधिकारियो में उपाध्यक्ष सुरेन्द्र हुड्डा, इस अवसर पर हरियाणा सेपकटकरा सह-सचिव मुर्ति हुड्डा, भिवानी से विकाश, गौरव, अरुण और धीरज, चरखी दादरी से राकेश और शमशेर रंगा, हिमानी, पूजा, आदि खेल प्रेमी मौजूद रहे।

# जनता कॉलेज कौल में रही दीपावली उत्सव की धूम



अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश

**कैथल।** बाबू अनंतराम जनता महाविद्यालय कौल में दीपावली उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन सांस्कृतिक समिति और संस्कृत साहित्य परिषद के संयुक्त तत्वावधान में हुआ। सांस्कृतिक समिति की संयोजिका डा. अनिता नैन ने दीपावली पर्व की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह पर्व अंधकार पर प्रकाश की विजय का प्रतीक है। दीपावली का यह त्यौहार हमारे जीवन में सुख-स्मृद्धि और खुशहाली लेकर आए। छात्राओं ने महाविद्यालय परिसर में रंगोली बनाकर और दीये जलाकर अपनी कार्यकुशलता और रचनात्मकता का परिचय दिया।

सर्वप्रथम महाविद्यालय के शिक्षक और गैर शिक्षक वर्ग ने स्व. चौधरी ईश्वर सिंह की प्रतिमा पर दीप जलाकर पुष्पांजलि अर्पित की। महाविद्यालय की कार्यवाहक प्राचार्या डॉ. कुसुम ने समस्त छात्र छात्राओं और स्टाफ सदस्यों को दीपावली की शुभकामनाएं दी।

# अवैध शराब तस्करी मामले में 11 बोतल सहित आरोपी काबू

अम्बाला ( रवि पाहुजा )। अम्बाला पुलिस द्वारा अवैध शराब की तस्करी करने वालों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के दौरान 17 अक्तूबर 2025 को थाना शहजादपुर क्षेत्र टी-प्यांइट शहजादपुर के पास से अवैध शराब तस्करी के मामले में पुलिस ने तुरन्त कार्यवाही करते हुए आरोपी धर्मपाल निवासी गाँव बड़ी कोहड़ी थाना शहजादपुर जिला अम्बाला को 11 बोतल देसी अवैध शराब सहित काबू कर न्यायिक प्रक्रियानुसार कार्यवाही की गई। थाना शहजादपुर के पुलिस दल को सूचना प्राप्त हुई थी कि धर्मपाल निवासी गाँव बड़ी कोहड़ी थाना शहजादपुर जिला अम्बाला अवैध शराब बेचने का कार्य करता है। पुलिस दल ने तुरन्त कार्यवाही करते हुए आरोपी को 11 बोतल अवैध शराब सहित काबू कर थाना शहजादपुर में मामला दर्ज किया गया।

# भारतीय किसानों के लिए बायर ने नई पीढ़ी का गेहूं खरपतवार नाशक मटेनो मोर लॉन्च किया

पठानकोट। बायर, जो खेती और स्वास्थ्य के क्षेत्र में काम करने वाली एक बड़ी वैश्विक कंपनी है, ने भारत में गेहूँ किसानों के लिए माटेनो मोर नामक नया खरपतवार नाशक लॉन्च किया है। यह हर्बिसाइड खासतौर पर किसानों के खेतों में उगने वाले जिद्दी खरपतवारों पर बेहतर नियंत्रण के लिए तैयार किया गया है।माटेनो मोर में तीन शक्तिशाली सक्रिय तत्व शामिल हैं, जो अलग-अलग तरीकों से खरपतवारों पर असर करते हैं। यह भारत में अपना तरह का पहला तीन-दवाओं का मिश्रण है और फैलारिस माइनर, रुमेक्स और चेनोपोडियम जैसे मुश्किल खरपतवारों पर भी बेहतरीन प्रभाव दिखाता है।भारत दुनिया में गेहूँ उत्पादन में दूसरा सबसे बड़ा देश है, लेकिन गेहूँ उगाने वाले मुख्य क्षेत्रों के किसान फलारिस खरपतवार के बढ़ते प्रकोप से परेशान हैं। यह खरपतवार कई पुराने हर्बिसाइड्स के असर को खत्म कर चुका है, जिससे किसानों के लिए फसल की पैदावार बनाए रखना मुश्किल हो गया है। 'माटेनो मोर' के लॉन्च के अवसर पर, बायर के क्रॉप साइंस डिविजन में भारत, बांग्लादेश और श्रीलंका के क्लस्टर कमर्शियल लीड मोहन बाबू ने कहा, माटेनो मोर को बाजार में लाकर हम सिर्फ एक नया खरपतवार नाशक ही पेश नहीं कर रहे हैं, बल्कि भारत की खाद्य सुरक्षा को मजबूत करने और किसानों को गेहूँ उत्पादन में आने वाली बदलती चुनौतियों से निपटने में मदद करने की अपनी प्रतिबद्धता को भी आगे बढ़ा रहे हैं। यह लॉन्च दर्शाता है कि बायर भारतीय कृषि में नवाचार, मजबूती और लंबे समय तक स्थायी विकास को बढ़ावा देने में किसानों का भरोसेमंद साथी है।

# थाना अम्बाला शहर में दर्ज चोरी के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

अम्बाला ( रवि पाहुजा)। अम्बाला पुलिस द्वारा चोरी/लूट/ स्नैचिंग की वारदातों पर रोक लगाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अन्तर्गत आपराधिक मामलों में वांछित आरोपियों को काबू कर उनके खिलाफ कठोरता से कार्यवाही की जा रही है। इसी क?ी में थाना अम्बाला शहर में दर्ज चोरी के मामले में 17 अक्तूबर 2025 को एवीटी सैल के पुलिस दल ने निरीक्षक ऋषि पाल के नेतृत्व में कार्यवाही करते हुए आरोपी साहिल निवासी नजदीक साई दास स्कूल जलन्धर थाना डिवीजन-2 जिला जलन्धर वर्तमान पता शिवपुरी कालोनी अम्बाला शहर जिला अम्बाला व रैसत अली निवासी डेहा कालोनी रामनगर थाना अम्बाला शहर जिला अम्बाला को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। इसके अतिरिक्त चोरी के अन्य मामलों में भी आरोपियों से तीन एक्टिवा बरामद की गई है।

# कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष सहित कई दिग्गज नेताओं ने मेयर राजीव जैन की माता के निधन पर जताया शोक



अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

**सोनीपत।** कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र शनिवार को इंदिरा कॉलोनी स्थित मेयर राजीव जैन के पैतृक निवास पर पहुंचकर उनकी माताजी शाकुंतला देवी जैन के निधन पर शोक व्यक्त किया और परिवार को इस दुख की घड़ी में सहानुभूति दी।

राव नरेंद्र ने कहा कि श्रीमती शकुंतला देवी जैन न सिर्फ अपने परिवार के लिए अपितु समाज के लिए भी प्रेरणा स्रोत थीं। उनका धार्मिक व सामाजिक योगदान अविस्मरणीय रहेगा। उनका निधन समाज के लिए अपूरणीय क्षति है।

गौरतलब है कि 89 वर्षीय शकुंतला देवी जैन का निधन 17 अक्टूबर को एक निजी अस्पताल में हुआ था। श्रद्धांजलि देने वालों में राजनीतिक, सामाजिक, धार्मिक और व्यापारी वर्ग के सैकड़ों लोग शामिल रहे।

शोक व्यक्त करने वालों में पूर्व मंत्री जाकिर हुसैन, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप शर्मा, पूर्व मंत्री अनिल ठक्कर, मनीष ग्रोवर, विधायक इन्दुराज नरवाल, सांसद सतपाल ब्रह्मचारी, पूर्व विधायक सुरेन्द्र पंवार, निर्मला चौधरी, जिलाध्यक्ष ग्रामीण संजीव दहिया, रोहतक मेयर राजकुमार वाल्मीकि, अग्रवाल समाज के वरिष्ठ सदस्य बृजलाल, तरसेम मित्तल, अशोक मित्तल, देवेंद्र कौशिक सहित अनेक पार्षद, सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

सभी ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाया। परिवार की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार, स्वर्गीय श्रीमती शकुंतला देवी जैन की रस्म पगड़ी शुक्रवार, 19 अक्टूबर को मुरथल रोड स्थित गीतांजलि गार्डन में आयोजित की जाएगी।

# मुरझाए हुए गरीब के चेहरे पर खुशी लाना ही असली दिवाली है: राजेश जैन

अर्थ प्रकाश/सुकरमपाल



**रोहतक।** दीपों के त्यौहार दीपावली पर्व पर अगर हम किसी गरीब की आर्थिक मदद कर और मुरझाए हुए चेहरों पर खुशी ला सके तो यही असली दीपावली का त्यौहार है। यह विचार शहर के जाने-माने उद्योगपति राजेश जैन ने आज अपने सेक्टर एक निवास पर खुशियों की सौगात कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपस्थित एमटीएफसी अभिनव टोली माता धनपति चैरिटेबल ट्रस्ट शिक्षा भारती स्कूल और लखी राम अनाथालय के अलावा मानव सेवा संघ कंप्यूटर एंड टीचिंग सेंटर तथा जन सेवा संस्थान और अंध स्कूल के 1685 बच्चों को उपहार देकर उनकी झोलियां खुशियों से भरते हुए प्रगट किए। इस अवसर पर स्वस्तिका जैन शिवानिया जैन संध्या जैन समृद्धि जैन के अलावा परिवार के अन्य सदस्य भी उपस्थित थे। उद्योगपति जैन का कहना है कि साधन संपन्न लोग अपना कुछ कीमती समय निकालकर बेसहारा लोगों की मदद करें तो उनका जीवन और कारोबार समाज हित में सार्थक हो सकता है। प्रेस के नाम जारी विज्ञप्ति में मीडिया प्रभारी राजीव जैन ने बताया कि इस खुशियों के सौगात कार्यक्रम में बच्चों द्वारा दिखाए गए हुनर की उद्योगपति राजेश जैन ने प्रशंसा करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

लखीराम अनाथालय से राजरूप राठी ने समाजसेवी राजेश जैन को संस्था की तरफ से स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया और समय-समय पर आर्थिक मदद देने के लिए राजेश जैन का आभार जताया। खुशियों की सौगात कार्यक्रम में आई हुई अन्य सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भी समाज सेवा में बढ़-चढ़कर भाग लेने वाले राजेश जैन के परिवार का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि ऐसे समाजसेवी की बदौलत उनके अंधकार में जीवन में नई खुशियां दस्तक देती हैं जिसकी वह कभी कल्पना भी नहीं कर सकते थे।


## अर्थ प्रकाश क्लासीफाइड CLASSIFIED ADS

आज ही बुक करें
PH. : 0172-2638515, 98883-03520
Email : arthparkashadvt29@gmail.com

### सार्वजनिक सूचना

**मैं,** जी नागराथना, सैन्य संख्या- JC424098L रैंक- सूबेदार नाम- गुग्गिला श्रीनिवासुलु की कानूनी रूप से विवाहिता पत्नी हूँ जो वर्तमान में यूनिट- 24 मैक इन्फ सी/ओ 56 एपीओ जैसलमेर, राजस्थान में तैनात है स्थायी पता- 9-3-372, इंदिरा नगर, इंदिरा नगर, उरावकोंडा, अनंतपुर, आंध्र प्रदेश- 515812 घोषणा करती हूँ कि मैंने अपना नाम जी नागराथना से बदलकर निम्माला नागराथना कर लिया है और अपनी जन्मतिथि भी 08/12/1988 से 08/08/1988 में सही कर ली है। शपथ पत्र संख्या- 11AA 219261, दिनांक- 18/10/2025

**मैं,** राम प्यारी देवी सैन्य संख्या- 15344957के रैंक- हवलदार नाम- त्रिपुरारी कुमार की कानूनी रूप से विवाहिता पत्नी हु जो वर्तमान में यूनिट- 62 इंजीनियरिंग रेजिमेंट सी/ओ 56 एपीओ में तैनात है स्थायी पता- गांव- तरैया, पोस्ट- बारा, जिला/तहसील- बांका, राज्य- बिहार, पिन- 813202 घोषणा करती हू कि मैंने अपना नाम राम प्यारी देवी से बदलकर रामप्यारी देवी कर लिया है। शपथ पत्र संख्या- 11AA219260, दिनांक- 18/10/2025

**मैं,** सैन्य संख्या- 17005644H रैंक- नायक नाम- जितेंद्र कुमार यादव वर्तमान में यूनिट- 236 फील्ड वर्कशॉप कंपनी C/o 56 एपीओ में तैनात है स्थायी पता- ग्राम-पीपरपंती, पीपर पट्टी, देवरिया, पीपरपंती, उत्तर प्रदेश, 274001 घोषणा करता हूँ कि मैंने अपनी बेटी का नाम कुमारी प्रज्ञा से बदलकर प्रज्ञा यादव कर दिया है। शपथ पत्र संख्या- 11AA 219263, दिनांक- 18/10/2025

**मैं,** पंढरी सैन्य संख्या- 15582721एच रैंक- लास/नायक नाम- निर्वाण विश्वनाथ पंढरी का पिता हु जो वर्तमान में यूनिट- 118 इंजीनियर रेजिमेंट सी/ओ 56 एपीओ में तैनात है स्थायी पता- गांव- लाखनी, पोस्ट; लाखनी, तहसील- लाखनी, जिला- भंडारा, राज्य- महाराष्ट्र- 441804 घोषणा करता हू कि मैंने अपना नाम पंढरी से बदलकर पंढरी चिंतामणजी निर्वाण कर लिया है। शपथ पत्र संख्या-11AA219265, दिनांक- 18/10/2025

**मैं,** निर्वाण शेवंता पंढरी, सैन्य संख्या- 15582721एच रैंक- लास/नायक नाम- निर्वाण विश्वनाथ पंढरी की मां हूं जो वर्तमान में यूनिट- 118 इंजीनियरिंग रजिमेंट सी/ओ 56 एपीओ में तैनात है स्थायी पता- गांव- लाखनी, पोस्ट- लाखनी, तहसील- लाखनी, जिला- भंडारा, राज्य- महाराष्ट्र- 441804 घोषणा करता हूं कि मैंने अपना नाम निर्वाण शेवंता पंढरी से बदलकर सूमन पंढरी निर्वाण कर लिया है। शपथ पत्र संख्या- 11AA 219264, दिनांक- 18/10/2025
एपी-5143

**मैं,** पूजा कटारिया पत्नी नितिन मल्होत्रा निवासी हाउस नम्बर E 35 रेलवे रोड निलोखेड़ी करनाल ब्यान करती हूँ कि मैंने अपना पुराना नाम पूजा कटारिया से बदल कर पूजा मल्होत्रा रख लिया है। भविष्य में मुझे अब नए नाम पूजा मल्होत्रा के नाम से जाना जाय।
एपी-5144

**मैं,** प्रदीप पुत्र चांद राम, गांव धर्म खेड़ी तहसील बास जिला हिसार का स्थाई निवासी हूं। मैंने अपना नाम प्रदीप से बदलकर प्रदीप कुमार रख लिया है।
एपी-5145

**मैं,** मेहर गिरधर पुत्र श्री सुशील गिरधर, निवासी मकान नंबर 150, गली नंबर 3, बाबा दीप सिंह नगर, ढांडरा रोड, बसंत एवेन्यू, लुधियाना, घोषणा करता हूं कि कुछ दस्तावेजों में मेरे पिता का नाम सुशील कुमार गिरधर लिखा है, जबकि उनका सही नाम सुशील गिरधर है और दोनों नाम मेरे पिता के हैं।
एपी-5146

I, No JC433890Y Sub Gurdeep Singh S/o Sohna Singh R/o VPO Ubha Tehsil Distt Mansa Declare That In My Service Record My Wife Name is Wrongly Written As Simarjit Kaur But His Correct Name is Simarjeet Kaur. Please Correct it.
एपी-5148

**मैं,** कीर्ति रानी पुत्री श्री राज कुमार निवासी 7827, सुखपुरा, बेरी बाग, सहारनपुर, उत्तर प्रदेश 247001 ने मेरे नाबालिग बेटे का नाम वैभव से बदलकर वैभव वर्मा रख दिया है।
एपी-5151

### बेदखली वापसी

मनकि जवन्तरी पत्नी विधवा रण सिंह निवासी बसातियाँवाला तहसील व्यासपुर जिला यमुनानगर यह बयान करती हूँ की मेरा लड़का मेजर सिंह मेरे कहने सुनने से बाहर है। इसलिए मैं अपने पुत्र मेजर सिंह को अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल करती हूँ। आज के बाद मेरा या मेरे परिवार का इसके साथ कोई भी तालुक वास्ता नहीं है, और ना ही भविष्य में होगा। इसके साथ लेनदेन करने वाला खुद जिम्मेदार होगा। सभी संबंधित नोट करे।
एपी-5142

हम, भारत भूषण अरोड़ा पुत्र श्री हुकम चंद और वीना अरोड़ा पत्नी श्री भारत भूषण अरोड़ा, दोनों मकान संख्या 435, विक्रम मार्ग के पास, सुभाष कॉलोनी, करनाल (ग्रामीण) (भाग) (1), करनाल, हरियाणा -132001 के निवासी हैं घोषणा करते हैं कि हमारा पुत्र सिद्धार्थ, उसकी पत्नी कृति अरोड़ा और उनकी पुत्री सिया अरोड़ा हमारे कहने सुनने से बाहर हैं। हम अपने पुत्र, उसकी पत्नी और उनकी पुत्री को अपनी चल-अचल संपत्ति से अलग करते हैं। जो भी उनके साथ कोई भी लेन-देन करता है तो वह अपनी कानूनी/अवैध लेन देन के लिए स्वयं जिम्मेदार होगा। हमारा और हमारे परिवार का इनसे कोई लेना-देना नहीं होगा।
एपी-5143

**मैं,** दुलारी देवी पत्नी सोम नाथ गांव हलालपुर तहसील लाडवा जिला कुरुक्षेत्र ब्यान करती हूं कि मेरा पुत्र अमित मेरे कहने सुनने से बाहर है व बुरी संगत का शिकार है परिवार का कहना नहीं मानता और जिसने परिवार से खिलाफ जाकर अपनी मर्जी से अंजिल से शादी प्रेम विवाह किया है इसीलिए मैं अपने पुत्र अमित व पुत्रवधू अंजलि को अपनी चल अंचल संपत्ति से बेदखल करती हूं भविष्य में दोनो से लेनदेन करने वाला स्वयं जिम्मेदार होगा मेरी व मेरे परिवार की कोई भी जिम्मेदारी नहीं होगी।
एपी-5147

मनके श्री सुरेश कुमार पुत्र श्री नफे सिह निवासी ढाकल रोड, नजदीक गोल्डन बैली स्कूल नरवाना तह0 नरवाना जिला जीन्द ब्यान करता हूँ मेरा पुत्र मोहित पत्नी मनीषा दोनों ही मेरे कहे से बाहर है इसको अपनी चल अचल सम्पति से बेदखल करता हूँ। इस से लेन देन करने वाला खुद जिम्मेवार होगा।
एपी-5149

**मैं,** बबली विधवा पत्नी श्री मन्नी निवासी गांव डाढ़ौला, पानीपत तहसील बापौली व जिला पानीपत ब्यान करती हूं कि मेरा सगा लड़का सन्नी हमारे कहने सुनने से बाहर हैं। इसलिए मैं इसको अपनी चल अचल संपति से बेदखल करती हूं।भविष्य में इसके साथ लेन देने व अन्य व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।
एपी-5150

**मैं,** कुलदीप पुत्र सूरजमल निवासी गांव सेरधा, उप तहसील राजौंद, तहसील व जिला कैथल ने अपने पुत्र साहिल को अपनी तमाम चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। वह मेरे कहने सुनने से बाहर है। अपने अच्छे बुरे कार्यों और लेन-देन के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार का अब उससे कोई वास्ता ना है।
एपी-

### खोया-पाया

**मैं,** श्याम लाल पुत्र मुरारी लाल निवासी म.न. 192 न्यू अनाज मंडी, गोहाना जिला सोनीपत घोषणा करता हूं कि मेरी मूल रजिस्ट्री संख्या 3511 दिनांक 21.11.2016 और कन्वेयंस डीड संख्या 5090 दिनांक 01.01.2008 दिनांक 25.09.2025 को गोहाना शहर में खो गई है। जिसके बारे में गोहाना सिटी पुलिस स्टेशन में एक डीडीआर नंबर 132390352501746 भी दर्ज किया गया है। उपरोक्त दस्तावेज किसी भी मिला हो कृपया उपरोक्त पते पर संपर्क करें।
एपी-5145

अर्थ प्रकाश
समाचार पत्र में अपना विज्ञापन
लेकर अपने व्यापार को लाभांवित करें

### आवश्यक सूचना

अर्थ प्रकाश (हाउस ऑफ प्रिंट एंड डिजिटल मीडिया) का इस समाचार पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/ क्लासीफाइड) के तथ्यों संबंधी कोई दायित्व नहीं है। हमारा समाचार पत्र इनको सत्यापित नहीं करता है। किसी भी प्रकार के विज्ञापनों में पाठकों से विनती है कि वह कोई भी प्रतिक्रिया करने से पहले, विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पूर्व तथ्यों की स्वयं पुष्टि कर लें। यह समाचार पत्र उपरोक्त किसी भी विज्ञापन के प्रति उत्तरदायी नहीं होगा।

## दीपों का पर्व दिलों को भी रोशन करने का संदेश देता है : जितेन्द्र पाल मल्होत्रा

**चंडीगढ़।** दीपावली का पर्व केवल घरों को रोशन करने का नहीं, बल्कि दिलों में प्रकाश फैलाने और समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करने का प्रतीक है। इसी भावना के साथ आज प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र पाल मल्होत्रा की अध्यक्षता में भारतीय जनता पार्टी, चंडीगढ़ की टीम ने ब्लाइंड इंस्टीट्यूट, चंडीगढ़ का दौरा किया। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष दविंदर सिंह बबला, स्टेट महामंत्री रामबीर भट्टी, संजीव राणा, मंडल अध्यक्ष वरिंदर जेडी सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। भाजपा टीम ने संस्थान के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों द्वारा निर्मित सुंदर मोमबत्तियाँ खरीदीं। ये मोमबत्तियाँ न केवल दीपावली के अवसर पर घरों में उजाला फैलाने का माध्यम हैं, बल्कि इन विशेष विद्यार्थियों के हुनर, आत्मनिर्भरता और जीवटता का प्रतीक भी हैं।

कार्यक्रम के दौरान प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र पाल मल्होत्रा ने बच्चों से आत्मीय संवाद किया और उन्हें म्यूज़िकल इक्विपमेंट्स (संगीत उपकरण) भी भेंट किए। उन्होंने कहा कि इन बच्चों की रचनात्मकता और जिजीविषा वास्तव में प्रेरणादायक है।

# रात 8 से 10 बजे तक चला सकेंगे सिर्फ ग्रीन पटाखे

## डीसीपी ने त्योहारो में सुरक्षा को लेकर पंचकूला पुलिस अलर्ट, बढ़ाई चौकसी, हर कोने में पेट्रोलिंग के दिए निर्देश

साइलेंस जोन, अस्पताल, स्कूल, अदालत और धार्मिक स्थानों से 100 मीटर के दायरे में पटाखों का प्रयोग निषिद्ध

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला, 18 अक्तूबर।** दिवाली की रात वायु और ध्वनि प्रदूषण ना हो इसके लिए 2 घंटे रात 8 से 10 बजे तक ही सिर्फ ग्रीन पटाखों की बिक्री और चलाने की अनुमति रहेगी। पुलिस कमिश्नर शिवास कविराज के मार्गदर्शन में डीसीपी पंचकूला सृष्टि गुप्ता ने दीपावाली समेत अन्य त्योहारों के मद्देनजर आमजन की सुरक्षा, पर्यावरण की सुरक्षा, सार्वजनिक संपत्ति की सुरक्षा और शांति बनाए रखने के लिए जिले में पटाखो और आतिशबाजी के उपयोग पर सीमित नियम लागू करने के साथ-साथ जिला में सुरक्षा भी बढ़ा दी है।

डीसीपी पंचकूला सृष्टि गुप्ता ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के अंतर्गत, जिले में त्योहारों के अवसर पर पटाखों और आतिशबाजी के प्रयोग पर सख्त नियम लागू किए है। निर्धारित आदेश के अनुसार, केवल ग्रीन क्रैकर का इस्तेमाल 20 और 21 अक्टूबर को रात 8 बजे से 10 बजे तक ही होगा।

**साइलेंस जोन, अस्पताल, स्कूल, अदालत और धार्मिक स्थानों के नजदीक पटाखों का प्रयोग निषिद्ध**

डीसीपी के अनुसार सुरक्षा और सार्वजनिक व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए, आदेश के तहत साइलेंस जोन, अस्पताल, स्कूल, अदालत और धार्मिक स्थानों से 100 मीटर के दायरे में पटाखों का प्रयोग निषिद्ध है। साथ ही, ऐसे पटाखों का निर्माण, बिक्री और उपयोग जिनकी आवाज़ सीमा 125 स्त्रक्क(एआई) या 145 स्त्रक्क(सी) श्चद्ग से अधिक है, पूरी



### इन पटाखों पर लगा प्रतिबंध

इसके अतिरिक्त, लड़ी (सीरीज़) वाले पटाखों और बारीयम साल्ट युक्त पटाखों का निर्माण, बिक्री और उपयोग पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। किसी भी वाहन, दुकान या स्टॉल पर अस्थायी लाइसेंस धारक केवल जिला उपायुक्त द्वारा निर्धारित क्षेत्र में ही पटाखों की बिक्री कर सकते हैं। स्थायी लाइसेंस बिना पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय की अनुमति के जारी नहीं किया

### पटाखों का धुआं यमलोक तक जा पहुंचा...



**पंचकूला।** थिएटर आर्टस चंडीगढ़ के कलाकारों ने डिपार्टमेंट ऑफ इन्वायरमेंट यू टी चंडीगढ़ के सहयोग से नुक्कड़ नाटक दीप दिवाली स्वच्छ दिवाली के मंचन सेक्टर 15 पपटेल मार्किट,सेक्टर 23,सेक्टर 22,मार्केट, सेक्टर 34 मार्केट तथा सेक्टर 35 मार्केट में किए गए। नाटकों का लेखन व निर्देशन राजीव मेहता ने किया। नाटक में दिखाया गया कि दशहरे के बाद पटाखे और पराली के लागातार जलने से सारा धुआं यमलोक पहुंच जाता है जिसके कारण महाराज यमराज को अस्थमा और सांस की बीमारी हो जाती है। चित्रगुप उन्हें बताते है कि यह पृथ्वी लोक पर लगातार प्रदूषण बढ़ने के कारण हो रहा है।महाराज क्रोधित हो जाते है और वो चित्रगुप्त को फौरन धरती पर चलने का आदेश देते है ।धरती पर आकर वह देखते है कि लोग अनजाने मे पटाखों और पराली जलाने के कारण कई प्रकार की बीमारियों जैसे अस्थमा, डेंगू, चिकनगुनिया के शिकार होने कारण मर रहे है।तब यमराज उन्हें समझाते है कि व्यर्थ में इतने ज्यादा पटाखे मत चलाओ, अगर चलाने ही है तो इको फ्रेंडली पटाखे चलाओ। नाटकों द्वारा लोगों को यह संदेश दिया गया कि इस बार दिवाली हर घर दीप जला कर मनाएं और यह प्रयत्न करें कि दिवाली के दिन अपने घर पड़ोस शहर की पूरी सफाई का ध्यान रखें, ताकि प्रदूषण और गंदगी

## यूथ रेड क्रॉस ने चलाया एच आई वी एड्स एवं नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान



अर्थ प्रकाश सांवददत्ता

**पंचकूला।** राजकीय महाविद्यालय पंचकूला की यूथ रेड क्रॉस इकाई ने प्राचार्या डॉ शैलजा छाबड़ा के मार्गदर्शन में एच आई वी एड्स और नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान की शुरुआत की। इस अभियान के संदर्भ में पोस्टर , स्लोगन , भाषण, और निबंध लेखन प्रतियोगिताएं आयोजित की गई, जिनमें रेड क्रॉस वॉलंटियर्स ने बढ़ चढ़कर भाग लिया।

कार्यक्रम संयोजक काउंसलर डॉ राकेश पाठक ने वर्ष भर में रेड क्रॉस द्वारा की जाने वाली गतिविधियों के बारे में सभी को जानकारी दी। साथ ही एच आई वी एड्स और नशे के खिलाफ यूथ रेड क्रॉस द्वारा किए जा रहे प्रयासों से प्राचार्या महोदया को अवगत कराया। महाविद्यालय प्राचार्या तथा यूथ रेड क्रॉस चेयरपर्सन डॉ शैलजा छाबड़ा ने अपने संबोधन में रेड क्रॉस वॉलंटियर्स को दीपावली सुरक्षित और पर्यावरण के अनुकूल मनाने, महाविद्यालय की कक्षाओं में नियमित रूप से उपस्थित रहने, तथा समाज सेवा के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर पोस्टर, स्लोगन, निबंध लेखन और भाषण प्रतियोगिताओं में विजेताओं को पुरस्कार भी वितरित किए गए। कार्यक्रम के द्वितीय भाग में डॉ राकेश पाठक ने दीपावली प्रदूषण रहित मनाने के लिए सभी को शपथ भी दिलाई। इस अवसर पर दुर्गेश, उमेश, माही गोयल, गगनदीप, गौरव, साहिल, निखिल, महेश, सत्येंद्र, अंकुश, प्रिंस, अमित, सहित अनेक स्वयं सेवकों ने अपनी महत्वपूर्ण भागीदारी निभाई।

## माइनिंग कंपनियों से बकाया नहीं वसूल सका नगर निगम, कांग्रेस पार्षदों में रोष, माइनिंग अभी भी जारी

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला।** नगर निगम के मेयर कुलभूषण गोयल और कमिश्नर आरके सिंह की घोषणाओं के बावजूद, खनन कंपनियों ने न तो लंबे समय से बकाया शुल्क का भुगतान किया और न ही आज समय सीमा समाप्त होने के बावजूद काम रोका। कार्रवाई तो दूर, एक सप्ताह से भी ज़्यादा समय बीत जाने के बावजूद निगम ने इन एजेंसियों को कोई नोटिस तक नहीं दिया। यह भी तय हुआ था कि शुक्रवार को सभी दलों के पार्षदों का एक प्रतिनिधिमंडल अधिकारियों के साथ मिलकर साइट का निरीक्षण करेगा। यह भी एक घोषणा ही साबित हुई। बीती 6 अक्टूबर को हुई पिछली सदन की बैठक में मेयर गोयल ने निर्देश दिया था कि सभी एजेंसियां ??नगर निगम की पूरी बकाया राशि तीन दिनों के भीतर जमा करा दें। ऐसा न करने पर उसी दिन काम रोक दिया जाएगा। कमिश्नर ने इसके लिए छह दिन का समय मांगा था। हालांकि, एक सप्ताह बीत चुका है और इस दिशा में कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

हालांकि मेयर का कहना है कि अधिकारियों को कार्रवाई शुरू करनी थी। कमिश्नर के मुताबिक हमें उचित प्रक्रिया का पालन करना होगा। हम मामले का आकलन कर रहे हैं, जिसके बाद हम वसूली के लिए नोटिस जारी करेंगे।

भाजपा के नेतृत्व वाली नगर निगम पर निशाना साधते हुए, कांग्रेस पार्षद ने रोष व्यक्त किया है। पार्षद सलीम दबकौरी ने आरोप लगाया है कि उनके वार्ड के अलीपुर, नागल, जालौली, कोट, दबकौरी और सुखदर्शनपुर गांवों में अवैध खनन बड़े पैमाने पर हो रहा है। सरकार को अनुमति देने का अधिकार है, लेकिन मुआवजा नगर निगम को देना होगा। करोड़ों रुपये का शुल्क चुकाना तो दूर, जिन कंपनियों को खनन के लिए 1 से 3 मीटर ज़मीन दी गई थी, उन्होंने 100-150 फीट ज़मीन खोद डाली है। इस अवैध काम के कारण पहले एक पुल गिर गया था और इसकी सुध लेने वाला कोई नहीं है। इतने सालों में, नगर निगम को राजस्व का नुकसान होने के बावजूद, वसूली करने की ज़हमत नहीं उठाई। वे आपस में मिले हुए हैं। न तो कोई यहां आया और न ही कोई नोटिस जारी किया गया।

# पनीर के लिए सैंपल, सफाई और स्वच्छता रखने के दिए निर्देश

एसडीएम ने मिठाई की दुकानों पर जाकर खाद्य पदार्थों का निरीक्षण किया

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**पंचकूला।** एसडीएम चंद्रकांत कटारिया में आज सेक्टर 2 स्थित गुरु नानक स्वीट्स का खाद्य पदार्थो का निरीक्षण किया। उनके साथ फूड सेफ्टी ऑफिसर डाक्टर आजाद ने पनीर के सैंपल लिए इसके उपरांत श्री कटारिया ने सेक्टर 11 में सिंधी स्वीट्स और अनुपम स्वीट्स का दौरा किया और सफाई स्वच्छता का निरीक्षण किया और ज्यादा साफ सफाई के निर्देश दिए। इसके बाद एसडीएम ने

सेक्टर 9 गोपाल स्वीट्स और अनुपम स्वीट्स का निरीक्षण किया और उन्होंने किचन में जाकर सफाई व्यवस्था की भी जांच की। इसके बाद श्री कटारिया ने खाद्य पदार्थो की एक्सपायरी डेट की भी जांच की और मिठाईयां की दुकानों में मालिकों को दुकानों में सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के को कहा। उन्होंने कहा कि स्वच्छता की कमी से बीमारियाँ फैलने का खतरा बना रहता है, इसलिए मिठाई और खाद्य दुकानों में साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए। एसडीएम ने मार्केट में निरीक्षण के दौरान दुकानदारों द्वारा अपने बूथों के बाहर उत्पाद रखकर किए जा रहे अतिक्रमण करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी, क्योंकि इससे न केवल आमजन को असुविधा होती है बल्कि ट्रैफिक जाम की समस्या भी उत्पन्न होती है। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे बाजारों से अवैध अतिक्रमण को प्राथमिकता के आधार पर हटवाएं।

इस अवसर पर उनके साथ संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

### दीपावली पर्व के मद्देनजर अतिक्रमण बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा : सतपाल शर्मा



**पंचकूला।** दीपावली पर्व के मद्देनजर अतिक्रमण बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और यदि कोई भी दुकानदार खाद्य सामग्रियों को बिना मैन्युफैक्चरिंग व एक्सपायरी डेट के बेचते हुए पाया गया तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। ये निर्देश शनिवार को उपायुक्त सतपाल शर्मा ने पंचकूला व्यापार मंडल के साथ हुई बैठक में दिया। व्यापार मंडल के प्रधान अनिल थापर के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल उपायुक्त कैंप कार्यालय सेक्टर 1 पर उपायुक्त से मिला। अनिल थापर ने व्यापार मंडल की तरफ से उपायुक्त को आश्वासन दिया कि सभी दुकानदारों द्वारा नियमों की पालना की जाएगी और प्रशासन को पूरा सहयोग किया जाएगा। उपायुक्त ने जिला के नागरिकों से भी आह्वान किया कि वे खाद्य पदार्थ खरीदते समय उसकी गुणवत्ता, मैन्युफैक्चरिंग और एक्सपायरी डेट की जांच अवश्य करें। उन्होंने कहा कि स्वच्छता की कमी बीमारियां फैलने का खतरा बना रहता है, इसलिए मिठाई और खाद्य दुकानों में साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए।

## न्यूज ब्रीफ

### मनोहर लाल से मिले मेयर ने की कई मुद्दों पर चर्चा

**पंचकूला 18 अक्तूबर।** पंचकूला के महापौर कुलभूषण गोयल ने केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल से मुलाकात कर उन्हें दीपावली की शुभकामनाएं दीं। इस सौजन्य भेंट के दौरान दोनों नेताओं के बीच विभिन्न राजनीतिक मुद्दों पर चर्चा हुई। महापौर गोयल ने पंचकूला में हाल के वर्षों में हुए विकास कार्यों की जानकारी दी और शहर के बुनियादी ढांचे को और सुदृढ़ करने के सुझाव साझा किए। मनोहर लाल ने पंचकूला में किए जा रहे कार्यों की सराहना की और जनता की भलाई के लिए निरंतर प्रयास करने का आह्वान किया। बैठक के दौरान आगामी चुनावों पर भी विचार-विमर्श हुआ, जिसमें संगठनात्मक मजबूती और जनसंपर्क बढ़ाने पर जोर दिया गया। केंद्रीय मंत्री ने पंचकूला वासियों सहित सभी नागरिकों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं दीं और समाज में शांति, समृद्धि व सद्भाव की कामना की।



### कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न की रोकथाम हेतु समिति का गठन अनिवार्य : डॉ सविता नेहरा

**पंचकूला।** जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग, पंचकूला, डॉ सविता नेहरा ने बताया कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय, नई दिल्ली के आदेशों के अनुपालन में कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध एवं निवारण) अधिनियम, 2013 के अंतर्गत सभी सरकारी एवं निजी संस्थानों, कार्यालयों, फैक्ट्रियों, कंपनियों, विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में आंतरिक शिकायत समिति का गठन किया जाना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि उक्त अधिनियम के तहत यह भी प्रावधान है कि यदि कोई संस्थान समिति का गठन नहीं करता या अधिनियम के अन्य प्रावधानों का उल्लंघन करता है, तो उस पर 50,000 रुपये तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि सभी संबंधित सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थानों, विद्यालयों, महाविद्यालयों, कंपनियों एवं फैक्ट्रियों को निर्देश जारी कर दिए गए हैं कि वे अधिनियम, 2013 के प्रावधानों का पालन करते हुए अपनी आंतरिक शिकायत समिति का गठन कर 28 अक्टूबर, 2025 तक रिपोर्ट प्रस्तुत करें। रिपोर्ट जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग, पंचकूला कमरा नं. 26, प्रथम तल, लघु सचिवालय (नई बिल्डिंग), सेक्टर -1, पंचकूला या ई-मेल के माध्यम से भेजी जा सकती है। उन्होंने यह भी कहा कि सभी संस्थानों को यह सुनिश्चित करना होगा कि उनकी आंतरिक शिकायत समिति अधिनियम के अनुरूप प्रभावी रूप से कार्यरत हो।

# पंचकूला में पानी के लो प्रेशर से जूझ रहे लोग

एचएसवीपी को शिकायत कर थक चुके रेजिडेंट्स, नहीं हुआ समस्या का समाधान

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला।** इन दिनों शहर मम्में बनी पानी के लो प्रेशर ने सेक्टर 15 में जल संकट की हालात पैदा कर दिए हैं। लो प्रेशर में ग्राउंड फ्लोर पर भी पानी सप्लाई रुक रुक हो रही है। ऐसे में लोग खासा परेशान हैं और हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण को बार बार शिकायत कर हार चुके हैं। शुक्रवार सुबह और शाम दोनों समय पानी की आपूर्ति बेहद कम होने से शनिवार का दिन फिर से मुश्किल भरा रहा।

भूतल पर, यहां तक कि रसोई के नल और वॉशबेसिन के नलों तक भी पानी का दबाव नहीं था। सेक्टर 15, पंचकूला के निवासी, दोनों समय आपूर्ति घंटों में 4-4 घंटे पानी की आपूर्ति से वंचित हैं। रेजिडेंट्स को भूतल पर भी दोनों समय मुश्किल से एक-एक घंटे पानी भी नहीं मिल रहा है, जबकि पहली और दूसरी मंजिल के निवासी बेहद मुश्किल में हैं।

सिटीजन वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष एसके नैय्यर ने बताया कि एचएसवीपी अधिकारियों ने सेक्टर निवासियों की समस्याओं को महसूस करने के लिए कभी भी कुछ नहीं सोचा,।

सेक्टर 6/7/8/9 आदि जैसे अन्य-सेक्टरों के तीनों मंजिलों तक बराबर पानी की आपूर्ति की आवश्यकता है ताकि दोनों समय कम से कम 4 घंटे पूर्ण दबाव के साथ पूर्ण जलापूर्ति हो सके। यह जानकारी विभाग के जेई, एसडीओ, ऐक्सिएन, अधिक्षक अभियंता, मुख्य अभियंता एवं प्रशासक ऐचएसवीपी को आगामी त्वरित कार्रवाई हेतु भेज दी गई है।।

### बार बार समस्या समस्या फिरभी बरकरार

शनिवार को रेजिडेंट यूके गुप्ता ने बताया कि पानी का प्रेशर बहुत कम आ रहा है, जबकि बार-बार फीडबैक देने के बाद भी समस्या का स्थायी समाधान नहीं हुआ। पहली मंज़िल तक पानी नहीं पहुँचता। हर बार शिकायत के बाद 2-3 दिन के लिए स्थिति सुधरती है और फिर वही समस्या दोबारा शुरू हो जाती है। ऐसा लगता है कि इस मुद्दे को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा। उन्होंने एचएसवीपी से पूछा कि रेजिडेंट्स को और कितने दिन इस परेशानी को झेलना पड़ेगा या क्या अब यही हमारी स्थायी स्थिति बन गई है?

### बिजली की मोटर खरीदने पर हुए मजबूर

एसके नैयर समेत अन्य रेजिडेंट्स ने बताया कि अभी तो एकमात्र विकल्प बिजली खर्च करके मोटर चलाकर पानी टंकी में भरना ही रह गया है, जबकि बिजली की लागत भी आजकल बहुत ज़्यादा है। लगता है अधिकारी हमारे कष्ट को समझने के बजाय हमें सज़ा दे रहे हैं, जबकि गलती हमारी नहीं है। इस विषय पर चुप रहना समाधान नहीं है।

## सरकारी मॉडल स्कूल में दिवाली मेले का आयोजन, बच्चों में उत्साह

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** सरकारी माडल स्कूल, सेक्टर-25 में शुक्रवार को दिवाली मेले का आयोजन किया गया। मेरी उड़ान वेलफेयर फाउंडेशन चंडीगढ़ की टीम को भी आमंत्रित किया गया।

प्रधानाध्यापक राजिंदर सिंह ने बताया कि छात्रों ने दिवाली मेले में पूरे उत्साह और उल्लास के साथ भाग लिया। उन्होंने स्कूल की उपलब्धियों के बारे में विस्तृत जानकारी साझा की और कहा कि यह फाउंडेशन स्कूल के निरंतर सुधार में भागीदार रहेगा। फाउंडेशन की अध्यक्ष मोना घारू ने मेरी उड़ान की टीम के साथ स्कूल के बारे में अपने विचार साझा किए और बताया कि स्कूल हर संभव प्रयास कर रहा है और संगठन छात्रों की हर संभव मदद के लिए तत्पर रहेगा।



## प्रशासन ने राज्य स्तरीय महिला उपलब्धि पुरस्कार के लिए आवेदन किए आमंत्रित

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला।** जिला प्रशासन की ओर से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा राज्य स्तरीय पुरस्कारों के लिए विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने वाली महिलाओं से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। कार्यक्रम अधिकारी सविता नेहरा ने बताया कि इन पुरस्कारों में इंदिरा गांधी महिला शक्ति पुरस्कार, कल्पना चावला शौर्य पुरस्कार, बहिन शन्नो देवी पंचायती राज पुरस्कार, आजीवन उपलब्धि पुरस्कार, समाजसेवी पुरस्कार तथा महिला उद्यमी पुरस्कार शामिल हैं। उन्होंने बताया कि इन पुरस्कारों का उद्देश्य विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित करना है, ताकि वे महिलाओं की भावी पीढ़ी के लिए प्रेरणास्त्रोत बन सकें। यह पहल समाज में महिलाओं की बहुमुखी भूमिका को स्वीकारने और उन्हें प्रोत्साहित करने की दिशा में समाज की सोच में सकारात्मक परिवर्तन लाने में सहायक सिद्ध होगी। सविता नेहरा ने बताया कि इंदिरा गांधी महिला शक्ति पुरस्कार में 1.50 लाख रुपये नकद और एक प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाता है। कल्पना चावला शौर्य पुरस्कार तथा बहिन शन्नो देवी पंचायती राज पुरस्कार में 1.00 लाख रुपये नकद और एक प्रशस्ति पत्र दिया जाता है। आजीवन उपलब्धि पुरस्कार में 51,000 रुपये नकद, एक प्रशस्ति पत्र और एक शॉल प्रदान किए जाते हैं। सामाजिक कार्यकर्ता पुरस्कार और महिला उद्यमी पुरस्कार में 21,000 रुपये नकद, एक प्रशस्ति पत्र और एक शॉल दिया जाता है। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि महिला हरियाणा की निवासी होनी चाहिए।

# बद्दी से बदायूं जा ही बस इंपाउंड, 49500 का चालान काटा

## ट्रैफिक नियमों का उल्लंन करने वालों पर सख्ती बरती रही पुलिस

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला।** त्योहारों को देखते हुए सड़क सुरक्षा और आमजन की जान-माल की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए पंचकूला पुलिस ने जिले में बसों का सघन चैकिंग अभियान शुरू किया है।

सूरजपुर ट्रैफिक एसएचओ अभिषेक की टीम ने शनिवार को बद्दी से बदायूं (उत्तर प्रदेश) जा रही एक प्राइवेट बस को रोककर विस्तृत जांच की। जांच के दौरान पाया गया कि बस में यात्रियों के लिए अनिवार्य सुरक्षा प्रावधान व वाहन के बीमा, फिटनेस, परमिट और रूट-पास के दस्तावेज भी मौके पर प्रस्तुत नहीं किए गए। यात्री सुरक्षा के साथ इस प्रकार की गंभीर लापरवाही और यातायात नियमों का खुला उल्लंघन पाए जाने पर बस के खिलाफ 49,500 रुपये का चालान जारी किया गया तथा वाहन को वहीं पर इंपाउंड कर लिया गया।

डीसीपी ट्रैफिक का कहना है कि त्योहारी सीजन में भीड़-भाड़ और यात्रा बढ़ने के कारण हादसों की आशंका बढ़ जाती है, इसलिए बिना सुरक्षा के किसी भी वाहन को यात्रियों को ढोने की अनुमति नहीं दी जाएगी। चैकिंग टीमों द्वारा इंटर-स्टेट रूट्स सहित संवेदनशील मार्गों पर रैंडम नाकाबंदी और औचक जांच आगे भी लगातार जारी रहेगी। ट्रैफिक पुलिस ने वाहन मालिकों, ऑपरेटरों और ड्राइवरों को आगाह किया है कि नियमों का उल्लंघन करते पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।



त्योहारों में खुशी और सुरक्षा दोनों समान रूप से आवश्यक हैं। यात्रियों को लेकर चलने वाले हर वाहन पर हमारी कड़ी नज़र है। सुरक्षा मानकों और वैध कागजों के बिना कोई भी बस सड़क पर नहीं चलेगी। यात्री सुरक्षा के मसले पर हम किसी भी तरह की ढिलाई या समझौता स्वीकार नहीं करेंगे।

*मनप्रीत सिंह सूदन*
*डीसीपी अपराध/ट्रैफिक*

# दिवाली पर ट्राईसिटी में जबरदस्त रौनक मगर ट्रैफिक ने बढ़ाई मुसीबत

## बाजारों में हालत पैर रखने की जगह नहीं बची, सडक़ों पर रेंग रहा ट्रैफिक

पंचकूला पुलिस 18 से 22 अक्टूबर तक पूरी तरह अलर्ट मोड पर

अर्थ प्रकाश आदित्य शर्मा

**चंडीगढ़, 18 अक्तूबर।** इस बार दिवाली पर ट्राईसिटी में जबरदस्त रौनक है। लोग स्वदेशी उत्पादों की खूब बिक्री हो रही है। बाजारों में इस बार दिवाली की रौनक कुछ अलग है। दुकानों में खरीदारों की भीड़ है। गलियों और पार्किंग में ट्रैफिक बढ़ गया है और हर तरफ उत्साह का माहौल है।

वहीं छोटे कस्बों से लेकर शहरों तक हर जगह लोग जमकर खरीदारी कर रहे हैं।

व्यापारियों के मुताबिक इस बार त्योहारी सीजन बीते कई सालों की तुलना में 'यादा चमकदार साबित हो रहा है। चंडीगढ़ के सेक्टर 17, 22, 18, 19, बुड़ैल, मनीमाजरा, पंचकूला के सेक्टर 7, 9, 11, 15 और सेक्टर 20 में पांव रखने तक की जगह नहीं है। यही हालात मोहाली में भी देखे जा सकते हैं। मोहाली से चंडीगढ़ या पंचकूला तक पहुंचने में लोगों को डेढ़ घंटे का समय लग रहा है।

टाउन मार्किट्स में भी लोगों का उत्साह देखने लायक है। कई दुकानों में तो सामान खत्म होने की नौबत आ चुकी है। ट्रैफिक रेंग रेंग कर चल रहा है। बाजारों में हालत यह है कि पैर रखने की जगह नहीं बची है।

दोपहिया वाहनों का जमावड़ा बड़ी गाडिय़ों की पार्किंग में रूकावट बन गया है। ऐसे में ट्रैफिक पुलिस सुबह से शाम तक ट्रैफिक को सूचारू करने में व्यस्त है। बाजारों की हालत यह है कि शाम होते होते बाजार में खरीदारी पूरे शुमार है। व्यापारियों का मानना है कि मोदी के वोकल फॉर लोकल अपील ने इस बार दीवाली के कारोबार में नई जान डाल दी है।



### त्योहारी सीजन में पंचकूला पुलिस अलर्ट

डीसीपी सृष्टि गुप्ता के अनुसार, त्योहारों के मद्देनजर, पंचकूला पुलिस 18 से 22 अक्टूबर तक पूरी तरह अलर्ट मोड पर रहेगी। सभी एसीपी, थाना प्रभारी और चौकी इंचार्ज को अपने क्षेत्रों में नाकाबंदी कर वाहनों और संदिग्ध व्यक्तियों की जांच करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही, भीड़भाड़ वाले बाजार, धर्मस्थल, होटल, ढाबे, रेस्टोरेंट और धर्मशालाओं में पेट्रोलिंग बढ़ाई गई है। डीसीपी सृष्टि गुप्ता ने स्पष्ट किया कि किसी भी सार्वजनिक स्थान पर शराब या नशे का सेवन करने वाले व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। आमजन से अपील की गई है कि यदि कोई लावारिस वस्तु या संदिग्ध गतिविधि दिखाई दे तो तुरंत 112 या नजदीकी थाना/चौकी को सूचित करें। उन्होंने कहा कि हमारे सभी प्रयास आमजन की सुरक्षा और त्योहारों के दौरान शांतिपूर्ण वातावरण सुनिश्चित करने के लिए हैं। नियमों का पालन और जागरूकता हर व्यक्ति की जिम्मेदारी है।





दीवाली त्यौहार के मद्देनजर रेलवे स्टेशन चंडीगढ़ पर जीआरपी, आरपीएफ ने चलाया स्पेशल चेकिंग अभियान। **फोटो अजीत कौशल**

### रेलवे स्टेशन पर चौकसी बढ़ी

शनिवार को जीआरपी और आरपीएफ की ओर से दिवाली पर सुरक्षा के दृष्टिगत एक विशेष अभियान चलाया गया। अभियान में पुलिस के दस्तों ने रेलवे स्टेशन के टिकट काउंटरों के नजदीक, मेटल डिटेक्टरों, वेटिंग रूम और प्लेट फार्मों पर चेकिंग की। हर यात्री पर गहनता से नजर रखी जा रही है। जीआरपी के अधिकारियों का कहना है कि रेल गाडिय़ों में विस्फोटक सामग्री की गहनता के साथ जांच की जा रही है। वहीं संदिग्ध वस्तु अथवा व्यक्ति के बारे में पता लगाया जा रहा है। पार्किंग में आने वाले वाहनों के साथ साथ यात्रियों के सामान की भी चेकिंग की जा रही है। रेलवे स्टेशन की चंडीगढ़ और पंचकूला एंट्रेंस पर भी चेकिंग की जा रही है।

### मोहाली में दिवाली फायरवर्क शो ने मचाई धूम

**मोहाली।** ट्राईसिटी के लोगों ने शनिवार शाम मोहाली के एचएलपी गलेरिया में अब तक का सबसे भव्य दिवाली फायरवर्क शो देखा। शनिवार शाम शुरू हुआ यह नज़ारा कुछ ही मिनटों में आसमान को रंगीन रोशनी और चमकदार पटाखों से जगमगा गया। संगीत की मधुर धुनों और आतिशबाज़ी के शानदार संयोजन ने हर दर्शक को मंत्रमुग्ध कर दिया। आयोजन का आकर्षक पैमाना और चमकदार रोशनी के दृश्य ने हजारों की भीड़ को मंत्रमुग्ध कर दिया। आयोजकों के अनुसार, इस वर्ष का फायरवर्क शो पिछले आयोजनों से कहीं बड़ा और भव्य था, जिसने मोहाली में दिवाली का उत्सव और यादगार बना दिया। जैसे ही आसमान में रंग बिखरे, मोहाली में खुशियों की चमक हर चेहरे पर नजर आई – सचमुच, यह दिवाली ट्राईसिटी के लिए अविस्मरणीय बन गई।

# अरुण सूद ने सेक्टर 43 में पटाखों के स्टॉल्स का शुभारंभ किया

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 18 अक्तूबर।** पूर्व महापौर एवं वरिष्ठ भाजपा नेता अरुण सूद ने आज सुबह सेक्टर 43 में पटाखों के स्टॉल्स का शुभारंभ किया। अरुण सूद ने शहर में दीपावली के अवसर पर लगाए जाने वाले पटाखों के स्टॉल्स की समय पर मंजूरी दिलाने के लिए पटाखा विक्रेताओं की प्रशासन के विभिन्न अधिकारियों के साथ बैठकें करवाई थीं। आज उन्हें पटाखा विक्रेताओं ने इन स्टॉल्स के शुभारंभ के लिए विशेष तौर पर आमंत्रित किया था। इस समय पर डिप्टी मेयर जसबीर बंटी व एरिया पार्षद प्रेमलता के साथ साथ चण्डीगढ़ क्रैकर्स डीलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष दीपक महाजन एवं समाजसेवी विक्रम चोपड़ा, राजेश राय, योगेश कुमार, संजय गर्ग, विनोद चौधरी, राजू तिवारी एवं राजेश गोयल आदि भी मौजूद रहे। सभी ने अरुण सूद को उनके प्रयासों के लिए हार्दिक आभार जताया।



# डीसीपी ने समृति परेड रिहर्सल का निरीक्षण किया, तैयारियों का जायजा लिया

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला, 18 अक्तूबर।** राज्य स्तरीय पुलिस शहीदी दिवस हरियाणा के पंचकूला में 21 अक्टूबर को पुलिस लाइन में सुबह 8 बजे मनाया जाएगा। इस अवसर पर हरियाणा के नवनियुक्त डीजीपी ओ.पी. सिंह समेत पुलिस के अन्य वरिष्ठ अधिकारी अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। शहीदी दिवस के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।



इससे पहले आज डीसीपी सृष्टि गुप्ता ने समृति परेड की रिहर्सल का निरीक्षण किया और तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान डीसीपी क्राइम मनप्रीत सिंह सूदन, एसीपी और अन्य रैंक के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

पुलिस शहीदी दिवस के अवसर पर पूरे प्रदेश में ड्यूटी के दौरान शहीद हुए पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि दी जाएगी। प्रदेश के सभी जिलों में पुलिस लाइन में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे और शहीदों को याद कर उन्हें सम्मानित किया जाएगा। इतिहास में दर्ज है कि 21 अक्टूबर 1959 को लद्दाख के होट स्प्रिंग इलाके में उप-पुलिस अधीक्षक कर्म सिंह और उनके 20 सिपाहियों पर चीनी सेना ने हमला किया था। इस हमले में 10 पुलिस जवान शहीद हुए थे। तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने उनके अदम्य साहस और बलिदान को सम्मान देते हुए 21 अक्टूबर को भारतीय पुलिस बल शहीदी दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की थी। तब से हर साल यह दिवस मनाया जाता है और पुलिस व पैरामिल्ट्री के शहीद जवानों को याद कर उनसे प्रेरणा ली जाती है।

| | |
|---|---|
| ▲ अधिकतम | 30 डिग्री से. |
| ▼ न्यूनतम | 19 डिग्री से. |
| सूर्योदय | 6.28 बजे |
| सूर्यास्त | 5.48 बजे |
| सोना 24 कैरेट | 1,31,010.00 |
| सेंसेक्स | 83,952.19 |
| अमेरिका | 87.95 |
| कैनेडियन | 62.68 |
| आस्ट्रेलिया | 56.75 |

## न्यूज ब्रीफ

### अर्जुन आजाद के शतक के बावजूद गोवा ने की शानदार जीत

**चंडीगढ़ (अप्रस)।** ओपनिंग बैटर अर्जुन आजाद के 141 रनों के शानदार प्रदर्शन के बावजूद चंडीगढ़ ने अपनी रणजी ट्रॉफी की शुरुआती मुकाबले में मेजबान गोवा के खिलाफ बड़ी हार का सामना करना पड़ है। यह मुकाबला शनिवार को गोवा क्रिकेट एसोसिएशन अकादमी, पोरवोरिम में खेला गया। चंडीगढ़ ने अपनी दूसरी पारी 159/3 से शुरू किया, तब अर्जुन आजाद ने 216 गेंदों में 16 चौकों की मदद से लंबी पारी खेलकर टीम को संघर्ष की राह दिखाई। भागमेन्द्र लठैड (38) और अंकित कौशिक (82) ने 153 रनों की साझेदारी कर टीम को कुछ उम्मीद जगाई।। निचले क्रम से नाबाद मयंक सिद्धू (33) और बाकी बल्लेबाजों ने भी योगदान दिया, लेकिन लगातार विकेट गिरने से चंडीगढ़ पूरी टीम 354 रनों पर ऑल आउट हो गई और उन्हें एक पारी और 75 रन की हार का सामना करना पड़ा। पहली पारी में गोवा ने 556 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया था, जबकि चंडीगढ़ की पहली पारी केवल 137 रनों पर सिमट गई थी।

# रिटायर्ड आईएएस गुरदेव सिंह दोबारा चुने गए सिक्ख एजुकेशनल सोसाइटी के अध्यक्ष

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 18 अक्टूबर।** गुरदेव सिंह, आईएएस (सेवानिवृत्त) को सिक्ख एजुकेशनल सोसाइटी (एसईएस) की आम सभा की बैठक में सर्वसम्मति से अगले 5 वर्षों के लिए पुनः अध्यक्ष चुना गया। यह बैठक गुरु गोबिंद सिंह कॉलेज फॉर वीमेन, सेक्टर-26 में आयोजित हुई। वे वर्ष 2004 से इस प्रतिष्ठित संस्था का नेतृत्व कर रहे हैं। उनके नेतृत्व में सोसाइटी, जिसमें चंडीगढ़ और पंजाब में आठ शैक्षणिक संस्थान शामिल हैं, ने शिक्षा, धर्म, संस्कृति, साहित्य और खेलों के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। सभी सदस्यों द्वारा उन पर दोबारा भरोसा जताने के लिए आभार व्यक्त करते हुए, गुरदेव सिंह ने आश्वासन दिया कि वे उसी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य जारी रखेंगे ताकि सिक्ख एजुकेशनल सोसाइटी को और ऊँचाइयों पर पहुँचाया जा सके। जनरल हाउस द्वारा प्रदान किए गए अधिकारों का उपयोग करते हुए, अध्यक्ष ने कर्नल (सेवानिवृत्त) जस्मेर सिंह बाला, जो पिछले तीन दशकों से सोसाइटी में विभिन्न भूमिकाओं में सेवा दे रहे हैं, को पुनः सचिव नामित किया। डॉ. बीरेंद्र कौर और एडवोकेट करणदीप सिंह चीमा को क्रमशः उपाध्यक्ष और संयुक्त सचिव के रूप में पुनर्नियुक्त किया गया।





वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए, सचिव कर्नल जस्मेर सिंह बाला ने बताया कि सोसाइटी द्वारा संचालित सभी शैक्षणिक संस्थान निरंतर प्रगति कर रहे हैं।

आगामी वर्ष के लिए उन्होंने जो बजट प्रस्तुत किया, उसे आम सभा ने सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की। उन्होंने कहा कि सभी संस्थानों की वित्तीय स्थिति संतोषजनक है और किसी पर भी कोई महत्वपूर्ण देनदारी नहीं है।

इस अवसर पर सोसाइटी के कई वरिष्ठ सदस्यों – जिनमें गुरु नानक देव विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. करमजीत सिंह, बाबा भग सिंह विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. धरमजीत सिंह, प्रसिद्ध अर्थशास्त्री डॉ. एस. एस. जोहल, पूर्व एसजीपीसी अध्यक्ष गोबिंद सिंह लोंगोवाल, कर्नल (सेवानिवृत्त) एस. एस. मान, डॉ. जी. एस. ढिल्लों, डॉ. उज्जागर सिंह धालीवाल और डॉ. जसपाल सिंह रंधावा ने इस बात पर जोर दिया कि सिक्ख एजुकेशनल सोसाइटी के शैक्षणिक संस्थान नई ऊँचाइयाँ छू रहे हैं। उन्होंने इस प्रगति का श्रेय गुरदेव सिंह के सक्षम नेतृत्व और कर्नल (सेवानिवृत्त) जस्मेर सिंह बाला की प्रभावी योजना को दिया।

# ज़ीरकपुर पुलिस को बड़ी सफलता, बस स्टैंड के सामने फायरिंग मामले में दो गिरफ्तार

पुलिस ने दोनों आरोपियों अदालत में पेश कर लिया तीन दिन का रिमांड

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा

**जीरकपुर, 18 अक्तूबर।** जीरकपुर में बीती 28 और 29 सितंब2025 की दरमियानी रात को बस स्टैंड के सामने अज्ञात बदमाशों के बीच हुए खूनी संघर्ष में ताबड़तोड़ फायरिंग हुई, जिसमें गुरविंदर सिंह नाम के शख्स के सिर में गोली लगी है। गुरविंदर की हालत नाजुक बनी हुई है और वह अस्पताल में जिंदगी और मौत की जंग लड़ रहा है। पुलिस ने इस मामले में दो ओर युवकों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने शिकायतकर्ता जतिंदर सिंह के बयान के आधार पर मुकेश कुमार, शिवम तिवारी, प्रिंस और 4-5 अज्ञात लोगों को नामजद किया गया था।



### 3 दिन का रिमांड मिला, और खुलासे की उम्मीद

पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार करने के बाद अदालत में पेश किया, जहां से उन्हें तीन दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। ज़ीरकपुर पुलिस का कहना है कि रिमांड के दौरान आरोपियों से पूछताछ कर गोली चलाने की वजह, इस्तेमाल किए गए हथियार और बाकी फरार आरोपियों की जानकारी जुटाई जाएगी।

पुलिस ने सबसे पहले 30 सितंबर को आरोपी मुकेश को गिरफ्तार किया था। अब 15 अक्टूबर 2025 को, पुलिस ने इस मामले में दो को गिरफ्तार किया है। इनकी पहचान प्रिंस उर्फ शौकत अली (19), निवासी बिहार हाल सिंहपुरा और विकास उर्फ दुबे (21), निवासी यू.पी. हाल लोहगढ़ के रूप में हुई है।

# अस्थायी स्टाल की पर्चियां मिलने पर भी मार्केटों में नहीं दी जा रही जगह

## एमसी के स्थायी वेंडर, अस्थायी स्टाल लगाने ही नहीं दे रहे

अर्थ प्रकाश/वीरेंद्र सिंह

**चंडीगढ़, 18 अक्तूबर।** दीवाली से पहले 3 दिन अस्थायी स्टाल को नगर निगम से पर्ची कटने के बाद ऑनलाइन मंजूरी मिल रही है। पर्ची मिलने के उपरांत जब स्टाल लगाने वाले मार्केट पहुंच रहे हैं, वहां इनसे वहां के वेंडर और दुकानदार स्टाल लगाने ही नहीं रहे हैं। इस मामले में विवाद हो गया है।

सेक्टर 17, 19, 23, 22 जैसी कई मार्केटों में इस प्रकार की बातें हो रही हैं। सेक्टर 15 में अस्थाई स्टाल की मंजूरी के बाद लगाने की तैयारी करने पहुंचे लोगों को वेंडरों ने स्टाल नहीं लगाने दिया। अस्थायी स्टाल लगाने वालों का कहना है कि जब नगर निगम ने उन्हें ऐसा करने की मंजूरी दे दी है, तो उन्हें स्टाल लगाने क्यों नहीं दिया जा रहा है। जवाब में कहा जाता है कि इस प्रकार की मंजूरी कई बार मिल चुकी है। किंतु उसका उपयोग करने का रास्ता अवरुद्ध कर दिया गया है। अधिकारियों को उन्हें जगह दिलानी चाहिए। मंजूरी 3 दिन की मिली है। स्टाल नहीं लगा पाये तो एक दिन का नुकसान होगा। 'आइएम चंडीगढ़ एप' पर अस्थायी स्टाल की मंजूरी दी जा रही है।



कुछ स्थानों पर ही होगी अनुमति

सेक्टर 17 (प्लाजा को छोड़कर) और 22 में सिर्फ निर्धारित स्थानों पर ही स्टाल लगाने की अनुमति होगी। स्टाल लगाने की मंजूरी देने में ही व्यक्त एमसी

बता दें कि नगर निगम केवल अस्थायी स्टाल की मंजूरी देने में लगा है। स्टाल लग कहां रहा है, या लग भी पा रहा है या नहीं, यह कोई भी नहीं देख रहा। यही कारण है कि फुटपाथ और पार्किंग में भी ऐसे स्टाल लग चुके हैं। सैक्टर 19, 22, 15 में कई जगह फुटपाथ स्टाल से भरे पड़े हैं। इस दुविधा भरी स्थिति में स्थायी वेंडर और अस्थाई स्टाल लगाने वाले लोग आपस में उलझ रहे हैं। नगर निगम के अधिकारियों को इस तरफ ध्यान देना चाहिए।

# साइबर क्राइम पुलिस ने करोड़ों रुपए की वित्तीय धोखाधड़ी का मामला सुलझाया, दो काबू

पकड़े गए आरोपियो के कब्जे से दो मोबाइल फोन बरामद

अर्थ प्रकाश/रंजीत शम्मी

**चंडीगढ़, 18 अक्तूबर।** यूटी पुलिस के थाना साइबर क्राइम पुलिस ने करोड़ों रुपए की वित्तीय धोखाधड़ी के मामले को सुलझाते हुए दो शातिर आरोपियो को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियो की पहचान 37 वर्षीय राज कुमार पांडे,और 27 वर्षीय दीपेश मकुवाना के रूप में हुई है।

जानकारी के अनुसार चंडीगढ की रहने वाली पीड़िता महिला ने पुलिस को बताया था कि आरोपियों ने उनके साथ 2.87 करोड़ की ठगी की है। आरोपियों ने टटोल सिक्योरिटीज. नेट/आईएनएक्स अकाउंट नाम से एक फर्जी ऑनलाइन ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म संचालित किया था।उन्होंने खुद को वित्तीय विशेषज्ञ बताकर, सेबी,आरबीआई और अन्य प्राधिकरणों के नामों का दुरुपयोग करके पीड़ितों को फंसाया और यूसीआई/आईपीओ योजनाओं की आड़ में बड़े निवेश के लिए प्रेरित किया।





पुलिस जांच से पता चला कि आरोपी इंदौर, मध्य प्रदेश से काम कर रहे थे।और धोखाधड़ी से प्राप्त धन को इकट्ठा करने के लिए विभिन्न शहरों में कई बैंक खातों का उपयोग कर रहे थे। वित्तीय लेनदेन, व्हाट्सएप संचार और अन्य तकनीकी साक्ष्यों के विश्लेषण से इंदौर में उनके संचालन की पुष्टि हुई। संदिग्धों को पकड़ने,आपत्तिजनक दस्तावेज़ों और डिजिटल उपकरणों को जब्त करने और लाभार्थी के बैंक खाते का विवरण सुरक्षित करने के लिए, पुलिस ने आगे की जाँच कार्रवाई शुरू की।

वरिष्ठ अधिकारियों से उचित प्राधिकरण और निगरानी के बाद,13/अक्तूबर/2025 को नागझिरी, उज्जैन, मध्य प्रदेश में छापा मारा गया। कार्रवाई के दौरान, राज कुमार पांडे और दीपेश मकुवाना को गिरफ्तार किया गया।आरोपियों के पास से दो मोबाइल फोन बरामद किए गए। राज कुमार पांडे के सैमसंग गैलेक्सी जो उनके भंडान बैंक खाते से जुड़ा था। उक्त अपराध में इस्तेमाल किया गया और लगभग 20 लाख की ठगी की गई धनराशि प्राप्त हुई। साक्ष्यों से पता चला कि ठगी की गई धनराशि प्राप्त करने वाले लेनदेन किए गए थे। जाँच जारी है।और बरामद मोबाइल फोन का पता लगाने और विश्लेषण का काम चल रहा है। वित्तीय निशानदेही का विश्लेषण और लाभार्थी के खाते के विवरण की पहचान का काम जारी है।

# ब्रह्मोस दुनिया में देश की रक्षा करने का सबसे सक्षम हथियार: योगी आदित्यनाथ

अर्थ प्रकाश/विजय कुमार निगम

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में शनिवार को आत्मनिर्भर भारत का एक नया अध्याय लिखा गया, जब ब्रह्मोस एयरोस्पेस लिमिटेड की लखनऊ इकाई में उत्पादित सुपरसोनिक ब्रह्मोस मिसाइलों के पहले बैच का फ्लैग ऑफ केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया। भारत माता की जय' के जयघोष के बीच जब मिसाइलों का पहला जत्था रवाना हुआ तो समारोह गर्व, गौरव और देशभक्ति से गूंज उठा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि ब्रह्मोस केवल भारत की नहीं, बल्कि पूरी दुनिया में अपने मित्र देशों की रक्षा करने का सबसे सक्षम हथियार है। उन्होंने कहा कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के प्रयास से ब्रह्मोस लखनऊ में विकसित हुआ है, जो देश की खुशहाली का माध्यम बना है। जब व्यक्ति सुरक्षित रहता है, तभी चैन की नींद सोता है। लखनऊ में बनी मिसाइल पूरे देशवासियों की सुरक्षा और समृद्धि की गारंटी है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि लखनऊ में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मेक इन इंडिया' संकल्प को साकार करने का यह क्षण प्रफुल्लित करने वाला है। उन्होंने कहा कि यह मिसाइल न केवल भारत की सुरक्षा सुनिश्चित करती है, बल्कि दुनिया में अपने मित्र देशों की रक्षा करने का सबसे सक्षम हथियार भी है। ब्रह्मोस के माध्यम से भारत अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति के साथ-साथ मित्र राष्ट्रों की सुरक्षा जरूरतों को भी पूरा करने में सक्षम हो गया है। इसके लिए मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं।

मुख्यमंत्री योगी ने 2018 के पहले इन्वेस्टर्स समिट का जिक्र करते हुए कहा कि लखनऊ में ही प्रधानमंत्री ने दो डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग कॉरिडोर की घोषणा की थी, जिसमें से एक उत्तर प्रदेश को मिला। उत्तर प्रदेश के लखनऊ, कानपुर, आगरा, अलीगढ़, झांसी और चित्रकूट के 6 नोड्स में डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग कॉरिडोर के कार्य सफलतापूर्वक आगे बढ़ रहे हैं। लखनऊ में ब्रह्मोस, झांसी में भारत डायनामिक्स लिमिटेड (बीडीएल) और अमेठी में एके-203 जैसे प्रोजेक्ट चल रहे हैं। अब तक 2,500 एकड़ से अधिक लैंड








इन 6 नोड्स में उपलब्ध कराई गई है, जिससे 15,000 से अधिक नौजवानों को नौकरियां मिली हैं।

उन्होंने कहा कि ब्रह्मोस केंद्र में आईटीआई, पॉलिटेक्निक और इंजीनियरिंग डिग्रीधारक युवा काम कर रहे हैं, जो देश की सुरक्षा और रोजगार दोनों की पूर्ति कर रहे हैं। यह आत्मनिर्भर भारत की आधारशिला है। सीएम योगी ने बताया कि राज्य सरकार आईआईटी कानपुर और आईआईटी बीएचयू के साथ मिलकर दो 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' स्थापित कर रही है, जिससे डिफेंस टेक्नोलॉजी और इनोवेशन को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि यह लखनऊ की भूमि अब राष्ट्र रक्षा, उद्योग, रोजगार और विकास के चारों आयामों को एक साथ साध रही है। यही उत्तर प्रदेश के बदलते चेहरे और आत्मनिर्भर भारत की पहचान है।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि आज डीजी ब्रह्मोस ने 40 करोड़ का जीएसटी चेक सौंपा है। हर वर्ष 100 ब्रह्मोस मिसाइल बनेंगी, जो बढ़कर 150 तक पहुंचेंगी, तो 150-200 करोड़ जीएसटी मिलेगा। यह %आम के आम और गुठली के दाम% जैसा है। लखनऊ की लैंड अब सोना उगल रही है। यह देश की सुरक्षा की पूर्ति कर रही है और प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूत बना रही है। उन्होंने आवश्यकता पड़ने पर डीआरडीओ को और लैंड उपलब्ध कराने का आश्वासन भी दिया।


मुख्यमंत्री योगी ने झांसी में 56,000 एकड़ के नए इंडस्ट्रियल कॉरिडोर का जिक्र किया और कहा कि चित्रकूट में एक्सप्रेस-वे पर नोड विकसित हो रहा है। आईआईटी कानपुर और बीएचयू के साथ दो सेंटर ऑफ एक्सीलेंस पर काम चल रहा है। उन्होंने मेक इन इंडिया को मेक फॉर द वर्ल्ड बनाने का संकल्प दोहराया। उन्होंने कहा कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के प्रयास से ब्रह्मोस लखनऊ में विकसित हुआ है, जो देश की खुशहाली को वितरित करने का माध्यम बना है। जब व्यक्ति सुरक्षित रहता है, तभी चैन की नींद सोता है। लखनऊ में बनी मिसाइल पूरे देशवासियों की सुरक्षा और समृद्धि की गारंटी है।

### फ्लैग ऑफ सेरेमनी के साथ विभिन्न कार्यक्रमों का हुआ

कार्यक्रम के दौरान रक्षा मंत्री और मुख्यमंत्री ने बूस्टर भवन का उद्घाटन भी किया, जो ब्रह्मोस प्रोजेक्ट की क्षमता विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। साथ ही दोनों ने बूस्टर डॉकिंग प्रक्रिया का प्रदर्शन भी देखा। इसी क्रम में एयरफ्रेम और एवियोनिक्स, वारहेड भवन में पीडीआई (प्री डिस्पैच इंस्पेक्शन) तथा ब्रह्मोस सिम्युलेटर उपकरणों का प्रेजेंटेशन भी दिखाया गया। इसके अलावा रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने परिसर में ही रुद्राक्ष के पौधे का वृक्षारोपण भी किया। इस दौरान स्टोरेज ट्रॉली प्रदर्शन और मोबाइल ऑटोनमस लॉन्चर का प्रदर्शन भी हुआ। कार्यक्रम के दौरान डीजी (ब्रह्मोस) डॉ. जयतीर्थ आर. जोशी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को एक चेक और जीएसटी बिल सौंपा।

# आस्था व विश्वास से ही बना संघ दुनिया का सबसे बड़ा संगठन: राजनाथ सिंह

अर्थ प्रकाश नेटवर्क



**लखनऊ।** दीपावली के मौके पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) लखनऊ महानगर द्वारा आयोजित कार्यकर्ता परिवार मिलन कार्यक्रम में देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ आज आस्था और विश्वास की ताकत से दुनिया का सबसे बड़ा संगठन बन चुका है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि मैं यहां प्रवेश करते हुए सोच रहा था कि किसी ने सोचा भी नहीं होगा कि शताब्दी वर्ष में संघ दुनिया का सबसे बड़ा संगठन बन जाएगा। भगवा रंग ही इसके प्रेरणा का प्रतीक है। मैं कभी-कभी सोचता हूं कि इतना बड़ा संगठन कैसे बना होगा। आस्था व विश्वास में बड़ी ताकत होती है। अगर गणित की समस्या आस्था व विश्वास के आधार पर हल हो सकती है तो मानव जीवन की समस्या इसके आधार पर कैसे सम्भव नहीं है? पूजनीय डॉ. हेडगेवार ने भगवा को ही अपना प्रेरणा स्रोत क्यों माना? क्योंकि शायद वे किसी व्यक्ति की प्रसिद्धि नहीं चाहते थे। उन्होंने कहा कि भारत सरकार ने संघ की शताब्दी यात्रा पर डाक टिकट व सिक्का जारी किया है। जब एक स्वयंसेवक ऐसे पदों पर होगा तो परिणाम ऐसे सुखद ही आएंगे। जब हम विदेश के दौरे पर जाते हैं और वहां संघ की विशालता की चर्चा होती है तो हम बताते हैं कि मैं रक्षा मंत्री बाद में पहले संघ का स्वयंसेवक हूं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि संघ के द्वारा आयोजित इस दीपोत्सव परिवार मिलन के आयोजकों का हृदय से आभार व धन्यवाद देता हूं। उत्सव धीरे-धीरे परिवार तक ही सीमित होते जा रहे थे। हमारे इतिहास या युग विशेष को नई दिशा देने वाली घटनाओं को प्रतीक के रूप में हम आज पर्व रूप में मनाते हैं। पर्व व त्योहार तो हम सदैव मनाते रहते हैं, लेकिन यह परिवार मिलन दुर्लभ है। हमने ईद मिलन के कार्यक्रम तो देखे थे, लेकिन दीपावली मिलन पहली बार देख रहा हूं।

# बस्तर अब लाल आतंक से मुक्त होकर विकास के मार्ग पर सरपट दौड़ने को तैयार: शर्मा

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

रायपुर। छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा, जिनके पास गृह विभाग का प्रभार भी है, ने दण्डकारण्य के 210 माओवादियों द्वारा किए गए समर्पण को लेकर हर्ष जाहिर करते हुए इसे बस्तर के लोगों के विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बताया है। उन्होंने कहा कि बस्तर अब लाल आतंक से मुक्त होकर विकास के मार्ग पर सरपट दौड़ने को तैयार है। यह बस्तर के लोगों के लिए सुखद समय है, जिसकी उन्होंने कई वर्षों से अपेक्षा की थी।

श्री शर्मा ने बस्तर में पूना मारगेम - पुनर्वास से पुनर्जीवन कार्यक्रम के दौरान ये बातें कहीं। उन्होंने कहा कि उनका यह सपना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के आह्वाहन पर राज्य में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में एक व्यापक नक्सल उन्मूलन नीति बनाकर पूरा किया जा रहा है। यह नीति क्षेत्र में स्थायी शांति लाने विश्वास, सुरक्षा और विकास की दिशा में बस्तर की नई सुबह का संकेत है।

जिस प्रकार लगातार नक्सली संगठन से जुड़े युवा मुख्यधारा में आकर पुनर्वास की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं, यह केवल केंद्र सरकार या राज्य सरकार की जीत नहीं बल्कि लोगों की भी जीत है। बस्तर के लोग वर्षों से लाल आतंक से मुक्त होना चाहते थे, जिस दिशा में सरकार बनते ही व्यापक रणनीति तैयार की गई, जिसमें सुरक्षा बलों के साथ स्थानीय प्रशासन, सामाजिक संगठनों और सजग नागरिकों को जोड़कर हिंसा की संस्कृति को संवाद और विकास की संस्कृति में परिवर्तित करते हुए शासन द्वारा सशस्त्र नक्सलवाद को 31 मार्च 2026 तक खत्म करने का संकल्प किया गया था।

जिस दिशा में आगे बढ़ते हुए सर्वप्रथम नक्सल पीड़ित क्षेत्र में कैंपों की स्थापना कर वहां विकास के कार्य तीव्र गति से नियद नेल्लानार योजना के तहत किये गए। जिसके द्वारा यहां सड़कों, आवास, पेयजल, बिजली, पीडीएस द्वारा राशन, चिकित्सा सुविधाओं आदि का विकास किया गया। इसके पश्चात शासन द्वारा पुनर्वास नीति का निर्माण किया गया ताकि मुख्यधारा से भटके युवा हिंसा का मार्ग छोड़कर वापस मुख्यधारा में जुड़ सकें, क्योंकि सभी हमारी जनता हैं और उन्हें यदि कोई समस्या है तो उसका समाधान लोकतांत्रिक तरीकों से किया जा सकता है, भय और आतंक से किसी का भला नहीं हो सकता। इसके साथ ही इलवद ग्राम योजना, लोन वर्राटू योजना और पीएम जनमन योजना से भी इन क्षेत्रों का विकास शासन द्वारा सुनिश्चित किया गया है।

इसके साथ ही दुर्गम इलाकों में जहां नक्सलवाद ने अपनी गहरी जड़ें जमा रखी थी उन्हें खत्म करने के लिए डीआरजी के जवानों, पुलिस बल, बस्तर फाइटर, सशस्त्र बलों और अन्य संस्थाओं ने मिलकर कार्य किया गया। जिसमें उन्हें डीआरडीओ, एनटीआरओ, इसरो, आईटीबीपी टेक्निकल दल का भी सहयोग प्राप्त हुआ है। जिससे हमें प्रतिदिन नई सफलता प्राप्त हुई है। इसके साथ ही माओवादी संगठन से जुड़े लोगों से संपर्क कर उन्हें समझाइश भी दी गयी। इसी का परिणाम है कि 17 अक्टूबर को बस्तर में माओवादियों द्वारा बड़ी संख्या में पुनर्वास कर नए जीवन की ओर आगे बढ़ने के लिए कदम बढ़ाया है। इसमें नक्सल संगठन के शीर्ष नेता से लेकर नीचे तक के लोग शामिल थे।

# कटने के पहले ही सोयाबीन के नुकसान का पैसा पहुंचा खातों में: यादव

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने आज कहा कि सोयाबीन के कटने के पहले ही उसके नुकसान का पैसा किसानों के खातों में पहुंच गया। डॉ यादव यहां स्थित मुख्यमंत्री निवास में आयोजित 'किसान सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हम किसानों के खाते में सीधे पैसे अंतरित कर रहे हैं। सोयाबीन अब कट के आई है, लेकिन उसके पहले ही नुकसान का पैसा किसानों के खातों में पहुंच गया। राज्य सरकार किसानों की भावना का सम्मान कर रही है। उन्होंने कहा कि देश में सबसे ज्यादा गेहूं का दाम अगर कहीं मिला है तो मध्यप्रदेश में मिला। किसानों की बात किसान के परिवार का बेटा ही समझ सकता है। किसान के बच्चे कौन सा काम नहीं कर सकते।

डॉ यादव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी तो पार्टी ही किसान परिवार से है, पूर्व में पार्टी के वरिष्ठ नेता उमा भारती, बाबूलाल गौर और शिवराज सिंह चौहान इसका उदाहरण हैं। उन्होंने विपक्ष पर हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस के लोग प्रदेश में कभी किसी किसान के बेटे को मुख्यमंत्री बनाएंगे, कभी ऐसा सोच ही नहीं सकते। वर्ष 1956 में मध्यप्रदेश का गठन हुआ, लेकिन कांग्रेस ने आज तक एक भी किसान के बेटे को मुख्यमंत्री नहीं बनाया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि किसान धूप, ओला-पाला, सूखा, बाढ सब सहन कर खेत से अन्न उपजा कर सबका पेट भरने का काम करते हैं। किसानों को अब सोलर पंप की लागत का केवल 10 प्रतिशत देना होगा और 90 प्रतिशत अनुदान के साथ किसान को सोलर पंप मिल जाएगा।

# केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने डुमरीखुर्द में लगाई 'ग्राम चौपाल'

## किसानों को खेती व पशुपालन में अपनाने की दी सलाह

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

डुमरीखुर्द/गोरखपुर। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गोरखपुर के ग्राम डुमरीखुर्द में आयोजित 'ग्राम चौपाल' में किसानों, स्वयं सहायता समूह की दीदियों और पंचायत प्रतिनिधियों के साथ संवाद किया। बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे और उन्होंने अपने सुझाव एवं समस्याएं साझा कीं। चौहान ने कहा कि केंद्र सरकार और राज्य सरकार मिलकर उत्पादन बढ़ाने, बेहतर बीज उपलब्ध कराने और लागत घटाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। उन्होंने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत फसल



नुकसान की भरपाई का आश्वासन दिया।

केंद्रीय मंत्री ने किसानों को पशुपालन, मत्स्यपालन, मधुमक्खी पालन और बागवानी अपनाने के लिए प्रेरित किया और सरकारी टीकाकरण योजनाओं की जानकारी साझा की। उन्होंने केंद्र सरकार के दलहन आत्मनिर्भरता मिशन और रबी फसलों की न्यूनतम समर्थन मूल्य वृद्धि के बारे में भी बताया। श्री चौहान ने कहा कि कृषि यंत्रों पर जीएसटी दरों में कटौती (12 प्रतिशत और 18त्न से घटाकर 5 प्रतिशत) से किसानों को सीधे आर्थिक लाभ मिलेगा। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि जनता और सरकार मिलकर काम करें तो व्यापक बदलाव संभव है।

कार्यक्रम के अंत में उन्होंने ग्रामीण विकास और कृषि समृद्धि के लिए सभी से सहयोग एवं भागीदारी की अपील की।

# टीडीपी नकली शराब माफिया को बचा रही है: पूर्व मंत्री पेरनी नानी

अर्थ प्रकाश/बोम्मा रेड्डी

ताडेपल्ली/आंध्र प्रदेश। पूर्व मंत्री पेरनी वेंकटरमैया (नानी) ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू और टीडीपी नेताओं के संरक्षण में आंध्र प्रदेश में नकली और अवैध शराब माफिया तेजी से फल-फूल रहा है। उन्होंने कहा कि यह माफिया बार, बेल्ट शॉप और परमिट रूम के ज़रिए हर दिन करोड़ों रुपये की लूट कर रहा है, जिससे लोगों की जान पर खतरा मंडरा रहा है।

ताडेपल्ली स्थित वाईएसआरसीपी केंद्रीय कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत में पेरनी नानी ने कहा कि टीडीपी सरकार द्वारा फिर से लागू की गई क्यूआर कोड प्रणाली दरअसल पार्टी के वित्तपोषकों द्वारा नियंत्रित नकली शराब धंधे को छिपाने की एक चाल है। उन्होंने बताया कि वाईएसआरसीपी शासनकाल में हर बोतल की ट्रैकिंग के लिए क्यूआर कोड व्यवस्था शुरू की गई थी, लेकिन टीडीपी ने सत्ता में आते ही इसे हटाकर नकली शराब के वितरण को बढ़ावा दिया। नानी ने आरोप लगाया कि मुलकालाचेरुवु और इब्राहिमपट्टनम में तैयार की जा रही नकली शराब को राज्यभर में 1.5 लाख से अधिक अवैध बेल्ट शॉप्स के माध्यम से बेचा जा रहा है। उन्होंने बताया कि राज्य की 3736 शराब दुकानों में परमिट रूम खोलकर अवैध स्टॉक को बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने सवाल उठाया, अगर क्यूआर कोड ही समाधान है, तो बेल्ट शॉप्स और परमिट रूम में कौन स्कैन करेगा? कौन प्रमाणित



करेगा कि वहाँ बिकने वाली खुली शराब असली है या नकली?÷

पेरनी नानी ने टीडीपी नेताओं जयचंद्र रेड्डी, सुरेंद्र नायडू और जनार्दन राव पर नकली शराब माफिया चलाने का आरोप लगाते हुए कहा कि पुख्ता सबूत होने के बावजूद किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि ÷वाईएसआरसीपी कार्यकर्ताओं को सोशल मीडिया पोस्ट के लिए रेड कॉर्नर नोटिस जारी किए जाते हैं, लेकिन शराब माफिया नेताओं को संरक्षण दिया जाता है।

उन्होंने आगे कहा कि टीडीपी अपनी संलिप्तता छिपाने के लिए जोगी रमेश जैसे वाईएसआरसीपी नेताओं को झूठे मामलों में फंसाने की कोशिश कर रही है। उन्होंने पूछा कि जब सैकड़ों करोड़ की नकली शराब जब्त हुई है, तो मुख्य आरोपी जयचंद्र रेड्डी और अन्य के खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस क्यों नहीं जारी किए गए। पूर्व मंत्री ने गठबंधन सरकार की नई बार नीति को लूट तंत्र बताया और कहा कि बार अब सरकार से स्टॉक नहीं खरीद रहे, बल्कि बिना शुल्क चुकाए अवैध शराब बेच रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि आबकारी विभाग और टीडीपी नेताओं के संरक्षण में हर बार से सत्तारूढ़ दल को मासिक रिश्वत दी जा रही है।

उन्होंने मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू को चुनौती दी कि वे राज्यभर के बार स्टॉक की जांच के लिए सभी राजनीतिक दलों और पत्रकारों की भागीदारी वाली एक तथ्य-जांच समिति गठित करें। पेरनी नानी ने सरकार से 99 वाली शराब बिक्री और डिजिटल भुगतान के रिकॉर्ड सार्वजनिक करने की मांग की। उन्होंने कहा कि सरकार का 25त्न डिजिटल लेनदेन का दावा झूठा है। शराब बिक्री का 10त्न भी डिजिटल नहीं है, शेष बेहिसाब नकदी सीधे सत्ता के शीर्ष तक पहुंचती है।

जन सेना प्रमुख पवन कल्याण की चुप्पी पर सवाल उठाते हुए नानी ने कहा पवन पहले वाईएस जगन की शराब नीति के खिलाफ आवाज उठाते थे, अब जब नकली शराब से लोग मर रहे हैं, तब वह मौन क्यों हैं? क्या उनमें चंद्रबाबू से सवाल करने की हिम्मत नहीं है?

अंत में उन्होंने मांग की कि सरकार तत्काल बार, बेल्ट शॉप और परमिट रूम पर छापेमारी, नकली शराब माफिया की गिरफ्तारी, बार नीति रद्द करने और पूरे नेटवर्क की न्यायिक जांच करे। उन्होंने कहा, यह शासन नहीं, बल्कि एक आपराधिक साम्राज्य है। चंद्रबाबू नायडू शराब माफिया के राजनीतिक संरक्षक हैं।

# तमिलनाडु सरकार ने दिवाली के बाद यात्रा को आसान बनाने के लिए 21 को छुट्टी की घोषणा की

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

चेन्नई। तमिलनाडु सरकार ने दिवाली मनाने के बाद अपने गृहनगर से लौटने वाले नागरिकों की सुगम यात्रा की सुविधा के लिए 21 अक्टूबर को राज्य भर के सभी सरकारी कार्यालयों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, स्कूलों और कॉलेजों के लिए विशेष अवकाश की घोषणा की है।

दिवाली 20 अक्टूबर को है और सरकार ने कहा कि एक दिन की छुट्टी छात्रों, शिक्षकों, सरकारी कर्मचारियों और सार्वजनिक क्षेत्र के कर्मचारियों के कल्याण को ध्यान में रखते हुए घोषित की गई है, जो त्यौहार के दौरान अपने मूल स्थानों से यात्रा करेंगे। इस अतिरिक्त अवकाश की भरपाई के लिए, शनिवार, 25 अक्टूबर को सभी सरकारी संस्थानों और शैक्षणिक प्रतिष्ठानों के लिए कार्य दिवस घोषित किया गया है। यह कदम शिक्षक संघों द्वारा दिवाली के अगले दिन छुट्टी की बार-बार की गई अपील के बाद उठाया गया है ताकि छात्रों और कर्मचारियों की परेशानी मुक्त यात्रा सुनिश्चित की जा सके। तमिलनाडु प्राथमिक विद्यालय शिक्षक संघ (टीएनपीएसटीए) ने सरकार से शिक्षकों और छात्रों को अपने मूल जिलों तक लंबी दूरी तय करने में आने वाली समस्याओं पर विचार करने का आग्रह किया था। टीएनपीएसटीए के राज्य अध्यक्ष सी. अरासु ने कहा, दिवाली के लिए, शिक्षक, छात्र और शिक्षा विभाग के अधिकारी सप्ताहांत में अपने गृहनगर जाएंगे और अगले दिन लौटेंगे। परिवहन नेटवर्क बेहद व्यस्त रहने की उम्मीद है। उन्होंने आगे कहा कि लोगों को सुविधानुसार लौटने के लिए प्रमुख त्योहारों के अगले दिन छुट्टी देने की परंपरा लंबे समय से चली आ रही है। एसोसिएशन के बयान में कहा गया है, भीड़ को देखते हुए, 21 अक्टूबर को अवकाश घोषित करने से भीड़भाड़ कम करने में मदद मिलेगी। इसकी भरपाई शनिवार को काम करके की जा सकती है। सरकारी सूत्रों के अनुसार, यह निर्णय विभिन्न विभागों और शिक्षा निकायों के अनुरोधों की समीक्षा के साथ-साथ परिवहन और जिला अधिकारियों से प्राप्त फीडबैक के बाद लिया गया। इस विशेष अवकाश का उद्देश्य त्योहारी सीजन के दौरान तमिलनाडु में यात्रा करने वाले लाखों लोगों की सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित करना है।

# रांची जिला प्रशासन ने दीपावली पर पटाखा सुरक्षा के कड़े निर्देश जारी किए, आपातकालीन स्थिति के लिए फोन नंबर भी जारी

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

रांची। झारखंड की राजधानी रांची में दीपावली के शुभ अवसर पर जिला प्रशासन ने पटाखा विक्रेताओं और आम नागरिकों को आग दुर्घटना और अन्य आपातकालीन स्थिति से बचाने के लिए विस्तृत सुरक्षा निर्देश जारी किए हैं। यह कदम पर्व के दौरान सुरक्षा को सुनिश्चित करने तथा किसी तरह की अप्रिय घटना से बचाव के लिए उठाया गया है।

जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, रांची ने पटाखा विक्रेताओं को विशेष तौर पर कई महत्वपूर्ण नियम पालन करने का आदेश दिया है। प्रशासन ने कहा है कि पटाखों की बिक्री केवल उन स्थानों पर होनी चाहिए जो पहले से प्रशासन द्वारा निर्धारित हों। इसके अलावा, पटाखा बिक्री शुरू करने से पहले अनुमतिपत्र या अनापत्ति प्रमाण पत्र लेना अनिवार्य है। पटाखों का भण्डारण या बिक्री बाजार, सड़क के किनारे, पेट्रोल पंप, गैस के गोदाम तथा भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर सख्ती से निषेध है। इसके अलावा पर्यावरण और स्वास्थ्य के लिए कम हानिकारक पटाखों की ही बिक्री करने का निर्देश दिया गया है।

प्रशासन ने यह भी कहा है कि पटाखों की ध्वनि सीमा 125 डिसीबल से अधिक नहीं होनी चाहिए और नाबालिग बच्चों को इस कार्य में शामिल नहीं किया जाना चाहिए। पटाखा पंडाल की बिजली की वायरिंग प्रशिक्षित और योग्य इलेक्ट्रिशियन से कराई जाए तथा आईएस आई मार्क के कॉपर तार ही इस्तेमाल किए जाएं। पंडाल में ज्वलनशील पदार्थ जैसे डीजल, केरोसीन आदि जमा नहीं करने और बच्चे व अन्य लोगों के लिए प्राथमिक चिकित्सा किट अवश्य उपलब्ध रखने का निर्देश भी दिया गया है। जलने की स्थिति में प्रभावी बचाव के लिए पर्याप्त पानी, बालू और अग्निशमन यंत्र भी पंडाल पर रखना जरूरी होगा। आम नागरिकों के लिए भी विशेष सुरक्षा निर्देश जारी किए गए हैं। प्रशासन ने कहा है कि पटाखे केवल अधिकृत विक्रेता से खरीदें और घर के अंदर पटाखे जलाना पूरी तरह मना है। पटाखा जलाने का समय रात 10 बजे से सुबह 6 बजे के बीच निर्धारित किया गया है। सार्वजनिक स्थानों तथा भीड़-भाड़ वाले इलाकों में पटाखा जलाने से बचना चाहिए। अधिक ध्वनि वाले पटाखों को टिन, कंटेनर या काँच की बोतलों में जलाने से सावधानी बरतें।

# आंध्र प्रदेश में 51 लाख मीट्रिक टन धान की खरीद 27 अक्तूबर से शुरू होगी: नादेंदला मनोहर

बोले — गठबंधन सरकार पारदर्शी तरीके से करेगी अनाज खरीद, किसानों को 48 घंटे में भुगतान सुनिश्खित; राइस मिलर्स से सहयोग का आह्वान

अर्थ प्रकाश/बोम्मा रेड्डी

विजयवाड़ा। राज्य नागरिक आपूर्ति मंत्री नादेंदला मनोहर ने कहा कि आंध्र प्रदेश सरकार ने 2025-26 खरीफ सीजन के लिए 51 लाख मीट्रिक टन धान खरीद का लक्ष्य तय किया है। उन्होंने बताया कि राज्यभर में 27 अक्टूबर से अनाज खरीद प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी।

विजयवाड़ा में आयोजित आंध्र प्रदेश राइस मिलर्स एसोसिएशन की बैठक में मंत्री ने कहा कि गठबंधन सरकार वित्तीय कठिनाइयों के बावजूद पूरी पारदर्शिता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि पिछली सरकार के 1674 करोड़ रुपये के बकाये और 763 करोड़ रुपये मिल मालिकों को देय राशि का भुगतान किया गया है। पिछले वर्ष 34 लाख मीट्रिक टन अनाज की खरीद पूरी की गई थी। मंत्री ने बताया कि इस बार सरकार किसानों से अनाज खरीदने के 24 से 48 घंटे के भीतर भुगतान उनके बैंक खातों में करेगी। इसके अलावा, कागज रहित व्यवस्था लागू की गई है और किसान अब व्हाट्सएप पर 'हाय' भेजकर पंजीकरण करा सकते हैं। उन्होंने कहा कि 1:2 के



अनुपात में बैंक गारंटी की व्यवस्था की जा रही है और इसके लिए 35 बैंक सेवाएँ उपलब्ध कराई जाएंगी। कुछ जिलों में चावल मिलों की कठिनाइयों को देखते हुए रीयल टाइम गवर्नेंस सिस्टम अपनाया जाएगा। मनोहर ने राइस मिलर्स से पीडीएस चावल की तस्करी रोकने में सरकार का सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि किसान और सरकार दोनों की भलाई के लिए सभी को मिलकर कार्य करना चाहिए।

उन्होंने मिलर्स को सलाह दी कि वे पहले से नमी मापने वाली मशीनें, गुणवत्तापूर्ण बारदाने और परिवहन सुविधाएँ तैयार रखें ताकि खरीद प्रक्रिया में किसी तरह की समस्या न आए। इस वर्ष के लिए राज्यभर में 3013 किसान सेवा केंद्र, 2061 पीपीसी अनाज क्रय केंद्र और 10,700 कर्मचारी धान खरीद के लिए तैयार रहेंगे। कार्यक्रम में नागरिक आपूर्ति आयुक्त सौरभ गौड़ ने पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से अनाज खरीद प्रक्रिया की जानकारी दी। वहीं, नागरिक आपूर्ति निगम के उपाध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक दिल्ली राव ने बताया कि पिछले वर्ष की सफल खरीद से सरकार की साख मजबूत हुई है। बैठक में एफसीआई-जीएम विजय कुमार यादव, निदेशक आर. गोविंदा राव, राइस मिलर्स एसोसिएशन अध्यक्ष गुम्माडी वेंकटेश्वर राव, सचिव वल्लूरी सूरी प्रकाश राव, कोषाध्यक्ष रंगैया नायडू और 26 जिलों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

अंत में मंत्री मनोहर ने सभी मिलर्स को दिवाली की अग्रिम शुभकामनाएँ दीं और पारदर्शी कार्यप्रणाली अपनाने की अपील की।

# सनी देओल खुद गाड़ी चलाकर अटारी बॉर्डर पहुंचे, बेटे करण व पुत्रवधू के साथ देखी रिट्रीट सेरेमनी; बीएस जवानों संग खिंचवाई फोटो

5 दिन पहले गोल्डन टेंपल में माथा टेका था

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**अमृतसर, 18 अक्तूबर।** बॉलीवुड एक्टर और पंजाब के गुरदासपुर से पूर्व सांसद सनी देओल शनिवार को खुद गाड़ी चलाकर अटारी बॉर्डर पहुंचे। इस दौरान एक्टर के साथ उनके बेटे करण देओल और पुत्रवधू दृशा देओल भी मौजूद थे।

सनी देओल ने अपने इस सफर की जानकारी सोशल मीडिया के जरिए साझा की। उन्होंने कुछ तस्वीरें और वीडियो पोस्ट किए। इन वीडियो में वह अमृतसर-अटारी रोड पर खुद गाड़ी ड्राइव करते हुए दिखाई दिए।

अटारी बॉर्डर पर पहुंचकर उन्होंने बीएसएफ जवानों से मुलाकात की और रिट्रीट सेरेमनी में हिस्सा लिया। उन्होंने जवानों से मुलाकात की, उनके साथ फोटो खिंचवाए और देश की सुरक्षा में उनके योगदान के लिए धन्यवाद भी दिया। इस मौके पर सनी देओल ने कहा-हमारे देश के सैनिक सीमाओं की रक्षा में जो समर्पण दिखाते हैं, वह हर भारतीय के लिए गर्व की बात है।



13 अक्टूबर को बॉलीवुड एक्टर सनी देओल गोल्डन टेंपल में माथा टेकने पहुंचे थे। इस दौरान उनके साथ उनके बेटे करण देओल और उनकी पत्नी भी मौजूद थीं। माथा टेकने के बाद सनी देओल ने शहर की मशहूर ज्ञानी दी चाय पी और समोसे खाए। इस दौरान उन्होंने मुस्कराते हुए कहा था- ज्ञानी, ज्ञानी की चाय पी रहा।

### अमृतसर में फिल्म लाहौर 1947 की शूटिंग

सनी देओल अपने बेटे करण देओल के साथ अमृतसर में फिल्म लाहौर 1947 की शूटिंग कर रहे हैं। फिल्म लाहौर 1947 असगर वजाहत के चर्चित नाटक %जिने लाहौर नईं देख्या, ओ जम्या ई नईं% पर आधारित है, जो 1947 के भारत-पाकिस्तान विभाजन की पृष्ठभूमि पर बना है।

### प्रीति जिंटा और अभिमन्यु सिंह भी आएंगे नजर

फिल्म को बनाने वाले आमिर खान हैं और इसे निर्देशन राजकुमार संतोषी कर रहे हैं। फिल्म में प्रीति जिंटा और अभिमन्यु सिंह भी दिखाई देंगे। अमृतसर में फिल्म की शूटिंग खालसा कॉलेज, खासा और अटारी रेलवे स्टेशन पर की गई है।

# जालंधर में बॉडी-बिल्डर वरिंदर घुम्मण के नाम बनेगा पार्क

आप नेता का ऐलान, 23 अक्टूबर को उद्घाटन; हार्ट अटैक से गई थी जान

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**जालंधर।** जालंधर में फिट सेंट्रल अभियान के तहत बनाए गए डीसी और पुलिस कमिश्नर रेजिडेंस पार्क का नाम मशहूर शाकाहारी बॉडी बिल्डर वरिंदर सिंह घुम्मन के नाम पर रखा जाएगा। इस पार्क में वॉलीबॉल और बैडमिंटन कोर्ट बनाए गए हैं, जिनका उद्घाटन 23 अक्टूबर को आम आदमी पार्टी के जालंधर सेंट्रल हलका प्रभारी नितिन कोहली करेंगे।

नितिन कोहली ने इस बारे में जानकारी साझा करते हुए कहा कि वरिंदर सिंह घुम्मन का असमय निधन पूरे शहर और खेल जगत के लिए गहरा सदमा था। उनकी याद में शहर में कैंडल मार्च निकाला गया था। उसी दौरान यह निर्णय लिया गया कि घुम्मन की प्रेरणादायक छवि को अमर रखने के लिए रेजिडेंस पार्क को उनके नाम पर समर्पित किया जाए।



कोहली ने कहा कि जल्द ही एक सड़क और एक चौक का नाम भी वरिंदर सिंह घुम्मन के नाम पर रखा जाएगा ताकि आने वाली पीढ़ियां उन्हें याद रख सकें। उन्होंने कहा कि वरिंदर सिंह घुम्मन सिर्फ एक बॉडी बिल्डर नहीं, बल्कि युवाओं के लिए प्रेरणा का प्रतीक थे।

नितिन कोहली ने कहा कि घुम्मण ने यह साबित किया कि शाकाहारी रहकर भी फिटनेस और बॉडी बिल्डिंग में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सफलता हासिल की जा सकती है। कोहली ने कहा कि फिट सेंट्रल अभियान का उद्देश्य युवाओं में खेलों के प्रति रुचि बढ़ाना और शहर में फिटनेस की संस्कृति को प्रोत्साहित करना है।

# लुधियाना में प्रॉपर्टी डीलर पर रोड से हमला कर लूटपाट, 3 नकाबपोश बदमाशों ने छीनी स्विफ्ट कार

अर्थ प्रकाश संवाददाता

लुधियाना। पंजाब के लुधियाना में हंबड़ा रोड पर तीन नकाबपोश बदमाशों ने एक 50 वर्षीय प्रॉपर्टी डीलर को लोहे की रॉड से घायल कर उसकी कार लूट ली। पीड़ित हंबड़ा रोड पर लगी पटाखा मार्केट से पटाखे खरीदकर घर लौट रहा था। घटना से पुलिस में हड़कंप मच गया है, क्योंकि पुलिस ने त्योहारों के मद्देनजर शहर में निगरानी बढ़ाने का दावा किया है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस ने अज्ञात हमलावरों के खिलाफ शिकायत दर्ज कर ली है। न्यू पटेल नगर के शिकायतकर्ता हरि मोहन बिट्टू ने बताया कि वह हंबड़ा रोड पटाखा बाजार से पटाखे खरीदने के बाद अपनी मारुति सुजूकी स्विफ्ट कार में घर लौट रहे थे। रास्ते में वो अपने परिवार के सदस्यों के लिए खाना खरीदने के लिए एक भोजनालय पर रुके। बिट्टू ने बताया कि भोजनालय से निकलने के तुरंत बाद तीन बदमाशों ने उनका रास्ता रोक लिया। उन लोगों के चेहरे कपड़े से ढके हुए थे। आरोपियों ने उसे कार से बाहर निकाला और चाबी छीन ली। विरोध करने पर आरोपियों ने लोहे की रॉड से उस पर हमला कर दिया। आरोपी पटाखे और महत्वपूर्ण दस्तावेजों के साथ कार लेकर फरार हो गए। बदमाशों के जाने के बाद पीड़ित ने पुलिस को शिकायत दर्ज कराई। पीएयू पुलिस स्टेशन के एसएचओ इंस्पेक्टर विजय कुमार ने बताया कि पुलिस आरोपियों का पता लगाने के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। एसएचओ ने कहा कि पुलिस प्रतिद्वंद्विता के कोण से भी जांच कर रही है।

# डीपीएस खन्ना के छात्रों ने दिवाली पर जरूरतमंदों को बांटा सामान

अर्थ प्रकाश/केवल कृष्ण/राजू खन्ना

**खन्ना, 18 अक्तूबर।** दिवाली खुशियाँ और समृद्धि बांटने का पर्व है। इसी भावना को ध्यान में रखते हुए दिल्ली पब्लिक स्कूल, खन्ना ने 16 अक्टूबर 2025 को झुग्गी-झोपड़ियों, आश्रमों और सरकारी स्कूलों के जरूरतमंद विद्यार्थियों के लिए एक दान एवं सेवा अभियान का आयोजन किया। छात्रों ने सहानुभूति और सामुदायिक सेवा के मूल्यों का परिचय देते हुए बढ़-चढ़कर भाग लिया।

इस पहल के तहत, विद्यार्थियों ने अपने घरों से विविध प्रकार की आवश्यक वस्तुएँ – जैसे कपड़े, मिठाइयाँ, साबुन, टूथपेस्ट, स्टेशनरी और किराने का सामान – एकत्रित किया। इन वस्तुओं को खन्ना और आसपास के विभिन्न क्षेत्रों में वितरित किया गया। ग्रीनलैंड होटल के पास झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वाले लोगों



को खाने-पीने की चीजें, मिठाइयां, साबुन, टूथपेस्ट और अन्य आवश्यक सामान बाँटा गया। नगर परिषद खन्ना के पास झुग्गी बस्तियों में बिस्कुट, नमकीन और अन्य खाद्य वस्तुएँ वितरित की गई। खन्ना के आश्रम में कपड़े, मोमबत्तियाँ, स्टेशनरी और किराने का सामान दान किया गया।

राजकीय प्राथमिक विद्यालय, गलवड़ी के विद्यार्थियों को मिठाइयाँ, बिस्कुट, स्टेशनरी और खिलौने प्रदान किए गए। राजकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय, इकोलाही के विद्यार्थियों को स्टेशनरी, बिस्कुट और चॉकलेट बाँटी गई। इस पहल ने विद्यालय के विद्यार्थियों और शिक्षकों दोनों को जरूरतमंदों की खुशी में सहभागी बनने का एक सार्थक अवसर प्रदान किया।

विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. वी. जे. नागेश ने कहा कि इस प्रकार की पहलें न केवल विद्यार्थियों में सामाजिक जिम्मेदारी की भावना जगाती हैं, बल्कि उन्हें सामुदायिक कल्याण और मानवीय मूल्यों की गहरी समझ भी प्रदान करती हैं।

यह अभियान अपने उद्देश्य – 'खुशियाँ बाँटना और जरूरतमंदों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाना' – में पूरी तरह सफल रहा।

# पंजाब रोडवेज बस ने 2 छात्राओं को कुचला, मौके पर मौत, पिता-भाई गंभीर

अर्थ प्रकाश संवाददाता

मानसा। पंजाब के मानसा में शनिवार की सुबह स्कूल जा रहे तीन बच्चों और उनके पिता को पंजाब रोडवेज की बस ने कुचल दिया। हादसे में दो बहनों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पिता और भाई गंभीर रूप से घायल हैं। लोगों ने घायलों को तुरंत इलाज के लिए सरदूलगढ़ के अस्पताल भेजा है, जहां भाई की हालत गंभीर बताई जा रही है। मृतकों की पहचान सीमा रानी (8) और मीना रानी (14) निवासी कस्बा झुनीर, मानसा के रूप में हुई है, जबकि पिता बिंदर राम और भाई जस्सी गंभीर रूप से घायल हैं। परिजनों ने बताया कि पिता और भाई स्कूटी पर बच्चों को छोड़ने जा रहे थे, तभी पीछे से आ रही रोडवेज बस ने टक्कर मार दी। सीमा तीसरी तो मीना सातवीं कक्षा में पढ़ती थी।

उधर, सूचना पर पहुंची पुलिस ने बस को कब्जे में ले लिया है। साथ ही शवों को भी पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। परिवार की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, पिता बिंदर राम दो बेटियों सीमा रानी (8) और मीना (14) और बेटे जस्सी (6) को स्कूल छोड़ने जा रहा था। पीछे से आई पंजाब रोडवेज की बस ने टक्कर मार दी। इससे स्कूटी बेकाबू हो गई। पिता सहित चारों बच्चे सड़क पर जा गिरे। बस की टक्कर लगने से स्कूटी चला रहा पिता दूर जा गिरा, जबकि सीमा, मीना और उसका भाई सड़क पर ही गिर पड़े। बस सीमा और मीना को कुचलती हुई निकल गई, जबकि भाई भी बस की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गया। टक्कर के बाद दूर छिटक कर गिरने से पिता बिंदर राम कुचलने से तो बच गया, लेकिन उसे गंभीर चोटें आई हैं।

# अंडर-15 वूमैन क्रिकेट में होशियारपुर पंजाब में रहा उपविजेता: डा. रमन घई

पूर्व सांसद अविनाश राय खन्ना ने विजेता व उपविजेताओं को दिए



अर्थ प्रकाश/तरसेम दीवाना

**होशियारपुर 18 अक्टूबर।** पंजाब क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा करवाए गए अंतर जिला अंडर-15 वूमैन क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में अमृतसर ने होशियारपुर को हराकर विजेता बनने तथा होशियारपुर को पंजाब का उपविजेता बनने का गौरव प्राप्त हुआ। इस संबंधी जानकारी देते हुए एचडीसीए सचिव डा. रमन घई ने बताया कि होशियारपुर की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 35 ओवरों में 9 विकेट के नुकसान पर 75 रन बनाए। जिसमें भूमिका शर्मा ने 20 रन, अन्नया ठाकुर ने 17 रन, ध्रुविका सेठ व काशवी राणा ने 12-12 रनों का योगदान दिया। अमृतसर ने जीत के लिए 76 रन, 22.2 ओवर में 2 विकेट गवाकर 76 रन बनाकर मैच जीत लिया। पंजाब क्रिकेट की ओर से विजेताओं को 1 लाख रुपए नकदी इनाम, ट्रॉफी व उपविजेता को 50 हजार रुपए व ट्राफी मुख्य मेहमान पूर्व सांसद अविनाश राय खन्ना ने दी। इस अवसर पर श्री खन्ना ने विजेता अमृतसर व उपविजेता होशियारपुर को बहुत-बहुत बधाई दी तथा उन्होंने खिलाड़ियों को ओर मेहनत कर देश और पंजाब के लिए खेलने की बात कही। इस अवसर पर श्री खन्ना ने कहा कि होशियारपुर की बच्चियां जिस मेहनत से क्रिकेट में आगे आ रही है उससे आने वाले दिनों में होशियारपुर से जल्द ही कोई न कोई अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी निकल कर देश का नेतृत्व करेगी। इस अवसर पर एचडीसीए अध्यक्ष डा. दलजीत खेला, चेयरमैन टूर्नामेंट कमेटी डा. पंकज शिव, विवेक साहनी आदि एचडीसीए पदाधिकारियों ने अविनाश राय खन्ना को समृति चिन्ह भेंट किया। इस अवसर पर पंजाब वूमैन सलेक्शन कमेटी के चेयरमैन राजविंदर कौर की अध्यक्षता में मैबर सलैक्शन कमेटी गुरदीप मिनहास, रजनी भल्ला, अंजुमन बस्सी, सुरिंदर कौर आदि भी फाइनल मैच में मुख्य तौर पर पीसीए की ओर से उपस्थित रहे। फाइनल मैच में होशियारपुर के उपविजेता बनने पर कोच दविंदर कौर, दविंदर कल्याण, निकिता कुमारी, दलजीत सिंह, दविंदर धिमान, दलजीत धिमान, पंकज पिंका, दिनेश शर्मा आदि ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए और लगन व मेहनत से खेलने की बात कही। इस अवसर पर पीसीए की ओर से सौरव बिज, अनूप कुमार, विवेक चड्ढा, सुशील धिमान आदि विशेष तौर पर उपस्थित रहे।

# सन्मति विमल जैन स्कूल मे रंगोली, पोट मेकिंग के मुकाबले करवाये गए

अर्थ प्रकाश/प्रदीप पाल

**जगराओं, 18 अक्टूबर।** सन्मति विसाल जैन सीनियर सेकेंडरी प्राइमरी स्कूल जगराओं के विद्यार्थियों को हरित व सुरक्षित दिवाली मनाने का संदेश देने के लिए प्रिंसिपल मैडम सुप्रिया खुराना के नेतृत्व में छठी से आठवीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए रंगोली, व तोरण बनाने का मुकाबला करवाया गया। इस अवसर पर प्रिंसिपल मैडम ने बताया कि विद्यार्थियों ने बहुत ही अच्छे ढंग से पोट मेकिंग , तोरण व सुंदर रंगोली बनाई। जज की भूमिका मैडम नरिंदर कौर व मैडम रिंपल भारद्वाज ने निभाई।

रंगोली मुकाबले में छठी कक्षा की दीपिंदर कौर ने पहला, आठवीं कक्षा की सुखमनप्रीत कौर ने दूसरा व सातवीं कक्षा की शिवानी ने तीसरा स्थान हासिल किया। तोरण बनाने के मुकाबले में आठवीं कक्षा की गुरनिवाज कौर व गुरकीत कौर ने पहला, आठवीं कक्षा की दगमित



कौर व सातवीं कक्षा के एकनूर सिंह ने दूसरा तथा आठवीं कक्षा की वैशिका व मान्या शर्मा ने क्रमश तीसरा स्थान हासिल किया। पोट मेकिंग प्रतियोगिता में हर्षित शर्मा ने प्रथम, जशनप्रीत कौर ने द्वितीय और विशाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।विजेता विद्यार्थियों को प्रिंसिपल सुप्रिया खुराना मैडम ने सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया।इस अवसर पर मनप्रीत, अनु खुराना,अंजू बाला, प्रियंका कौर, पूनम रानी, मैडम मनप्रीत, अनु शर्मा, पलक, बेयंत सिंह, जतिन्दर कौर, मोनिका ढंडा, पलक शर्मा आदि उपस्थित थे।

# लौंगोवाल ग्रुप ऑफ कॉलेजेज़, डेराबस्सी में दिवाली फेस्ट धूमधाम से मनाया गया

अर्थ प्रकाश/चौहान

**डेराबस्सी, 18 अक्तूबर।** डेराबस्सी स्थित लौंगोवाल ग्रुप ऑफ कॉलेजेज़ में 16 और 17 अक्तूबर को दो दिवसीय दिवाली उत्सव बड़े उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। इस अवसर पर खेल, सांस्कृतिक और रचनात्मक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें शैक्षणिक और पॉलीटेक्निक विंग के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

खेल मुकाबलों में शैक्षणिक कॉलेज ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बास्केटबॉल, वॉलीबॉल, बैडमिंटन और कबड्डी प्रतियोगिताओं में जीत हासिल की, जबकि पॉलीटेक्निक विंग ने रोमांचक रस्साकशी में विजय प्राप्त की। वहीं अन्य सांस्कृतिक और रचनात्मक प्रतियोगिताओं में दोनों विंग्स के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर टीम भावना और एकता का परिचय दिया। डब्ल्यू.सी.आई.टी.आई. विंग ने भी जोश और उमंग



के साथ भाग लेते हुए कई खेल और गतिविधियों में पुरस्कार जीते।

कॉलेज परिसर में विद्यार्थियों द्वारा लगाए गए खाद्य स्टॉलों ने माहौल को और भी खुशनुमा बना दिया। विद्यार्थियों ने स्वादिष्ट व्यंजन और पेय पदार्थ परोसकर सभी का दिल जीत लिया।

संस्थान की अध्यक्षा श्रीमती कांता कत्याल ने सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि, 'ऐसे आयोजन विद्यार्थियों की छिपी प्रतिभाओं को सामने लाते हैं और एकता व उत्सव की भावना को मजबूत करते हैं।' उन्होंने पूरे स्टाफ और विद्यार्थियों को इस सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं।

कार्यक्रम का समापन पुरस्कार वितरण समारोह के साथ हुआ, जिसमें डॉक्टर विनोद कत्याल (प्रवेश निदेशक एवं प्राचार्य, एल.ए.सी.) और डॉक्टर रोज़ी कत्याल (प्राचार्य, एल.पी.पी.सी.) ने विजेताओं को ट्रॉफी, पदक और प्रशंसा पत्र प्रदान किए। दिवाली उत्सव ने लौंगोवाल ग्रुप ऑफ कॉलेजेज़ में उत्सव, खेल भावना और सांस्कृतिक रचनात्मकता का अनोखा संगम प्रस्तुत किया, जिसने विद्यार्थियों और स्टाफ के बीच एकता और उल्लास की यादगार भावना को और भी गहरा कर दिया।

# स्पेशल बच्चों ने सैशन कोर्ट में लगाई प्रदर्शनी



अर्थ प्रकाश/तरसेम दीवाना

**होशियारपुर 18 अक्टूबर।** जे.एस.एस.आशा किरन स्पेशल स्कूल जहानखेला के स्पेशल छात्रों ने जिला एंड सैशन कोर्ट में मोमबत्तियों की प्रदर्शनी लगाई, इस प्रदर्शनी का उदघाटन रजिंदर अग्रवाल जिला एंव सैशन जज कम चेयरमैन जिला लीगल सर्विस अथारिटी, नीरज गोयल चीफ चयूडिशियल मैजिस्ट्रेट कम सेक्रेटरी जिला लीगल सर्विस की तरफ से किया गया। इस मौके आशादीप वैलफेयर सोसायटी के पैटर्न परमजीत सिंह सचदेवा ने सहियोग के लिए सभी का धंन्यबाद किया और कहा कि स्पेशल बच्चों ने इस प्रोजैक्ट पर महीनों से मेहनत की है और अब समाज की तरफ से बच्चों की हौसला अफजाई करने में कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी जा रही।

उन्होंने कहा कि स्पेशल बच्चे दूसरे बच्चों की तरह आगे बढने का हुनर रखते है। इस मौके मिस अंजना, छात्र सिमरन, अरुना आदि मौजूद रहे।

# दीपावली पर स्टाफ को गिफ्ट में दीं 51 कारें

चंडीगढ़ में फार्मा कंपनी के मालिक की पहल, गाड़ियों में एसयूवी-स्कॉर्पियो शामिल

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 18अक्तूबर।** चंडीगढ़ में एक फार्मास्यूटिकल कंपनी ने दीपावली पर अपने स्टाफ को गिफ्ट में कारें दीं। एमआईटीएस कंपनी ने अपने कुल 51 कर्मचारियों को ये गाड़ियां दीं। ये गाड़ियां रैंक और परफॉर्मेंस के हिसाब से दी गईं। सीनियर पदों पर तैनात कर्मचारियों को एसयूवी भी दी गई।

एमआईटीएस कंपनी के मालिक एमके भाटिया हैं। सालभर अच्छा काम करने वाले स्टाफ को वह दीपावली पर ये गाड़ियां गिफ्ट



देते हैं। पिछले साल भी भाटिया ने अपने कर्मचारियों को गाड़ियां गिफ्ट कीं। भाटिया का दावा है कि दीपावली पर अपने स्टाफ को इस तरह का गिफ्ट देने वाली उनकी कंपनी चंडीगढ़ रीजन में इकलौती है।

एमके भाटिया लंबे समय से फार्मा सेक्टर से जुड़े हैं। वर्ष 2002 में वह मेडिकल स्टोर चलाते हुए दिवालिया तक हो गए थे। उसके बाद, 2015 में अपनी खुद की फार्मास्यूटिकल कंपनी खोलकर काम शुरू किया तो ऐसी सक्सेस मिली कि लोग देखते रह गए। आज उनकी 12 कंपनियां चल रही हैं।

ऑटो से उतारकर कर्मचारियों को कारों में लाना चाहते हैं मिट्स हेल्थकेयर कंपनी के सीईओ एमके भाटिया ने बताया कि वह अपने कर्मचारियों को बाइक और ऑटो से उतारकर कार में लाना चाहते हैं। पिछले 3 वर्षों से अपने कर्मचारियों को कारें बांट रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब मेरा सपना पूरा हुआ तो कर्मचारियों के सपने भी पूरे होने चाहिए।

एमके भाटिया का कहना है कि गाड़ियां बांटने में उन्हें काफी खुशी होती है। सभी कर्मचारी जुनून से काम करते हैं, इसलिए उनके सपने पूरा करना हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि पिछले 2 साल में 25 गाड़ियां गिफ्ट कर चुके हैं। पिछली दीपावली पर 13 गाड़ियां गिफ्ट की थीं।

### यूपी से आकर बनाई थी फार्मास्युटीकल कंपनी

मिट्स कंपनी के सीईओ मूल रूप से उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर के रहने वाले हैं। मुजफ्फरनगर में ही वह एक मेडिकल स्टोर चलाते थे। 2002 में काम में गिरावट आ गई और दिवालिया होने की कगार पर आ गए। तब उनके सिर पर करोड़ों रुपए का कर्ज था। इसके बाद 2015 में वह चंडीगढ़ आ गए। वहां फार्मास्युटीकल कंपनी शुरू की। अब उनकी 12 कंपनियां चल रही है।

### कारें देने का सपना साकार हुआ, अब पार्किंग की समस्या

एम के भाटिया कहते हैं कि उनके ऑफिस पंचकुला और चंडीगढ़ में है। पहले गाड़ियां कंपनी के नाम पर लेते थे, मगर अब सीधे एम्पलाई के नाम पर ही लेते हैं। अभी तक 100 से ज्यादा कर्मचारियों को गाड़ियां दे चुके हैं। अब ऑफिस के पास पार्किंग की समस्या होने लगी है। अब इसके लिए भी काम किया जा रहा है।

# मुख्यमंत्री पूर्व सरकार पर सवाल उठाने की बजाय अपनी जिम्मेदारी निभाएं : जयराम

## नरेन्द्र मोदी की नीतियों से प्रभावित हो भाजपा में शामिल हुए कांग्रेस के नेता, नेता प्रतिपक्ष ने प्रदेशवासियों को दी दिवाली की शुभकामनाएं

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**शिमला।** शिमला से जारी बयान में नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री ने 3 साल का समय भारतीय जनता पार्टी की सरकार, केंद्र की मोदी सरकार, अपनी ही पार्टी के कुछ नेताओं के खिलाफ बोलते हुए निकाल चुके हैं। बाकी के 2 साल वह इसी तरह की तथ्यहीन, तर्कहीन, बे सिर पैर की बातें करके निकालना चाहते हैं। लेकिन अब उनके झूठ का घड़ा भर चुका है। वह पूरी तरीके से बेनकाब हो चुके हैं। इसलिए झूठ बोलने की बजाय समाधान निकालने की दिशा में काम करें। जिससे प्रदेश और प्रदेशवासियों का भला हो सके। प्रदेश की जनता विधानसभा से लेकर ब्रिटिश पार्लियामेंट द्वारा झूठे सर्टिफाइड हो चुके मुख्यमंत्री के बहाने और झूठ सुनने की बजाय अपनी समस्याओं का समाधान चाहती है। एक ही झूठ



को बार-बार दोहराने से वह सच नहीं हो जाता बल्कि उसे बोलने वाला बेनकाब हो जाता है।यह बात मुख्यमंत्री जितनी जल्दी समझ ले उतना ही अच्छा है। आज प्रदेश के कर्मचारी सड़कों पर है। पेंशनर्स अपनी पेंशन की मांग कर रहे हैं। एचआरटीसी कर्मी भी अपना हक मांग रहे हैं मुख्यमंत्री उन्हें हजारों करोड़ रुपए की बातें सुना रहे हैं। एचआरटीसी के कर्ता धर्ता और मंत्री पर प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से अक्षमता का आरोप लगाकर बातें टाल रहे हैं। लोगों को सरकार की आपसी खींचतान के बारे में बताने से बेहतर है कि मुख्यमंत्री उनकी समस्याएं सुने और सुलझाएं।

जयराम ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री प्रदेश से व्यवस्था परिवर्तन वाली सुख की सरकार में लिए गए कर्ज के आंकड़े को छुपा रहे हैं। सुख की सरकार ने 34 महीने के कार्यकाल में ही लगभग 40 हजार करोड़ का कर्ज ले लिया है। यानी हर महीने 1100 करोड़ से अधिक का कर्ज यह सरकार ले रही है। दुःख इस बात का है कि यह आंकड़ा हर तिमाही में बढ़ता जा रहा है। सुख की सरकार द्वारा प्रदेश के ऊपर नाना प्रकार के टैक्स थोपे जा रहे हैं। यह सरकार यदि अपना 5 साल का कार्यकाल पूरा करेगी तो कर्ज लेने के सारे रिकॉर्ड तोड़ देगी। अपनी नाकामी छुपाने के लिए यह सरकार हर दिन पूर्व की भाजपा सरकार और केंद्र की मोदी सरकार पर अनर्गल बयानबाजी करती है। जबकि हकीकत यह है कि मोदी सरकार द्वारा 5500 करोड रुपए से ज्यादा की नकद आर्थिक सहायता आपदा राहत के तौर पर दी जा चुकी है और उसमें से सरकार 300 करोड रुपए ही आपदा प्रभावितों पर खर्च कर पाई है। आज भी सरकार की मंशा केंद्र सरकार से आपदा राहत के नाम पर धनराशि लेकर सरकार चलाने की है। आपदा रातों को प्रणाम

जयराम ठाकुर ने सभी प्रदेशवासियों को छोटी दीवाली की शुभकामनाएँ दी। उन्होंने कहा कि यह पावन पर्व प्रकाश, उत्साह और सौहार्द का प्रतीक है। छोटी दीवाली का दिन बुराई पर अच्छाई और निराशा पर आशा की विजय का संदेश देता है। हिमाचल प्रदेश के समस्त देवी देवताओं से मैं प्रार्थना करता हूं कि यह पर्व हर घर में सुख, समृद्धि और खुशहाली लेकर आए।

### मोदी सरकार की नीतियों से प्रभावित हो भाजपा में आए कांग्रेस के नेता

पच्छाद विधानसभा क्षेत्र की विधायक रीना कश्यप के नेतृत्व में पच्छाद विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के वर्तमान तथा पूर्व पदाधिकारियों का एक दल नेता प्रतिपक्ष से उनके शिमला स्थित आधिकारिक निवास पर मिलकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनहितकारी एवं सर्व समावेशी नीतियों से प्रभावित होकर भाजपा में शामिल होने की इच्छा जताई। जयराम ठाकुर ने सभी को भाजपा का पटका पहना कर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि केंद्र में पहली बार ऐसी सरकार बनी है जिसने अपने हर वादे को समय से पहले पूरा करके डिलीवर किया है। नरेंद्र मोदी की गारंटी यानी गारंटी के पूरा होने की गारंटी होती है। ऐसे समय में कांग्रेस सरकार की जन विरोधी नीतियों से त्रस्त होकर नरेंद्र मोदी की जन हितकारी नीतियों में भरोसा जताना पार्टी के लिए काम करने की प्रतिबद्धता के साथ भाजपा में आने वाले कार्यकर्ता नरेंद्र मोदी जी के %सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सब का प्रयास' के संकल्प को साकार करेंगे तथा भारतीय जनता पार्टी को मजबूती प्रदान करेंगे। उन्होंने कहा कि निकट भविष्य में सभी भाजपा में आने के इच्छुक सभी कांग्रेसी कार्यकर्ता भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और प्रदेश संगठन महामंत्री से मिलकर विधिवत पार्टी में शामिल होंगे।

# पांगी में प्राकृतिक जौ की खरीद शुरू 59 किसानों से 140 क्विंटल की खरीद

अर्थ प्रकाश संवादाता

**शिमला।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू के निर्देशों के अनुरूप राज्य सरकार ने चंबा जिला के पांगी उपमंडल में प्राकृतिक खेती से तैयार जौ की खरीद शुरू कर दी है। प्रदेश सरकार के प्रवक्ता ने आज यहां बताया कि वर्तमान खरीफ सीजन में अब तक पांगी उपमंडल के 59 किसानों से 140 क्विंटल प्राकृतिक जौ 60 रुपये प्रति किलोग्राम के हिसाब से खरीदी गई है।

ग्राम पंचायत हुडान के 11 किसानों से 20 क्विंटल, सुराल के 24 किसानों से 78 क्विंटल, किला? के 7 किसानों से 9 क्विंटल, साच के 7 किसानों से 10 क्विंटल और सेचू पंचायत के 10 किसानों से 23 क्विंटल जौ की खरीद की गई है। उन्होंने कहा कि हिमाचल दिवस समारोह के अवसर पर चंबा जिला के पांगी को राज्य का पहला 'प्राकृतिक खेती उपमंडल' घोषित किया गया था। प्रवक्ता ने कहा कि सरकार का उद्देश्य राज्य में प्राकृतिक खेती को ब?ावा देना है ताकि लोगों को रसायन-मुक्त अनाज और मसाले उपलब्ध हो सकें। सरकार प्राकृतिक फसलों को न्यूनतम समर्थन मूल्य देकर किसानों को प्रोत्साहित कर रही है। इस पहल से किसान प्राकृतिक खेती अपनाने की ओर ब? रहे हैं, जिससे उनकी आमदनी में भी सुधार हो रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की 90 प्रतिशत आबादी ग्रामीण क्षेत्रों में रहती है और सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए नीतियां बना रही है। उन्होंने कहा कि वर्तमान खरीफ सीजन में 1473 किसानों से 2371.71 क्विंटल मक्की खरीदने का अनुमान है, जिसके लिए पूरे प्रदेश में 28 संग्रह केन्द्र स्थापित किए जाएंगे। कृषि विभाग किसानों से कच्ची हल्दी खरीद रहा है। इसके लिए 1629 किसानों से 2422.65 क्विंटल प्राकृतिक कच्ची हल्दी 12 संग्रह केन्द्रों के माध्यम से खरीदी जाएगी।

प्रवक्ता ने कहा कि सरकार प्राकृतिक गेहूं और जौ पर 60 रुपये प्रति किलोग्राम, मक्की पर 40 रुपये प्रति किलोग्राम और कच्ची हल्दी पर 90 रुपये प्रति किलोग्राम का समर्थन मूल्य प्रदान कर रही है।

# जिले में बाल श्रम के विरुद्ध होगी सख्त कार्रवाई : उपायुक्त किरण

अवैध क्रशर को भी बंद करने के आदेश, जिला वासियों को दीपावली की दी शुभकामनाएं

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा

**केलांग (कुल्लू )18 अक्तूबर।** लाहौल-स्पीति की उपायुक्त किरण भड़ाना ने आज त्रिलोकनाथ एवं उदयपुर क्षेत्र का दौरा किया। अपने दौरे के दौरान उन्होंने त्रिलोकनाथ मंदिर में माथा टेककर क्षेत्र की खुशहाली और समृद्धि की कामना की। उदयपुर की ओर जाते समय उपायुक्त ने सड़क निर्माण कार्य में कुछ नाबालिग बच्चों को कार्यरत देखा। इस पर उन्होंने तत्काल बाल सहायता हेल्पलाइन को सूचना देकर उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए।



उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आदेश दिए कि जिले में बाल श्रम जैसी गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखी जाए तथा दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि बाल श्रम न केवल कानूनन अपराध है, बल्कि समाज की नैतिक जिम्मेदारी है कि हर बच्चे को शिक्षा और सुरक्षित बचपन मिले।

इसके बाद उपायुक्त ने मृकुला माता मंदिर, उदयपुर में दर्शन कर माता का आशीर्वाद लिया तथा मंदिर परिसर में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के तहत चल रहे जीर्णोद्धार कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्य की प्रगति की समीक्षा करते हुए इसे निर्धारित समय में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उपायुक्त किरण भड़ाना ने कहा कि जिला प्रशासन कानून व्यवस्था बनाए रखने और बाल सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रहा है तथा जनता के सहयोग से एक स्वच्छ, सुरक्षित और जागरूक समाज की दिशा में निरंतर प्रयासरत है क्षेत्रीय निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने उदयपुर के समीप एक अवैध क्रशर संचालित होते हुए पाया।

# 1.14 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित होगा दकड़ी पंचायत भवन

राजेश धर्माणी ने कहा जनता को सुप्रीम मानकर कार्य करना सुनिश्चित बनाएं सभी विभागीय अधिकारी

अर्थ प्रकाश/अजय मल्होत्रा

**घुमारवीं (बिलासपुर) 18 अक्तूबर।** नगर एवं ग्राम नियोजन, आवास, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा कि जनता को सुप्रीम मानकर सभी विभागीय अधिकारी कार्य करना सुनिश्चित बनाएं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार लोगों के कल्याण एवं उत्थान को अनेकों जन कल्याणकारी योजनाओं को शुरू करती है, लेकिन धरातल में विभागीय अधिकारियों की लेटलतीफी के कारण योजनाओं का लाभ आम जनमानस तथा पात्र लोगों को समयबद्ध नहीं मिल पाता है।

उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों से अपने कर्तव्यों का पूरे समर्पण भाव के साथ निर्वहन करने को भी कहा ताकि समाज की अंतिम पंक्ति में बैठे जरूरतमंद व्यक्ति तक सरकारी योजनाएं समयबद्ध पहुंच



सके। राजेश धर्माणी आज घुमारवीं विधान सभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत दक?ी में लगभग 1.14 करो? रूपये की लागत से बनने वाले पंचायत भवन की अधारशिला रखने के उपरांत एक जन सभा को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि दक?ी पंचायत का यह भवन आने वाले समय में एक जन सुविधा केंद्र के तौर पर कार्य करेगा। जिसके माध्यम से विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी तथा लाभ आसानी से पंचायत के लोगों को एक ही छत के नीचे सुनिश्चित होंगे। उन्होंने आश्वासन दिया कि यह पंचायत भवन अपनी निर्धारित निर्माण अवधि के भीतर ही बनकर तैयार कर लिया जाएगा। राजेश धर्माणी ने कहा कि लोगों को समयबद्ध एवं त्वरित विभिन्न सरकारी योजनाओं एवं सुविधाओं का लाभ उपलब्ध करवाना प्रदेश सरकार की प्राथमिकता में है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने लोगों के राजस्व मामलों का त्वरित समाधान सुनिश्चित बनाने को विशेष राजस्व अदालतों का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि राजस्व मामलों के निपटारे के लिए सरकार द्वारा चलाए गए इस विशेष अभियान के तहत मात्र 15 दिनों के भीतर ही संपूर्ण प्रदेश में लगभग 98 हजार इंतकाल के मामलों का निपटारा सुनिश्चित बनाया गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में आपदा के दौरान अपना मकान खोने वाले लोगों को दी जाने वाली आर्थिक मदद को एक लाख 30 हजार रूपये से ब?ाकर 7 लाख रूप्ये किया है। इसके अतिरिक्त आंशिक तौर पर मकानों के नुकसान पर भी राहत राशि को ब?ाकर एक लाख रूप्ये किया है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि आपदा से प्रभावित प्रत्येक पात्र परिवार को इसका लाभ मिलना चाहिए। उन्होंने दक?ी पंचायत के विभिन्न विकास कार्यों का जिक्र करते हुए कहा कि आने वाले समय में इस पंचायत को एक आदर्श पंचायत के तौर विकसित करने के हरसंभव प्रयास होंगे। उन्होंने कहा कि चुवा?ी-दा?ा संपर्क स?क निर्माण के लिए 10 लाख रूपये की स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। साथ ही कहा कि नांगलू बस्ती संपर्क स?क को मुख्य स?क से जो?ा जाएगा, जबकि गलयाना संपर्क स?क निर्माण के लिए टैंडर लगा दिये गए हैं। उन्होंने कहा कि कुलारू-चुवा?ी संपर्क स?क के निर्माण कार्यों के लिए भी 10 लाख रूपये के टैंडर लगा दिये गए है तथा जल्द ही पक्की हो जाएगी।

उन्होंने कहा कि बल्ही में लगभग 25 लाख रूपये की लागत से सामुदायिक भवन का निर्माण किया जा रहा है। इसके अलावा पंचायत में उप-स्वास्थ्य केंद्र तथा पशु स्वास्थ्य केंद्र भवन निर्माण के लिए जमीन संबंधित विभागों के नाम स्थानांतरित कर दी गई है। उन्होंने स्थानीय ग्रामीणों से हिमाचल शिवा प्रोजेक्ट के साथ भी जु?ने का आह्वान किया ताकि किसानों एवं बागवानों की आर्थिकी को सुदृ? किया जा सके।

इसके बाद उन्होंने जन समस्याएं भी सुनीं तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किये। इस अवसर पर कांग्रेस नेत्री प्रोमिला देवी, एसडीएम गौरव चैधरी, बीडीओ अभिषेक शर्मा, पंचायत प्रधान मस्त राम राणा, उपप्रधान पवन जमवाल, पंचायत सदस्य श्याम लाल सहित पंचायत के सभी सदस्यगण, विभिन्न पंचायतों के प्रधान, ब?ी संख्या में स्थानीय लोगों सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### रोटरी क्लब ने आपदा प्रभावित की मदद को बढ़ाए हाथ




**कुल्लू 18 अक्तूबर (अशेष शर्मा)।** रोटरी क्लब कुल्लू सामाजिक कार्य के लिए हमेशा तत्पर रहती है। इसी कड़ी में मणिकर्ण घाटी के आपदा प्रभावित परिवारों को राशन सामग्री ,तिरपाल व निर्माण कार्य के लिए शीट्स वितरित की गई द्य बता दें इसी वर्ष बीते अगस्त महीने में बरसात के कहर से कुल्लू शहर के साथ दूरदराज गांव में लोगों के घरों को काफ़ी नुकसान हुआ कई घर तो पूरी तरह ज़मींदोज हो गए थे। रोटरी क्लब कुल्लू द्वारा रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3070 के रिलीफ मिशन ॿटीम हम 4 ह्यूमिनिटी ॿ डिस्टिक गवर्नर रोटेरियन रोहित ओबरॉय के तत्वावधान में आपदा प्रभावित ग्राम पंचायत चोंग, रतोचा व शाट गांव के 20 परिवारों को खाद्य सामग्री व घर बनाने के लिए 200 शीट्स दी गईं द्य ताकि प्रभावितों को मदद मिल सके। रोटरी क्लब कुल्लू की अध्यक्ष रोटेरियन पूजा मलिक ने कहा कि इस बार बरसात में लोगों को बहुत नुकसान झेलना पड़ा है द्य जिसकी भरपाई करना कठिन है द्य लेकिन इस विपदा की घड़ी में रोटरी क्लब कुल्लू द्वारा ये राहत सामग्री वितरित की गई द्य उन्होंने कहा कि भविष्य में भी क्लब सामाजिक कार्यों में यथासंभव सहायता करता रहेगा।

# डॉ. शांडिल ने सीएम के प्रस्तावित कार्यक्रम के दृष्टिगत दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर

**सोलन।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल ने आज सोलन विधानसभा क्षेत्र के ममलीग में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के प्रस्तावित कार्यक्रम के दृष्टिगत जिला के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक की अध्यक्षता की।

डॉ. शांडिल ने पुलिस, लोक निर्माण, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, जल शक्ति विभाग, विद्युत बोर्ड सहित अन्य विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री अपने प्रवास के दौरान ममलीग और सायरी में विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास तथा लोकार्पण करेंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा सायरी में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के नवनिर्मित भवन तथा वन विश्राम गृह सायरीघाट का लोकार्पण किया जाएगा।



उन्होंने कहा कि ममलीग में निर्मित होने वाले राजीव गांधी डे बोर्डिंग स्कूल के भवन, ग्राम पंचायत ममलीग के कायसु में सौर ऊर्जा परियोजना का शिलान्यास तथा ग्राम पंचायत ममलीग के गांव बशील में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का शुभारम्भ किया जाएगा। स्वास्थ्य मंत्री ने इससे पूर्व नवनिर्मित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सायरी के भवन, वन विश्राम गृह सायरीघाट तथा प्रस्तावित जनसभा स्थल का निरीक्षण भी किया।डॉ. शांडिल ने इस अवसर पर लोगों की समस्याएं भी सुनी और इनके शीघ्र निपटारे के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए।

ग्राम पंचायत सायरी की प्रधान अंजू राठौर, ग्राम पंचायत काहला की प्रधान रीता ठाकुर, वरिष्ठ कांग्रेसी रमेश ठाकुर व संजीव ठाकुर, सेवानिवृत कर्नल संजय शांडिल, ग्राम पंचायत ममलीग की पूर्व प्रधान सत्या ठाकुर, ग्राम पंचायत सायरी के पूर्व प्रधान राम रत्न, ग्राम पंचायत कनेर के पूर्व प्रधान ओम प्रकाश शर्मा, उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा, सहायक पुलिस अधीक्षक राज कुमार, जल शक्ति विभाग के अधीक्षण अभियंता संजीव सोनी, उपमण्डल अधिकारी कंडाघाट गोपाल चंद शर्मा, वन मंडलाधिकारी सोलन एच.के. गुप्ता, खंड विकास अधिकारी राजेश ठाकुर, ममलीग के नायब तहसीलदार सुरेंद्र चंदेल सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी व स्थानीय ग्रामीण इस अवसर पर उपस्थित थे।

### सभी जिलों के आपदा प्रभावितों को दिया जाए विशेष राहत पैकेज : रणधीर

**शिमला (अरविंद शर्मा)।** भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी एवं विधायक रणधीर शर्मा ने कहा कि भाजपा का आरोप है कि वर्तमान कांग्रेस सरकार इस साल आई आपदा के लिए गंभीर नहीं है। इस बार हम सब जानते हैं पूरे प्रदेश में प्राकृतिक आपदा के कारण भारी नुकसान हुआ है, कोई भी जिला इससे अछूता नहीं रहा है। अगर इसकी गंभीरता को देखना है तो पूरे प्रदेश में जहां 1736 मकान सरकारी रिकॉर्ड के मुताबिक पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त हुए हैं।

वहीं 7000 से ज्यादा मकान आंशिक रूप से जो है वो क्षतिग्रस्त हुए हैं और 8000 के लगभग पशुशालाएं गिरी, 300 के लगभग लोगों की जाने गई, जबकि 50 के लगभग लोग लापता है। इतने भारी नुकसान के बावजूद हिमाचल प्रदेश सरकार ने इसके प्रति कोई गंभीरता नहीं दिखाई है। 2023 में आई आपदा में मुख्यमंत्री सुखविंदर ने एक विशेष राहत पैकेज पूरे प्रदेश के लिए दिया था।

# भाजपा ने 17 जिलों के प्रभारी एवं सह प्रभारी नियुक्त करें

अर्थ प्रकाश/अरविंद शर्मा

**शिमला।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल ने जिला प्रभारियों एवं सह प्रभारियों की घोषणा करते हुए बताया कि चंबा जिला के प्रभारी प्रदेश सचिव शिशु भाई धर्मा एवं सह प्रभारी रमेश राणा होंगे।

इसी प्रकार जिला कांगड़ा के प्रभारी प्रदेश सचिव सुमित शर्मा एवं सह प्रभारी सचिन शर्मा, जिला नूरपुर प्रभारी पुरुषोत्तम गुलरिया एवं सह प्रभारी विनय शर्मा, जिला पालमपुर के प्रभारी प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश ठाकुर एवं सह प्रभारी प्रवक्ता पंकज जमवाल, जिला देहरा के प्रभारी महेंद्र धर्माणी एवं सह प्रभारी प्रवक्ता अजय ठाकुर, जिला लाहौल स्पीति के प्रभारी प्रवक्ता अखिलेश कपूर एवं सह प्रभारी रणवीर सिंह, जिला कुल्लू के प्रभारी प्रदेश उपाध्यक्ष बिहारी लाल शर्मा एवं सह प्रभारी प्रदेश सचिव प्रियंका शर्मा, जिला मंडी के प्रभारी बलदेव भंडारी एवं सह प्रभारी भीम सेन, जिला सुंदरनगर के प्रभारी प्रदेश सचिव तिलकराज शर्मा एवं सह प्रभारी कुसुम सदरेट, जिला हमीरपुर की प्रभारी प्रदेश सचिव अमित ठाकुर एवं सह प्रभारी प्रियव्रत शर्मा, जिला ऊना की प्रभारी प्रदेश उपाध्यक्ष रश्मिधर सूद एवं सह प्रभारी विशाल चौहान, जिला बिलासपुर की प्रभारी प्रदेश महामंत्री पायल वैद्य एवं सह प्रभारी देशराजशर्मा, जिला सिरमौर के प्रभारी प्रदेश सचिव डॉ संजय ठाकुर एवं सह प्रभारी प्रवक्ता राकेश डोगरा, जिला सोलन के प्रभारी राजपाल सिंह एवं सह प्रभारी वंदना योगी, जिला महासू के प्रभारी प्रदेश महामंत्री डॉ सिकंदर कुमार एवं सह प्रभारी आशुतोष वैद्य, जिला शिमला की प्रभारी पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुरेश चंदेल एवं सह प्रभारी नितिन कुमार और जिला किन्नौर की प्रभारी प्रदेश प्रवक्ता अजय राणा एवं सह प्रभारी विजय परमार को नियुक्त किया गया।

उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया एवं आईटी विभाग के प्रभारी प्रदेश कार्य समिति सदस्य चेतन ब्रागटा होंगे। डॉ राजीव बिंदल ने कहा कि भाजपा की सभी नियुक्तियों से प्रदेश के संगठन को बल मिलेगा।

# निरमण्ड व अरसु में आपदा जोखिमों के प्रति लोगों को किया जागरूक

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा

**कुल्लू 18 अक्तूबर।** जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण एवं सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के संयुक्त तत्वावधान में विकासखंड निरमंड के बस स्टैंड व ग्राम पंचायत अरसु पंचायत में आपदा जोखिम न्यूनीकरण पर आधारित जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

'समर्थ 2025' जिला स्तरीय जन जागरूकता अभियान के अंतर्गत आयोजित इन कार्यक्रमों सहारा कला जत्था के कलाकारों ने गीतों और नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से लोगों को आपदा प्रबंधन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान कीं। कलाकारों ने



लोगों को भूकंपरोधी भवन निर्माण, आपदाओं के समय बरती जाने वाली सावधानियों, तथा भूकंप, भूस्खलन और आग लगने की स्थिति में अपनाए जाने वाले उपायों के बारे में जागरूक किया। कलाकारों ने लोगों से आग्रह किया कि भवन निर्माण से पूर्व उचित वास्तुकार से परामर्श लेकर ही भूकंपरोधी निर्माण सामग्री का प्रयोग करें, जिससे आपदाओं के समय नुकसान को न्यूनतम किया जा सके।

# शांति दूत अंगद का प्रयास भी लंका को युद्ध से न बचा पाया

युद्ध का ऐलान होते ही लक्ष्मण को मेघनाथ में किया मूर्छित

अर्थ प्रकाश /अजय मल्होत्रा

**बिलासपुर।** बाल राम नाटक क्लब शाह तलाई में रामा दल से शांति दूत अंगद का प्रयास भी युद्ध को टाल नहीं सका दृश्य दौरान लाख समझाने पर भी रावण नहीं माना दोनों ओर से युद्ध का एलान-ए-जंग जारी होते ही राक्षसी और वानर सेना में युद्ध दिखाया गया।

रावण अंगद संवाद दोनों के अभिनय ने पंडाल में बैठे दर्शकों को तालियां बजाने पर किया मजबूर। युद्ध भूमि में मेघनाथ और लक्ष्मण



संवाद दृश्य अति सुंदर रहा।मेघनाथ ने लक्ष्मण को ब्रह्म शक्ति से मूर्छित दृश्य में लंका के वैध सुषण ने बताई औषधि बूटी हनुमान द्रोणागिरी पर्वत ही उठा ले दर्शाया गया औषधि बूटी से मूर्छित लक्ष्मण के प्राणों की रक्षा हुई दृश्य में प्रभु श्री राम का विलाप पंडाल में बैठे दर्शकों को आंसू बहाने पर मजबूर कर गया। अंतिम दृश्य में रावण ने सोते हुए कुंभकरण को उठा लंका पर आए संकट से रक्षा हेतु युद्ध में भेजो दर्शाया गया लेकिन प्रभु श्री राम के बाणों ने विशाल काया कुंभकरण के शरीर को छलनी कर मौत के घाट उतारा दृश्य अति मनमोहक और दर्शकों को राक्षसों और कुंभकरण का अभिनय पर खूब प्रशंसा व वाह वाही लूटी। रात्रि रामलीला मंचन में कुंभकरण राकेश शर्मा,राम रोहित, लक्ष्मण अमित, मेघनाथ अजय शर्मा, अंगद मन्नत शर्मा, सुषण सुरेश पंडित, सुग्रीव अंकुश सोनी, विभीषण आंचल शर्मा अन्य अभिनय में अर्पित कौशल, अक्षु कौशल,शिवम कौशल, दीपांश आरब सोनी, ऋत्विक, विराज इत्यादि ने भूमिका निभाई।

# कोई बना राम, कोई सीता; बच्चों ने बनाई सुंदर रंगोली

एसएनपीएस ढिंगसरा में धनतेरस दिवस पर विद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**फतेहाबाद, 18 अक्टूबर।** दीपावली, भारत का सबसे लोकप्रिय त्योहार, भगवान श्रीराम के 14 वर्ष के वनवास के बाद अयोध्या लौटने की खुशी में मनाया जाता है। यह पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। इस दिन, लोग अपने घरों को साफ करते हैं और उन्हें दीपों से सजाते हैं, जिससे चारों ओर एक दिव्य और पवित्र वातावरण बन जाता है। दीपावली के अवसर पर, लक्ष्मी और गणेश की पूजा की जाती है, जो धन और बुद्धि के प्रतीक हैं।

यह बात शांति निकेतन स्कूल ढिंगसरा के प्रधानाचार्य श्री रणसिंह जी रेपस्वाल व डायरेक्टर श्री विजय सिंह बाघेला ने दीपावली के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान कही।





इस अवसर पर दीपावली से पहले विद्यालय में क्विज, कार्ड मेकिंग, दीया मेकिंग व रंगोली बनाओ जैसी विभिन्न प्रतियोगिताएँ आयोजित की गई, जिसमें स्कूली बच्चों ने ब?च? कर भाग लिया। उन्होंने बताया कि क्विज प्रतियोगिता में तीज त्योहार के बाद आने वाले सभी त्योहारों से संबंधित प्रश्न पूछे गए। उन्होंने बताया कि इस क्विज प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य बच्चों को त्योहारों के बारे में ज्यादा से ज्यादा जानकारी देना और उसके पीछे छिपे मकसद को बच्चों तक पहुँचाना है।

उन्होंने बताया कि क्विज प्रतियोगिता में बच्चों को संकल्प, निश्चय, प्रयास व सफलता हाऊस में विभाजित किया गया, जिसमें सफलता हाऊस ने प्रथम, निश्चय हाऊस ने द्वितीय व संकल्प हाऊस ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। रंगोली प्रतियोगिता में संकल्प हाऊस ने प्रथम, सफलता हाऊस ने द्वितीय व निश्चय हाऊस ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त दीया मेकिंग प्रतियोगिता में कक्षा सातवीं से राखी व कक्षा तीसरी से प्रयांशु ने प्रथम, कक्षा आठवीं से तमन्ना व कक्षा सातवीं से भारती ने द्वितीय और कक्षा सातवीं की छात्रा आरती ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्ड मेकिंग प्रतियोगिता में कक्षा पहली से प्रांशु ने प्रथम, कक्षा दूसरी से डिंपल ने द्वितीय और कक्षा पाँचवीं से कनुप्रिया व कक्षा चौथी से ललिता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि दीपावली केवल दीयों, मोमबत्तियों और आतिशबाजी का एक शानदार प्रदर्शन मात्र नहीं है, बल्कि यह भारत और दुनिया भर के भारतीय प्रवासियों के बीच सबसे प्रिय और व्यापक रूप से मनाया जाने वाला सांस्कृतिक पर्व है। बल्कि इस अवसर पर हमें पटाखों से होने वाले प्रदूषण को कम करके और अधिक से अधिक दीपों का उपयोग करके इस त्योहार की रोशनी और स्वच्छता दोनों को बनाए रखना चाहिए। यह त्योहार हमें सकारात्मकता, समृद्धि और शांति का संदेश देता है, जिसे हमें अपने जीवन में अपनाना चाहिए। उन्होंने बच्चों से आह्वान किया कि वे इस दीपावली के अवसर पर पटाखों का उपयोग न करके तेल व घी के दीप जलाकर पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान दें और बाजारों में बनी मिठाईयों को छोड़ घर पर बने पकवान को प्राथमिकता दें।

## मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना का लाभ उठाएं पात्र : उपायुक्त डॉ. विवेक भारती

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**फतेहाबाद, 18 अक्टूबर।** हरियाणा सरकार द्वारा समाज के सभी वर्गों की बेटियों और दिव्यांगजन की शादी में आर्थिक सहयोग प्रदान करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना संचालित की जा रही है। यह योजना आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को सशक्त बनाने और बेटियों के विवाह के लिए प्रोत्साहन देने का एक सराहनीय प्रयास है।

उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने यह जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना समाज में समानता और सशक्तिकरण का प्रतीक है। इस योजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को सहायता प्रदान करना और बेटियों की शादी में आर्थिक चिंताओं को कम करना है। उन्होंने सभी पात्र परिवारों से अपील की कि वे इस योजना का लाभ उठाएं और अपनी बेटियों के भविष्य को सुरक्षित और खुशहाल बनाएं।

उपायुक्त ने बताया कि इस योजना के तहत लाभार्थियों को सहायता राशि प्रदान की जाती है, जिसमें अनुसूचित जाति, विमुक्त जाति / टपरीवास जाति के लाभार्थियों (जिनकी वार्षिक आय 1.80 लाख रुपये तक हो) की बेटियों के विवाह पर 71000 रुपये अनुदान राशि प्रदान की जाती है और पिछड़े वर्ग और सामान्य वर्ग के व्यक्तियों (जिनकी वार्षिक आय 1.80 लाख रुपये तक हो) की बेटियों के विवाह पर 41000 रुपये अनुदान राशि दी जाती है। उन्होंने कहा सभी वर्गों की विधवा, अनाथ, तलाकशुदा, बेसहारा महिलाओं और उनके बच्चों की बेटियों की शादी के लिए 51000 रुपये अनुदान राशि प्रदान की जाती है। इसके साथ-साथ इस योजना के तहत यदि विवाह में दोनों वर-वधू दिव्यांग हैं, तो उन्हें 51000 रुपये अनुदान राशि दी जाएगी। केवल एक वर या वधू दिव्यांग है, तो 41000 रुपये की अनुदान राशि दी जाएगी जिनकी वार्षिक आय 1.80 लाख रुपये तक है।

## दिव्यांग छात्रों के लिए छात्रवृत्ति योजनाओं के तहत आवेदन की अंतिम तारीख 31 अक्टूबर

**फतेहाबाद, 18 अक्टूबर।** जिला प्रशासन ने दिव्यांग छात्रों के लिए केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही छात्रवृत्ति योजनाओं के तहत समय पर आवेदन करने की अपील की है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, भारत सरकार द्वारा प्री-मैट्रिक, पोस्ट-मैट्रिक एवं टॉप क्लास एजुकेशन स्कॉलरशिप योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इन योजनाओं के अंतर्गत पात्र दिव्यांग विद्यार्थियों को वित्तीय सहायता स्वरूप छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है।

उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने जानकारी देते हुए बताया कि इन योजनाओं का लाभ उठाने के लिए विद्यार्थियों को राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करना अनिवार्य है। आवेदन की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर, 2025 निर्धारित की गई है।

## स्टेनो व कोपा ट्रेड पर प्रशिक्षु लगने के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

इच्छुक आईटीआई पास विद्यार्थी अप्रेंटिसशिपइंडिया पोर्टल पर 21 अक्टूबर से कर सकते हैं अप्लाई

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**फतेहाबाद, 18 अक्टूबर।** नेशनल अप्रेंटिसशिप प्रमोशन स्कीम (एनएपीएस) के तहत एक वर्ष के लिए प्रशिक्षु लगने के लिए जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी कार्यालय, फतेहाबाद द्वारा ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक आईटीआई पास विद्यार्थी वेबसाइट पर 21 अक्टूबर से 5 नवंबर तक अप्लाई कर सकते हैं।

इस बारे जानकारी देते हुए सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के उप निदेशक अमित पंवार ने बताया कि जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी कार्यालय, फतेहाबाद में स्टेनोग्राफर-हिंदी व कोपा ट्रेड पर एक-एक आईटीआई पासशुद्धा प्रशिक्षु को रखा जाना है। चयनित प्रशिक्षु का प्रशिक्षण कार्यकाल एवं प्रशिक्षण भत्ता शिक्षुक अधिनियम 1961 के अनुसार देय होगा। नेशनल अप्रेंटिसशिप प्रमोशन स्कीम के अनुसार अप्रेंटिसशिप पर रखे जाने वाले एक वर्षीय डिप्लोमा धारक विद्यार्थियों को 9600 रुपये का मानदेय दिया जाएगा।

उन्होंने बताया कि इच्छुक एवं योग्य अभ्यर्थी उपरोक्त वेबसाइट पर 21 अक्टूबर से 5 नवंबर की सायं 5 बजे तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इसके बाद पोर्टल को बंद कर दिया जाएगा और निर्धारित अवधि के बाद प्राप्त आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। ऑनलाइन आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों के दस्तावेजों की जांच 7 नवंबर को सुबह 10 बजे की जाएगी, जिसके लिए अभ्यर्थी को इस दिन अपने शैक्षणिक 10वीं, 12वीं व आईटीआई प्रमाण पत्र व गैर शैक्षणिक परिवार पहचान पत्र, आधार कार्ड, रिहायशी प्रमाण पत्र, पासपोर्ट साइज फोटो, जाति प्रमाण पत्र आदि सभी मूल प्रमाण पत्रों की छाया प्रतियों के साथ लघु सचिवालय के तृतीय तल पर स्थित डीआईपीआरओ कार्यालय के कमरा नंबर 85 (स्थापना शाखा) में उपस्थित होना जरूरी होगा। निर्धारित तिथि के बाद उपस्थित होने वाले अभ्यर्थियों को कोई मौका नहीं दिया जाएगा।

## महम में ट्रक ने स्कूटी सवार मां-बेटी को कुचला मौके पर तोड़ा दम, पति पीछे-पीछे कार में आ रहा था

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**रोहतक।** रोहतक जिले में महम बाइपास पर शनिवार को एक सड़क हादसे में स्कूटी सवार मां-बेटी की मौत हो गई। एक ट्रक ने उनकी स्कूटी को कुचल दिया, जिससे दोनों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। पुलिस को सूचना मिलते ही डीएसपी प्रभ सोढ़ी और एसएचओ सुभाष मौके पर पहुंचे।

मृतकों की पहचान गांव मिताथल निवासी 35 वर्षीय सुनीता और उनकी 12 वर्षीय बेटी परी के रूप में हुई है। सुनीता रिटायर्ड फौजी रवींद्र की पत्नी थीं और परी उनकी बेटी थी। हादसे के बाद स्कूटी ट्रक में फंसी हुई थी, और शव सड़क पर क्षत-विक्षत अवस्था में थे।

**पति और बेटा चल रहे थे पीछे- पीछे :** मृतका सुनीता के पति रवींद्र और उनका 8 वर्षीय बेटा एक कार में उनके पीछे ही चल रहे थे।

जब वे घटनास्थल के पास पहुंचे, तो उन्होंने अपनी पत्नी और बेटी की स्कूटी को ट्रक के नीचे फंसा देखा। रवींद्र ने बताया कि उनकी बेटी परी केंद्रीय विद्यालय में सातवीं कक्षा में पढ़ती थी। रवींद्र अपनी बेटी परी को स्कूल से घर लाने गए थे। इसके बाद, वे अपने बेटे के साथ रोहतक से खरीदारी करने गए। खरीदारी के बाद, सुनीता अपनी बेटी को स्कूटी पर लेकर गांव मिताथल के लिए निकलीं, जबकि रवींद्र अपनी कार से उनके पीछे आ रहे थे। महम बाइपास पर रोहतक की ओर से आ रहे एक ट्रक ने उनकी स्कूटी को अपनी चपेट में ले लिया।

पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पीजीआई रोहतक के डेड हाउस में रखवा दिया है। रविवार को पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिए जाएंगे।

## धन्वंतरि त्रयोदशी के अवसर पर राष्ट्रीय बौद्धिक संगोष्ठी आयोजित

अर्थ प्रकाश/रवि पाहुजा

**अम्बाला छावनी।** आरोग्य भारती, अम्बाला जिला (हरियाणा प्रांत) द्वारा गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज, अम्बाला छावनी में धन्वंतरि त्रयोदशी के पावन अवसर पर एक राष्ट्रीय बौद्धिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और भगवान धन्वंतरि के आशीर्वाद के साथ किया गया, जो स्वास्थ्य और चिकित्सा के देवता माने जाते हैं।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. जयप्रकाश गुप्ता, महासचिव, आरोग्य भारती (अम्बाला इकाई) रहे। उन्होंने अपने विचार रखते हुए आयुर्वेद के दार्शनिक एवं नैतिक आधारों पर विस्तृत चर्चा की। डॉ. गुप्ता ने आयुर्वेद के इतिहास का उल्लेख करते हुए बताया कि यह परंपरा भगवान धन्वंतरि तक पहुँचती है, जिन्हें भगवान विष्णु का अवतार और दिव्य वैद्य माना गया है। उन्होंने 'आत्मा' की अवधारणा पर भी प्रकाश डाला, जो न तो पाश्चात्य दर्शन में और न ही इस्लामी विचारधारा में दिखाई देती है।



उन्होंने चिकित्सा के चार स्तंभों की व्याख्या करते हुए कहा कि इनमें से एक महत्वपूर्ण स्तंभ नर्सें हैं, जो सेवा, करुणा और सहानुभूति का प्रतीक हैं। उन्होंने अंत में 'अनुराग' की अवधारणा पर बात की – यह एक विशिष्ट भारतीय विचार है, जिसका अर्थ है रोगी के प्रति गहरी सहानुभूति और संवेदनशीलता, जो अन्य चिकित्सा या दार्शनिक परंपराओं में नहीं मिलती।

कार्यक्रम का संचालन एवं मेजबानी डॉ. रोहित दत्त, प्राचार्य, जी.एम.एन. कॉलेज, ने की। उन्होंने अपने फार्मास्यूटिकल पृष्ठभूमि से जुड़ी हुई बातें साझा कीं और थेराप्यूटिक इंडेक्स की अवधारणा पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने आयुर्वेदिक और एलोपैथिक चिकित्सा प्रणालियों के संतुलन, स्वस्थ जीवनशैली तथा रोग-निवारक स्वास्थ्य उपायों की आवश्यकता पर ज़ोर दिया।

डॉ. दत्त ने यह भी बताया कि हमारी दैनिक जीवनशैली में कई ऐसे तत्व मौजूद हैं जो कैंसरजनक हो सकते हैं – यहाँ तक कि कुछ आयुर्वेदिक औषधियों में प्रयुक्त पौधे या जड़ी-बूटियाँ भी सावधानी और वैज्ञानिक दृष्टि से परखे जाने चाहिए।

संगोष्ठी की अध्यक्षता डॉ. रोहिणी, जिला अध्यक्ष, आरोग्य भारती (अम्बाला इकाई) एवं राज्य प्रमुख (महिला स्वास्थ्य, हरियाणा) ने की। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि «जैसा आहार, वैसा शरीर», और सभी को सचेत होकर भोजन चुनने की प्रेरणा दी। उन्होंने यह भी बताया कि प्रतिदिन दस मिनट ध्यान लगाने से मानसिक और भावनात्मक संतुलन प्राप्त होता है, जिससे जीवन में शांति और सामंजस्य बना रहता है। कार्यक्रम में मुख्यतः नर्सिंग छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और वक्ताओं से संवाद किया।

इस अवसर पर श्री आकाश कक्कड़ (जिला संस्कारक), श्री सुभाष मित्तल (उपाध्यक्ष, अम्बाला इकाई), और श्री कमल सिंघवाणी (कोषाध्यक्ष) सहित आरोग्य भारती के अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। संगोष्ठी का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जिससे प्रतिभागी पारंपरिक ज्ञान और आधुनिक चिकित्सा पद्धतियों के संगम पर महत्वपूर्ण विचारों से समृद्ध हुए।

## महिला यूट्यूबर की गला घोंटकर हत्या

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**सोनीपत।** हरियाणा के सोनीपत में एक महिला यूट्यूबर की हत्या कर दी गई। पुलिस ने इस मामले में उसके बॉयफ्रेंड को गिरफ्तार किया है। महिला बॉयफ्रेंड के साथ ही रहती थी और दोनों यूट्यूब के लिए हरियाणवी नाटक बनाते थे।

4 अक्टूबर को युवक ने महिला का रस्सी से गला घोंट दिया था। इसके बाद उसके परिवार को फोन कर कहा कि उसने फांसी लगा सुसाइड कर लिया है। महिला की मां ने सदर थाने में युवक पर हत्या का शक जताते हुए शिकायत दर्ज कराई थी।

पुलिस ने शुक्रवार को युवक को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में युवक ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। उसने कहा कि वह उस पर शादी का दबाव बना रही थी, इसलिए उसकी हत्या कर दी।

पुष्पा की मां ने 5 अक्टूबर को सोनीपत के सदर थाने में शिकायत देकर कहा था कि मेरी बेटी पुष्पा की शादी लगभग 9 साल पहले जींद के करेला गांव निवासी पंकज के साथ हुई थी। इनकी 2 बेटियां हैं। पुष्पा काम के सिलसिले में पिछले लगभग एक साल से सोनीपत के हरसाना कलां निवासी संदीप के घर किराए पर रह रही थी।

### 4 अक्टूबर को सुसाइड करने का फोन आया

पुष्पा की मां ने आगे बताया कि संदीप और पुष्पा दोनों साथ में यूट्यूब के लिए हरियाणवी नाटक बनाते थे। 4 अक्टूबर की रात लगभग 11:40 बजे संदीप ने हमें फोन कर कहा कि पुष्पा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। सूचना मिलते ही हम सभी हरसाना कलां पहुंचे। वहां पुष्पा का शव संदीप के घर के नीचे कमरे में फर्श पर पड़ा था।

### शव देखकर लग रहा था कि हत्या हुई

महिला ने आरोप लगाया कि पुष्पा के शव को देखकर लग रहा था कि उसकी हत्या हुई है। जरूरी संदीप और अन्य लोगों ने मिलकर बेटी की हत्या की। इसके बाद पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया था।

## हिसार में कुएं की सफाई के दौरान दो युवकों की मौत

**हिसार।** हरियाणा के हिसार में एक होटल परिसर में कुएं की सफाई के दौरान दो युवकों की मौत हो गई। घटना शनिवार शाम करीब 4:30 बजे हुई।

जहरीली गैस के कारण दोनों युवक बेहोश हो गए, जिनकी अस्पताल पहुंचने से पहले ही मौत हो चुकी थी।

सफाई के दौरान एक युवक कुएंके भीतर उतरा था। जोकि अचानक बेहोश होकर वहीं गिर पड़ा। दूसरा युवक उसे बचाने के लिए कुएं में उतरा, वह भी भीतर ही गिर गया। दोनों को अचेत अवस्था में अस्पताल लाया गया। जहां चेकअप के बाद डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

कार्यक्रम — दीपोत्सव स्नेह मिलन कार्य म में मातृभूमि शिक्षा मंदिर एवं ग्रीन फील्ड पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने भी प्रदूषण मुक्त दीपावली मनाने का संकल्प लिया

## दीपावली पर्व सनातन संस्कृति के लिए एक सामाजिक और सांस्कृतिक महापर्व है : डा.श्रीप्रकाश

अर्थ प्रकाश/राजकुमार वालिया

**कुरुक्षेत्र।** दीपावली का त्योहार भारतीय संस्कृति, समाज और आस्था के अद्भुत संयोजन का प्रतीक है। यह पर्व हमें जीवन में प्रकाश का महत्व समझाता है, बुराइयों का अंत कर सच्चाई और अच्छाई के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। दीपावली की यही अनोखी भावना हमें सिखाती है कि चाहे कितना भी अंधकार हो, एक छोटा सा दीपक भी प्रकाश फैला सकता है। यह विचार दीपावली के उपलक्ष्य में मातृभूमि शिक्षा मंदिर एवं ग्रीन फील्ड पब्लिक स्कूल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दीपोत्सव स्नेह मिलन कार्यक्रम में मातृभूमि सेवा मिशन के संस्थापक डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने व्यक्त किये। कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्जवलन से हुआ।







ग्रीन फील्ड पब्लिक स्कूल के बच्चों का मातृभूमि सेवा मिशन आश्रम परिसर पहुंचने पर मातृभूमि शिक्षा मंदिर के बच्चों को तिलक लगाकर, पुष्प वर्षा एवं शंख ध्वनि से स्वागत किया। सभी बच्चों ने मातृभूमि सेवा मिशन की सेवा गतिविधियों एवं कामधेनु गौशाला का अवलोकन किया। इस अवसर पर मातृभूमि शिक्षा मंदिर एवं ग्रीन फील्ड पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों भी संयुक्त रूप से प्रदूषण मुक्त दीपावली मनाने का संकल्प लिया। मातृभूमि शिक्षा मंदिर के बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये।

दीपोत्सव स्नेह मिलन कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मातृभूमि सेवा मिशन के संस्थापक डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने कहा दीपावली का पर्व सनातन संस्कृति के लिए एक सामाजिक और सांस्कृतिक महापर्व है।आज आवश्यकता है दीपावली मनाते समय हम सब यह संकल्प लें कि हम इसे पर्यावरण के अनुकूल, प्रेम और सौहार्द से परिपूर्ण बनाएँगे, ताकि यह पर्व सचमुच हर जीवन में उजाला और खुशियां बिखेरे। दीपावली का यह प्रयास हमारे समाज में प्रेम और सौहार्द के नए दीप जलाए, और हमारे देश को हर प्रकार के अंधकार से मुक्ति दिलाए। ग्रीन फील्ड पब्लिक स्कूल के बच्चों ने दीपावली के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किये। ग्रीन फील्ड पब्लिक स्कूल की शिक्षिका अंजलि बंसल ने कहा मातृभूमि सेवा मिशन सेवा का एक तीर्थ है, जो वास्तविक रूप से मानवता के कल्याण के लिए नि:स्वार्थ भाव से कार्य कर रहा है। शिक्षिका मेघा छाब?ा ने सबका संयुक्त रूप से आभार ज्ञापित किया। कार्यक्रम में मातृभूमि सेवा मिशन के सदस्य, शिक्षक, विद्यार्थी , ग्रीन फील्ड पब्लिक स्कूल के शिक्षक, शिक्षिका आदि उपस्थित रहे।

# प्रकाश से परमात्मा तक–पांच दिवस पांच संदेश

प्रथम दिवस धनतेरस से हमारे कार्तिक मास में ये पर्व आरंभ हो जाते हैं वर्ष भर में यही त्योहारों की श्रृंखला है जो सबसे बड़ी और संपूर्ण उल्लास भरी है। इन दिनों में पूरा माहौल सजीव होता है।

**धनतेरस:** पर्वों की यह श्रृंखला आरंभ होती है धनतेरस से जो भगवान धन्वंतरि के आगमन और इस धरती पर अवतरण का दिवस है। यह दिवस हमें बताता है कि हमें स्वास्थ्य की सब प्रकार से रक्षा करनी चाहिए और प्रकृति के अनुरूप ही जीवन जीना चाहिए। समुद्र मंथन के समय भगवान धन्वंतरि अपने हाथों में 14वां रत्न अमृत कलश लेकर आए थे। भगवान धन्वंतरि के हाथों में अमृत कलश एक पुस्तक एक हाथ में चक्र एक हाथ में जड़ी बूटी शंख और एक जोंक है यह सभी कुछ चिकित्सा से संबंधित है। इसलिए भगवान धन्वंतरि का दिन उत्तम स्वास्थ्य को समर्पित है जबकि इस दिन लोग धन्वंतरि जी को भूलकर केवल धन के आगमन की प्रतीक्षा करते हैं और धातुएं तथा सोना चांदी खरीदते हैं। आप अपने घर को अवश्य समृद्ध बनाएं परंतु स्वास्थ्य को भी समृद्ध बनाइए और प्रकृति से जुड़ जाइए।

**नरक चतुर्दशी:** नरक चतुर्दशी को छोटी दीपावली भी कहा जाता है।

इस दिन भगवान श्री कृष्ण ने नरकासुर का नामक राक्षस का वध किया था और उसकी कैद से 16000 कन्याओं को मुक्त कराया था तथा इसके बाद उन कन्याओं को आश्रय देने तथा समाज में प्रतिष्ठा देने के लिए उन्होंने उन सभी कन्याओं को अपने नाम के साथ जोड़ा था कहा जाता है कि उनकी 16000 रानियां थी। इस बुराई पर अच्छाई की विजय तथा बुराइयों से मुक्ति रूप में मनाया जाता है। घर बाहर की अच्छे से साफ सफाई की जाती है तथा घर के बाहर यम का दीपक जलाया जाता है जिसे हमारे भारतीय घरों में अधिकांशतः आटे से दीपक बनाया जाता है।

**दीपावली:** तृतीय और प्रमुख दिवस है दीपावली इसे श्री रामचंद्र जी के 14 वर्ष के वनवास के पश्चात अयोध्या आगमन तथा माता लक्ष्मी जी के सभी के घरों में आगमन के रूप में प्रसन्नता पूर्वक मनाया जाता है। वर्ष भर में यह त्यौहार सबसे ज्यादा हर्ष और उल्लास का होता है। दीपावली अमावस्या की रात्रि में मनाई जाती है धरती पर संपूर्ण अंधकार रहता है दियों की रोशनी से इस अंधकार को दूर किया जाता है।

इसी प्रकार हमें अपने भीतर के भी दुख कष्ट विकारों को दूर करके इसे संपूर्ण ऊर्जावान और प्रकाशमान नए और उत्तम विचारों से युक्त करना चाहिए। उल्लास को और बढ़ाने के लिए पटाखे जलाए जाते हैं जिससे हमारे भीतर की जो उदासीनता है वह नष्ट होती है। हमारी भारतीय परंपरा में होली और दिवाली ऐसे त्यौहार है जहां स्वयं के साथ-साथ हम अपने आस-पड़ोस



और मित्रों को तथा अपने दुश्मनों को भी खुश रखने का प्रयास करते हैं इसलिए यदि किसी के घर में कोई दुख होता है तो उसके दरवाजे पर भी दिया जलाया जाता है जिससे खुशियां उनके घर में भी प्रवेश करें तथा कोई भी घर इस त्योहार से सूना ना रहे।

**श्री गोवर्धन पूजा:** यह पर्व भी प्रकृति से जुड़ाव का है हम अपने गो वंश के साथ-साथ संपूर्ण पशुओं की रक्षा करें क्योंकि इन्हीं से हमारी आजीविका तथा स्वास्थ्य का पोषण होता है। हम किसी न किसी रूप से पशुओं से अवश्य जुड़े हैं। पता है इस दिन उनकी पूजा की जाती है। श्री कृष्ण भगवान ने इस दिन गोवर्धन पूर्व पर्वत को अपनी एक उंगली पर उठाकर इंद्र के कोप भाजन से संपूर्ण ब्रज की रक्षा की थी बृजवासी तथा पशु पक्षियों को इस गोवर्धन पर्वत के नीचे ही आश्रय मिला था और वर्षा से उनकी रक्षा हुई।

**भैया दूज:** अमावस्या का दिन बीतने के बाद द्वितीया तिथि में भाई दूज का त्यौहार होता है जो विशेष स्नेह का प्रतीक है। यह भाई बहनों के विवाह के पश्चात भी उनके प्रेम को बनाए रखना है तथा अवसर देता है कि वह सुख-दुख में सदा साथ बने रहें। इस विषय में दो कथाएं हैं। प्रथम यमुना और यमराज जी की कथा है जो सूर्य देव और उनकी पत्नी संज्ञा के पुत्र थे। यमराज अपनी व्यस्तता के कारण अपनी बहन यमुना से मिल नहीं पाते थे। यमुना के बहुत आग्रह के बाद इसी दिन यमराज अपनी बहन यमुना से मिलने के लिए गए तब यमुनाबहुत प्रसन्न हुई उन्होंने भाई यमराज का बहुत आदर सत्कार किया और तिलक लगाकर उनको भोजन कराया तब यमराज ने यमुना से वरदान मांगने को कहा तो श्री यमुना जी ने कहा कि हर साल इसी दिन उनके भाई उनसे मिलने आए और वरदान मांगा की जो भाई इस दिन अपनी बहन के घर जाकर तिलक लगाकर भोजन करें उसे अकाल मृत्यु का भय ना हो यमराज जी ने तथास्तु कहा।दूज का त्योहार उसी दिन से मनाया जाने लगा जिससे या यमद्वितीया भी कहते हैं।

दूसरी कथा भगवान श्री कृष्ण की है जो नरकासुर का वध करने के पश्चात इसी दिन अपनी बहन सुभद्रा के घर मिलने गए थे। बहन ने भाई का खूब आदर सत्कार किया भाई को तिलक लगाया, आरती की और मिठाइयां खिलाई। करवा चौथ तथा अहोई माता की तरह इस दिन भी बहनें कहानी सुनती हैं और भाई की रक्षा का वचन लेती हैं। कहानी में स्वयं बुरी बनकर बहन हर विपदा से अपने भाई को बचाती है आज भी बहने यही करती हैं सदा अपने भाई की लंबी उम्र की कामना करती हैं। यह त्योहार इस कहानी की ही तरह सभी भाई बहनों में स्नेह बनाए रखें और जगत में सदा सदा भाई बहन का प्यार यूं ही बढ़ता रहे।

दीपावली के यह सभी त्योहार हर दिन अपना अलग ही महत्व रखते हैं और जब यह सभी एक साथ मिलकर आते हैं तब पूरे साल भर की थकान मिटाकर उल्लास जगा जाते हैं। हमारी भारतीय परंपराओं के अनुसार सभी त्योहार कोई ना कोई संदेश लेकर आता है यह सभी हमें प्रकृति से जुड़ना तथा प्रेम व स्नेह से रहना सिखाते हैं। हमें अपने परिवार संबंधियों आस पड़ोस तथा संस्कृति के साथ जुड़े रहने का संदेश देते हैं क्योंकि यही सब मिलकर 'हम' बनते हैं इन 'सभी' के बिना हमारा व्यक्तिगत कोई अस्तित्व नहीं है सब से मिलकर ही हमारी खुशियां बनती है अकेले कोई भी व्यक्ति खुश नहीं हो सकता। सभी मिलजुलकर प्रेम प्यार से अपने त्योहारों को मनाएं और सदा सदा खुश रहें हमारी यही ईश्वर से कामना है।

–सपना 'अनुश्री'




## नोकरियां यहां देखें

**दिल्ली पुलिस में हेड कांस्टेबल के**
कुल पदः 509
आवेदन की अंतिम तिथिः 20 अक्टूबर ,2025
योग्यताः 12वीं, टाइपिंग
आयु सीमाः18 से 25 साल
करें आवेदनः
**ssc.nic.in**

**आंध्र प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा विज्ञापित वेलफेयर ऑर्गेनाइज के**
कुल पदः10
आवेदन की अंतिम तिथिः– 29 अक्टूबर, 2025
योग्यताः यूजी
आयु सीमाः अधिकतम 45 साल
करें आवेदनः
**applications.psc.ap.gov.in**

**बिहार बाल विकास में केंद्रीय प्रशासन के**
कुल पदः15
आवेदन की अंतिम तिथिः 27 अक्टूबर, 2025
योग्यताः पीजी
आयु सीमाः18 से 37 साल
आवेदन करें :
**wedc.bihar.gov.in**

**तमिलनाडु पंचायती राज में सचिव के**
कुल पदः1483
आवेदन की अंतिम तिथिः 9 नवंबर, 2025
योग्यताः दसवीं पास
आयु सीमाः18 से 32 साल
करें आवेदनः
**tnrd.tn.gov.in**

**मध्य प्रदेश पुलिस में सब इंस्पेक्टर ,सूबेदार के**
कुल पदः 500
आवेदन की अंतिम तिथिः10 नवंबर ,2025
पात्रताः स्नातक
आयु सीमाः 33 से 43 साल
करें आवेदनः
**esb.mp.gov.in**

**हरियाणा पावर यूटिलिटी में असिस्टेंट इंजीनियर के**
कुल पदः 285
आवेदन की अंतिम तिथिः 29 अक्टूबर, 2025
योग्यताः बीई ,बीटेक, गेट स्कोर
आयु सीमाः 20 से 42 साल
करें आवेदनः
**hvpn.org.in**

जॉब्स से संबंधित सूचनाएं पाने के लिए **arthparkash.com** देखें

# भक्तजन सच्चाई की बात करते हैं


सद्‌गुरू माता सुदीक्षा जी महाराज

अपना मूल्यांकन करना जरुरी है और फिर अपना संवरना जरुरी है। मूल्यांकन करने क बाद भी अगर संवरने वाला काम न हुआ तो फिर तो बहुत मन्दभागा है कि हमने अपना मूल्यांकन भी कर लिया, जान भी लिया फिर भी संवरना नहीं हूं। जिस तरह से दास वो पंक्तियां कई वर्षों से दोहरा रहा है कि-

देखते सभी हैं लेकिन समझते हैं
कोई कोई।
समझते हैं तो उसे स्वीकारते हैं कोई
कोई।
स्वीकारते हैं तो उसे व्यवहारते हैं
कोई कोई।

कि देखने वाले कई होते हैं लेकिन देखकर भी हर किसी को बात समझ में नहीं आती कि मैने समझ लिया है। देख तो लिया है लकिन समझ नहीं आयी। फिर अगला वह पड़ाव कि देख भी लिया, समझ भी लिया लेकिन समझने के बावजूद इसे स्वीकारा नहीं। इसकी स्वीकृती नहीं है, इसे स्वीकार नहीं किया गया है। फिर अगला कदम कि स्वीकार तो करते हैं लेकिन व्यवहार में कोई-कोई लाता है। और अगर तीनों ही पड़ाव पार कर गये कि देखा भी, समझा भी, स्वीकारा भी लेकिन उसे व्यवहार में कोई-कोई लाता हैं। तो यहां व्यवहारके रुप में मजबूती देने की ही बात हो रही है जिसकी बात दास कर रहा थ कि बात को समझ भी लिया लेकिन फिर भी उस ओर कदम नहीं बढ़ाया, तो यह हमारी बदकिस्मती है, यह हमारी नादानी है। इसलिये कहते हैं कि नादान नहीं बनना है, हमने ऐसी सूझ-बूझ का इस्तेमाल करना है कि जो भी लाभ वाले काम हैं हमने वही करना है। हमने उसी राह पर चलना है जिन राहों से भक्तजन गुजरे हैं। चाहे वो किसी भी युग में पैदा हुए हों हमने वही चाल अपनानी है। प्यार वाली, सत्कार वाली अपनेपन के भाव वाली, एक दूसरे की कद्र करने वाली चाल अपनानी है। इस तरह के भाव से युक्त होकर हम इस यात्रा को तय करें जिसके कारण जो संसार का रुप है वो संवर जाये और सारे ही राहत की सांस लें। दातार सबको ऐसी सोझी, ऐसी जागृति दे, सबको यह बोध हा, सबकी अज्ञानता का अन्त हो, यह अन्धेरा दूर हो। एक सच्चाई में सभी स्थित हो जायें और अज्ञानता पर आधारित दूसरों के प्रति विपरीत भाव न रखें। क्योंकि संसार में हम देखते हैं कि इन्सान कई-कई ऐसे कदम उझाते हैं कि जिस पर आधारित वो बातें होती हैं और हम उन्हें मान लेते हैं। उन उदाहरणों के साथ लोग इस तरह से व्यवहार करने लगते हैं जबकि उसका सच्चाई के साथ कोई सम्बन्ध नहीं होता और जिस इन्सान की बात का हम प्रभाव ग्रहण कर रहे हैं उसका सच्चाई के साथ कोई वास्ता ही नहीं है। हमारा सच्चाई के साथ सामना नहीं हुआ है फिर भी हम प्रभाव ग्रहण करने लगते हं और उसी पर हम कुछ कदम भी बढ़ा लेते हैं। जिस तरह से बहुत वर्षो बाद वह बात ध्यान आई कि एक जमीन का टुकड़ा था वहां चार दोस्तों ने मिलकरसोचा कि यहां कुछ खेती-बाड़ी की जाये। इस जमीन पर कुछ उगाया जाये।

# आत्म अवलोकन हर व्यक्ति के लिए आवश्यक: मुनिश्री विनय कुमार जी

**चंडीगढ़।** आत्म अवलोकन तो हर व्यक्ति के लिए आवश्यक है। इससे पता चलेगा कि हम जो कार्य कर रहे हैं या किसी के साथ कोई व्यवहार किस तरह पेश आएं। पढ़ाई के साथ अन्य सभी कार्यों में बुद्धिमत्ता की झलक दिखना चाहिए। जिस तरह हम परिवार में सभी सदस्यों से भावनात्मक संबंध रखते हैं, उसी तरह से कालेज में भी साथी छात्राओं एवं शिक्षिकाओं के साथ भी रखें। इससे आगे बढने में अपेक्षित सहायता मिलती है। अपना आत्म अवलोकन भी करते रहना चाहिए। ये शब्द मनीषी संत मुनिश्री विनय कुमार जी आलोक ने सैक्टर-24सी अणुव्रत भवन तुलसी सभागार मे सभा को संबोधित करते हुए कहे।

मनीषीसंत ने आगे कहा बच्चों को बचपन से ही सामाजिक बनाना सिखाने के लिए, उन्हें दूसरों के साथ बातचीत करने, सहानुभूति रखने और सहयोग करने के अवसर दें। इसके लिए आप बातचीत का अभ्यास, समूह खेलों को प्रोत्साहित करने, 'कृपया' और 'धन्यवाद' जैसे विनम्र शब्दों का उपयोग सिखाने और उन्हें अपनी भावनाओं को नियंत्रित करना सिखाने जैसी विधियों का उपयोग कर सकते हैं। बच्चों के जीवन में संवेदनशील और जिम्मेदार नागरिक बनने और उनके



चरित्र को आकार देने में तीन स्तंभ जो एक बड़ा सहारा हैं, वे हैं सबसे पहले माता-पिता, उसके बाद शिक्षकों का मजबूत प्रभाव और प्रणाली द्वारा बनाई गई छात्र-केंद्रित शैक्षिक नीतियां। ये तीन स्तंभ हैं जो बड़े होने पर बच्चों के साथ खड़े होते हैं। हमें याद रखना चाहिए कि प्रत्येक बच्चा अद्वितीय है और उन्हें वैसे ही प्यार करना चाहिए जैसे वे हैं। बच्चों को स्वीकार करने और उनका पालन-पोषण करने से उनके भावनात्मक स्तर में सुधार होगा और एक मज़बूत समाज का निर्माण होगा।

मनीषीसंत ने आगे कहा शिक्षकों को बच्चों की जरूरतों के प्रति लोकतांत्रिक, सहानुभूतिपूर्ण और संवेदनशील होना चाहिए क्योंकि बच्चों के कार्य अंततः उनके शिक्षकों का प्रतिबिंब होते हैं। शैक्षिक नीतियों को इस तरह से तैयार किया जाना चाहिए कि बच्चों को ऐसे विविध कौशलों के साथ प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके। आर्मी स्कूल पूर्व छात्रों को भी छात्रों से बात करने और उन्हें प्रेरित करने के लिए बड़े पैमाने पर शामिल करते हैं। यह उनके लिए बच्चों के लिए आदर्श बनने की एक बेहतरीन व्यवस्था के रूप में काम करता है। मनीषीसंत ने अंत मे फरमाया कई बार बच्चों के अंदर प्रतिभा होते हुए भी वे उचित माहौल के अभाव में सार्वजनिक मंचों पर उसका सही ढंग से प्रदर्शन नहीं कर पाते। माहौल देखकर उनका आत्मविश्वास डगमगा जाता है। ऐसे में अध्यापकों का यह परम उत्तरदायित्व है कि वे बच्चों की बुद्धिमत्ता को भावनात्मक सहयोग प्रदान करें। वरना बच्चों का आत्मविश्वास नष्ट होने लगता है। परिवार में भी इस बात की ओर खास ध्यान दिए जाने की आवश्यकता है। कुछ बच्चे स्वभाव से संकोची होते हैं लेकिन अगर उन्हें अपने अनुकूल वातावरण मिल जाता है तो संकोच भी दूर होने लगता है। प्रतिस्पर्धा के इस दौर में अभिभावकों एवं अध्यापकों के आपसी तालमेल से ही बच्चों का समुचित ढंग से व्यक्तित्व निखरने लगता है। क्लास में अगर कोई छात्रा संकोच के कारण पढ़ाई में किसी तरह की मदद नहीं मांग पाती तो भी उसका सहयोग करना चाहिए।

## पंचांग

रविवार, 19 अक्तूबर, 2025, सूर्योदयः 06:24 ए एम, सूर्यास्तः 05:47 पी एम, चन्द्रोदयः 05:13 ए एम, अक्टूबर 20, चन्द्रास्तः 04:33 पी एम, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, विक्रम सम्वतः 2082 कालयुक्त, गुजराती सम्वतः 2081 नल, अमान्त महीनाः आश्विन, पूर्णिमान्त महीनाः कार्तिक, वारः रविवार, पक्षः कृष्ण पक्ष, तिथिः त्रयोदशी - 01:51 पी एम तक, नक्षत्रः उत्तराफाल्गुनी - 05:49 पी एम तक, योगः इन्द्र - 02:05 ए एम, अक्टूबर 20 तक, करणः वणिज - 01:51 पी एम तक, द्वितीय करणः विष्टि - 02:45 ए एम, अक्टूबर 20 तक, सूर्य राशिः तुला, चन्द्र राशिः कन्या, राहुकालः 04:22 पी एम से 05:47 पी एम, गुलिक कालः 02:57 पी एम से 04:22 पी एम, यमगण्डः 12:06 पी एम से 01:31 पी एम, अभिजित मुहूर्तः 11:43 ए एम से 12:29 पी एम, दुर्मुहूर्तः 04:16 पी एम से 05:02 पी एम, अमृत कालः 09:59 ए एम से 11:44 ए एम, वर्ज्यः 03:05 ए एम, अक्टूबर 20 से 04:51 ए एम, अक्टूबर 20

## भविष्य फल



**मेषः** आज का दिन दोस्तों के साथ पार्टी करने में बीतेगा। इस राशि के बीजनेसमैन को अचानक कहीं से धनलाभ हो सकता है।

**वृषः** दूसरों की सलाह ज्यादा गंभीरता से न लें। बेचैनी के कारण आप परेशान हो सकते हैं। जो भी काम करे अपनी जानकारी में करे और सोच समझकर करें।

**मिथुनः** आज आपके लंबे समय से रुके काम पूरे हो जाएंगे। कोई महत्वपूर्ण व्यक्ति जो अब तक आपके लिए बाधा बन रहा था वो अब आपकी मदद को आगे आएगा।

**कर्क :** सड़क पर चलते समय ट्राफिक नियमों को ध्यान में रखकर रोड-क्रास करें। करियर में उतार-चढ़ाव आने से आप परेशान रहेंगें।

**सिंहः** आज आपकी ऊर्जा और उत्तेजना बढ़ेगी और आप निजी और पेशेवर जीवन दोनों में अपना सर्वश्रेष्ठ देने में सक्षम होंगे।

**कन्याः** आपके परिवार का कोई सदस्य अथवा कोई मित्र आपको निराश कर सकता है और आपके सामने कोई परेशानी भी खड़ी कर सकता है।

**तुलाः** कम्पनी की तरफ से आपको यात्रा पर जाना पड़ सकता है। घर के काम से बाहर जा सकते है।

**वृश्चिकः** आज आपको पारिवारिक जीवन में शांति बनाए रखने के लिए आपको कड़ा संघर्ष करना पड़ सकता है।

**धनुः** कार्यक्षेत्र में अपनी मेहनत व ईमानदारी से ही आप बढ़ते काम के बोझ को संभाल पाएंगे।

**मकरः** आज का दिन घूमने-फिरने में बितेगा। इस राशि के व्यापारी वर्ग को आज अचानक से कोई बड़ा फायदा हो सकता है।

**कुंभः** आज शिथिलता एवं अधिक कार्यभार के कारण मानसिक व्याकुलता का अनुभव होगा। दूर रहने वाली संतानों से शुभ समाचार मिलेंगे।

**मीनः** आज के दिन आपको नवीन व सकारात्मक वित्तीय विकास के संकेत मिलेंगे, ये किसी प्रकार की पदोन्नति या वेतनवृध्दि हो सकती है।

# सरकार एक साल के कार्यकाल का जश्न मनाने के बजाए जनता को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने पर जोर दे: कुमारी सैलजा

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने प्रदेश की भाजपा की तथाकथित नायब सरकार का एक साल घणा कमाल पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यह एक साल हरियाणा की जनता के लिए महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और अव्यवस्था का साल साबित हुआ है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और भाजपा नेतृत्व के दावे केवल कागजों और विज्ञापनों में दिखाई देते हैं, जबकि जमीनी सच्चाई इससे कोसों दूर है। यह एक वर्ष हरियाणा के इतिहास में जो अपेक्षा और अन्याय का प्रतीक बनकर रहेगा। जश्न मनाने की बजाय सरकार को चाहिए कि वह जनता को मूलभूत सुविधाएं पानी, सड़क, सफाई और सुरक्षा प्रदान करे। यही सच्चा कमाल होगा।

मीडिया को जारी बयान में सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि प्रदेश के हालात काफी भयावह बने हुए है, प्रदेश में कानून व्यवस्था चरमराई हुई है। प्रदेश में गुंडाराज है और चहुं ओर भय का माहौल है। व्यापारियों से रंगदारी मांगी जा रही है, हत्याओं की घटनाएं बढ़ी हैं और पुलिस व्यवस्था जनता के भरोसे पर खरी नहीं उतर रही। आए दिन सरेआम हत्याएं हो रही है, रंगदारी न देने वालों पर फायरिंग की जा रही है। पुलिस हाथ पर हाथ रखे बैठी है। प्रदेश में जंगलराज जैसे हालात है। राजनीतिक अराजकता और खौफ के दौर में कानून व्यवस्था



का जैसे अपराधियों ने अपहरण कर लिया है। लोग मूलभूत सुविधाओं को लेकर धरना प्रदर्शन कर रहे है, उनकी मांगों पर ध्यान देने के बजाए उन पर लाठियां बरसाई जाती है। प्रदेश में पीने के पानी की व्यवस्था पूरी तरह बिगड़ चुकी है। नहरी पानी की आपूर्ति पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है अधिकतर जिलों में टयूबवेल आधारित जलापूर्ति की जा रही है जो पीने योग्य नहीं है और लोग जल जनित रोगों की चपेट में आ रहे हैं। दूसरी ओर सीवरेज व्यवस्था भी चरमाई हुई है, अधिकतर जिलों में जल निकासी का उचित प्रबंध तक नहीं किया गया है। जलभराव की समस्या प्रदेश में आम हो गई है।

सांसद ने कहा कि सिरसा जैसे शहरों में सफाई व्यवस्था बदहाल है। पेयजलापूर्ति और सीवरेज व्यवस्था चरमराई हुई है। जिला में नशे और कैंसर जैसी बीमारियों का प्रसार लगातार बढ़ रहा है, लेकिन सरकार संवेदनहीन बनी हुई है। सरकार ने 30 जून तक सभी सड़कों को ठीक करने का दावा किया था, परंतु आज तक सड़को की हालत ज्यों की त्यों है। किसान अपनी फसल का उचित मूल्य पाने के लिए तरस रहे हैं, फसल बीमा योजना भ्रष्टाचार का केंद्र बन चुकी है, और युवाओं को रोजगार के बजाय निराशा मिल रही है। किसान आज भी डीएपी और यूरिया खाद के लिए धक्के खा रहा है, सरकारी एजेंसी पर खाद नहीं मिल रही है जबकि प्राइवेट दुकानों पर कालाबाजारी में बिक रही है। कांग्रेस पार्टी का मानना है कि विकास का अर्थ केवल प्रचार नहीं, बल्कि जनता के जीवन में वास्तविक सुधार है। हम जनता को भरोसा दिलाते हैं कि कांग्रेस ही हरियाणा को महंगाई, बेरोजगारी, अन्याय और अव्यवस्था से मुक्त कर सकती है।

सांसद कुमारी सैलजा ने कहा है कि नायब सरकार का यह एक वर्ष हरियाणा के इतिहास में जन उपेक्षा और अन्याय का प्रतीक बनकर रहेगा। जश्न मनाने की बजाय सरकार को चाहिए कि वह जनता को मूलभूत सुविधाएं पानी, सड़क, सफाई और सुरक्षा प्रदान करे। यही सच्चा कमाल होगा। सांसद ने कहा कि भाजपा सरकार ने दो लाख युवाओं को बिना खर्ची-पर्ची के पक्की नौकरी देने का वायदा किया था पर हकीकत ये है कि अभी तक पिछले टर्म में निकली भर्तियों पर ही काम चल रहा है। क्लर्क, हरियाणा पुलिस, ग्रुप डी जैसे बड़ी भर्तियों के पद विज्ञापित करने की तैयारी चल रही है। प्रदेश में अफसरशाही हावी है, सीएम कार्यालय के अधिकारी तक खुद कह चुके है कि सीएम के कहने से तो चपरासी भी सस्पेंड नहीं होता। किसानों को फसल का एमएसपी तक नहीं मिल रहा है, मंडी में किसान को तरह तरह से परेशान किया जा रहा है फसलों का मुआवजा अभी तक मिला नहीं है।

# चोरी के मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार, नकदी व वारदात में प्रयुक्त मोटरसाईकिल बरामद

अर्थ प्रकाश/रवि पाहुजा

अम्बाला। अम्बाला पुलिस द्वारा चोरी/लूट/स्नैचिंग की वारदातों पर अकुंश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के दौरान थाना नारायणगढ़ में दर्ज चोरी के मामले में 17 अक्तूबर 2025 को सीआईए-नारायणगढ़ के पुलिस दल ने उप निरीक्षक रवि कुमार के नेतृत्व में कार्यवाही करते हुए आरोपी विरेन्द्र सिहँ निवासी गाँव फूल कलां थाना सिटी रूप नगर जिला रूपनगर पंजाब, अजय कुमार निवासी गाँव सलोला थाना शहजादपुर जिला अम्बाला वर्तमान पता बाला जी नगर गुलाबगढ़ रोड डेराबस्सी जिला मोहाली पंजाब व राजिन्द्र सिहँ निवासी गाँव कोटला निहंग थाना सिटी रूपनगर पंजाब वर्तमान पता नजदीक अजीत सिंह एकैडमी रूपनगर पंजाब को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। इस मामले के सम्बन्ध में शिकायतकर्ता गुरदित्त सिहँ निवासी गाँव बड़ी रसौर थाना नारायणगढ़ जिला अम्बाला ने 22 सितम्बर 2025 को थाना नारायणगढ़ में शिकायत दर्ज करवाई थी कि 21/22 सितम्बर 2025 को गाँव डेरा में स्थित उसकी दुकान का शटर तोड़कर नकद राशि चोरी की है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर मामले की जिम्मेवारी सीआईए-नारायणगढ़ के पुलिस दल का सौंप दी थी।

एक अन्य घटना में अम्बाला पुलिस द्वारा चोरी/लूट/ स्नैचिंग की वारदातों पर रोक लगाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अन्तर्गत आपराधिक मामलों में वांछित आरोपियों को काबू कर उनके खिलाफ कठोरता से कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में थाना अम्बाला शहर में दर्ज चोरी के मामले में 17 अक्तूबर 2025 को पुलिस ने कार्यवाही करते हुए आरोपी जोनी उर्फ बाबा निवासी गाँव गदौली थाना शहजादपुर जिला अम्बाला को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। इस मामले में सम्बन्ध में शिकायतकर्ता शशि कुमार निवासी महावीर नगर अम्बाला शहर जिला अम्बाला ने 29 अप्रैल 2025 को थाना अम्बाला शहर में शिकायत दर्ज करवाई थी कि 27 अप्रैल 2025 को महावीर नगर अम्बाला शहर से अज्ञात आरोपी ने उसकी मोटरसाईकिल चोरी की है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कार्यवाही करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया।

# यूटूबर महिला की हत्या की घटना में संलिप्त मुख्य आरोपी गिरफ्तार

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

सोनीपत। जिले के थाना सदर सोनीपत की पुलिस टीम ने यूटूबर महिला की हत्या करने की घटना मे संलिप्त आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी संदीप पुत्र राजबीर निवासी हरसाना कलां जिला सोनीपत का रहने वाला है। इस प्रकरण की विस्तृत जानकारी देते हुए बतलाया कि 5 अक्टूबर को जिला सोनीपत निवासी महिला ने थाना सदर सोनीपत में शिकायत दी कि मेरी लड़की पुष्पा की शादी करीब नौ साल पहले पंकज पुत्र सुरेन्द्र निवासी गाँव करेला जिला जीन्द के साथ हुई थी मेरी लड़की पुष्पा के पास दो लड़की है जो मेरी लड़की काम के सिल-सिले में सन्दीप पुत्र राजबीर निवासी गाँव हरसाना कलां के घर करीब एक साल से किराए पर रहती थी। और राजबीर के लड़के सन्दीप के साथ यूटूबर पर हरियावी नाटक बनाती थी 4 को समय तकरीबन 11.40 पर सन्दीप पुत्र राजबीर का मेरे पास फोन आया और सन्दीप ने मुझे बताया कि पुष्पा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। मैं अपने परिजनों को लेकर गांव हरसाना कलां पहुंची तो पुष्पा मृत अवस्था मैं सन्दीप पुत्र राजबीर के घर के नीचे वाले कमरे में फर्श पर लेटी मिली जिसकी हालात देखकर हमे लगता है की सन्दीप पुत्र राजबीर व अन्य ने मिलकर पुष्पा की हत्या की है।

# त्योहारों पर पुलिस ने बढ़ाई सुरक्षा व्यवस्था, भीड़भाड़ वाले इलाकों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात

अर्थ प्रकाश/मनदीप कुमार

**समालखा।** त्योहारों के मौसम में सुरक्षा के मोर्चे पर शहर में डीएसपी नरेंद्र कादियान के नेतृत्व में पुलिस ने बड़ा अभियान शुरू कर दिया है। बढ़ती भीड़, बाजारों में रौनक और उत्सव के माहौल को देखते हुए पुलिस ने हर स्तर पर सुरक्षा सख्त कर दी है। इसी कड़ी में शनिवार को ट्रैफिक इंचार्ज सतीश सैनी ने अपनी टीम के साथ शहर में चौकसी बढ़ाते हुए पैदल रेलवे रोड पर गस्त की ताकि लोग निश्चिंत होकर त्योहारों का आनंद ले सकें।

डीएसपी नरेंद्र कादियान ने जानकारी देते हुए बताया कि त्योहारों



के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस ने 24 घंटे गश्त की व्यवस्था की है। समस्त पुलिस स्टाफ कों सभी को सड़कों पर तैनात किया गया है। इन गश्ती दलों के साथ ट्रैफिक पुलिस भी मौजूद रहेंगी।

चौकी इंचार्ज अनिल ने बताया कि विशेष रूप से माता पुली, गुलाटी रोड़, मॉडल टाउन, रेलवे रोड जैसे भीड़भाड़ वाले इलाकों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। इसके अलावा त्योहारों में सुरक्षा को लेकर हल्के सहित सभी इलाकों में अतिरिक्त पिकेट्स स्थापित किए गए हैं। इन पर तैनात पुलिसकर्मी वाहनों और आम नागरिकों की गहन जांच कर रहे हैं। सभी प्रमुख मार्गो और संवेदनशील स्थानों पर ट्रैफिक पुलिस के साथ समन्वय कर संयुक्त जांच की जा रही है ताकि कोई असामाजिक तत्व शहर में प्रवेश न कर सके। पुलिस की विशेष टीमें बाजारों, माल, पार्को और पूजा स्थलों में बम स्क्वाड और डाग स्क्वाड की मदद से हर कोने की तलाशी ली जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि सुरक्षा में किसी भी तरह की ढिलाई नहीं बरती जाएगी।







# महम में ट्रक ने स्कूटी सवार मां-बेटी को कुचला, मौके पर तोड़ा दम

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**रोहतक, 18 अक्तूबर।** रोहतक जिले में महम बाइपास पर शनिवार को एक सड़क हादसे में स्कूटी सवार मां-बेटी की मौत हो गई। एक ट्रक ने उनकी स्कूटी को कुचल दिया, जिससे दोनों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। पुलिस को सूचना मिलते ही डीएसपी ऋषभ सोढ़ी और एसएचओ सुभाष मौके पर पहुंचे।

मृतकों की पहचान गांव मिताथल निवासी 35 वर्षीय सुनीता और उनकी 12 वर्षीय बेटी परी के रूप में हुई है। सुनीता रिटायर्ड फौजी रवींद्र की पत्नी थीं और परी उनकी बेटी थी। हादसे के बाद स्कूटी ट्रक में फंसी हुई थी, और शव सड़क पर क्षत-विक्षत अवस्था में थे।

मृतका सुनीता के पति रवींद्र और उनका 8 वर्षीय बेटा एक कार में उनके पीछे ही चल रहे थे। जब वे घटनास्थल के पास पहुंचे, तो उन्होंने अपनी पत्नी और बेटी की स्कूटी को ट्रक के नीचे फंसा देखा। रवींद्र ने बताया कि उनकी बेटी परी केंद्रीय विद्यालय में सातवीं कक्षा में पढ़ती थी।

रवींद्र अपनी बेटी परी को स्कूल से घर लाने गए थे। इसके बाद, वे अपने बेटे के साथ रोहतक से खरीदारी करने गए। खरीदारी के बाद, सुनीता अपनी बेटी को स्कूटी पर लेकर गांव मिताथल के लिए निकलीं, जबकि रवींद्र अपनी कार से उनके पीछे आ रहे थे। महम बाइपास पर रोहतक की ओर से आ रहे एक ट्रक ने उनकी स्कूटी को अपनी चपेट में ले लिया।

पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पीजीआई रोहतक के डेड हाउस में रखवा दिया है। रविवार को पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिए जाएंगे।






































































अर्थ प्रकाश न्यूज पेपर्स के लिए मालिक, मुद्रक एवं प्रकाशक महावीर जैन द्वारा 'अर्थ प्रकाश प्रेस' से मुद्रित एवं प्रकाशित तथा अर्थ प्रकाश कार्यालय अर्थ प्रकाश भवन, सैक्टर 29-डी, चण्डीगढ़ से जारी। प्रधान सम्पादक : **महावीर जैन,** सम्पादक एवं मुख्य संवाददाता **कैलाश चन्द जैन**
आर.एन.आई. पंजीक्रम : **42427/86** डाक पंजीक्रम : **G/CHD/0197/2021-23** फोन : 0172-2638515, 9814019928 E-mail : arthparkash@gmail.com, arthparkashnews@gmail.com मुख्य सलाहकार : **हरीश चंद्र जैन,** एचसीएस (सेवानिवृत्त)